श्रावण कृष्ण पक्ष चतुर्दशी
विक्रम संवत 2081

लखनऊ, बरेली, मुरादाबाद, हल्द्वानी, अयोध्या व कानपुर से प्रकाशित

शनिवार, 3 अगस्त 2024
वर्ष 5, अंक 130, पृष्ठ 18
2 राज्य, 6 संस्करण
मूल्य 5 रुपये

# अमृत विचार

मुरादाबाद

एक सम्पूर्ण अखबार

www.amritvichar.com



हार के बाद एंडी मरे ने लिया संन्यास 17

लोग मुझे शोक संदेश भेज रहे : अक्षय कुमार 18

## बीएसएफ के डीजी को कार्यकाल के बीच मूल कैडर में वापस भेजा

**नई दिल्ली।** केंद्र ने शुक्रवार को सीमा सुरक्षा बल (बीएसएफ) के महानिदेशक (डीजी) नितिन अग्रवाल और उनके डिप्टी विशेष डीजी (पश्चिम) वाईबी खुरानिया को तत्काल प्रभाव से उनके मूल राज्य कैडर में वापस भेज दिया। एक सरकारी आदेश में यह जानकारी दी गई।

अग्रवाल 1989 बैच के केरल कैडर के अधिकारी हैं, जबकि खुरानिया 1990 बैच के ओडिशा कैडर के अधिकारी हैं। अग्रवाल ने पिछले साल जून में सीमा सुरक्षा बल के प्रमुख का कार्यभार संभाला था। विशेष डीजी (पश्चिम) के रूप में खुरानिया पाकिस्तान सीमा पर बल का नेतृत्व कर रहे थे। नियुक्ति संबंधी कैबिनेट समिति (एसीसी) ने अलग-अलग जारी आदेशों में कहा कि उन्हें तत्काल प्रभाव से और समय से पहले वापस भेजा जा रहा है। करीब 2.65 लाख कर्मियों वाले सुरक्षा बल बीएसएफ पर पश्चिम में पाकिस्तान और पूर्व में बांग्लादेश के साथ लगने वाली सीमा की सुरक्षा की जिम्मेदारी है।

# अनुसूचित वर्ग के कोटे में कोटा के फैसले से बढ़ी राजनीतिक सरगर्मी

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

**अमृत विचार :** अनुसूचित वर्ग के कोटे में कोटा के सुप्रीम कोर्ट के फैसले से राजनीतिक सरगर्मी बढ़ गई है। बसपा ने इसका विरोध करते हुए सवाल खड़े कर दिए हैं, जबकि भाजपा व सहयोगी दल सुभासपा ने इसका स्वागत कर पिछड़े वर्ग के कोटे में कोटा तय करने की मांग उठा दी है। ऐसे में आने वाले चुनाव में सीट बंटवारे की गणित में बदलाव के पूरे आसार बन गए हैं।

अनुसूचित वर्ग के सहारे प्रदेश में चार बार सरकार बना चुकी बसपा में बेचैनी ज्यादा है। प्रदेश व केंद्र में भाजपा सरकार बनने से पहले इस वर्ग पर वोट बैंक पर बसपा का कब्जा रहा है। वर्ष 2017 में चुनाव से पहले भाजपा इस वर्ग की उन बिरादरी को अपने साथ लाने में सफल रही थी, जो बसपा सरकार में उपेक्षा की शिकार थीं। अलग-अलग आरक्षण निर्धारित न होने के कारण इन्हें आरक्षण का समुचित लाभ नहीं मिल पा रहा था। सपा सरकार में यही हाल पिछड़े वर्ग में शामिल तमाम बिरादरी का रहा था। एससी व ओबीसी के इन नाराज लोगों को अपने पक्ष में लाने में सफल रहने के कारण ही भाजपा प्रदेश व केंद्र में सरकारें बना पाई। हालांकि, पिछले लोकसभा चुनाव में इन वर्गों पर पकड़ कमजोर होने के कारण प्रदेश में भाजपा को कम सीटें मिलीं।

### बसपा ने किया विरोध, उठाए कई सवाल, चुनाव में बदलेगी सीट बंटवारे की गणित

#### कांग्रेस-भाजपा का रवैया सुधारवादी नहीं



सुप्रीम कोर्ट के फैसले पर सवाल उठाते हुए बसपा प्रमुख मायावती ने कहा कि अब तक केंद्र सरकार ने इसे संविधान की नौवीं सूची में क्यों नहीं डाला। उन्होंने कहा कि अनुसूचित वर्ग के प्रति कांग्रेस व भाजपा का रवैया सुधारवादी नहीं, बल्कि उदारवादी है। 'एक्स' पर एक पोस्ट के जरिए उन्होंने कहा कि सामाजिक उत्पीड़न की तुलना में राजनीतिक उत्पीड़न कुछ भी नहीं है। उन्होंने सवाल किया कि क्या देश के करोड़ों दलितों व आदिवासियों का जीवन द्वेष व भेदभावमुक्त आत्मसम्मान व स्वाभिमान का हो पाया है। अगर नहीं तो फिर इन वर्गों के बीच आरक्षण का बंटवारा कितना उचित है।

#### पिछड़ा वर्ग में भी लागू हो कोटे में कोटा : अरुण राजभर



सुभासपा के राष्ट्रीय महासचिव अरुण राजभर ने कहा कि अन्य पिछड़ा वर्ग के लिए निर्धारित आरक्षण में बंटवारा किया जाना चाहिए, ताकि ज्यादा पिछड़े लोगों को आरक्षण का लाभ मिल सके। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार को सामाजिक न्याय समिति की रिपोर्ट को लागू करना चाहिए।

#### हाशिए की जातियां होंगी लाभान्वित : निर्मल



आंबेडकर महासभा के राष्ट्रीय अध्यक्ष विधान परिषद सदस्य लालजी प्रसाद निर्मल ने कोर्ट के फैसले का स्वागत करते हुए कहा कि दलितों की हाशिए की जातियां इससे लाभान्वित होंगी। उन्होंने कहा कि सम्पन्न दलित अपना आरक्षण छोड़ें। कहा कि अब वाल्मीकि, बासफोर, धरकार, धानुक, डोम, बसोर आदि जातियां सरकारी सेवाओं में आरक्षण का लाभ पा सकेंगी। अभी तक इनकी उपस्थिति नगण्य है। उन्होंने कहा कि जो दलित आईएएस, विधायक, मंत्री, डाक्टर व प्रोफेसर बन चुके हैं या बड़े व्यवसाय में हैं, उन्हें आरक्षण का लाभ छोड़ देना चाहिए।

#### अफसरों के परिवार को न मिले लाभ : बृजलाल



पूर्व डीजीपी व भाजपा के राज्यसभा सदस्य बृजलाल ने कोर्ट के फैसले का स्वागत करते हुए कहा कि जो आरक्षण का लाभ लेकर आईएएस, आईपीएस आदि बन चुके हैं, कई पीढ़ियां लाभ लेकर सम्पन्न हो चुकी हैं, उनको इसका लाभ नहीं मिलना चाहिए। इस वर्ग के वंचित लोगों को आरक्षण का लाभ मिलना चाहिए।

## एक नजर

### टाइटलर पर आरोप तय करने पर 16 को फैसला

**नई दिल्ली।** दिल्ली की एक अदालत 1984 के सिख विरोधी दंगों के दौरान पुल बंगश गुरुद्वारा के सामने तीन व्यक्तियों की कथित हत्या से संबंधित मामले में कांग्रेस नेता जगदीश टाइटलर के खिलाफ आरोप तय करने के बारे में अपना आदेश 16 अगस्त को पारित कर सकती है। यह आदेश शुक्रवार को आने वाला था, लेकिन इसे टाल दिया गया, क्योंकि विशेष सीबीआई न्यायाधीश राकेश सियाल छुट्टी पर थे। न्यायाधीश ने सीबीआई और बचाव पक्ष की दलीलें सुनने के बाद आदेश सुरक्षित रख लिया था।

### केंद्रीय विद्यालय को उड़ाने की धमकी, एक गिरफ्तार

**इंदौर।** नौकरी न मिलने की खुन्नस में इंदौर के भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान (आईआईटी) के परिसर में स्थित केंद्रीय विद्यालय को स्वतंत्रता दिवस पर बम से उड़ाने की धमकी देने के आरोप में पुलिस ने 30 वर्षीय एक व्यक्ति को शुक्रवार को गिरफ्तार किया। पुलिस अधीक्षक (देहात) हितिका वासल ने बताया कि आरोपी की पहचान चेतन सोनी (30) के रूप में हुई है। मास्टर ऑफ कम्प्यूटर ऐप्लिकेशन (एमसीए) की उपाधि प्राप्त सोनी ने केंद्रीय विद्यालय में तकनीशियन के पद पर नौकरी के लिए आवेदन किया था, लेकिन उसका चयन नहीं हो सका था।

# नीट-यूजी के लिए बनाएं मानक संचालन प्रक्रिया : सुप्रीम कोर्ट

## शीर्ष कोर्ट ने अपने विस्तृत फैसले में केंद्र सरकार और एनटीए को दिए निर्देश

नई दिल्ली, एजेंसी

सुप्रीम कोर्ट ने स्नातक स्तर की मेडिकल और संबंधित अन्य पाठ्यक्रमों में दाखिले के लिए आयोजित होने वाली राष्ट्रीय पात्रता सह प्रवेश परीक्षा (नीट-यूजी) के प्रश्नपत्र बनाने से लेकर परीक्षा केंद्र पर सुरक्षित पहुंचाने, सुरक्षित रखने, संबंधित परीक्षार्थियों को समय पर देने और कड़ी जांच सुनिश्चित करने के लिए शुक्रवार को केंद्र सरकार और राष्ट्रीय परीक्षा एजेंसी (एनटीए) को एक मानक संचालन प्रक्रिया बनाने का निर्देश दिया।

मुख्य न्यायाधीश डीवाई चंद्रचूड़ तथा न्यायमूर्ति जेबी पारदीवाला और न्यायमूर्ति मनोज मिश्रा की पीठ ने पांच मई 2024 को आयोजित नीट-यूजी में गड़बड़ी समेत अन्य अनियमितताओं के खिलाफ दायर याचिकाओं पर विस्तृत फैसला सुनाते हुए यह निर्देश दिया। पीठ ने 23 जुलाई के अपने फैसले में नीट परीक्षा दोबारा कराने की गुहार ठुकरा दी थी। पीठ ने शुक्रवार को अपने विस्तृत फैसले में कहा कि उपलब्ध तथ्यों से पता चलता कि परीक्षा में कोई प्रणालीगत उल्लंघन नहीं हुआ कि परीक्षा रद कर दोबारा कराने का आदेश दिया जाए।



- कोई प्रणालीगत उल्लंघन नहीं हुआ, इसलिए परीक्षा रद नहीं की

न्यायमूर्ति चंद्रचूड़ की अध्यक्षता वाली पीठ ने नीट-यूजी आयोजित करने के लिए निष्पक्ष, पूर्णतः सुरक्षित, पारदर्शी और मजबूत प्रणाली सुनिश्चित करने का निर्देश दिया। शीर्ष अदालत ने पेपर लीक होने की जांच के लिए गठित के राधाकृष्णन समिति के दायरे को भी बढ़ाते हुए कहा कि समिति को एक मजबूत परीक्षा प्रक्रिया के लिए सात चरणों को शामिल करना चाहिए। जिसमें मूल्यांकन समिति, मानक संचालन प्रक्रिया, परीक्षा केंद्र आवंटित करने की प्रक्रिया की समीक्षा, बढ़ी हुई पहचान जांच के लिए प्रक्रिया, परीक्षा केंद्रों की सीसीटीवी निगरानी, पेपर में छेड़छाड़ न हो, यह सुनिश्चित करने के लिए सुरक्षित लॉजिस्टिक प्रदाता और एक मजबूत शिकायत निवारण तंत्र की सिफारिश करना शामिल है।

### विपक्ष ने की नीट प्रणाली खत्म करने की मांग

नई दिल्ली। राज्यसभा में शुक्रवार को विपक्षी दलों के सदस्यों ने राष्ट्रीय पात्रता सह प्रवेश परीक्षा (नीट-यूजी) प्रणाली में भ्रष्टाचार होने का आरोप लगाते हुए इसे समाप्त करने की मांग की वहीं सत्तापक्ष ने इसका जोरदार बचाव किया और कहा कि यह व्यवस्था न सिर्फ आम छात्रों के हित में है बल्कि इससे निष्पक्षता और समानता को भी बढ़ावा मिला है। एक सदस्य ने दोनों सदनों की समिति गठित करने का भी सुझाव दिया जो नए तरीके से परीक्षा आयोजित करने पर विचार करे।

### बहुत मजबूत परीक्षा प्रणाली है नीट : नड्डा

**नई दिल्ली।** स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्री जेपी नड्डा ने शुक्रवार को राज्यसभा में कहा कि चिकित्सा शिक्षण संस्थानों में प्रवेश के लिए राष्ट्रीय प्रवेश सह पात्रता परीक्षा (नीट) एक मजबूत प्रणाली है जिसका समाज के निचले तबके को बहुत लाभ हुआ है। नड्डा ने शिक्षा को समवर्ती सूची से हटाकर संविधान की 7वीं अनुसूची के तहत राज्यों का विषय बनाने को लेकर पेश निजी संकल्प की चर्चा में हस्तक्षेप करते हुए कहा कि देश में शिक्षा की जबरदस्त प्रणाली है।

# दिल्ली कोचिंग मौत मामले की जांच सीबीआई करेगी

नई दिल्ली, एजेंसी

दिल्ली उच्च न्यायालय ने यहां राजेंद्र नगर में एक कोचिंग सेंटर के बेसमेंट में पानी भर जाने से सिविल सेवा परीक्षा की तैयारी कर रहे तीन अभ्यर्थियों की डूबने से हुई मौत के मामले की जांच शुक्रवार को सीबीआई को सौंप दी। कार्यवाहक मुख्य न्यायाधीश मनमोहन और न्यायमूर्ति तुषार राव गेडेला की पीठ ने सीबीआई जांच की निगरानी के लिए केन्द्रीय सतर्कता आयोग (सीवीसी) को एक वरिष्ठ अधिकारी नियुक्त करने को कहा। अदालत ने दिल्ली पुलिस पर कटाक्ष करते हुए कहा कि जिस तरह से आपने वाहन चालक को वहां कार चलाने के लिए गिरफ्तार किया, गनीमत है कि आपने बेसमेंट में घुसने के लिए बारिश के पानी का चालान नहीं काटा। वाहन चालक मनुज कथूरिया पर आरोप है कि वह 27 जुलाई को अपना वाहन लेकर जलमग्न सड़क से गुजरे थे और पानी तीन मंजिला इमारत के गेट से टकराया। पानी के इमारत से टकराने के कारण उस इमारत का गेट टूट गया जहां कोचिंग सेंटर स्थित था। इससे इमारत के बेसमेंट में पानी भर गया और उसमें डूबने से तीन छात्रों की मौत हो गई।

अदालत ने छात्रों के डूबने की घटना के लिए पुलिस और दिल्ली नगर निगम (एमसीडी) को फटकार लगाते हुए कहा कि वह यह समझ पाने में असमर्थ है कि छात्र बाहर कैसे नहीं आ सके।

### कोर्ट ने पुलिस पर किया कटाक्ष- गनीमत है आपने बेसमेंट में घुसने के लिए बारिश के पानी का चालान नहीं काटा





- हाईकोर्ट ने दिल्ली नगर निगम और पुलिस अधिकारियों को जमकर लगाई फटकार

### 25 बेसमेंट सील, 17 मालिकों को नोटिस

**नई दिल्ली।** दिल्ली नगर निगम ने राजधानी के विभिन्न हिस्सों में अवैध रूप से कोचिंग सेंटर, कार्यालय या अन्य वाणिज्यिक संस्थाओं के तौर पर संचालित हो रहे 25 बेसमेंट को सील कर दिया। नगर निगम ने 17 मकान मालिकों को कारण बताओ नोटिस भी जारी किया है।

### मुख्य सचिव की अध्यक्षता में बनाई समिति

उच्च न्यायालय ने मुख्य सचिव की अध्यक्षता में एक समिति गठित की और कहा कि दिल्ली के प्रशासनिक, वित्तीय, भौतिक ढांचे पर पुनर्विचार का समय आ गया है। साथ ही अदालत ने राजेंद्र नगर में अतिक्रमण, अनधिकृत निर्माण को हटाने का आदेश दिया जिसमें नालों पर किया गया अतिक्रमण भी शामिल है। इस बीच राजेंद्र नगर में स्थित कोचिंग सेंटर में हुई मौतों के विरोध में सिविल सेवा परीक्षा की तैयारी कर रहे अभ्यर्थियों ने अपना विरोध प्रदर्शन शुक्रवार को छठे दिन भी जारी रखा। इस बीच, कई लोग विरोध स्थल पर पढ़ाई करते देखे गए। सिविल सेवा परीक्षा की तैयारी कर रहे अभ्यर्थी गौतम ने कहा कि हम अपना विरोध जारी रखेंगे।

# दूसरे समुदाय के लोगों ने कांवड़ियों पर किया पथराव, छह घायल



बिलारी के गांव नौसेना में मौके पर तैनात पुलिस। ● अमृत विचार

संवाददाता, बिलारी (मुरादाबाद)

- नौसेना गांव में हुई घटना, 32 नामजद व 20 अज्ञात के खिलाफ रिपोर्ट
- पत्थर लगने से घायलों में दरोगा और सिपाही भी, चार आरोपी गिरफ्तार

**अमृत विचार :** बिलारी थाना क्षेत्र के गांव नौसेना में गुरुवार देर रात शिव मंदिर में जलाभिषेक के लिए जाते समय कांवड़ियों पर दूसरे समुदाय के लोगों ने पथराव किया। इसमें दरोगा और सिपाही समेत छह कांवड़िए घायल हो गए। रात में कांवड़ियों को गांव के प्राथमिक विद्यालय में ठहराया गया। शुक्रवार सुबह अधिकारियों की मौजूदगी में कांवड़ियों ने शिव मंदिर में जलाभिषेक किया। दरोगा रवि प्रकाश ने तहरीर देकर 32 नामजद और 20 अज्ञात के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कराई है। चार आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया गया है। आरोपियों में प्रधान का बेटा फारुख खान और आंगनबाड़ी वर्कर मलका भी शामिल हैं।

पुलिस क्षेत्राधिकारी राजेश तिवारी ने बताया कि गुरुवार रात दो बजे नौसेना निवासी शीशपाल सिंह, कुंवरपाल सिंह उर्फ भगतजी के नेतृत्व में कांवड़ियों का एक जत्था हरिद्वार से गंगा जल लेकर गांव पहुंचा। गांव में शिव मंदिर और मस्जिद के बीच 100 मीटर की दूरी है। यहां डीजे बजाने को लेकर विवाद हो गया। दूसरे समुदाय के लोगों ने उधर से कांवड़ियों के जाने का विरोध किया। कांवड़ियों की सुरक्षा के लिए सब इंस्पेक्टर रवि प्रकाश, कांस्टेबल शांतनु व कौशल कुमार मौजूद थे। इस बीच दूसरे समुदाय के लोगों ने कांवड़ियों पर पथराव कर दिया। इससे कई कांवड़िए और पुलिसकर्मी घायल हो गए। सूचना पर जिलाधिकारी अनुज सिंह, वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक सतपाल अंतिल, एसडीएम विनय कुमार, सीओ राजेश तिवारी पुलिस बल के साथ गांव पहुंचे और अपनी मौजूदगी में कांवड़ियों को शिव मंदिर की ओर रवाना किया। घायलों को अस्पताल भर्ती कराया गया है।

## सेंसेक्स 886 अंक लुढ़का, डूबे चार लाख करोड़

**मुंबई।** घरेलू शेयर बाजार में पिछले पांच सत्रों से जारी तेजी का दौर शुक्रवार को थम गया। सेंसेक्स में करीब 886 अंक और निफ्टी में 293 अंक की गिरावट रही। बीएसई का 30 शेयरों पर आधारित सेंसेक्स 885.60 अंक यानी 1.08 प्रतिशत फिसलकर 80,981.95 अंक पर बंद हुआ। निफ्टी भी 293.20 अंक यानी 1.17 प्रतिशत गिरकर 24,717.70 अंक पर बंद हुआ। शेयर बाजार में आए इस भूचाल के कारण निवेशकों के चार लाख करोड़ से अधिक (4.46 लाख करोड़) रुपये डूब गए।



# चेकिंग के नाम पर स्कूल में छात्राओं के कपड़े उतरवाए

इंदौर, एजेंसी

- मोबाइल का पता लगाने को शिक्षिका ने की मारपीट

इंदौर के एक सरकारी विद्यालय में शुक्रवार को चेकिंग के नाम पर शिक्षिका ने छात्राओं के कपड़े उतरवाकर तलाशी ली। उनके साथ मारपीट भी की गई। यह वाकया क्लास रूम में मोबाइल फोन की घंटी बजने के बाद उसका पता लगाने को लेकर हुआ। घटना से आक्रोशित परिजनों ने स्कूल पहुंचकर हंगामा किया और थाने में शिकायत दर्ज कराई। मल्हारगंज पुलिस थाना क्षेत्र के अंतर्गत बड़ा गणपति क्षेत्र के शासकीय शारदा कन्या उच्चतर माध्यमिक विद्यालय में यह घटना घटी है। एक पीड़ित छात्रा ने बताया कि कक्षा में मोबाइल फोन की घंटी बजने पर विद्यालय की एक शिक्षिका ने मुझ पर संदेह जताया। जब मैंने अपने पास कोई मोबाइल फोन होने से मना किया, तो वह मुझे शौचालय में ले गईं और कपड़े उतारने को कहा। शिक्षिका ने उसके कपड़े उतरवाने के बाद धमकी भी दी कि अगर उसने मोबाइल फोन के बारे में सच नहीं बताया, तो वह उसका वीडियो बनाकर सोशल मीडिया पर प्रसारित कर देंगी। विद्यालय की प्राचार्य सीमा जैन ने कहा कि मामले की जांच करके उचित कदम उठाए जाएंगे।



**हर-हर महादेव**

**अयोध्या** : सावन की शिवरात्रि के अवसर पर शुक्रवार को मंदिरों में शिव भक्तों ने भगवान भोलेनाथ का दर्शन किया। श्रद्धालुओं ने सिद्ध पीठ नागेश्वरनाथ मंदिर में शिवलिंग पर जलाभिषेक किया। इस दौरान शिव के जयकारों से वातावरण गुंजायमान रहा, माहौल शिवमय बन गया। ● अमृत विचार

# 50 हजार करोड़ से बनाए जाएंगे 8 राष्ट्रीय राजमार्ग

नई दिल्ली, एजेंसी

केंद्र सरकार ने अयोध्या और कानपुर में रिंग रोड के निर्माण सहित कुल 50,655 करोड़ रुपये की राष्ट्रीय राजमार्ग विकास की आठ महत्वाकांक्षी परियोजनाओं के प्रस्ताव को शुक्रवार को स्वीकृति प्रदान की। पीएम गतिशक्ति मंच की मदद से समन्वित नियोजन के साथ नियोजित इन राजमार्ग परियोजनाओं की कुल लंबाई 936 किलोमीटर है, जिसे विजन 2047 को ध्यान में रख कर तैयार किया गया है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की अध्यक्षता में मंत्रिमंडल की आर्थिक मामलों की समित में स्वीकृत इन प्रस्तावों की जानकारी देते हुए सूचना प्रसारण एवं रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव ने संवादाताओं से कहा कि ये परियोजनाएं कुल करीब 50 हजार करोड़ रुपये से अधिक की हैं और इनके निर्माण से 4.5 करोड़ दिहाड़ी रोगार का सृजन होगा।



- आगरा से ग्वालियर के बीच छह लेन हाईस्पीड कारीडोर बनेगा

**4000** करोड़ से अयोध्या में बनेगा करीब 68 किलोमीटर का रिंग रोड

**3298** करोड़ रुपये से कानपुर में छह लेन की रिंग रोड परियोजना मंजूर

केंद्रीय मंत्री वैष्णव ने कहा कि धार्मिक नगरी अयोध्या के सर्वांगीण विकास के लिए करीब 4000 करोड़ रुपये की लागत से करीब 68 किलोमीटर का रिंग रोड बनाया जाएगा जो समीप से गुजरने वाले वर्तमान राष्ट्रीय राजमार्ग से भी जुड़ा होगा। कानपुर में बढ़ती औद्योगिक गतिविधियों को देखते हुए शहर के चारो ओर छह लेन की रिंग रोड परियोजना भी मंजूर की गई है। इस पर 3298 करोड़ रुपये का खर्च होगा। उन्होंने बताया कि आगरा से ग्वालियर के बीच छह लेन हाईस्पीड कारीडोर बनेगा। इस 88 किलोमीटर के राजमार्ग पर 461 करोड़ खर्च होंगे। गुवहाटी बाईपास को हाईवे से जोड़ने के लिए 121 किमी का राजमार्ग बनेगा जिसपर 5729 करोड़ खर्च होंगे। पुणे-नासिक मार्ग पर आठ लेन का फ्लाईओवर कारीडोर बनाया जाएगा। इसके लिए 7827 करोड़ रुपये मंजूर किए गए हैं। रायपुर-रांची के बीच पूर्ण निर्माणाधीन राजमार्ग के तहत 137 किलोमीटर खंड के निर्माण को भी मंजूरी दी गई जिस पर 4473 करोड़ खर्च होंगे। गुजरात में थरण-मेहसाणा क्षेत्र में 214 करोड़ के छह लेन की परियोजना को मंजूरी दी गई है।

# सांसद बाबू सिंह कुशवाहा की करोड़ों की संपत्ति जब्त

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

- बुलडोजर के साथ गई ईडी टीम ने की कार्रवाई, बोर्ड भी लगाया
- 10 वर्ष पूर्व इसी जमीन को ईडी ने किया था जब्त, दोबारा कार्रवाई

**अमृत विचार :** एनआरएचएम घोटाले के मुख्य आरोपियों में शामिल जौनपुर के सपा सांसद बाबू सिंह कुशवाहा के खिलाफ प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने कार्रवाई करते हुए उनकी लखनऊ स्थित 40 बीघा जमीन को जब्त कर लिया है।

मनी लांड्रिंग एक्ट के तहत की गई कार्रवाई में ईडी स्कूटर इंडिया चौराहे के पास बुलडोजर भी लेकर गई थी। इस भूमि पर बाबू सिंह कुशवाहा के अखबार की प्रिटिंग मशीन भी लगी है। बता दें कि ईडी ने यही कार्रवाई 10 वर्ष पहले की थी। ईडी को पता चला कि जमीन पर कुशवाहा द्वारा पुनः कब्जा कर लिया गया था। विगत 11 वर्षों से ईडी बाबू सिंह कुशवाहा की संपत्तियों की जांच कर रही है। इनके खिलाफ आय से अधिक संपत्ति का मामला भी दर्ज किया गया था। जमीन को विंध्य शक्ति सीमेंट के नाम से खरीदा गया था। ईडी ने जांच में पाया था कि बाबू सिंह कुशवाहा ने एनआरएचएम और उप्र. श्रम निर्माण एवं सहकारी संघ लि. से हुई काली कमाई को बेनामी संपत्ति खरीदने में लगाया था।

## एक नजर

### आचार संहिता उल्लंघन के मामले में नहीं हुई सुनवाई

**रामपुर, अमृत विचार :** पूर्व सांसद जयाप्रदा के आचार संहिता से जुड़े मामले में शुक्रवार को सुनवाई नहीं हो सकी। अब इस मामले में 26 अगस्त को सुनवाई होगी। मामले की सुनवाई एमपी-एमएलए मजिस्ट्रेट कोर्ट में चल रही है। पूर्व सांसद जयाप्रदा के खिलाफ 2019 में स्वार थाने में आचार सहिता के उल्लंघन का मुकदमा दर्ज किया गया था। इसकी सुनवाई एमपी-एमएलए मजिस्ट्रेट कोर्ट में चल रही है। पिछली तारीख पर पूर्व सांसद के अधिवक्ता ने धारा करेंशन के लिए प्रार्थना पत्र दिया था। इस पर अभियोजन पक्ष ने आपत्ति दाखिल की थी। इस मामले में शुक्रवार को सुनवाई नहीं हुई। अधिवक्ता संदीप सक्सेना ने बताया कि अब इस मामले में 26 अगस्त को सुनवाई होगी।

### पूर्व शाखा प्रबंधक सहित छह कर्मियों पर रिपोर्ट

**मसवासी, अमृत विचार :** धोखाधड़ी में बैंक ऑफ बडौदा के पूर्व शाखा प्रबंधक सहित पांच नामजद व एक अज्ञात सहित छह कर्मियों के विरुद्ध रिपोर्ट दर्ज कराई गई है। मोहल्ला भूबरा निवासी रेशमा पत्नी मोहम्मद अकरम ने दर्ज कराई गई रिपोर्ट में कहा है कि उनके पति नगर में मिनी बैंक चलाते हैं। बैंक के पूर्व शाखा प्रबंधक सहित कई कर्मियों ने धोखाधड़ी कर उन्हें फंसाने की कोशिश की। आरोप है कि 15 लाख रुपये से अधिक की हेराफेरी की गई है। रेशमा की शिकायत पर पुलिस ने कोई कार्रवाई नही की। तब पीड़िता ने कोर्ट की शरण ली थी। न्यायालय के आदेश पर स्वार कोतवाली में पांच नामजद सहित छह बैंक कर्मियों के विरुद्ध रिपोर्ट दर्ज कर ली गई है।

### महिला से दुष्कर्म करने का आरोपी गिरफ्तार

**मुरादाबाद, अमृत विचार :** कटघर थाना क्षेत्र में दुष्कर्म व दहेज उत्पीड़न को लेकर प्रताड़ित करने वाले आरोपी को गिरफ्तार किया है। महिला ने इस संबंध में आरोपी के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कराई थी। थाना क्षेत्र निवासी महिला ने 23 जून को दी तहरीर में बताया था कि शादी के बाद डिलारी ढकिया निवासी ननदोई आरिश ने उसके साथ दुष्कर्म किया था। विरोध करने पर पति से दहेज उत्पीड़न को लेकर उकसाने की धमकी देता था। आरिश की हरकतों से तंग आकर महिला ने आरोपी के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कराई थी। कार्रवाई के दौरान पुलिस ने शुक्रवार को आरिश पुत्र गफ्फार को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपी को कोर्ट में पेश कर जेल भेज दिया।

# पालिका की टीम ने रास्ते पर सूख रहे धान को किया जब्त

**संवाददाता, टांडा**



धान के बोरों को कब्जे में लेती टीम।

**अमृत विचार :** मोहल्ला मोतीनगर स्थित झंडा चौक वाले रास्ते पर राइस मिल स्वामियों द्वारा धान सुखाया जा रहा था। इससे सार्वजनिक रास्ता बंद हो गया था। कुछ लोगों ने इसकी शिकायत नगरपालिका के अधिकारियों से की। इस पर ईओ पालिका कर्मियों के साथ मौके पर पहुंचे और धान को बोरों में भरकर पालिका ले गए। इससे मिल स्वामियों में खलबली मच गई।

लोगों ने शिकायत थी कि झंडा चौक से स्टेडियम तक सार्वजनिक रास्ते पर कुछ राइस मिलों के धान सुखाए जा रहे हैं। इससे रास्ता बंद हो गया है। इस पर अधिशासी अधिकारी पुनीत कुमार के निर्देश पर पालिका कर्मियों ने सुबह 11 बजे लाउड स्पीकर मुनादी कराई कि जिन्होंने धान फैलाकर रास्ता बंद कर दिया है, वह स्वयं ही अपना धान उठा लें। वरना नगर पालिका द्वारा कार्रवाई की जाएगी। इसके बाद भी राइस मिल स्वामियों ने धान नहीं हटाए। दोपहर करीब ढाई बजे नगर पालिका की टीम मौके पर पहुंची और रास्ते पर सूख रहे धान को बोरो में भरकर कब्जे में ले लिया। इसके बाद धान मिल के स्वामियों ने दो घंटा का समय मांगा और भविष्य में रास्ते में धान न सुखाने का आश्वासन भी दिया। इस दौरान ईओ के अलावा शुभम भारती सहित पालिका कर्मी मौजूद रहे।

## कार सवार ठेकेदार से दो लाख की लूट, घायल

**स्वार, अमृत विचारः** पीरानी के बाग के निकट ठेकेदार से लिफ्ट लेकर महिला व युवक कार में सवार हो गए। बदमाशों ने तमंचा दिखाकर मारपीट की और दो लाख रुपये की नकदी लूट ली। इससे ठेकेदार घायल हो गया। ठेकेदार ने अज्ञात के खिलाफ पुलिस को तहरीर दी है।

क्षेत्र के गांव मिलकताज खां निवासी कमर खां सिविल ठेकेदारी का काम करता हैं। शुक्रवार की रात लगभग साढ़े दस बजे अपनी कार से बिलासपुर गया था, कि कार से घर लौटते समय स्वार मिलकखानम मार्ग स्थित पीरानी के बाग से कुछ दूर पहले एक महिला और पुरुष ने उनसे लिफ्ट मांगी। विरोध करने पर मारपीट की और दो लाख की नकदी लूट ली। बदमाश चालक से कार को रुकवा कर फरार हो गए। कोतवाल संदीप त्यागी का कहना है कि घटना प्रथम दृष्टया संदिग्ध प्रतीत हो रही है। पुलिस जांच रही है। उसके बाद उचित कार्रवाई की जाएगी।

### आरोपियों में मस्जिद के इमाम, पालिका के पूर्व अध्यक्ष समेत अन्य लोग शामिल

# भाजपा समर्थक व्यक्ति की नमाज-ए-जनाजा पढ़ाने से किया इनकार, पांच पर एफआईआर

**संवाददाता, कुंदरकी (मुरादाबाद)**

**अमृत विचार :** क्षेत्र में भाजपा समर्थक व्यक्ति की मौत के बाद इमाम ने उसकी नमाज-ए-जनाजा पढ़ाने से इनकार कर दिया। लोग भी इनमें शामिल होने नहीं पहुंचे। इस मामले में मृतक के बेटे दिलनावाज खान ने थाने में तहरीर देकर इमाम सहित पांच लोगों के खिलाफ एफआईआर दर्ज कराई है।

नगर के मोहल्ला कायस्थान निवासी अलीदाद खान की 23 जुलाई को हार्टअटैक से मौत हो गई थी। इसके बाद परिवार के लोगों ने उन्हें सुपुर्दे खाक करने की तैयारी शुरू की थी। उनकी नमाज-ए-जनाजा पढ़ाने की तैयारी की जा रही थी। नमाज पढ़ाने के लिए इमाम का

> एसएसपी को पत्र की जांच के लिए कहा था। प्राथमिक जांच में राजनीतिक मामले का पता चला है। एसओ मौके पर पहुंचे थे। जांच कराई जा रही है। जांच पूरी होने पर कार्रवाई की जाएगी।
> **- जिलाधिकारी अनुज सिंह**

इन्तजार किया जा रहा था। मृतक के बेटे दिलनावाज खान ने बताया कि वह मस्जिद के इमाम राशिद के पास गया तो उन्होंने कहा कि तुम्हारे पिता भारतीय जनता पार्टी को वोट देते थे। हम तुम्हारे किसी काम नहीं आएंगे और नमाज नहीं पढ़ाई। इसके बाद दिलनवाज ने अपने रिश्तेदारों को बुलाकर दूसरे इमाम से जनाजे की नमाज पढ़वाई और मृतक पिता को दफन कराया। इस दौरान अन्य लोग भी उनके घर नहीं आए। तीजे और 10वें की फातिहा में भी कोई व्यक्ति शामिल नहीं हुआ। आरोप है कि पालिका के पूर्व अध्यक्ष असलम खां और शमीम खान, शराफत खान, मतीन खान और इमाम राशिद ने कहा था कि तुम भाजपा को वोट देते हो। इन लोगों ने उसे जान से मारने की धमकी भी दी। मृतक के बेटे की तहरीर पर इमाम समेत पांच लोगों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज हुई तो इस मामले ने तूल पकड़ लिया। इसके बाद शुक्रवार को इमाम व नगर के लोग पुलिस चौकी पहुंचे। इसके अलावा एसडीएम विनय कुमार के सामने उन्होंने अपना पक्ष रखा। अपने ऊपर लगे सभी आरोपों को निराधार बताते हुए एक राजनीतिक स्टंट बताया। उधर, यह मामला जिलाधिकारी तक पहुंच गया। डीएम ने एक कमेटी गठित कर मामले की जांच के आदेश दिए हैं।

### यह सिर्फ राजनीतिक स्टंट : इमाम

मस्जिद के इमाम मुफ्ती मोहम्मद राशिद ने बताया कि मेरे ऊपर लगे सभी आरोप गलत हैं और राजनीति से प्रेरित हैं। दिलनवाज के पिता धर्म के खिलाफ आनावश्यक टिप्पणियां करते थे। समझाने के बाद भी अपनी बातों पर अड़े रहते थे। इसलिए मैं जनाजे की नमाज में शामिल नहीं हुआ। यह आरोप निराधार हैं कि भाजपा को वोट देने के चलते ऐसा किया गया। यह सिर्फ अपना पक्ष भारी करने के लिए आरोप लगाए गए हैं। यह सिर्फ एक राजनीतिक स्टंट है।

# भीकनपुर पुल के किनारे की मिट्टी धंसी

### मार्ग पर बरेली और उत्तराखंड के वाहनों का आवागमन रोका, हादसे का डर

**कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद**



पुल के क्षतिग्रस्त किनारे को देखते लोग। ● अमृत विचार

**अमृत विचार :** मुरादाबाद जिले के मूंढापांडे ब्लाक में रामगंगा की सहायक नदी में अधिक जल बहाव के कारण भीकनपुर पुल का एक हिस्सा क्षतिग्रस्त हो गया है। ग्रामीणों व वाहनों की सुरक्षा को देखते हुए छह किलोमीटर तक का मार्ग बंद कर दिया गया है। यह पुल एनएच 24 से जिले के एक दर्जन से अधिक गांवों को जोड़ता है। बरेली व उत्तराखंड का आवागमन भी प्रभावित हो गया है।

लोक निर्माण विभाग खंड एक के अधिशासी सुनील सागर ने बताया कि पानी के तेज बहाव से पुल को और अधिक क्षति पहुंच सकती है। इसे देखते हुए यह निर्णय लिया गया है। साथ ही विभाग की ओर से किनारों पर मिट्टी के कट्टे डालकर पानी के बहाव को रोकने के बंदोबस्त किए जा रहे हैं। अधिशासी अभियंता ने जिलाधिकारी को पत्र लिखकर सुरक्षा के लिए पुलिस कर्मियों की तैनाती की मांग की है।

गोविंदपुर कला संपर्क मार्ग के छह किलोमीटर पर रामगंगा नदी की सहायक नदी बहती है। पहाड़ों पर हो रही बारिश से नदी का बहाव तेज हो गया है। इस पर बने 58 मीटर के पुल के एक छोर की सड़क धंस गई है। यह पुल नाजरपुर से गोविंद कला संपर्क मार्ग ग्रामीण क्षेत्र के लिए अहम है। यह मार्ग एनएच-24 पर लगे 170 किलोमीटर के पत्थर के दायीं ओर नाजरपुर कला से होकर गोविंदपुर कला तक जाता है। दस किलोमीटर दूरी भीकनपुर पुल एक किनारे के पहले नदी के तेज बहाव से पुल का एक हिस्सा धंसने से गोविंदपुर कला से अन्य महत्वपूर्ण मार्ग और उससे जुड़े गांव मछरिया लालाटीकर, रौंडा झौंडा, चौराहा मनकरा मूंढापांडे के गांव के लोगों का पुल का एक हिस्सा धंसने से आवागमन बाधित हो गया है। वहीं एनएच 24 से बरेली उत्तराखंड जाने वाले भी प्रभावित हो गए हैं। पुल से आवागमन बंद होने के बाद एनएच 24 की बसें गांव अक्का डिलारी, नाजरपुर,वीरपुर बरियार, खड़ग लोधीपुर वासु, एतमाली और भीकनपुर के ग्रामीणों को एनएच से होकर जाना होगा। एनएच -24 पर लगे 170 किलोमीटर के पत्थर से बायीं ओर से दलपतपुर की ओर से और भीकनपुर पुल से छह किलोमीटर तक के गांव गतौरा, गतौरा की मिलक, गोविंदपुर कला से होकर मछरिया लालाटीकर रौंडा झौंडा चौराहा से मनकरा हो कर मूंढापांडे मार्ग से ओडीआर-32 से जा पाएंगे। एनएच 24 पर उत्तराखंड से आने वाले वाहन टोल से बचने के अधिकतर इस पुल से होकर निकलते हैं। साथ ही शहर में लगने वाले जाम से भी लोग बच जाते हैं।

## शत्रु संपत्ति मामले में हुई सुनवाई, फाइल तलब

**रामपुर, अमृत विचार :** सपा नेता आजम खां पर दर्ज शत्रु संपत्ति पर कब्जा कर जौहर यूनिवर्सिटी में शामिल करने के मामले में शुक्रवार को सुनवाई हुई। कोर्ट ने मृतक मुलजिम जेडआर सिद्दीकी की फाइल तलब की। अब इस मामले में नौ अगस्त को सुनवाई होगी।

सपा नेता आजम खां के खिलाफ 2019 में कई मुकदमे दर्ज हुए थे। इनमें शत्रु संपत्ति कब्जाने का मामला भी अजीमनगर थाने में दर्ज कराया गया था। इसमें जौहर ट्रस्ट के चेयरमैन आजम खां समेत अन्य सदस्यों को भी नामजद किया गया था। अदीब आजम, छोटे बेटे अब्दुल्ला आजम, पत्नी डॉ. तजीन फात्मा, चमरौआ से विधायक नसीर अहमद खां, जिला सहकारी बैंक के पूर्व चेयरमैन सलीम कासिम, मुख्ताक अहमद सिद्दीकी, निकहत अखलाक, जेडआर सिद्दीकी, फसी जैदी, सैयद गुलाम रिजवी, रहमत हुसैन जैदी, वसीम रिजवी, उबैद उल हक, मसूद खां गुड्डू के खिलाफ आरोप पत्र अदालत में दाखिल कर दिए थे। वरिष्ठ अभियोजन अधिकारी अमरनाथ तिवारी ने बताया कि मृतक जेडआर सिद्दीकी की फाइल तलब की है।



जंगल में मौजूद वन विभाग की टीम। ● अमृत विचार

# सड़क पार करते तेंदुए का वीडियो वायरल, कांबिंग

**संवाददाता, मसवासी**

**अमृत विचार :** सड़क पार कर रहे तेंदुए का वीडियो वायरल होने पर ग्रामीणों में दहशत फैल गई। इसकी सूचना वन विभाग को दी गई। वन विभाग के अधिकारी मौके पर पहुंचे और तेंदुए की तलाश में जंगल में कांबिंग की। टीम को जंगल में तेंदुए के पुराने पैरों के निशान मिले हैं।

मामला क्षेत्र के बेलवाड़ा गांव है। यहां रहने वाले सरदार दलजीत सिंह राणा गुरुवार की रात करीब 10 बजे जंगल के रास्ते अपने घर जा रहे थे। अचानक उनकी बाइक के सामने से तेंदुआ सड़क पार करता हुआ नजर आया। उन्होंने मोबाइल से सड़क पार कर रहे तेंदुए का वीडियो बना लिया। इसके बाद उन्होंने ग्रामीणों को सचेत करने के उद्देश्य से वीडियो वायरल कर दिया। वीडियो वायरल होने पर ग्रामीणों में दहशत फैल गई।

शुक्रवार को दलजीत सिंह राणा ने मामले की सूचना वन विभाग के अधिकारियों को दी। इस पर वन दरोगा शील कुमार टीम के साथ मौके पर पहुंचे। उन्होंने तेंदुए की तलाश में जंगल में कांबिंग भी की। वन दरोगा ने बताया कि बेलवाड़ा के जंगल में तेंदुआ दिखाई देने की सूचना मिली है।

# कांवड़ियों ने की पत्थरबाजी, जाम लगाया

**संवाददाता, रहरा**

- चंदनपुर खादर गांव का मामला
- पुलिस की गाड़ी का शीशा टूटा



सीएचसी में घायल कांवड़िये का उपचार करता स्वास्थ्यकर्मी।

**अमृत विचार :** हरिद्वार से डाक कांवड़ लेकर लौट रहे बाइक सवार दो अलग-अलग गांवों के कांवड़ियों के जत्थे आपस में भिड़ गए। जिनमें पुलिस की मौजूदगी में मारपीट व पत्थरबाजी हुई। पत्थर लगने से रहरा पुलिस की गाड़ी का शीशा भी टूट गया। गुस्साए कांवड़ियों ने करीब 20 मिनट तक त्रिवेणी शुगर मिल चंदनपुर खादर के सामने हसनपुर-अलीगढ़ मार्ग जाम कर दिया।

मामला शुक्रवार सुबह करीब 9 बजे का है। संभल जनपद के थाना रजपुरा के गांव जहानपुर के करीब 43 कांवडिये बाइकों से हरिद्वार से डांक कांवड़ लेकर लौट रहे थे। जिनमें 10 लोग बाइकों पर तथा बाकी कैंटर में बैठे हुए थे। इसी बीच छपना में उन्हें डाक कांवड़ लाते हुए बाइकों सवार रहरा थाना क्षेत्र के गांव खुर्तिया के कांवडिये मिल गए। जिनमें सड़क की साइड को लेकर कहासुनी हो गई। बाद में खुर्तिया के कांवड़ियों ने फोन कर अपने गांव से सैंकड़ों लोगों को लाठी-डंडों के साथ चंदनपुर बुला लिए। जैसे ही संभल जनपद के डाक कांवडिये चंदनपुर पहुंचे। दोनों में जमकर मारपीट व पत्थरबाजी हुई। जिसमें रजपुरा थाना क्षेत्र के गांव जहानपुर निवासी उपेंद्र, अवधेश व अभिषेक घायल हो गए। सूचना पाकर हसनपुर सीओ दीप कुमार पंत भी मौके पर पहुंच गए। पीड़ित कांवड़ियों का आरोप है कि उन पर पुलिस की मौजूदगी में हमला हुआ है। आरोप है कि कई बार पुलिस को सूचना देने के बाद भी पुलिस करीब आधा घंटा देरी से पहुंची। उधर, पीड़ित कांवड़ियों द्वारा वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल किया गया है। घायलों को रहरा पुलिस ने सीएचसी में भर्ती कराया गया।

उधर, जहानपुर निवासी कांवड़िया रामकुमार 13 वर्ष की हालत गंभीर है। जिसे आदमपुर के निजी चिकित्सक के यहां भर्ती कराया है। सीओ दीप कुमार पंत का कहना है कि कावड़ियों में हल्की-फुल्की बहस हुई थी। मारपीट जैसी कोई घटना नहीं है। संभल जनपद के थाना रजपुरा निवासी कांवड़िये नेत्रपाल की तहरीर पर रिपोर्ट दर्ज की गई है।

# छात्र ने भाई के साथ मिलकर रची अपने अपहरण की साजिश

**कार्यालय संवाददाता, संभल**



घटना के बारे में जानकारी देते एसपी कुलदीप सिंह।

**अमृत विचारः** सदर कोतवाली क्षेत्र में किशोर का अपहरण कर डेड़ लाख रुपये फिरौती वसूलने के मामले में चौंकाने वाला खुलासा हुआ है। ऑनलाइन गेम में पचास हजार रुपये हार जाने के बाद कक्षा 9 के छात्र ने अपने बड़े भाई के साथ मिलकर अपने अपहरण की साजिश रचकर परिजनों से फिरौती वसूली थी। पुलिस ने किशोर व उसके बड़े भाई को गिरफ्तार कर फिरौती में वसूली गई रकम के 1 लाख 35 हजार रुपये बरामद किये हैं।

पुलिस अधीक्षक कुलदीप सिंह गुनावत ने बताया कि बुधवार की शाम मोमोज खरीदने निकला मुहल्ला बेगम सराय निवासी ओमप्रकाश का छोटा बेटा 14 वर्षीय हर्षित वापस नहीं लौटा। रात को इंस्टाग्राम पर हर्षित का अपहरण कर लेने की बात बताकर पिता से दो लाख की फिरौती मांगी गई थी। कथित अपहरणकर्ताओं द्वारा हर्षित की आंखों व मुंह पर बंधी पट्टी बंधे फोटो भी भेजे गये। पिता ओमप्रकाश ने अपहरणकर्ताओं द्वारा बताई गई जगह पर डेढ़ लाख रुपये का बैग रखा तो हर्षित सकुशल मिल गया। हर्षित ने बताया था कि कुछ लोगों ने नशा सुंघाकर उसका अपहरण कर लिया था। पुलिस अधीक्षक ने बताया कि फिरौती के लिए इस्तेमाल इंस्टाग्राम आईडी को ट्रेस किया तो नंबर ओमप्रकाश के बड़े बेटे लव कुश उर्फ लकी का निकला। पुलिस ने हर्षित व उसके बड़े भाई लवकुश से पूछताछ की तो दोनों ने कबूल लिया कि उन्होंने खुद ही अपहरण का नाटक रचा था। लवकुश व हर्षित की निशानदेही पर घेर में छिपाकर रखे फिरौती के एक लाख पैंतीस हजार रुपये, मोबाइल व बाइक बरामद कर दोनों को गिरफ्तार कर लिया।

### रुपयों की जरूरत पूरी करने को हर्षित ने तैयार की खुद के अपहरण की स्क्रिप्ट

**संभल, अमृत विचार :** पुलिस की पकड़ में आने के बाद हर्षित व उसके बड़े भाई लव कुश ने जो बताया उसे सुनकर पुलिस अधिकारी भी हैरान रह गये। एसपी ने बताया कि ओमप्रकाश के छोटे बेटे हर्षित को ऑनलाइन गेम खेलने की आदत थी। ऑनलाइन गेम खेलते समय हर्षित हाल में ही पचास हजार रुपये हार गया था। रुपयों की जरूरत को पूरा करने के लिए हर्षित ने बड़े भाई के साथ मिलकर अपहरण का प्लान बनाया। ओमप्रकाश का बड़ा बेटा लव कुश उर्फ लकी दुकान खोलना चाह रहा था। जिसके लिए लवकुश को एक लाख रुपये की जरुरत थी। सोमवार को कथित रूप से अपहरण हो जाने के बाद लव कुश छोटे भाई हर्षित को लेकर हयातनगर थाना क्षेत्र के गांव ऐंजरा निवासी अपने दोस्त अभिषेक चौधरी के यहां पहुंचा। बताया कि परिजन वैष्णो देवी दर्शन करने जा रहे हैं। मंगलवार की सुबह आकर हर्षित को वापस ले जाएगा। लव कुश ने प्लान मुताबिक ऐंजरा गांव जाते समय हर्षित की आंखों पर पट्टी बांधकर रास्ते में अपहरण के फोटो मोबाइल से खींच लिए। हर्षित को छोड़कर लवकुश घर पहुंचा और इंस्टाग्राम पर फाजिल नाम से फर्जी आई बनाकर परिजनों को हर्षित के फोटो व छोड़ने के बदले में दो लाख रुपये का मैसेज भेज दिया।

### पुलिस टीम को 10 हजार रुपये का इनाम

**संभल, अमृत विचार :** 24 घंटे में अपहरण का सच सामने लाकर फिरौती में ली गई रकम बरामद करने वाली पुलिस टीम को पुलिस अधीक्षक कुलदीप सिंह गुनावत ने दस हजार रुपये का इनाम देने की घोषणा की। इस टीम में कोतवाली प्रभारी अनुज तोमर के साथ ही सर्विलांस प्रभारी रामवीर सिंह,प्रभारी साइबर थाना मोहित कुमार,निरीक्षक हारुन खां,मनोज वर्मा प्रभारी एसओजी आदि शामिल थे। एसपी ने बताया कि पुलिस सीसीटीवी फुटेज के साथ ही मोबाइल सर्विलांस की मदद से मामले की तह तक पहुंची।

## टूरिस्ट बस ने ई-रिक्शा को मारी टक्कर, यात्री और चालक घायल

**बिलासपुर, अमृत विचार :** केमरी रोड पर धावनी हसनपुर गांव के पास मिनी टूरिस्ट बस ने सवारियां लेकर जा रही ई-रिक्शा को टक्कर मार दी। इसमें सवारियों को तो मामूली चोटें आईं, लेकिन ई-रिक्शा चालक गंभीर रूप से घायल हो गए। बस चालक ने पुलिस व एंबुलेंस को बुलाकर घायल चालक को सीएचसी में भर्ती कराया। वहां से उसे बरेली रेफर कर दिया गया।

मिलक थाने के सिहारी गांव निवासी विजयपाल ई-रिक्शा चलाता है। वह सवारियां लेकर मिलक की तरफ जा रहा था। दिल्ली निवासी सुशील कुमार समेत 16 टूरिस्टों को लेकर बस नैनीताल की तरफ जा रही थी। पुलिस ने यात्रियों समेत बस को कोतवाली ले आई। पुलिस आगे की कार्रवाई की तैयारी कर रही थी।

**उत्सव** हरियाली तीज पर महिलाओं को याद आता है झूला झूलना

# सावन में विलुप्त हो रही झूले की परंपरा

**संवाददाता, शाहबाद**

**अमृत विचार :** बदलते दौर के साथ हरियाली तीज का रंग भी बदल गया है। आधुनिकता ने हरियाली तीज का रंग फीका कर दिया है। हरियाली तीज आने वाली है, लेकिन अब सावन में कहीं भी झूले दिखाई नहीं देते।

एक समय था जब हरियाली तीज का उत्सव झूलों के बिना अधूरा होता था। लेकिन अब यह परंपरा विलुप्त होती जा रही है। उस समय का दौर जी चुकी महिलाओं ने बताया कि हरियाली तीज पर महिलाएं इकट्ठा होकर झूला झूलती थीं। सावन की मल्हार गाती थीं।

लेकिन अब बाग-बगीचे ही नहीं बचे हैं। तीज का त्योहार तो आज भी मनाया जाता है मगर झूला झूलने की परंपरा खत्म हो गई है। पहले लगभग सभी के घरों में या आसपास कोई ना कोई पेड़ जरूर होता था। उस पेड़ पर झूला डाला जाता था। करीब एक महीने पहले से ही झूला डाल कर झूलते रहते थे। उस समय बिना झूला झूले तीज नहीं मनाई जाती थी।



> पुराने समय में एक महीने पहले ही तीज की तैयारियां शुरू हो जाती थीं। वह पुराना समय बहुत याद आता है, जब महिलाएं इकट्ठा होकर सावन की मल्हार गाकर झूला झूलती थीं। **-रेखा रानी शर्मा**



> आजकल लोग काम में बहुत व्यस्त हैं। पहले की तरह मिलनसार नहीं रहे। नवविवाहिताओं के लिए यह त्योहार खास होता था। महिलाएं गीत गातीं, झूला झूलती थीं। **-सरला वाजपेयी**



> पहले के लोग त्योहार पर एक-दूसरे के घर जाते थे। आज लोगों में फासला आ गया है। अब पहले की तरह महिलाएं इकट्ठा नहीं होतीं। झूला झूलने का रिवाज भी खत्म हो गया है। **-सुधा रानी**



> अब लोग घर में पेड़ नहीं लगाते। बाग और बगीचे भी नहीं बचे हैं। आज युवतियां पहले की तरह सावन के महीने में पेड़ों पर झूले डालकर पेंग भरती दिखाई नहीं देती हैं। **-सीमा शर्मा**

## किशोरी से दुष्कर्म के दो आरोपी गिरफ्तार

**मुरादाबाद, अमृत विचारः** कटघर थाना क्षेत्र में नाबालिग से दुष्कर्म करने के दो आरोपियों को गिरफ्तार किया है। आरोपी किशोरी को बहला-फुसलाकर भगा ले गए थे। परिजनों की शिकायत पर पुलिस ने कार्रवाई की है। कोर्ट में पेश कर आरोपियों को जेल भेजा जाएगा।

थाना क्षेत्र निवासी व्यक्ति ने 20 जुलाई को दी तहरीर में बताया था कि उनकी नाबालिग बेटी को बहला-फुसलाकर भगा ले गया है। पुलिस ने अज्ञात में रिपोर्ट दर्ज की थी। इसके बाद पुलिस की टीम ने आरोपियों की तलाश शुरू की थी। कार्रवाई के दौरान गुरुवार देर रात पुलिस ने थाना क्षेत्र के ताजपुर माफी निवासी अभिषेक पुत्र गंगाराम और हिमाचल प्रदेश के भट्टा थाना बरोटी निवासी उज्जल पुत्र राजाराम को गिरफ्तार किया है। पुलिस आरोपियों को कोर्ट में पेश कर जेल भेजेगी।

# चार अपंजीकृत अस्पताल सील

**संवाददाता, रहरा (अमरोहा)**




अस्पताल के बाहर मौजूद अधिकारी। ● अमृत विचार

**अमृत विचार :** स्वास्थ्य विभाग के नोडल अधिकारी डॉ. शरद व ड्रग इंस्पेक्टर रुचि बंसल ने चार अपंजीकृत अस्पतालों को सील कर दिया है। जबकि एक मेडिकल स्टोर से दवा का नमूना लेकर संचालक को नोटिस जारी किया है। इस दौरान अपंजीकृत अस्पतालों के संचालक दुकानें बंद कर चले गए।

चार दिन पहले क्षेत्र के गांव पथरा में झोलाछाप के गलत इंजेक्शन लगाने से महिला की मौत हुई थी। जिसके अगले दिन रहरा स्थित अपंजीकृत अस्पताल में प्रसव को आई महिला की प्रसव के बाद रेफर करने से मौत हो गई थी। जिसके बाद स्वास्थ्य विभाग की टीम ने झोलाछापों के अपंजीकृत अस्पतालों के खिलाफ बड़ी कार्रवाई की है।

नोडल अधिकारी डॉ. शरद व ड्रग इंस्पेक्टर के नेतृत्व में रहरा के वरदान क्लिनिक को सील किया गया। उसके बाद अपंजीकृत श्री हरि पैथोलॉजी लैब को टीम द्वारा सील कर गया तथा कमल पैथोलॉजी लैब को स्वास्थ्य विभाग की टीम ने सील किया।

> रहरा के तीन अपंजीकृत अस्पतालों को सील किया गया है। समाचार पत्रों में प्रकाशित खबरों का संज्ञान लेते हुए पलक मेडिकल स्टोर के दवाओं के नमूने लेकर नोटिस जारी किया है।
> **-डॉ. शरद, नोडल अधिकारी**

इसके बाद टीम ने गांव पथरा में बंद पड़े पलक मेडिकल स्टोर के संचालक को बुलाकर स्टोर खुलवाया। दवाओं के नमूने लेकर संचालक को नोटिस जारी किया है। इससे संचालकों में खलबली मची हुई है।

पूरे भारत में सबसे कम फीस में अपने Business का रजिस्ट्रेशन कराएं घर बैठे
REGISTRATION INDIA™©
हजारों संतुष्ट ग्राहक
ITR फाइलिंग मात्र ₹999/-
We Provide all consultancy related Services to NGO, Trust, Society, Private Limited Company, GST Registration, ITR Filing, TDS, FSSAI, Income tax
अपना काम Expert CA और Expert Advocate से ही करायें और भविष्य में होने वाली परेशानियों से बचें।

- Ngo Registration
- Society Registration
- Trust Registration
- Section 8 Company Registration
- Project Report
- Audit Report
- Annual Report
- ISO Registration
- 12A Registration
- 80G Registration
- Nielit Registration
- Niti Ayog Registration (NGO Darpan)
- E-Anudan, FCRA & MHRD
- One Person Company Registration
- Labour Department Registration
- Private Limited Company Registration
- MSME Registration & CSR
- Service Tax & DSC
- 35AC Registration
- Pan Card for Ngo
- PAN Registration
- Trade Mark Registration
- Copy Right Registration
- Patent Registration

अपने संस्थान की किसी भी प्रकार की वेबसाइट बनवायें।
Contact: 7500223290 7500277920
T&C Apply
एल.आई.सी. रोड, सिविल लाइन्स, रामपुर 244901 (यू.पी.) Email: teamindia5050@gmail.com

आज का मौसम
उमस भरी गर्मी रहेगी।
31.0° अधिकतम तापमान
27.0° न्यूनतम तापमान
सूर्योदय 05:37
सूर्यास्त 07:05

श्री माधव आई एवं हार्ट केयर सेन्टर
A healthy heart is the main source of your strength.

डॉ.अपूर्व मित्तल
एम.डी.(मेडिसिन), डी.एन.बी. (कार्डियोलॉजी)
चीफ इण्टरवेंशनल कार्डियोलॉजिस्ट, कॉसमॉस हास्पिटल, मुरादाबाद
ओ.पी.डी.समय
12बजे से सायं 4 बजे-कॉसमास हॉस्पिटल
प्रातः 10 से 11 बजे तक व 6 बजे से 8 बजे तक
श्री माधव आई एण्ड हॉर्ट सेन्टर, मुरादाबाद
अन्य सुविधाएं:- पैथोलॉजी, फार्मेसी, ऑप्टीकल्स
पता- MIG 14, आशियाना फेज-1, कांठ रोड, मुरादाबाद- 244001
अपाइंटमेंट के लिए कॉल करें
Mob. 9528466434
Email:smehcc@hotmail.com

श्री बाली जी एण्ड पार्टी
हमारे यहाँ श्रीमदभागवत कथा, श्रीराम कथा एवं समस्त धार्मिक प्रोग्रामों को संगीतमय कराने हेतु सम्पर्क करें।

भागवत आचार्य:- श्री शिव कुमार जी
मो.- 9410478735
पता- गोविन्द नगर, ब्लॉक-बी, मुरादाबाद-244001

## एक नजर

### पुताई कर रहे युवक की करंट लगने से मौत

**मुरादाबाद, अमृत विचार :** कोतवाली थाना क्षेत्र में ज्वैलर्स की दुकान में पुताई का काम कर रहे युवक की करंट से मौत हो गई। सिविल लाइंस थाना क्षेत्र में हरथला रामलीला मैदान निवासी भगवत सरन ने बताया कि उनका बेटा हिमांशु (24) अपने एक साथी के साथ गंज सराफा बाजार में लाला ओमप्रकाश रवि कुमार सर्राफ की दुकान में पुताई का काम कर रहा था। शुक्रवार को भी वह काम पर गया था। सुबह करीब 10 बजे दुकान के भीतर पुताई करते समय वह करंट की चपेट में आ गया। जिसे दुकान मालिक ने जिला अस्पताल में भर्ती कराया। इसके बाद उसे कांठ रोड स्थित दो निजी अस्पताल भी ले गए। जहां डॉक्टरों ने हिमांशु को मृत घोषित कर दिया। भगवत सरन ने बताया कि डेढ़ साल पहले ही हिमांशु की शादी हुई थी। फिलहाल परिजनों की ओर से पुलिस में मामले की शिकायत नहीं की गई है। दोनों पक्षों में समझौते के बाद शव का अंतिम संस्कार कर दिया।

### तीज मीटिंग का आयोजन

**मुरादाबाद, अमृत विचार :** मित्राक्षी लेडीज क्लब की तीज मीटिंग शुक्रवार को आयोजित हुई। जिसका आरंभ अध्यक्ष शीतल अग्रवाल ने भगवान श्रीगणेश के चित्र के समक्ष पुष्प अर्पित कर किया। इस मौके पर डांस, हॉउजी, सरप्राइज गेम आदि प्रतियोगिता कराई गईं। संचालन रचना गुप्ता ने किया। इस अवसर पर सोनम महरोत्रा, विदुषी टंडन, रूचि, ज्योति, दीपाली, निशा कपूर, मधु बंसल, सीनू, दीप्ति, सपना शेल, वर्षा, तनु, रेखा आदि मौजूद रहीं।

# पुलिस मुठभेड़ में हिस्ट्रीशीटर व गोकशी का शातिर आरोपी जाने आलम गिरफ्तार

## जवाबी कार्रवाई में आरोपी के दाहिने पैर में लगी गोली, अस्पताल में कराया भर्ती

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद

**अमृत विचार:** पाकबड़ा थाना क्षेत्र में गुरुवार देर रात पुलिस ने हिस्ट्रीशीटर व गोकशी के आरोपी को मुठभेड़ में गिरफ्तार किया है। जवाबी कार्रवाई में आरोपी के दाहिने पैर में गोली लगी है। उसे इलाज के लिए जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया है। संभल समेत जनपद के कई थानों में आरोपी के खिलाफ गैंगस्टर समेत 25 मुकदमे दर्ज हैं।

एसपी सिटी अखिलेश भदौरिया ने बताया कि गुरुवार को मुखबिर ने ग्रोथ सेंटर पुलिस चौकी के निकट हिस्ट्रीशीटर व गोकशी के आरोपी जाने आलम के छिपे होने की सूचना दी थी। इसके बाद पुलिस टीम ने सर्च ऑपरेशन चलाया। उन्होंने बताया कि गुरुवार देर रात लगभग एक बजे गांव लालपुर गंगवारी की तरफ से एक बाइक आती दिखी। पुलिस टीम ने टार्च जलाकर बाइक सवार को रुकने का इशारा किया। पुलिस को देखकर आरोपी बाइक मोड़कर भागने की कोशिश करने लगा। रोड खराब होने से उसकी बाइक फिसल गई। वहां से वह बाइक छोड़कर भागने लगा। पुलिस को पीछे आते देख आरोपी ने फायरिंग शुरू कर दी। एसपी सिटी ने बताया कि पुलिस टीम ने घेराबंदी करके उसे दबोच लिया। पुलिस मुठभेड़ में उसके दाहिने पैर में गोली लग गई। जिससे वह जमीन पर गिर पड़ा। आरोपी की पहचान मैनाठेर के गांव ताहरपुर निवासी जाने आलम (30) पुत्र सूखा के रूप में हुई है। आरोपी के पास से एक तमंचा और बिना नंबर प्लेट की एक बाइक बरामद की है। एसपी सिटी ने बताया कि आरोपी को जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया है। पुलिस कोर्ट में पेश कर आरोपी को जेल भेजेगी।


जिला अस्पताल में भर्ती पुलिस मुठभेड़ में घायल आरोपी। ● अमृत विचार

- गैंगस्टर समेत जनपद के कई थानों में आरोपी के खिलाफ दर्ज हैं दो दर्जन से ज्यादा मुकदमे

### आरोपी पर सबसे ज्यादा मुकदमे संभल में दर्ज

एसपी सिटी ने बताया है कि पकड़ा गया आरोपी जाने आलम एक शातिर अपराधी है। उसके खिलाफ संभल समेत जनपद के कई थानों में गैंगस्टर समेत 25 मुकदमे दर्ज हैं। जिनमें सबसे ज्यादा गोकशी के मामले में दर्ज हैं। उन्होंने बताया कि आरोपी सुनियोजित ढंग से गोकशी की वारदातों को अंजाम देता था। जनपद के आसपास से पशुओं की खरीद-फरोख्त और इधर-उधर से पकड़ता था। इसके बाद मांस के छोटे-छोटे टुकड़े करके बाजार में मंहगे दामों में बेचता था। पशु क्रूरता के मामले में आरोपी के खिलाफ सबसे ज्यादा संभल में केस दर्ज हैं। एक अन्य मामले में वह तीन माह की जेल में सजा भी काट चुका है। उन्होंने बताया है कि इसके अन्य साथियों की तलाश की जा रही है।

### छह अगस्त तक होगा एक्सपो का 7वां संस्करण

**मुरादाबाद, अमृत विचार:** इंडिया इंटरनेशनल हॉस्पिटैलिटी एक्सपो आईएचई 2024 का सातवां संस्करण तीन से छह अगस्त तक इंडिया एक्सपो सेंटर एंड मार्ट में आयोजित होगा। जिसमें हॉस्पिटेलिटी जगत से जुड़े लोग शामिल होंगे।

आईईएमएल के चेयरमैन डॉ. राकेश कुमार ने बताया कि शो में कैटरिंग एशिया, टेंट डेकोर एशिया और आयुर्योग एक्सपो शामिल हैं। सभी आयोजन एक ही छत के नीचे होंगे। जिससे इस क्षेत्र की बहुआयामी जरूरतों के लिए एक समग्र समाधान प्रदान किया जा सके। एक्सपो में उद्यमियों को नवीनतम रुझानों और सेवाओं के बारे में जानने का मौका मिलेगा। जिसमें वियतनाम को साझेदार देश के रूप में आमंत्रित किया है। प्रसिद्ध वियतनामी शेफ फेम वान डोंग और गुयेन वान थोंग, भारतीय सेलेब्रिटी शेफ नंदलाल और गौतम के साथ मास्टर क्लास आयोजित करेंगे। डॉ. राकेश कुमार ने कहा है कि हमारे लिए एक-दूसरे से सीखने, नई साझेदारियां बनाने और विकास एवं सहयोग बढ़ाने का मौका है। उन्होंने बताया कि नवीन प्रौद्योगिकियों से लेकर हॉस्पिटेलिटी उद्योग जगत के लोग मौजूद रहेंगे।

# प्रतिबंधित बिड अपलोड करने में फर्म से मिलीभगत का आरोप

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद

**अमृत विचार:** जिले में तैनात डीसी मनरेगा श्रमिकों की भर्ती के मामले में फंस गए हैं। इनके साथ अन्य अधिकारी भी जांच के घेरे में हैं। डीसी मनरेगा आरपी भगत पर मनरेगा तकनीकी सहायक, लेखा सहायक और कंप्यूटर ऑपरेटर के लिए विभाग की भर्ती में नियम विरुद्ध प्रतिबंधित फर्म की जैम पोर्टल पर अपलोड कुटेशन पर ही टेंडर की बिड को ओके करने का आरोप लगा है। अन्य फर्म स्वामियों ने अनु सचिव उत्तर प्रदेश शासन से इसकी शिकायत की है। शासन के निर्देश पर आयुक्त ग्राम्य विकास उप्र. व जिलाधिकारी ने जिला स्तरीय अधिकारियों की चार सदस्यीय टीम जांच के लिए बनाई है।

मनरेगा तकनीकी सहायक, लेखा सहायक, कंप्यूटर ऑपरेटर के लिए जैम पोर्टल पर भर्ती निकाली गई थी। भर्ती के लिए स्वीकृत शासन से भेजी गई पत्रावली पर जिला विकास अधिकारी, सहायक लेखा अधिकारी, मनरेगा प्रकोष्ठ ,अतिरिक्त कार्यक्रम अधिकारी उपायुक्त श्रम रोजगार के हस्ताक्षर के बाद भर्ती प्रक्रिया शुरू की गई थी। जिसके नियम व शर्तों को जैम पोर्टल पर बिड अपलोड की गई। जिसमें सौ से अधिक फर्म ने अपनी कोटेशन भी लोड की थी। शिकायतकर्ताओं ने उपायुक्त ( मनरेगा ) पर आरोप लगाया है कि सेवा प्रदाता एजेंसी से मिलकर अनियमित तरीके से शासन के नियम विरुद्ध (क्यूसीबीएस क्वालिटी एंड कोस्ट बेस्ट सलेक्शन) फर्म की बिड 18 और 29 जुलाई को दो बार अपलोड की गई थी। जिसकी शासन से शिकायत की गई कि क्यूसीबीएस की बिड को पूर्व से ही प्रतिबन्धित होना बताया गया है। मामले पर अनु सचिव उत्तर प्रदेश शासन ने संज्ञान लेते हुए आयुक्त ग्राम्य विकास जिला अधिकारी को जांच कर कार्रवाई के निर्देश दिए हैं। जिलाधिकारी ने मामले की जांच के लिए जिला स्तरीय अधिकारी चार सदस्य की समिति गठित की है।

> हमारी कोई जांच नहीं चल रही है। बिड अपलोड करने में पूरी कमेटी होती है। जो पत्र जारी हुआ वो गलत है। बिड अपलोड करने से पहले पूरी कमेटी के हस्ताक्षर किए जाते हैं। बिड अपलोड करना डीसी मनरेगा का काम नहीं है।
> -आरपी भगत, डीसी मनरेगा

# पेड़ से लटका मिला लापता युवक का शव

संवाददाता, पाकबड़ा

**अमृत विचार:** युवक का पांच दिन पुराना शव पेड़ से लटका मिला। घटना से परिजनों में कोहराम मच गया। सूचना पर पहुंची पुलिस ने मौके पर जांच की व फोरेंसिक टीम ने साक्ष्य जुटाए। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।

थाना क्षेत्र के गांव रतनपुर कला निवासी अंकित (22) पुत्र रामवीर घर से पांच दिन से लापता था। वह ट्रक पर हेल्पर था। उसके पिता फल विक्रेता है। परिजनों ने इसकी सूचना ग्रोथ सेंटर चौकी इंचार्ज प्रमोद सोनी को दे दी थी। शुक्रवार की दोपहर रतनपुर के जंगलों में कुछ महिलाएं घास काटने गई थी। उन्होंने पेड़ से एक युवक का शव लटका देखा। महिलाएं तुरंत गांव पहुंची और घटना की जानकारी दी। गांव से लोग मौके पर पहुंचे। वहीं मौके पर पहुंचे परिजनों ने शव की पहचान अंकित के रूप में की। सूचना पर थाना प्रभारी सत्येंद्र सिंह, सीओ हाईवे कुलदीप कुमार गुप्ता एवं फॉरेंसिक टीम भी मौके पर पहुंची। वहीं अंकित के परिजनों ने हत्या कर शव पेड़ पर लटकाने का आरोप लगाया। पुलिस ने शव पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। वहीं गांव मे चर्चा है कि अंकित का एक लड़की से प्रेम प्रसंग चल रहा था। इसकी जानकारी दोनों के परिजनों को भी थी। दोनों शादी करना चाहते थे। मगर दोनों के परिजन इसके लिए तैयार नहीं थे। करीब डेढ़ माह पहले प्रेमिका ने फंदे पर लटक कर अपनी जान दे दी थी। तब से अंकित परेशान चल रहा था।


थाना प्रभारी फॉरेंसिक टीम को जानकारी देते हुए। ● अमृत विचार


अंकित (फाइल फोटो)।

# फर्म कर्मी को बाइक सवार ने मारी टक्कर, गंभीर

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद

**अमृत विचार:** मझोला थाना क्षेत्र में फर्म कर्मी को बाइक सवार ने टक्कर मार दी। सिर में चोट लगने से वह गंभीर रूप से घायल हो गया। मौके पर पहुंची पुलिस ने घायल को जिला अस्पताल में भर्ती कराया। हालत नाजुक होने पर डॉक्टरों ने निजी अस्पताल के लिए रेफर कर दिया। घटना के बाद बाइक सवार दोनों युवक मौके से फरार हो गए। पुलिस घटनास्थल के आसपास लगे सीसीटीवी कैमरे खंगालने में जुटी है। घायल के परिजनों ने थाने में शिकायत दर्ज कराई है।

थाना क्षेत्र के लाइनपार चाऊ की बस्ती निवासी राकेश अग्निहोत्री (58) सर्किट हाउस के निकट किसी निजी फर्म में काम करते हैं। वह शुक्रवार दोपहर लंच के समय किसी काम से बाहर गए थे। इसी दौरान तेज रफ्तार बाइक सवार ने उन्हें टक्कर मार दी। सिर में चोट लगने से राकेश जमीन पर गिर पड़े। मौका पाकर बाइक सवार युवक वहां से भाग गए। घटना के बाद आसपास के लोगों की भीड़ जुट गई। सूचना पर पहुंची पुलिस ने उन्हें जिला अस्पताल में भर्ती कराया। इसके बाद पुलिस ने परिजनों को सूचना दी। पत्नी राजेश्वरी और बेटी रति व दामाद कपिल समेत अन्य परिजन भी अस्पताल पहुंच गए। पत्नी और बेटी का रो-रोकर बुरा हाल था। कपिल ने बताया है कि उनको घटना की सूचना उनकी सास ने दी थी। इसके बाद वह पत्नी रति को लेकर अस्पताल पहुंचे। उन्होंने बताया कि राकेश के सिर में गंभीर चोट लगी है। इसलिए डॉक्टरों ने उन्हें निजी अस्पताल के लिए रेफर किया है। जहां पर उनकी हालत नाजुक बताई जा रही है। थाना प्रभारी केके वर्मा ने बताया है कि परिजनों ने कार्रवाई के लिए तहरीर दी है। आरोपियों की पहचान के लिए पुलिस घटनास्थल के आसपास लगे सीसीटीवी कैमरे खंगाल रही है। जल्दी ही आरोपियों की गिरफ्तार किया जाएगा।


जिला अस्पताल में मौजूद घायल राकेश की पत्नी व अन्य परिजन। ● अमृत विचार

- बाइक सवार आरोपियों की तलाश में जुटी पुलिस

### चंद कदमों की दूरी पर खड़ी एंबुलेंस 15 मिनट बाद पहुंची

महज चंद कदमों की दूरी पर सर्किट हाउस में खड़ी एंबुलेंस ने घटनास्थल तक पहुंचने में 15 मिनट लगा दिए। घटना के बाद घायल राकेश जमीन पर ही तड़पता रहा। इसके बाद देरी से पहुंची एंबुलेंस घायल को जिला अस्पताल ले गई। जहां पर उनकी हालत नाजुक बनी हुई। ऐसी घटनाओं में एंबुलेंस चालक तत्परता दिखाने की बजाए लापरवाही बरत रहे हैं। सूचना मिलने के बाद समय पर नहीं पहुंचते हैं। बता दें कि इमरजेंसी सेवा के लिए सर्किट हाउस में हमेशा एक या दो एंबुलेंस खड़ी रहतीं हैं। जिससे सर्किट हाउस के आसपास के क्षेत्र में समय रहते घायल को अस्पताल पहुंचाया जा सके।

**अपराध** | शेयर मार्केट में दोगुना मुनाफे का झांसा देकर चूना लगा रहे साइबर अपराधी

# ठगी के शिकार बने अधिकारी, पुलिस के लिए चुनौती

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद

**अमृत विचार:** साइबर अपराधी बड़े-बड़े अधिकारियों को चूना लगा रहे हैं। ये ठग पुलिस की क्षमताओं से इतने आगे निकल चुके हैं कि ठगी के बाद आरोपियों को पकड़ पाना मुश्किल ही नहीं, नामुमकिन जैसा हो गया है। अब तो अधिकारियों को साइबर ठगी का शिकार बनाकर पुलिस को सीधी-सीधी चुनौती दे रहे हैं। कार्रवाई के मामले में पुलिस का भी कोई खास जोर नहीं चल पा रहा है।

एक दिन पहले ठाकुरद्वारा के एडीओ पंचायत चंद्रपाल सिंह से साइबर अपराधियों ने शेयर बाजार में दोगुना मुनाफे का झांसा देकर लगभग 48 लाख रुपये ठग लिए। बीते माह में जालसाजों ने कई बड़े पुलिस अधिकारियों को ठगी का शिकार बनाया है। डिलारी ब्लॉक में तैनात एडीओ पंचायत चंद्रपाल सिंह ने साइबर थाने में दी तहरीर में बताया है कि आठ फरवरी को अनजान नंबर से कॉल आई। जिसमें एलआईसी पॉलिसी का फंड शेयर बाजार में निवेश कर दोगुना मुनाफे का झांसा दिया। ठगों ने एडीओ से कई बार में लगभग 48 लाख रुपये ट्रांसफर करा लिए। इसके बाद आरोपियों ने मोबाइल बंद कर दिया। उन्होंने इसकी शिकायत पुलिस से की है। फिलहाल साइबर पुलिस इस मामले की जांच कर रही है।

इसी तरह बीते माह में आईजी बरेली रेंज डॉ. राकेश सिंह की फर्जी फेसबुक आईडी बनाकर ठगों ने उनके परिचितों से पैसे वसूलना शुरू कर दिया था। मामला संज्ञान में आने के बाद आईजी ने परिचितों से धोखाधड़ी होने की अपील की थी, लेकिन आरोपी फिर भी नहीं पकड़ा गया। इसी तरह उत्तराखंड के भी एक रिटायर्ड आईजी को साइबर अपराधियों ने शिकार बनाया था, उनके कई मिलने वालों से पैसे झटक लिए, लेकिन पुलिस कुछ नहीं कर सकी।

### फर्जी फेसबुक अकाउंट से कर रहे ठगी

साइबर ठग लंबे समय से बड़े अधिकारियों के नाम के फर्जी फेसबुक अकाउंट बनाकर इस तरह की ठगी कर रहे हैं। इन अधिकारियों में भी पुलिस के अधिकारी ज्यादा हैं और वह भी रिटायर्ड। साइबर विशेषज्ञ अब तक कोई तरीका नहीं ढूंढ पाए है कि ठगी की इन घटनाओं को कैसे रोका जा सके। ऐसे मामलों में ठगी के शिकार हुए अधिकारी न कुछ कर पा रहे है, न कुछ कह पा रहे है। साइबर अपराधी पुलिस की क्षमताओं से इतने हाईटेक हो गए हैं कि पकड़ पाना मुश्किल ही नहीं, नामुमकिन जैसा हो गया है। अधिकारियों को ठगी का शिकार बनाने के बाद आरोपी सीधे तौर पर पुलिस महकमे को चुनौती दे रहे हैं।

### ऐसे करते हैं ठगी

जालसाल सबसे पहले फेसबुक पर फर्जी आईडी बनाकर उस पर चर्चित व्यक्ति की फोटो लगाकर परिचितों से पैसे मांगने लगते हैं। या फिर शेयर बाजार में निवेश के नाम पर दोगुना मुनाफे का झांसा देकर ठगी का शिकार बना लेते हैं। निवेश कराने के बाद आरोपी तीन से छह माह में पैसा वापस करने का वादा करते हैं। जिससे समय बीतने के बाद आरोपी पुलिस की पकड़ से दूर रहें। बता दें, साइबर ठगी के सबसे ज्यादा शिक्षित लोग शिकार हो रहे हैं। इनसे बचने के लिए सतर्क रहना ही सबसे बेहतर उपाय है।

### केवाईसी का झांसा देकर युवती से 48 हजार ठगे

**मुरादाबाद, अमृत विचार:** साइबर अपराधियों ने क्रेडिट कार्ड की केवाईसी के नाम पर युवती के खाते से 48 हजार रुपये निकाल लिए। घटना के चार माह बाद एसएसपी के आदेश पर अज्ञात के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज की गई है। फिलहाल पुलिस मामले की जांच कर रही है।

मझोला थाना क्षेत्र के सूर्यनगर लाइनपार निवासी कल्पनी कुमारी ने दी तहरीर में बताया है कि 13 अप्रैल 2024 को उनके फोन पर एक अनजान नंबर से कॉल आई। आरोपी ने खुद को एक क्रेडिट कार्ड कंपनी का कर्मी बताया था। युवती से कहा कि आपके कार्ड की केवाईसी नहीं हुई है। कार्ड कुछ ही दिनों में बंद हो जाएगा। आरोप है कि इसी दौरान साइबर ठगों ने उसके क्रेडिट कार्ड खाते से 48960 रुपये निकाल लिए। पीड़िता ने जिसकी शिकायत उसी समय साइबर थाने व मझोला थाने में की थी, लेकिन सुनवाई नहीं हुई। बाद में एसएसपी से शिकायत की गई।

# कांवड़ियों को अज्ञात वाहन ने मारी टक्कर, तीन घायल

संवाददाता, अगवानपुर

**अमृत विचार:** हरिद्वार से कांवड़ लेकर आ रहे बाइक सवार कांवड़ियों को अज्ञात वाहन ने पीछे से टक्कर मार दी। हादसे में गंभीर रूप से घायल हुए कांवड़ियों को पुलिस ने कांठ रोड स्थित एक निजी अस्पताल में भर्ती कराया है।

नगर पंचायत के कांवड़ पथ रोड पर गुरुवार की रात लगभग 12 बजे हरिद्वार से कांवड़ ला रहे बाइक सवार कांवड़ियों को अज्ञात वाहन ने पीछे से टक्कर मार दी। हादसे में चंदौसी के रहने वाले डीपी सिंह और उसके दो साथी गंभीर रूप से घायल हो गए। भाजपा अल्पसंख्यक मोर्चा के जिलाध्यक्ष फैजी नकवी ने मौके पर पहुंचकर पुलिस को सूचना दी। जिसके बाद पुलिस ने घायलों को कांठ रोड स्थित निजी अस्पताल में उपचार के लिए भर्ती कराया है। जबकि अज्ञात वाहन चालक टक्कर मारने के बाद फरार हो गया। चौकी इंचार्ज ने बताया कि अज्ञात वाहन चालक कांवड़ियों में टक्कर मारकर फरार हो गया। जिसकी तलाश की जा रही है।

- गुरुवार देररात बाइक सवार कांवड़ियों के साथ हुआ हादसा


निजी अस्पताल में भर्ती घायल से जानकारी करती पुलिस। ● अमृत विचार

## शहर में आज

☞ जिला बास्केटबाल संघ द्वारा दो दिवसीय जिला यूथ बास्केटबाल प्रतियोगिता का आरंभ आरएसडी अकादमी राम गंगा में शाम 5 :00 बजे।

☞ अघोषित बिजली कटौती के विरोध में कांग्रेस की ओर से जिलाधिकारी कार्यालय पर प्रदर्शन 11 .30 बजे।

☞ रोटरी क्लब मुरादाबाद समर्पण की ओर से हरियाली तीज का कार्यक्रम रामगंगा विहार स्थित फ्लेवर रेस्टोरेंट में रात 8 :00 बजे।


शिव शक्ति मंदिर में जलाभिषेक करते श्रद्धालु। ● अमृत विचार


हरिद्वार से कांवड़ लेकर आते शिव भक्त। ● अमृत विचार

# हर-हर महादेव के जयघोष के साथ किया जलाभिषेक

## कांवड़ियों ने गंगा जल से किया अभिषेक, शिवालयों के बाहर तड़के से ही शिवभक्तों की लगी लंबी कतार

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद

**अमृत विचार:** शुक्रवार को सावन की शिवरात्रि पर शिवालयों में तड़के से ही हर-हर महादेव के जयकारे गूंजने लगे। यहां भक्तों ने आस्था के जल से बाबा भोलेनाथ का जलाभिषेक किया। देर रात से ही शिवालयों पर भक्तों की लंबी कतार लग गईं थी। फल-फूल, बेलपत्र, भांग, धतूरा, मिष्ठान आदि चढ़ाकर भक्तों ने अपने आराध्य देवादिदेव महादेव का पूजन अर्चन कर परिवार की सुख-समृद्धि की कामना की। शिवालयों में ओम नमः शिवाय की गूंज रही। कांवड़ियों ने हरिद्वार और बृजघाट से लाए गंगाजल से महादेव का अभिषेक किया।

सावन की शिवरात्रि महानगर के प्रमुख मंदिरों में सुबह से ही कांवड़ियों का पहुंचने का सिलसिला शुरू हो गया था। मंदिर में तड़के ही श्रद्धालुओं की लाइनें लग गई थीं। बेलपत्र, फल-फूल भोलेनाथ को अर्पित किए। कांवड़ियों ने भी गंगाजल से अपने आराध्य शिव का जलाभिषेक कर सुख-समृद्धि की प्रार्थना की। भोलेनाथ के जयकारों से मंदिर गुंजायमान रहा। प्राचीन शिव मंदिर चौरासी घंटा, झारखंडी महादेव मंदिर, पुलिस लाइन शिव मंदिर, मनोकामना मंदिर, झांझनपुर स्थित शिव मंदिर, ढाप वाला मंदिर, श्री शिव हरि मंदिर, ऋणमुक्तेश्वर मंदिर, महाकालेश्वर मंदिर, श्री सत्य शिव मंदिर, नटबाबा मंदिर, दुर्गा माता मंदिर आदि में भगवान की पूजा-अर्चना की गई।


चौरासी घंटा मंदिर में जलाभिषेक करते शिवभक्त। ● अमृत विचार

### चंदन, मोगरा, गुलाब और बेलपत्र शिव को अर्पित किए

किसरौल स्थित चौरासी घंटा मंदिर के महंत पंडित विष्णुदत्त शर्मा ने बताया कि मंदिर में भगवान भोलेनाथ की पूजा के लिए श्रद्धालुओं का सुबह चार बजे से ही आना शुरू हो गया था। मंदिर में सुबह पांच बजे आरती की गई। इसके बाद श्रद्धालुओं ने जलाभिषेक किया। भगवान को स्नान कराने के बाद चंदन, मोगरा, गुलाब, बेलपत्र आदि से भगवान शिव का श्रृंगार किया गया। रात आठ बजे महाआरती कर भक्तों को प्रसाद वितरित किया जाएगा। पूरे सावन भक्त मंदिर में दीपक जलाने आते हैं। मंदिर में पूजा-अर्चना करने के लिए महानगर के अलावा ग्रामीण क्षेत्रों से भी श्रद्धालु आते हैं। इसलिए एक द्वार से श्रद्धालुओं को मंदिर में प्रवेश दिया जाता है, जबकि दूसरे द्वार से निकलने की व्यवस्था की जाती है। झारखंडी मंदिर के महंत भोलेनाथ योगीराज ने बताया कि मंदिर में सुबह चार बजे कांवड़ियों के जत्थों ने मंदिर में जल चढ़ाया हैं। पांच बजे मंदिर में आरती की गई। शाम को भगवान शिव का गुलाब, चंपा आदि फूलों से श्रृंगार किया।

### सोमवार को बंद रहेंगे महानगर के 12वीं तक के स्कूल

**मुरादाबाद, अमृत विचार :** सावन मास के तीसरे सोमवार को महानगर के 12 तक के सभी स्कूलों में छुट्टी घोषित की गई है। यह छुट्टी कांवड़ यात्रा के दौरान मुख्य मार्गों पर होने वाली भीड़ को देखते हुए की गई है। डीआईओएस डॉ .अरुण कुमार दुबे ने बताया कि 5 अगस्त को सावन मास का तीसरा सोमवार है। जिस कारण मुख्य मार्गों एवं महानगर में काफी संख्या में कांवड़ियों के आने से जगह-जगह जाम लग जाता है। जिस कारण सावन के तीसरे सोमवार पर रामपुर रोड, कांठ रोड, दिल्ली रोड के पांच किलोमीटर की परिधि में आने वाले कक्षा 1-12वीं तक के सभी स्कूल और कालेज बंद रहेंगे। निर्देश का पालन न करने वालों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी।

### सड़कों से शिवालयों तक दिखा भगवा ही भगवा

**मुरादाबाद, अमृत विचार :** शिवरात्रि पर महानगर की सड़कों से शिवालयों तक भगवा ही भगवा रंग देखने को मिला। कांवड़िये हरिद्वार और बृजघाट से गंगाजल लेकर लौटे। गुरुवार देर रात तक शिवभक्त डीजे की धुन पर भोले के भजनों पर थिरकते रहे। शिवरात्रि पर कांवड़ियों व शिवभक्तों ने भगवान भोलेनाथ का जलाभिषेक किया। इस दौरान मंदिर से लेकर सड़कों तक भगवा रंग छाया रहा। कांवड़िये हरिद्वार और बृजघाट से गंगाजल लेकर आए। बरेली, बदायूं, रामपुर, मिलक संभल के कांवड़िये भी गुरुवार देर रात तक महानगर से होकर गुजरे। पैरों में घुंघरू, तन पर भगवा वस्त्र से माहौल भक्तिमय बना रहा। देर रात तक महानगर की सड़कों पर डीजे की धुन पर भोलेनाथ के भजन बजते हैं। जिन पर कांवड़ियों ने जमकर नृत्य किया। जिससे माहौल शिव की भक्ति में रमा रहा।

### रोज किया जाता है अलग तरह से बाबा का श्रृंगार

हरथला शिवमंदिर के पुजारी मनोज पाठक ने बताया कि सावन माह में प्रत्येक सोमवार को दूर-दराज से श्रद्धालु पूजा-अर्चना करने के लिए आते हैं। यहां पर भगवान शिव का प्रतिदिन अलग तरह से श्रृंगार किया जाता है। शिवरात्रि पर भी अलग तरह से श्रृंगार किया गया

### भजनों पर झूमी महिलाएं

सावन माह की शिवरात्रि पर भक्तों ने बाबा भोलेनाथ की आराधना कर विश्व में सुख समृद्धि की कामना की। एक ओर जहां सुबह से ही जलाभिषेक का सिलसिला चला। वहीं दूसरी ओर महिला मंडलियों ने इस दिन को खास बनाया। अधिकांश मंदिरों में शाम को महिलाओं ने प्रभु के भजनों का गुणगान किया।

### डीजे की धुन और भजनों पर झूमे शिवभक्त

गुरुवार शाम को भोलेनाथ के भक्त कांवड़ लेने के लिए बृजघाट रवाना हो गए थे। डीजे पर भोलेनाथ के भजन बज रहे थे और श्रद्धालु भक्ति में झूम रहे थे। जय भोलेनाथ और हर-हर महादेव के जयकारे गूंज रहे थे। वाहनों पर भोलेनाथ की पताकाओं के साथ तिरंगा झंडा लगाकर भी श्रद्धालु कांवड़ लेने के लिए गए।

## एक नजर

### भोलेनाथ से की विश्व में शांति की कामना

**मुरादाबाद, अमृत विचार :** महानगर के शिवालयों में शाम को भगवान भोलेनाथ का विशेष श्रृंगार किया गया और महाआरती हुई। जिसमें बड़ी संख्या में श्रद्धालु मौजूद रहे। महानगर के प्रमुख मंदिरों में सुरक्षा व्यवस्था से लेकर साफ-सफाई का भी विशेष ध्यान रखा गया था। श्रद्धालुओं ने मंदिरों के बाहर लगी अस्थायी दुकानों से पूजन सामग्री खरीदी। भांग, धतूरा, बेलपत्र, फल और फूलों की मालाएं लेकर लोगों ने भोलेनाथ का पूजन किया।

### श्रद्धालुओं ने व्रत रखकर की शिव की पूजा-अर्चना

**मुरादाबाद, अमृत विचार :** शिवरात्रि को एक ओर जहां कांवड़ियों ने शिवलिंग पर जलाभिषेक किया। वहीं दूसरी ओर अन्य भक्तों ने भी भोलेनाथ का व्रत रखा। सुबह मंदिर जाकर भगवान भोलेनाथ की पूजा अर्चना की और मन्नत मांगी। ढाप वाले मंदिर पर पूजा करने आई मनीषा ने बताया कि सावन माह में भोलेनाथ का व्रत रखने का खास महत्व है। भोलेनाथ सबकी मनोकामना पूरी करते हैं। इसलिए उन्हें भोला कहते हैं।

### कांवड़ियों की सुरक्षा में मुस्तैद रहे पुलिसकर्मी

**मुरादाबाद, अमृत विचार :** वैसे तो सावन माह में पुलिस भी सक्रिय रहती है। मगर शिवरात्रि को लेकर महानगर में जगह-जगह सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम किए गए थे। प्रमुख मंदिरों व शिविरों के आसपास पुलिसकर्मी मुस्तैद रहे। उच्चाधिकारी भी पल-पल की जानकारी जुटाने में लगे रहे। कांठ रोड, जीरो प्वाइंट समेत अन्य स्थानों पर पुलिस की ओर से कांवड़ियों के सेवा के लिए शिविर भी लगाए गए।


महाकालेश्वर धाम मंदिर में जलाभिषेक करते श्रद्धालु। ● अमृत विचार

## शिवरात्रि पर भक्तों ने किया जलाभिषेक

**पाकबड़ा, अमृत विचार:** सावन माह की शिवरात्रि पर भक्तों ने मंदिरों में भगवान भोलेनाथ का जलाभिषेक किया। सभी मंदिरों में बम बम भोले के जयकारों की गूंज सुनाई दी। गुरुवार की रात को बृजघाट से गंगाजल लाने के लिए शिव भक्तों की भीड़ हाईवे पर रही। भक्तों ने बृजघाट से गंगाजल लाकर शुक्रवार की सुबह मंदिरों में भगवान शिव का जलाभिषेक किया। इस दौरान जगह-जगह बम बम भोले व द्वारा जयकारा वीर बजरंगी के जयकारों से माहौल गूंजायमान रहा। शुक्रवार की सुबह 4:00 से ही लेकर दोपहर तक भक्तों की भीड़ जलाभिषेक करने के लिए लगी रही। नया मुरादाबाद स्थित महाकालेश्वर धाम मंदिर में श्रद्धालुओं की भीड़ रही।

## मुख्यालयों पर 24 घंटे बिजली आपूर्ति के निर्देश

**मुरादाबाद, अमृत विचार :** मंडल में भीषण गर्मी और उमस के बीच जनता को राहत पहुंचाने के लिए बिजली विभाग की ओर से अच्छी खबर आई है। अब गांवों में 18 घंटे और जिला मुख्यालयों में 24 घंटे बिजली आपूर्ति की जाएगी। होने वाली कटौती की भरपाई रोस्टर के दौरान अतिरिक्त आपूर्ति देकर की जाएगी।

अधीक्षण अभियंता मुनीश चोपड़ा ने बताया कि प्रदेश स्तर से मिले निर्देशानुसार ग्रामीण क्षेत्र में 18 घंटे, तहसीलों में साढ़े 21 घंटे और जिला मुख्यालय स्तर पर 24 घंटे विद्युत आपूर्ति निर्धारित की गई है, जिसे हर हाल में बनाए रखना है। उन्होंने कहा कि किसी भी क्षेत्र में विद्युत आपूर्ति के दौरान अगर कोई स्थानीय गड़बड़ी के कारण कुछ समय के लिए विद्युत आपूर्ति बाधित होती है तो उसकी भरपाई रोस्टर कटौती के दौरान अतिरिक्त आपूर्ति देकर की जाएगी।

# शिविर में 22 आपत्तियां निस्तारित

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद

**अमृत विचार:** नगर निगम की ओर से जीआईएस सर्वे की आपत्तियों के निस्तारण व कर वसूली के लिए जोन 2 सेल्स टैक्स कार्यालय के पास और जोन 4 में लाजपतनगर पानी की टंकी के पास शिविर लगाया गया। इसमें गृहकर व जलकर की वसूली भी की गई। शिविर में 34 में से 22 आपत्तियों को निस्तारित किया गया।

मुख्य कर निर्धारण अधिकारी आरती सिंह की मौजूदगी में लगे शिविरों में 34 आपत्तियां सर्वे को लेकर आईं। लोगों ने सर्वे के आधार पर मनमाना टैक्स निर्धारण का आरोप लगाया। जिसके दस्तावेज का सत्यापन कर 22 आपत्तियों का निस्तारण मौके पर किया गया। शेष के स्थलीय सत्यापन के लिए दिया गया। इन शिविरों में गृहकर व जलकर का 14 लाख 67 हजार 138 रुपये की कर वसूली की गई। शिविर में क्षेत्रीय कर अधीक्षक, राजस्व अधीक्षक, जोनल कार्यालय के कर्मचारी आदि मौजूद रहे।


शिविर में जीआईएस सर्वे की आपत्तियों की सुनवाई करतीं मुख्य कर निर्धारण अधिकारी।

### प्रवर्तन दल के सदस्यों ने डीएम आवास तक भ्रमण किया

अतिक्रमण पर कार्रवाई करने के लिए प्रवर्तन दल के प्रभारी एसके शाही के नेतृत्व में टीम ने एकता द्वार से पीलीकोठी होते महिला थाना, अटल पथ से होकर कांठ रोड तक जिलाधिकारी आवास तक भ्रमण किया। फुटपाथ पर दुकान लगाने वालों को हटाया गया। वहीं प्रवर्तन दल की टीम टाउनहॉल क्षेत्र में भी पहुंची।

### मड पंप लगाकर कराई जलनिकासी

निगम के निर्माण अनुभाग की ओर से जयंतीपुर, पंडित नगला, भोलानाथ कॉलोनी, जाहिद नगर करूला में मड पंप लगाकर जलनिकासी कराई गई। इसके अलावा वार्ड 19 में प्रसादी लाल रोड का सड़क निर्माण, स्वतंत्रता संग्राम सेनानी भवन की मरम्मत भी कराई गई।

**निर्देश** स्मार्ट सिटी के कार्य के बाद सड़क पर पड़ी निर्माण सामग्री को हटवाकर कराएं सफाई

# 15 अगस्त से पहले हटाएं बिजली के खंभे और केबिल

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद

**अमृत विचार:** स्मार्ट सिटी लिमिटेड की अधूरी परियोजनाओं की प्रगति की समीक्षा मंडलायुक्त आन्जनेय कुमार सिंह ने शुक्रवार को अपने कार्यालय सभागार में कार्यदायी संस्थाओं, लाइन डिपार्टमेंट के अधिकारियों के साथ की। उन्होंने कहा कि स्मार्ट सिटी के कार्य के बाद पड़ी निर्माण सामग्री को हटवाकर सफाई कराना सुनिश्चित करें।

मंडलायुक्त ने कार्यदायी संस्था उत्तर प्रदेश राजकीय निर्माण निगम लिमिटेड के अधिकारियों को निर्देश दिया कि 30 जुलाई को क्षेत्र में भ्रमण के दौरान कई जगह कार्य अधूरा मिला था। इसमें तत्काल सुधार कराकर बुध बाजार में कार्य पूरा कराएं। बाजार क्षेत्र में कार्य के बाद जहां तहां पड़े निर्माण सामग्री के संबंध में उन्होंने कहा कि प्रतिदिन कार्य कराने के बाद कार्यस्थल की साफ-सफाई कराएं। फुटपाथ पर नागरिकों के आवाजाही में सहूलियत के लिए फुटपाथ की चौड़ाई होनी चाहिए। कार्ययोजना के अनुसार बुध बाजार क्षेत्र में तय समय-सीमा में कार्य पूरा करने का निर्देश मंडलायुक्त ने दिया। उन्होंने कहा कि कार्य के दौरान किसी का कारोबार प्रभावित न हो इसका भी ख्याल रखें। इम्पीरियल तिराहा एंट्री प्वाइंट के सौंदर्यीकरण कार्य को जल्द पूरा कराने का निर्देश दिया।

मंडलायुक्त ने रिलायन्स इलेक्ट्रिकल वर्क लिमिटेड के प्रतिनिधि से कहा कि 15 अगस्त से पहले बुध बाजार क्षेत्र में बिजली के खंभे, केबिल को हटाने और उसे अंडरग्राउंड करने का काम हर हाल में पूरा करा लें। मंडलायुक्त ने परियोजना के संचालन के लिए प्रस्ताव तैयार करने के लिए मुरादाबाद स्मार्ट सिटी लिमिटेड की टीम को निर्देश दिया। सीएंडडीएस के प्रतिनिधि ने बताया कि बारिश के कारण काम रुका है। वर्षाकाल खत्म होते ही एक माह के अंदर काम पूरा कराएंगे। मंडलायुक्त ने कार्य का ड्रोन सर्वे कराने का निर्देश अपर नगर आयुक्त प्रथम व एडिशनल सीईओ मुरादाबाद स्मार्ट सिटी लिमिटेड को दिया। बैठक में महाप्रबंधक (तकनीकी) अनिल कुमार मित्तल, चीफ फाइनेन्स एंड अकाउंट आफिसर, अधिशासी अभियन्ता, महाप्रबंधक मेसर्स रिलायंस इलेक्ट्रिकल्स लिमिटेड के अलावा अन्य कार्यदायी संस्थाओं के प्रतिनिधि मौजूद रहे।


अपने कार्यालय सभागार में स्मार्ट सिटी के कार्यों की प्रगति की समीक्षा करते मंडलायुक्त।

# फसल बीमा योजना के लिए केंद्र सरकार ने बढ़ाए 10 दिन

● अब 10 अगस्त तक किसान करा सकेंगे फसल का बीमा

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद

**अमृत विचार :** केंद्र सरकार ने प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना में इस वर्ष खरीफ की फसल के लिए बीमा कराने के लिए दस दिन और बढ़ा दिए हैं। पहले अन्तिम तिथि 31 जुलाई थी। अब 10 अगस्त तक किसान अपनी फसल का बीमा करा सकते हैं।

उप निदेशक कृषि संतोष कुमार द्विवेदी ने बताया कि पिछले वर्ष 2023-24 में धान की फसल की कटाई के समय बेमौसम हुई बारिश में जिन बीमित किसानों की फसल बर्बाद हुई थी। जिले के ऐसे 358 बीमित कृषकों को 25.90 लाख रुपये का मुआवजा फसल बीमा कंपनी ने दिया था। वहीं जिन किसानों ने अपनी फसल का बीमा नहीं कराया था उनको कुछ नहीं मिला। उन्होंने बताया कि सभी किसानों को जनपद में बीमा के लिए खरीफ सत्र में आच्छादित धान, बाजरा, उर्द की फसल का बीमा कराना जरूरी है। ताकि फसल बुआई की, फसल की अवधि में प्राकृतिक आपदा से नुकसान की स्थिति में, आपदा-ओलावृष्टि, भूस्खलन, बादल फटना, आकाशीय बिजली से उत्पन्न आग के कारण क्षतिग्रस्त होने का मुआवजा मिल सके। जनपद में फसल बीमा के लिए इफको-टोकियो जनरल इंश्योरेंस कम्पनी लिमिटेड को नामित किया गया है। जिसका टोल-फ्री नं0-14447 है।

ROHILKHAND CANCER INSTITUTE
150 बेड का विश्वस्तरीय कैंसर हॉस्पिटल
RADIOTHERAPY
TRUE BEAM STX LINAC
यह SRS, SBRT, IGRT, IMRT,VMAT और 3D CRT जैसी फोटॉन थेरेपी (6 Mv, 10Mv, 15Mv) पद्धतियाँ प्रदान करने में सक्षम है।

BRACHYTHERAPY
24 Channel

PET CT SCAN
बरेली मंडल की एक मात्र मशीन

FDG -PET CT
PSMA- PET CT (प्रोस्टेट कैंसर)
सोडियम फ्लोराइड बोन पीईटी
DOPA -PET CT (पार्किंसंस आवर्तक ब्रेन ट्यूमर, आदि)
द्वितीय पीढ़ी की मशीन जिससे कैंसर के स्टेज का पता चलता है
Immunotherapy & Chemotherapy
Dedicated Cancer Modular OT's
आयुष्मान कार्ड से 5 लाख तक का इलाज
हमारे विशेषज्ञ
डॉ. अर्जुन अग्रवाल (सर्जिकल ऑन्कोलॉजिस्ट)
डॉ. लक्ष्मण पांडे (रेडिएशन ऑन्कोलॉजिस्ट)
डॉ. आमिर मलिक (हेड एंड नेक कैंसर सर्जन)
डॉ. सिद्धार्थ अरोड़ा (क्लिनिकल ऑन्कोलॉजिस्ट)
डॉ. संदीप (मेडिकल ऑन्कोलॉजिस्ट)
डॉ. चीना गर्ग (ऑन्कोपैथोलॉजिस्ट)
डॉ. अंकित कुमार (न्यूक्लियर मेडिसिन ऑन्कोलॉजिस्ट)
अधिक जानकारी के लिए सम्पर्क करें - 92581 16087, 78912 35003
रोहिलखण्ड मेडिकल कॉलेज एवं अस्पताल कैम्पस, सुरेश शर्मा नगर, पीलीभीत बाईपास रोड, बरेली

## एक नजर

### एमआईटी के दो छात्रों को मेरिट लिस्ट में मिला स्थान

**मुरादाबाद, अमृत विचार :** डॉ. एपीजे अब्दुल कलाम विश्वविद्यालय लखनऊ की टॉप 10 की सूची में एमआईटी के आर्किटेक्चर विभाग के दो छात्रों ने स्थान पाया है। विश्वविद्यालय की ओर से आर्किटेक्चर विभाग का परिणाम जारी किया गया। इसमें अमनदीप सिंह ने 92.80 प्रतिशत के साथ प्रथम स्थान और लारीबा रिजवी ने 89.10 प्रतिशत अंकों के साथ पांचवां स्थान प्राप्त किया। चेयरमैन वाईपी गुप्ता, समेत समस्त ट्रस्टियों, संस्थान के निदेशक डॉ. रोहित गर्ग ने दोनों छात्रों के उज्जवल भविष्य की कामना की है।

### आज होगा रक्तदान शिविर का आयोजन

**मुरादाबाद, अमृत विचार :** जिला अस्पताल के ब्लड बैंक के तत्वावधान में रक्तदान शिविर का आयोजन शनिवार को इंडियन बैंक के सिविल लाइन स्थित क्षेत्रीय कार्यालय पर होगा। ब्लड बैंक के काउंसलर अशोक कुमार ने बताया कि बैंक के स्थापना दिवस पर कर्मचारी रक्तदान करेंगे। रक्तदान कराने के लिए ब्लड बैंक की टीम बैंक के क्षेत्रीय कार्यालय पर मौजूद रहेगी।

### दिल्ली पुलिस ने लाखों का कपड़ा बरामद किया

**मैनाठेर, अमृत विचार :** थाना क्षेत्र के ग्राम नगलिया मश्कूला में दिल्ली से चोरी हुआ लाखों रुपये का कपड़ा बरामद किया गया है। दिल्ली पुलिस ने बताया कि कुछ समय पूर्व दिल्ली से कपड़े की चोरी की गई थी। जिनकी तलाश में पुलिस जुटी थी। शुक्रवार की शाम को मैनाठेर पुलिस के साथ टीम ने पहुंचकर नगलिया मश्कूला में एक दुकान पर छापा मारा और लाखों की कीमत का कपड़ा बरामद किया। इस मामले में पुलिस ने दो युवकों को पूछताछ के लिए हिरासत में लिया है।

### तीनों डिवीजन के कंप्यूटर आपरेटरों में किया फेरबदल

**मुरादाबाद, अमृत विचार :** महानगर के तीनों डिवीजन में आजकल कुछ ज्यादा हलचल चल रही है। कभी शीर्ष अफसरों के तबादले हुए तो कभी कुछ पर अनुशासनात्मक कार्रवाई की गई। कर्मचारी अभी कुछ समझ पाते कि चेयरमैन के निर्देशों का हवाला देकर बिजली विभाग के शहर के तीनों डिवीजन के तमाम कंप्यूटर आपरेटरों को हटाकर दूसरे पटल पर भेज दिया गया। कंप्यूटर आपरेटरों में आदेश को लेकर नाराजगी है। अधीक्षण अभियंता मुनीश चोपड़ा ने बताया कि एक नया आदेश भी आ गया है कि अब पूरे पश्चिमांचल में एक ही एजेंसी के माध्यम से कंप्यूटर आपरेटरों की तैनाती होगी।

# मूंढापांडे और छजलैट ब्लाक में खर्च नहीं हुए 4.40 करोड़ रुपये

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद

- **दोनों विकास खंडों की ग्राम पंचायतों में विकास कार्य को मिले थे 7 करोड़ 20 लाख रुपये**
- **शासन की सख्ती के बाद लापरवाह पंचायत सचिवों को चिह्नित कर रहा पंचायत राज विभाग**

**अमृत विचार:** विकास कार्य के लिए सरकार की ओर से दी गई 15वें वित्त की करोड़ों रुपये की धनराशि का उपयोग नहीं करने वाले ग्राम पंचायत सचिवों पर विभाग चिह्नित कर कार्रवाई की तैयारी कर रहा है। मूंढापांडे और छजलैट विकास खंड के पंचायत सचिव 4.40 करोड़ रुपये की धनराशि खर्च नहीं कर पाए। शासन से विकास कार्यों पर खर्च की गई धनराशि का ब्योरा मांगे जाने के बाद पंचायत राज विभाग में खलबली मची है।

अपर जिला पंचायत राज अधिकारी विवेकानंद ने बताया कि मूंढापांडे ब्लॉक की ग्राम पंचायतों में 15वें वित्त आयोग की 3 करोड़ 41 लाख की धनराशि दी गई थी। जिसमें अब तक 34 प्रतिशत धनराशि विकास कार्यों पर खर्च की गई है। 2 करोड़ 39 लाख रुपये की धनराशि पंचायत सचिव खर्च ही नहीं कर पाए। उन्होंने बताया ब्लॉक में विकास कार्य कराने में सबसे खराब स्थिति ग्राम पंचायत सचिव पुष्पा की ग्राम पंचायतों में है। वहीं छजलैट ब्लॉक के गांवों के विकास कार्य के लिए शासन से 3 करोड़ 79 लाख रुपये मिले थे। जिसमें से अभी भी दो करोड़ 39 लाख रुपये की धनराशि बची है। शासन के बार बार निर्देशित करने बाद विकास कार्य न कराने वाले ग्राम पंचायतों की सूची बनाई जा रही है। ऐसे पंचायत सचिवों के खिलाफ कार्रवाई की जाएगी।

## दहेज में कार न मिलने पर महिला को घर से निकाला

**मुरादाबाद, अमृत विचार:** दहेज में कार न मिलने से नाराज पति ने शादी के चार माह बाद ही महिला के साथ मारपीट कर घर से निकाल दिया।

कटघर थाना क्षेत्र के पचपेड़ा निवासी महिला ने दी तहरीर में बताया है कि 26 अप्रैल 2024 को उसकी शादी मेरठ के शास्त्री नगर सेक्टर-3 निवासी शुभम बंसल से हुई थी। महिला के पिता ने 15 लाख रुपये का दहेज दिया था। शादी के कुछ दिन बाद पति शुभम व ससुराल वाले महिला से दहेज में दस लाख की कार मांगने लगे। महिला ने इस बात की जानकारी मायके में दी। पीड़िता के पिता ने कार के लिए चार लाख रुपये और दे दिए। बावजूद इसके ससुराल वाले और पैसों की मांग करने लगे। विरोध करने पर मारपीट की और पेट्रोल डाल कर जान से मारने की धमकी देकर घर से निकाल दिया। पीड़िता की शिकायत पर पुलिस ने पति समेत चार के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज की है।

### शासन ने स्वीकृत की धनराशि, बरसात में अब नहीं होगा मंडी परिसर में जलभराव

# मंडी में 3.15 करोड़ से होगा नाले, सड़कों का निर्माण

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद

**अमृत विचार:** मंडी आढ़तियों को बरसात में जलभराव की समस्या से नहीं जूझना पड़ेगा। शासन ने तालाब, नाले-नालियां व सड़कों के निर्माण को 3.15 करोड़ रुपये की धनराशि स्वीकृत की है। डिप्टी डायरेक्टर मंडी ने जल निकासी के लिए नालों का निर्माण शुरू करा दिया है। इससे मंडी में जल भराव की समस्या खत्म हो जाएगी। पूरी मंडी समिति का पानी अब नगर निगम के नालों समाहित हो जाएगा।

डिप्टी डायरेक्टर मंडी समिति महेंद्र सिंह ने बताया कि मंडी में जल निकासी की समस्या काफी दिनों से बनी हुईथी। जिससे हर बरसात में होने वाले जलभराव से आढ़तियों के लिए बड़ी समस्या बन जाती थी। आस-पास की बस्तियों का पानी भी मंडी में आने के कारण कई स्थानों पर छोटे-छोटे तालाब बन जाते थे। जिससे आढ़तियों की दुकानों में पानी भर जाता था।

अब मंडी से पानी निकासी की समस्या में नाले, नालियां, सड़कों का निर्माण कराए जाने के साथ ही तालाब पर रेलिंग लगाने के लिए शासन से 3.15 करोड़ रुपये की धनराशि मंडी समिति के खाते में पहुंच गई है। तालाब पर रेलिंग बनाने के साथ नालों के पानी की निकासी मंडी के बाहर नगर निगम के नालों में छोड़े जाने की प्रक्रिया पूरी हो चुकी है। अब बरसात में मंडी में जलभराव की समस्या नहीं होगी।



मंडी में नाले के निर्माण के लिए सड़क के बीच में खोदाई करती जेसीबी मशीन। ● अमृत विचार

# अगले आदेश तक बेसमेंट में संचालित कोचिंग सेंटरों पर रोक लगाई गई

### डीआईओएस ने जारी किए निर्देश, नियमों के उल्लंघन पर कार्रवाई की चेतावनी

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद

**अमृत विचार:** दिल्ली में कोचिंग सेंटर में हुई दर्दनाक घटना के बाद जनपद में भी शिक्षा विभाग एक्शन में है। अब विभाग ने अगले आदेश तक बेसमेंट में संचालित कोचिंग सेंटरों पर रोक लगाने के निर्देश दिए हैं। साथ ही कहा है कि अगर फिर भी कोई कोचिंग सेंटर संचालित करता है, तो वह खुद जिम्मेदार होगा।

महानगर में कई स्थानों पर बेसमेंट में कोचिंग सेंटर संचालित हो रहे हैं। जिसमें पढ़ने वाले छात्र-छात्राएं सुरक्षित नहीं हैं। बीते दिनों दिल्ली में संचालित कोचिंग सेंटर पर अध्ययनरत छात्रों के साथ कोचिंग सेंटर संचालक की लापरवाही के कारण दर्दनाक घटना घटित हुई। इसमें बेसमेंट में पानी भरने से तीन छात्राओं की मौत हो गई थी। इसे गंभीरता से लेते हुए अब शिक्षा विभाग एक्शन में है। जिला विद्यालय निरीक्षक डॉ. अरुण कुमार दुबे ने बताया कि जनपद में बेसमेंट में संचालित समस्त कोचिंग सेंटरों का संचालन अग्रिम आदेशों तक के लिए स्थगित कर दिया है। निर्देशों का पालन नहीं करने वालों को चिह्नित कर उनके खिलाफ कार्रवाई की जाएगी।




पाकबड़ा में बेसमेंट में दुकान पर सील लगाती एमडीए की टीम। ● अमृत विचार

### एमडीए की टीम ने चलाया अभियान, सील किया

**पाकबड़ा, अमृत विचार :** मुरादाबाद विकास प्राधिकरण द्वारा जहां जिले में सुनियोजित विकास कार्य किए जा रहे हैं वहीं अवैध निर्माण को लेकर लगातार कार्रवाई की जा रही है। शुक्रवार को पाकबड़ा के डिंगरपुर रोड पहुंची मुरादाबाद विकास प्राधिकरण की प्रवर्तन टीम द्वारा दो अलग-अलग स्थानों पर कार्रवाई की गई। जिसमें पाकबड़ा के समाथल रोड ख्वाजा कॉलोनी में मोहम्मद रफी द्वारा अनधिकृत रूप से बेसमेंट के रूप में व्यवसायिक गतिविधियां संचालित की जा रही थी। जिसको सील कर दिया गया। प्राधिकरण प्रवर्तन टीम के अधिकारी सागर गुप्ता के नेतृत्व में टीम ने कार्रवाई की। उन्होंने बताया कि मानकों की अनदेखी पर कार्रवाई की जा रही है। उन्होंने लोगों से अपील की कि मानकों की अनदेखी न करें, स्वीकृत मानचित्र के आधार पर ही निर्माण कराएं।

## एसपी सिटी अखिलेश भदौरिया को व्यापार मंडल ने दी विदाई

**मुरादाबाद, अमृत विचार:** एसपी सिटी अखिलेश भदौरिया का ट्रांसफर होने पर संयुक्त व्यापार मंडल के पदाधिकारियों ने बुके व स्मृति चिह्न भेंट कर विदाई दी। एकता कॉलोनी स्थित एक होटल में आयोजित विदाई समारोह में सभी ने एसपी सिटी के उज्जवल भविष्य की कामना की।

एसपी सिटी का यहां से फिरोजाबाद तबादला हो गया है। उनकी जगह अब कुमार रणविजय सिंह को अपर पुलिस अधीक्षक नगर बनाया गया है। संयुक्त व्यापार मंडल उत्तर प्रदेश ने शुक्रवार को मझोला थाना क्षेत्र के एकता कॉलोनी स्थित एक होटल में विदाई समारोह का आयोजन किया गया। इसमें व्यापार मंडल के पदाधिकारियों ने उन्हें स्मृति चिह्न भेंट कर उनके उज्जवल भविष्य की कामना की। इस अवसर पर प्रदेश संयोजक विशाल अग्रवाल, प्रदेश अध्यक्ष अरविंद अग्रवाल जॉनी, प्रमुख महासचिव आशुतोष गुप्ता, उपाध्यक्ष टोनी सहगल, अध्यक्ष विपिन गुप्ता, उपाध्यक्ष गौरव अग्रवाल, राजेंद्र प्रजापति, आदेश गुप्ता, सुप्रीत खन्ना, एडवोकेट अतुल सोती, एडवोकेट अनुज गुप्ता और सक्षम गुप्ता समेत अन्य उपस्थित रहे।



इमाम जैनुल आबेदीन की शहादत पर मातम करते लोग। ● अमृत विचार

# इमाम जैनुल आबेदीन की शहादत पर की शब्बेदारी

संवाददाता, अगवानपुर

**अमृत विचार:** इमाम जैनुल आबेदीन की शहादत के मौके पर शिया समुदाय में 24 मोहर्रम व 25 मोहर्रम में शब्बेदारी हुई। साथ ही आग पर मातम किया गया।

नगर पंचायत के मोहल्ला सराय फारूख के इमामबाड़ा पंजेतनी में मौलाना शहंशाह नकवी ने मजलिस को खिताब करते हुए कहा कि इमाम जैनुल आबेदीन ने अखलाक की मिसाल पेश की। जब उनके 18 बरस के भाई अली अकबर का कातिल इमाम के पास इस हालत में आया कि उसके पास न खाना था न पानी। इमाम ने उसे पानी भी पिलाया खाना भी खिलाया। उसने सोचा इमाम ने मुझे पहचाना नहीं, लेकिन इमाम ने कहा ए हसीन इब्ने नुमेर में तुझे जानता हूं तू मेरे भाई का कातिल है। ये सुनकर उसने कहा जब आप जानते हैं तो मेरे लिए इतनी रहम दिली किसलिए। इस पर इमाम ने कहा मैं तुझ जैसा नहीं हूं। मजलिस के बाद इमाम जैनुल आबेदीन का ताबूत बरामद किया गया। मजलिस में आदिल नकवी ने सोजख्वानी की। दूसरी मजलिस को इमामबाड़ा अबुल फजलिल अब्बास में मौलाना अली हैदर नूरी मंगलोर उत्तराखंड ने खिताब किया। इस दौरान नैय्यर अब्बास, दानिश रजा, मो. अब्बास, एजाज हुसैन, तस्वीर हुसैन आदिल नकवी, नासिर हुसैन, जॉन नकवी, जमाल हैदर, कमाल हैदर, आसिफ नकवी, नदीम रजा, जावेद नकवी, विजारत हुसैन, तसव्वर हुसैन आदि मौजूद रहे।



प्राकृतिक सौंदर्य की अपनी अलग ही छटा है। जो आंखों के साथ-साथ मन को भी सुकुन देती है। कुछ ऐसा ही नजारा सोनकपुर पुल पर शाम को ढलते सूरज का दिखा। ● अमृत विचार

## जिले के 800 मेधावियों का कल होगा सम्मान

**मुरादाबाद, अमृत विचार:** फेमस एजुकेशनल स्टूडेंट्स सोसाइटी 4 अगस्त को पंचायत भवन सभागार में जिले के 800 मेधावी छात्र-छात्राओं को पुरस्कार देकर सम्मानित करेगी।

प्रदेश अध्यक्ष मोहम्मद ताहिरी ने बताया कि सोसाइटी 25 सालों में करीब 1200 हजार छात्र-छात्राओं को सम्मानित कर चुकी है। सोसाइटी की ओर से रविवार चार अगस्त को सम्मान समारोह आयोजित किया गया है। इसमें 800 मेधावी छात्र-छात्राओं को पुरस्कार देकर सम्मानित किया जाएगा।

50 स्कूल-कॉलेजों के विद्यार्थियों का चयन किया गया है। इसमें कुछ स्कूल कॉलेज में से बेस्ट मेरिट अवार्ड के लिए भी छात्र-छात्राओं को सम्मानित करने लिए चयन किया गया है।

# खाद्यान्न उठान में समस्याएं तत्काल निस्तारित करें

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद

**अमृत विचार:** सिंगल स्टेज डोर स्टेप डिलीवरी के लिए परिवहन ठेकेदार की नियुक्ति की समीक्षा बैठक संभागीय खाद्य नियंत्रक शैलेष कुमार की अध्यक्षता में शुक्रवार को एमडीए सभागार में हुई। संभागीय खाद्य नियंत्रक ने कहा कि खाद्यान्न उठान में समस्याओं का तत्काल निस्तारण जिला खाद्य विपणन अधिकारी कराएं।

प्रभारी संभागीय खाद्य विपणन अधिकारी कौशल देव की मौजूदगी में हुई बैठक में परिवहन (हैंडलिंग) कार्य के लिए व्यवस्था पर चर्चा हुई। ब्लॉकों पर निविदादाताओं, ठेकेदारों के माध्यम से ई टेंडर प्रक्रिया में अधिक से अधिक लोगों को शामिल कराने के लिए विचार किया गया। संभागीय खाद्य नियंत्रक ने ठेकेदार की नियुक्ति के लिए शासन से जारी निर्देश की जानकारी दी। कहा कि खाद्यान्न में उठान में कोई देरी नहीं होनी चाहिए। पारदर्शिता के साथ नियमानुसार कार्य हो। इसमें आने वाली समस्याओं का निस्तारण जिला खाद्य विपणन अधिकारी तत्काल प्रभाव से करें। जिससे खाद्यान्न की समस्या न हो। उन्होंने संभाग के सिंगल स्टेज के अन्तर्गत ब्लॉकों पर जारी होने वाले ई टेंडरिंग व्यवस्था के अन्तर्गत परिवहन कार्य में और आगामी धान खरीद सत्र 2024-25 के लिए जारी होने वाली ई टेंडरिंग व्यवस्था में बेहतर करने के लिए कहा। बैठक में उपायुक्त खाद्य ओमप्रकाश, संभागीय वरिष्ठ लेखाधिकारी (खाद्य) मनप्रीत कौर, सहायक क्षेत्रीय परिवहन अधिकारी आनंद निर्मल, जिला खाद्य विपणन अधिकारी संभल विजेयता सिंह, सुभाष चंद्र जिला खाद्य विपणन अधिकारी अमरोहा, अमित द्विवेदी जिला खाद्य विपणन अधिकारी बिजनौर के अलावा प्रभारी जिला खाद्य विपणन अधिकारी मुरादाबाद व मंडल के सभी जिलों के परिवहन ठेकेदार मौजूद रहे।



एमडीए सभागार में बैठक करते संभागीय खाद्य नियंत्रक शैलेष कुमार व उपस्थित विभाग के अधिकारी व अन्य। ● अमृत विचार

**परेशानी**

### प्रोबेशन विभाग के चक्कर काट रहीं पीड़ित महिलाएं, सुबह से शाम तक कार्यालय में लगी रहती है भीड़

# निराश्रित महिलाओं को पांच महीने से नहीं मिली पेंशन, हो रहीं परेशान

कार्यालय संवाददाता,मुरादाबाद

**अमृत विचार:** पांच महीने से निराश्रित महिलाओं को पेंशन नहीं मिल पाई है। पेंशन के लिए महिलाएं प्रोबेशन विभाग के चक्कर काट कर थक चुकी हैं। दिनभर कार्यालय में महिलाओं की भीड़ लगी रहती है, इसके बावजूद विभागीय अधिकारी और कर्मचारियों द्वारा उनकी समस्या का समाधान नहीं किया जा रहा।

जिले में निराश्रित महिला पेंशन की 53,907 लाभार्थी हैं। इनमें से करीब 30 हजार महिलाओं की पेंशन उनके खाते में नहीं पहुंची है। शासन ने फर्जीवाड़ा रोकने को पेंशन वाले खाते को डीबीटी के लिए सक्रिय कराया जाना अनिवार्य कर दिया है। लेकिन, विभागीय अधिकारी और कर्मचारियों की लापरवाही से इसकी जानकारी पेंशन धारक निराश्रित महिलाओं नहीं हो पा रही है। पेंशन आने की जानकारी के लिए अपना कामकाज छोड़ कर महिलाओं को एक महीने में पांच से छह बार विभाग के चक्कर काटने पड़ रहे हैं। रोजाना जिला प्रोबेशन विभाग में महिलाओं की भीड़ रहती है। विभाग में बैठी बुजुर्ग महिलाओं व उनके परिजनों के मुताबिक विभाग के कर्मचारी भी सही जानकारी नहीं देते हैं। दूसरा जिसका कारण जिला प्रोबेशन अधिकारी का कक्ष तीसरी मंजिल पर और कर्मचारियों का कक्ष भूतल पर बना होना है। लाभार्थियों के शिक्षित न होने की वजह से डीबीटी इनेवल कराने में बैंक कर्मचारी भी परेशान करते हैं।



जिला प्रोबेशन कार्यालय के कक्ष में लगी पेंशनधारकों की भीड़। ● अमृत विचार



"15 जनवरी 2022 को पेंशन के सारे कागज पूरे करके प्रोबेशन विभाग में दिए थे। अधिकारियों ने बताया था कि दो महीने में पेंशन खाते में आ जाएगी। लेकिन, इस बात को दो साल से अधिक हो गए। दो साल पहले पति की मौत हो गई थी। अभी तीन महीने पहले बीमारी के कारण जवान बेटा भी खत्म हो गया। लेकिन, पेंशन नहीं आई।

**-शकुन्तला सिंह,** चंदन नगर



"पांच महीने से चक्कर काट रही हूं। अभी तक मेरे बैंक खाते में पेंशन की धनराशि नहीं पहुंची है। महीने में तीन से चार चक्कर विभाग के लगा रही हूं। हर बार विभागीय कर्मचारी बैंक में डीबीटी सक्रिय कराने के लिए कहते हैं। बैंक वाले डीबीटी हो गई है यह कहकर टरका देते हैं। समस्या का समाधान अब तक नहीं हुआ।

**- जगवती,** बलदेवपुरी (पीतल नगरी)



"मेरे घर में और कोई कमाने वाला नहीं है। जहां काम करती हूं वो छुट्टी के पैसे काट लेते हैं। महीने में तीन से चार बार ऑफिस के चक्कर काट चुकी हूं। लेकिन, न तो बैंक के कर्मचारी समस्या का समाधान कर रहे और न विभाग के कर्मचारी। उसे भी कई माह से पेंशन नहीं मिल रही।

**- संगीता देवी,** दुर्गेश नगर डबल फाटक

"इस बार उन्हीं लाभार्थियों को पेंशन दी जाएगी जिन लाभार्थियों के बैंक खाते से डीबीटी इनेवल हो जाएगी। इसमें कुछ लाभार्थियों के दो से तीन खाते होने के कारण पेंशन तीनों में से किसी एक खाते चली गई। इसमें बैंक कर्मियों की ओर से लाभार्थियों के खाते में डीबीटी इनेवल करने में परेशानी आ रही है। विभाग की ओर से जिनकी डीबीटी हो चुकी उनके खाते में पेंशन की धनराशि पहुंच गई है। यह बात अलग है कि लाभार्थी दो या अधिक खातों में से किसी एक में पेंशन की धनराशि पहुंची है। **-अनुराग श्याम रस्तोगी,** जिला प्रोबेशन अधिकारी

## मुरादाबाद में एम्स खोलने की मांग की

**मुरादाबाद, अमृत विचार:** ब्रास कारखानेदार एसोसिएशन के अध्यक्ष आजम अंसारी ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को पत्र भेजा है। उन्होंने मुरादाबाद में एम्स खोले जाने की मांग उठाई है। कहा कि एम्स के खुलने से अन्य लोगों के साथ ही पीतल उत्पादों के उद्योग से जुड़े लाखों कारीगरों को भी स्वास्थ्य सेवाओं का लाभ मिल सकेगा। इससे पहले लोगों को इलाज के लिए दिल्ली से अन्य शहरों में जाना पड़ता है। जिसमें लोगों को आर्थिक हानि के साथ अन्य परेशानियों का सामना करना पड़ता है। इसलिए महानगर में एम्स खोलकर लोगों की समस्या को दूर किया जाए।




**नगर निगम मुरादाबाद**

पत्रांक : 159/पी०ए०-2/मु०अभि०/न०नि०मु०/2023-24 दिनांक- 02/08/24

**ई-निविदा आमन्त्रण सूचना**

सूचित किया जाता है, कि निर्माण कार्यों की द्वि- पद्धति से ई-निविदायें दिनांक 09/08/24 को अपरान्ह 12:00 बजे तक आमन्त्रित की जाती है जो दिनांक 05/08/24 से 09/08/24 तक ऑन लाइन अपलोड की जा सकेगी। किसी भी निविदा को स्वीकार एवं अस्वीकार करने का अधिकार सक्षम अधिकारी में निहित होगा। प्राप्त निविदाओं की तकनीकी बिड दिनांक 09/08/24 को अपरान्ह 02:00 मुख्य अभियन्ता कार्यालय पीलीकोठी में खोली जायेगी। कार्यों की विस्तृत सूचना एवं निविदा शर्तें बेबसाइट https://etender.up.nic.in एवं www.nagarnigammoradabad.in पर देखी जा सकती है।

मुख्य अभियन्ता
नगर निगम, मुरादाबाद।

## एक नजर

### समस्या के समाधान के लिए मुख्यमंत्री को भेजा पत्र

**ठाकुरद्वारा, अमृत विचार :** भाजपा के पूर्व नगर अध्यक्ष शिवेंद्र गुप्ता ने मुख्यमंत्री को शिकायती पत्र भेजकर नगर में पेयजल आपूर्ति के लिए बिछाई गई पाइप लाइन के बाद सड़कों के गड्ढे भरने में लापरवाही का आरोप लगाया है। बताया कि खोदाई कर पाइप लाइन बिछाने में विलंब किया और मरम्मत में लापरवाही बरती जा रही है। बरसात में गड्ढों की वजह से आवागमन बाधित हो रहा है। जगह-जगह वाहन फंस रहे हैं। उन्होंने समस्या का समाधान करने की मांग की है।

### दुकानदार के खिलाफ कार्रवाई की मांग

**ठाकुरद्वारा, अमृत विचार :** विश्व हिंदू परिषद बजरंग दल कार्यकर्ताओं ने चौकी प्रभारी को तहरीर देकर बताया, गांव शरबत नगर निवासी सद्दाम हुसैन लालपुर पीपलसाना में सड़क किनारे मांस की दुकान चलाता है। गुरुवार को दुकान के सामने से कांवड़िये गंगाजल लेकर हरिद्वार से आ रहे थे। इस बीच लोगों ने सद्दाम से श्रद्धालुओं की आस्था को ध्यान में रखकर दुकान बंद करने की अपील की। लेकिन उसने दुकान बंद नहीं की। आरोप है कि सद्दाम ने अपशब्दों का प्रयोग कर धमकी दी। उन्होंने सद्दाम हुसैन के खिलाफ कार्रवाई की मांग की है। तहरीर देने वालों में विहिप के सहमंत्री रोहित कुमार, प्रखंड अध्यक्ष भूपेंद्र सिंह, प्रखंड मंत्री सुरेश कुमार, लालपुर निवासी योगेश कुमार और अरविंद कुमार शामिल हैं।

### बादलों के बीच दिर भर रही छूप और छांव

**ठाकुरद्वारा, अमृत विचार :** देहात क्षेत्र में शुक्रवार को गर्मी से लोग बेहाल हो गए। कई क्षेत्र में बिजली की ट्रिपिंग ने परेशानी बढ़ा दी। लोग पसीने में तर हो गए। देर शाम तक गर्मी से राहत नहीं मिल सकी। हालांकि बादलों के बीच छूप-छांव का खेल दिन भर चलता रहा। लेकिन बारिश नहीं हुई। उमस भरी गर्मी के बीच रात को भी लोगों को नींद नहीं आ सकी।



मंदिर में भोलेनाथ का जलाभिषेक करते शिवभक्त। ● अमृत विचार



कांठ नगर से गुजरते कांवड़िये। ● अमृत विचार

# शिवालयों में गूंजे जयकारे, भोले का किया जलाभिषेक

## प्रकटेश्वर शिव मंदिर और प्राचीन महादेव मंदिर में शिवभक्तों ने की पूजा-अर्चना

संवाददाता, कांठ/छजलैट

**अमृत विचार :** नगर और क्षेत्र में सावन माह की शिवरात्रि पर शुक्रवार को शिवभक्तों ने शिवालयों में भगवान शिव का जलाभिषेक किया। पूजा-अर्चना कर परिवार में सुख शांति की कामना की। इस दौरान शिव मंदिरों में भोले के जयकारे गूंजते रहे। मंदिरों पर कांवड़ियों की सुरक्षा के लिए पुलिस बल तैनात रहा।

गांव लाडलाबाद के प्रकटेश्वर शिव मंदिर और ढाकी के प्राचीन महादेव मंदिर में शिवभक्तों ने गंगा जल और दूध से जलाभिषेक किया। सुबह से ही शिवभक्त जलाभिषेक के लिए पहुंचने शुरू हो गए थे। भक्तों ने बेलपत्र, दूध, दही, शहद, भांग व धतूरा शिवलिंग पर चढ़ाया। दीप जलाकर भगवान शिव की पूजा अर्चना की। प्राचीन महादेव मंदिर में जलाभिषेक के लिए रात्रि से ही शिवभक्तों की कतार लग गए थी।



ठाकुरद्वारा नगर में पैदल मार्च निकालते पुलिसकर्मी। ● अमृत विचार

यहां से शिवभक्तों ने जलाभिषेक कर शिवलिंग के अद्भुत जोड़े के दर्शन किए।

इसके बाद प्रसाद बांटा। दोनों स्थानों पर लगे मेलों में महिलाओं व बच्चों ने जमकर खरीदारी की। इसके अलावा नगर में रामलीला मैदान स्थित शिव मंदिर, श्रीराम ज्योति मंदिर, माता महाकाली मंदिर, वैश्य शिव मंदिर, संत रविदास मंदिर, शिव मोहिनी मंदिर, वाल्मीकि मंदिर, माहेश्वरी मंदिर, पट्टीवाला शिव मंदिर, विश्वनाथ महादेव मंदिर समेत अन्य मंदिरों में भी जलाभिषेक किया गया। सुरक्षा की दृष्टि से एसपी ग्रामीण संदीप कुमार मीणा, अपेक्षा निम्बाडिया, थाना प्रभारी निरीक्षक योगेंद्र कुमार सिंह, भारी पुलिस बल के साथ मौजूद रहे।

### पैदल मार्च निकालकर लोगों को दिया सुरक्षा का भरोसा

**ठाकुरद्वारा,अमृत विचार :** सावन माह की शिवरात्रि पर सुरक्षा व्यवस्था बनाए रखने के लिए डिप्टी एसपी के नेतृत्व में पुलिस टीम ने नगर के मुख्य मार्गों पर पैदल मार्च निकाला। लोगों को सुरक्षा का भरोसा देकर शांति बनाए रखने की अपील की। नगर में डिप्टी एसपी राजेश कुमार के नेतृत्व में पुलिस ने नगर में कोतवाली, बुधबाजार, बाजार गंज, राजीव मार्केट, कदीर तिराहा, चलचित्र ढाल, कमालपुरी चौराहा, अस्पताल रोड पर पैदल मार्च निकाला। इसमें वरिष्ठ उपनिरीक्षक विजेन्द्र सिंह, उपनिरीक्षक विपिन कुमार, रजत कुमार, तेज प्रताप सिंह, सतेन्द्र सिंह, कांस्टेबल जगदीश ठाकुर, गुलशन कुमार, राजू, सन्नी कुमार आदि पुलिस कर्मी शामिल रहे।

### बम बम भोले के जयकारे लगाते हुए गुजरे कांवड़िये

**कांठ, अमृत विचार :** कांठ क्षेत्र में शुक्रवार को शिवभक्त बम बम भोले के जयकारे लगाते हुए अपनी मंजिल की ओर जाते रहे। कांवड़ यात्रा को सकुशल संपन्न कराने में पुलिस जुटी रही। कांवड़िये उत्तराखंड के हरिद्वार से कांवड़ में गंगाजल लेकर लौट रहे हैं। बरेली, शाहजहांपुर, पीलीभीत, बदायूं समेत अन्य जगहों के कांवड़िये कांठ क्षेत्र से होकर गुजरे। कांवड़ियों की संख्या बढ़ने से पुलिस ने भी तैयारियां तेज कर दी हैं। निर्धारित प्वाइंटों पर अतिरिक्त ड्यूटी लगाई जा रही है। पुलिस अधिकारियों ने कांठ और छजलैट पुलिस को सोमवार तक अधिक सतर्कता बरतने के निर्देश दिए हैं।

# किसानों की समस्याओं का होगा समाधान, भाकियू का धरना खत्म

संवाददाता, कांठ

**अमृत विचार :** क्षेत्र में बिजली कटौती और अन्य समस्याओं के विरोध में भारतीय किसान यूनियन टिकैत का धरना प्रदर्शन दूसरे दिन शुक्रवार को अधिकारियों के आश्वासन पर समाप्त हो गया। धरना स्थल पर पहुंचे एसडीएम व एसडीओ ने किसानों को आश्वासन दिया।

भाकियू टिकैत के कार्यकर्ता बिजली की समस्याओं को लेकर तहसील में गुरुवार से धरना प्रदर्शन कर रहे थे। बिजली कटौती, फॉल्ट, बिजली बिलों की अधिक रीडिंग, जर्जर लाइनों को बदलना सहित अन्य समस्याओं को लेकर वे धरना स्थल पर डटे हुए थे। शुक्रवार सुबह धरने के दूसरे दिन किसानों ने तहसील परिसर में ही सुंदरकांड पाठ कराया। इसके बाद धरनास्थल पर पहुंचे एसडीएम अजय मिश्र, एक्सइएन अरुण कुमार, एसडीओ ज्ञानेंद्र यादव ने किसानों बात की। इस दौरान अधिकारियों ने आश्वासन दिया कि किसानों की समस्याओं का जल्द ही निस्तारण किया जाएगा। किसानों ने अधिकारियों को ज्ञापन सौंपकर धरना प्रदर्शन खत्म करने की घोषणा की। इस दौरान पश्चिमी उत्तर प्रदेश के उपाध्यक्ष चौधरी ऋषिपाल सिंह, हरदीप सिंह बिश्नोई, दर्शन सिंह, नवनीत कुमार, सियाराम बिश्नोई, अरविंद जॉनी, भविष्य, रामकला गुर्जर, महेश ठाकुर, सतवीर मान, वीर सिंह ढाका, प्रिंस आदि रहे।



अधिकारी को ज्ञापन सौंपते भाकियू के पदाधिकारी। ● अमृत विचार

## सार-संक्षेप



एचएससी इंटर कॉलेज में पौधा लगाते शिक्षक व अन्य, साथ में छात्राएं।

### एचएससी इंटर कॉलेज में किया गया पौधरोपण

**ठाकुरद्वारा, अमृत विचार :** चिश्ती साबरी विकास समिति की ओर से एचएससी इंटर कॉलेज किशनपुर गावड़ी में पौधरोपण किया गया। डॉ. राकेश कुमार ने छात्र-छात्राओं से कहा कि हमारे जीवन के लिए पौधे जरूरी हैं। इसलिए सभी को अनिवार्य रूप से प्रति वर्ष 10 पौधे लगाने चाहिए। उन्होंने छात्र-छात्राओं को पौधे लगाने का संकल्प दिलाया। इस मौके पर जरीफ मलिक, कॉलेज के प्रधानाचार्य बाबूराम यादव, छात्र-छात्राओं व समाज शास्त्री विहार से आए डॉ. विनोद कुमार मौजूद रहे।



एक-दूसरे को मिठाई खिलाकर खुशी मनाते भावाधस भीम के कार्यकर्ता।

### भावाधस भीम के कार्यकर्ताओं ने मनाई खुशी

**ठाकुरद्वारा, अमृत विचार :** नगर में वाल्मीकि बस्ती स्थित एक धर्मशाला में शुक्रवार को भारतीय वाल्मीकि धर्म समाज (भावाधस) भीम की बैठक हुई। इसमें भावाधस के कार्यकर्ताओं ने सुप्रीम कोर्ट के आरक्षण पर दिए गए फैसले का स्वागत किया और मिठाई बांटकर हर्ष जताया। बैठक में राकेश दानव ने कहा कि राष्ट्रीय प्रमुख वीरेश भीम अनार्य के नेतृत्व में भावाधस के बैनर तले वाल्मीकि समाज के लोगों ने जंतर मंतर पर वाल्मीकि समाज को अलग आरक्षण की मांग को लेकर प्रदर्शन किया था। तभी से यह मामला सुप्रीम कोर्ट में चला आ रहा था। आरक्षण के लिए राष्ट्रीय प्रमुख वीरेश भीम अनार्य ने 15- 16 साल संघर्ष किया। अब सुप्रीम कोर्ट ने यह फैसला सुनाया है। इस दौरान राष्ट्रीय संयुक्त मंत्री सतीश पारछे, प्रदेश सचिव अनिल कुमार, मंडल अध्यक्ष करन कुमार, यूथ विंग जिलाध्यक्ष किरेंद्र, देवेंद्र नागपाल, राजेश मंत्री, राकेश अमराही, मुकेश चौधरी, आकेश कुमार, लकी कुमार, निशांत चौधरी, अमन चौधरी आदि लोग मौजूद थे।

### छात्र के परिजनों को झूठे मामले में फंसाने की दी धमकी

**ठाकुरद्वारा, अमृत विचार :** क्षेत्र के गांव तिलकपुर गुमानी निवासी रविंद्र कुमार ने वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक को शिकायती पत्र भेजा है। उसने बताया कि हैप्पी पुत्र कांता प्रसाद जूनियर हाईस्कूल में कक्षा छह का छात्र है। 31 जुलाई को विद्यालय के अध्यापक ने बिना गलती के उसके भतीजे को पीटा था। इससे उसे गुम चोट आई। सरकारी अस्पताल में छात्र का मेडिकल परीक्षण कराया गया। आरोप है कि प्रधानाध्यापक ने बच्चे के परिजनों पर फैसले करने का दबाव बनाया। इसके बाद गुरुवार दोपहर 2 :38 बजे एक व्यक्ति ने कोतवाली से बताते हुए फोन पर कहा कि मैं कांस्टेबल बोल रहा हूं, तुमने महिला प्रिंसिपल से बदतमीजी की है। इस उसने झूठे मामले में फंसाने की धमकी दी। पीड़ित ने वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक को दिए शिकायती पत्र में कहा है कि विद्यालय का अध्यापक दबंग व्यक्ति है। इसलिए निष्पक्ष जांच कर कर कार्रवाई की जाए।

# खलीलपुर के जंगल में चकमार्ग पर तेंदुआ देखकर किसानों के उड़े होश

संवाददाता, छजलैट

**अमृत विचार :** तहसील क्षेत्र के गांव रसूलपुर चौहरा, चेतरामपुर और खलीलपुर के जंगल में शुक्रवार शाम किसानों को चकमार्ग पर तेंदुआ दिखाई दिया। इससे उनके होश उड़ गए। डर की वजह से किसान गांव भाग गए। ग्रामीणों ने तेंदुआ पकड़ने के लिए वन विभाग से पिंजरा लगाने की मांग की है।

ग्रामीणों ने बताया कि खादर क्षेत्र में रामगंगा का पानी भरने से तेंदुए ऊंची जगहों पर देखने को मिल रहे हैं। शुक्रवार को गांव रसूलपुर चौहरा, चेतरामपुर व खलीलपुर के जंगल में किसान शेर सिंह अपने खेत पर धान की फसल में पानी देखने के लिए जा रहे थे। गांव से ही कुछ दूर उन्हें एक तेंदुआ चकमार्ग पर बैठा दिखाई दिया। उसे देखते ही किसान गांव की ओर भागने लगा। तभी तेंदुआ जंगल में चला गया। इसके बाद किसान गांव से कुछ व्यक्तियों को साथ लेकर फिर उस रास्ते पर पहुंचा तो तेंदुआ फिर वही बैठ दिखा। सूचना के बाद किसान उस रास्ते को छोड़कर दूसरे रास्ते से अपने खेतों पर गए। गांव के ही जाकिर ने वन विभाग के अधिकारियों को फोन कर घटना के बारे में सूचना दी। इससे ग्रामीणों में दहशत फैल गई। हालांकि देर शाम तक वन विभाग की टीम मौके पर नहीं पहुंची।

# कांवड़ियों पर पथराव करने के चार आरोपी गिरफ्तार

संवाददाता, बिलारी

**अमृत विचार :** क्षेत्र के गांव नौसेना में गुरुवार देर रात शिव मंदिर में जल चढ़ाने जाते समय कांवड़ियों पर दूसरे समुदाय के लोगों ने पथराव किया। इसमें दरोगा और सिपाही समेत छह कांवड़िये घायल हो गए। बाद में पुलिस सुरक्षा के बीच शिवभक्तों ने मंदिर में जलाभिषेक किया और वापस चले गए। गांव में तनाव को देखते हुए पुलिस बल तैनात किया गया है। फिलहाल गांव में शांति है।

इस संबंध में कोतवाल रविंद्र प्रताप सिंह ने बताया कि दरोगा रवि प्रकाश की तहरीर पर 32 नामजद और 20 अज्ञात के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज की गई है। इन लोगों पर एकराय होकर पथराव करने और सरकारी कार्य में बाधा डालने का आरोप है। पुलिस ने मौजूदा ग्राम प्रधान के बेटे फारुख खान, फिरोज, अशरफ और इसरार को गिरफ्तार कर लिया है। अन्य आरोपियों की गिरफ्तारी के लिए पुलिस दबिश दे रही है। जिलाधिकारी अनुज सिंह ने बताया कि पूर्व में उर्स को लेकर विवाद के चलते लोग विरोध कर रहे थे। गांव में शांति है।



बिलारी पुलिस की गिरफ्त में आरोपी। ● अमृत विचार

- नौसेना गांव में आरोपियों की गिरफ्तारी को दी जा रही दबिश

### इन लोगों के खिलाफ दर्ज की गई रिपोर्ट

फारुख खां, फिरोज खां, अशरफ, इकरार, शादाब, बाहर हुसैन, इदरीश खान, गुलाम मोहम्मद, इरशाद खान, अकील, आदिल खान, सलीम, नूर मोहम्मद, आमिर खान, सद्दीक, अफसर खान, सलीम, बाबू खान, अकरम, जावेद खान, अजीम, शाहरुख खान, जकीर खां, सलमान खान, सोहेल खान, नौशाद खान, खालिद खान, गुड्डू खान, मलका, परवेज खान, शमशाद खान और आसमा पत्नी मुमत्याज के खिलाफ नामजद रिपोर्ट दर्ज की गई है। इनके अलावा 20 अज्ञात भी शामिल हैं।

# दो घरों से नकदी और जेवर चोरी

संवाददाता, डिलारी

**अमृत विचार :** ग्राम पंचायत जटपुरा के गांव त्रिलोक मझरा में एक ही रात में चोरों ने दो घरों से सामान चोरी कर लिया। पीड़ितों ने थाने में तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की है।

बताया गया कि गुरुवार रात गर्मी के चलते त्रिलोक मजरा निवास किसान राजीव और पुष्पेंद्र परिवार के साथ मकान की छत पर सो रहे थे। रात दो बजे चोर घर की दीवार में कूमल लगाकर अंदर घुस गए। कमरे में रखी सेफ अलमारी के ताले तोड़कर पुष्पेंद्र के घर से चांदी की चार चीजें, सोने का हार, 30000 की नकदी चुरा कर ले गए। इसके बाद राजीव के घर में कूमल लगाकर चोर घुस गए। यहां सेफ अलमारी में रखे 35000 रुपये, तीन तोले सोना, पांच तोले चांदी, 30 किलो चावल, एक किलो देसी घी का डिब्बा और एक डिब्बा अचार चुरा कर ले गए। सुबह होने पर परिजन जागे तो सामान बिखरा पड़ा देखा। पीड़ितों ने थाने में तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की। पुलिस ने उन्हें जांच करने का आश्वासन दिया है।



चोरी के बाद जानकारी देता युवक।

## वारदात

- ग्राम पंचायत जटपुरा के त्रिलोक मझरा में दो घरों में घुसे चोर
- दीवार में कूमल लगाकर सामान चोरी किया, पीड़ित ने दी तहरीर

# ग्राम चौपाल लगाकर लोगों की शिकायतें सुनीं

**ठाकुरद्वारा, अमृत विचार :** ब्लॉक क्षेत्र की ग्राम पंचायत सबलपुर और बुधनगर में शुक्रवार को ग्राम चौपाल लगाए गई। इसमें खंड विकास अधिकारी व एडीओ पंचायत ने लोगों की शिकायतें सुनीं। कार्ड धारकों ने डीलर पर काम राशन देने का आरोप लगाया। खंड विकास अधिकारी सुरेश चंद्र गुप्ता ने सबलपुर में ग्राम चौपाल लगाई। इस दौरान लोगों ने उन्हें बताया कि राशन डीलर की शिकायत आपूर्ति विभाग में की जा चुकी है। उधर, गांव बुधनगर में एडीओ पंचायत योगेंद्र कुमार ने ग्राम चौपाल लगाई। इसमें उन्होंने ग्रामीणों की समस्याएं सुनकर उनका निस्तारण किया।



ब्लॉक परिसर में दिव्यांगों के प्रमाण पत्र बनाते अधिकारी। ● अमृत विचार

# शिविर में 55 दिव्यांगों के बने प्रमाण पत्र

**ठाकुरद्वारा, अमृत विचार :** ब्लॉक परिसर में शुक्रवार को दिव्यांगजन शिविर में 55 लाभार्थियों के प्रमाण पत्र बनाए गए। 35 दिव्यांगजनों के नए फॉर्म भरे गए।

ब्लॉक में दिव्यांगजन सशक्तीकरण विभाग की ओर से एक शिविर लगाया गया। इसमें 55 दिव्यांगों के प्रमाण बनाकर वितरण किए गए। समाज कल्याण विभाग के अधिकारी विख्यात चौहान ने बताया कि शिविर में प्रमाण पत्र बनाए गए हैं। शनिवार को भी शिविर लगेगा। इस दौरान खंड विकास अधिकारी सुरेश चंद्र गुप्ता, स्वास्थ्य विभाग की टीम में डॉ. शेर सिंह, डॉ. एके अंसारी आदि मौजूद रहे।

**कथा** सिंचाई विभाग कॉलोनी में शिव मंदिर पर चल रही शिव महापुराण

# सती अनुसुइया की कथा सुनकर श्रद्धालु हुए भाव विभोर

संवाददाता, ठाकुरद्वारा

**अमृत विचार :** नगर की सिंचाई विभाग कॉलोनी में शिव मंदिर पर चल रही शिव महापुराण के चौथे दिन कथावाचक ने सती अनुसुइया की कथा सुनाई। कथा सुनकर श्रद्धालु भाव विभोर हो गए।

पंडित नितिन भारद्वाज ने शुक्रवार को कहा कि भगवान को अपने भक्तों का यश बढ़ाना होता है तो वह कई प्रकार की लीलाएं करते हैं। देवी लक्ष्मी, देवी सती व सरस्वती को अपने पतिव्रत पर बड़ा अभिमान था। तीनों देवियों के अहंकार को नष्ट करने के लिए भगवान ने नारद जी के मन में प्रेरणा की। नारद जी देवी लक्ष्मी के पास पहुंचे। नारद ने कहा कि माताजी क्या बताऊं कुछ बताते नहीं बनता, मैं चित्रकूट गया था। वहां मैं महर्षि अत्रि के आश्रम पर पहुंचा तो महर्षि की पत्नी अनुसुइया का दर्शन करके कृतार्थ हो गया। तीनों लोकों में उनके समान पवित्र और कोई नहीं है। उन्होंने नारद जी से पूछा कि मुझसे बढ़कर पवित्रता है क्या। नारदजी ने कहा कि माताजी तीनों लोकों में कोई भी स्त्री सती अनुसुइया की तुलना में किसी भी गिनती में नहीं है। इसी प्रकार देव ऋषि नारद ने शक्ति और सरस्वती के पास जाकर उनके मन में भी सती अनुसुइया के प्रति ईर्ष्या की आग लगा दी। अंत में तीनों देवियों ने त्रिदेव से हटकर उन्हें सती अनुसुइया के सतीत्व की परीक्षा लेने के लिए बाध्य कर दिया। ब्रह्मा, विष्णु और महेश महर्षि अत्रि के आश्रम में पहुंचे। तीनों देवों ने मुनि का रूप धारण कर माता अनुसुइया के आश्रम में पहुंचे और माता अनुसुइया से बोले कि हम बहुत भूखे हैं। कृपया हमें मिष्ठान खिलाइए। माता अनुसुइया ने तीनों ऋषियों को खाने के लिए बैठाया और उनके लिए मिष्ठान लेकर आईं। तभी ब्रह्मा, विष्णु, महेश ने माता अनुसुइया से कहा कि हम आपकी गोद में बैठकर मिष्ठान ग्रहण करना चाहते हैं। इस लीला को सुनकर श्रोता भगवान शिव की महिमा की जय-जयकार करने लगे।

इस दौरान विरेंद्र शर्मा, वेद प्रकाश सिंह, अक्षय गौड़, तन्नू सिंह, संतोष देवी, गीता देवी, प्रमोद देवी, शांति देवी आदि मौजूद रहीं।



शिव महापुराण सुनतीं महिलाएं व अन्य। ● अमृत विचार

# रेलवे क्रॉसिंग के पास मार्ग पर गड्ढों से हादसे का खतरा

संवाददाता, कांठ

**अमृत विचार :** नगर क्षेत्र में रेल क्रॉसिंग के पास सड़क पर गड्ढों से बड़ा हादसा होने की आशंका है। गड्ढों में ई-रिक्शा पलट रहे हैं और राहगीर चोटिल हो रहे हैं। कांठ-अमरोहा मार्ग पर रेल क्रॉसिंग है। इस मार्ग पर पूरा दिन वाहनों का आवागमन रहता है। क्रॉसिंग के दोनों ओर सड़क पर गहरे गड्ढे हो गए हैं। कई जगह सड़क टूटने से गड्ढों में ई-रिक्शा पलट जाते हैं।

साइकिल सवारों व अन्य वाहन चालकों को गुजरने में भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। इसके अलावा नगर में थाना चौराहा के सामने, पुराना बस स्टैंड, गांधी आश्रम चौराहा पर कई गड्ढे वाहन चालकों के लिए परेशानी का सबक बन रहे हैं। लेकिन जिम्मेदार समस्या की अनदेशी कर रहे हैं।



मार्ग पर गड्ढों में भरा पानी।

**कार्यालय सहायक निबन्धक फर्म्स सोसाइटीज एवं चिट्स मुरादाबाद मण्डल मुरादाबाद**

**सार्वजनिक सूचना**

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि श्री प्रदीप कपूर द्वारा संस्था आनन्दम हाई स्ट्रीट रेसिडेन्ट्स वेलफेयर एसोसिएशन अपोजिट रिजर्व पुलिस लाइन्स, 10, सिविल लाइन्स, मुरादाबाद का प्रेसिडेन्ट दर्शाते हुए संस्था के पंजीकरण हेतु निर्धारित शुल्क व प्रपत्र प्रस्तुत किये गये है। प्राप्त अभिलेखों के अनुसार सर्वश्री 1. प्रदीप कपूर – प्रेसिडेन्ट, 2. पियूष कान्त– वाईस प्रेसिडेन्ट, 3. अर्चना कपूर – सेकेट्री, 4. अर्चना सक्सैना – ऐडिशनल सेकेट्री 5. यश कपूर – ट्रेजरार, 6. शिखर सक्सैना, 7. वीना डुडेजा – सदस्य दर्शाये गये है।

अतः यदि किसी व्यक्ति को उक्त संस्था के पंजीकरण पर आपत्ति हो तो वह अपनी आपत्ति सूचना प्रकाशन की तिथि से 15 दिन के अन्दर प्रस्तुत कर सकता है। निर्धारित तिथि के पश्चात आपत्ति पर विचार नही किया जायेगा और गुण–दोष के आधार पर संस्था के पंजीकरण सम्बन्धी कार्यवाही सुनिश्चित कर ली जायेगी।

विदित हो कि उक्त नोटिस सो०रजि०एक्ट 1860 की धारा 3 (1) के अन्तर्गत जारी किया जा रहा है।

आज्ञा से
(आनन्द विक्रम सिंह)
सहायक निबन्धक

## एक नजर

### डिवाइडर से टकराई बाइक, दो युवक जख्मी

**बिलासपुर, अमृत विचार :** हाईवे पर तेज रफ्तार बाइक डिवाइडर से टकरा कई। इस हादसे में बाइक सवार दो युवक गंभीर रूप से घायल हो गए। दोनों घायलों को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में भर्ती कराया गया है। मुरादाबाद जनपद के मूंढापांडे थाना क्षेत्र के गांव झंडे वाली मिलक निवासी अकबर अली (35) पुत्र आबिद अली तथा नाहिद अली (21) पुत्र उमर अली रुद्रपुर की ओर जा रहे थे। नवीन मंडी के पास सामने से आ रही रोडवेज बस से बचने के चक्कर में इनकी बाइक डिवाइडर से टकरा गई। इसमें दोनों युवक जख्मी हो गए।

### ट्रैक्टर-ट्रॉली की टक्कर से बाइक सवार वृद्ध घायल

**बिलासपुर, अमृत विचार :** अलीपुर ठेका गांव निवासी 70 वर्षीय त्रिलोक सिंह किसान हैं। उन्होंने बताया कि वह मंडी में आढ़ती से मिलकर अपने गांव जा रहे थे। इस दौरान एक किसान ट्रैक्टर-ट्रॉली लेकर मंडी में आ रहा था। मंडी के गेट पर उसने उनकी बाइक को टक्कर मार दी। इसमें वृद्ध घायल हो गया। घायल किसान ने कोतवाली में तहरीर दे दी है।

# डॉक्टरों की लापरवाही से महिला की मौत

## एकता हॉस्पिटल के मालिक, एक महिला व तीन पुरुष डॉक्टरों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज

कार्यालय संवाददाता, रामपुर

**अमृत विचार :** निजी अस्पताल के स्टॉफ द्वारा महिला के इलाज में लापरवाही बरतने में महिला की मौत हो गई। इससे परिजनों में कोहराम मच गया। महिला के पति की तहरीर पर पुलिस ने एकता हॉस्पिटल के मालिक मुर्तजा और एक महिला व तीन पुरुष डॉक्टरों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर ली है।


रजनी।

केमरी थाना क्षेत्र के गांव रहसैना निवासी अरविन्द कुमार के अनुसार उसकी पत्नी रजनी ने 28 जुलाई को बुखार व जुकाम होने के कारण दवा खाई थी। इससे रजनी की हालत बिगड़ गई। वह पत्नी को लेकर एकता हॉस्पिटल पहुंचा। वहां डॉक्टरों ने रजनी का अल्ट्रासाउंड किया तो पता चला कि वह ढाई-तीन माह की गर्भवती है। अरविंद के अनुसार डॉक्टरों ने उसे पत्नी का गर्भपात कराने की सलाह दी। यह भी कहा कि गर्भपात नहीं कराया तो कुछ भी हो सकता है। इसके बाद डॉक्टरों ने रजनी का गर्भपात करा दिया। वह एक दिन तक ठीक रही। मगर 30 जुलाई को उसकी हालत फिर बिगड़ गई। परिजन उसे फिर से अस्पताल ले आए। डॉक्टरों ने चेकअप के बाद बताया कि गर्भपात के दौरान कुछ अवशेष रह गए हैं। इसके बाद एक महिला और तीन पुरुष डॉक्टरों ने उसका फिर से गर्भपात किया। 31 जुलाई को रजनी इसी अस्पताल में भर्ती रही। एक अगस्त की शाम हालत बिगड़ने पर वहां के डॉक्टर उसे लेकर मुरादाबाद भागे। जहां रात 10 बजे रजनी की मौत हो गई। इसके बाद एकता अस्पताल का स्टाफ मृतका और तीमारदारों को दलपतपुर के पास छोड़कर फरार हो गए। बाद में मृतका के पति ने गंज थाने में आरोपियों के खिलाफ तहरीर दी। इस पर पुलिस ने एकता हॉस्पिटल के संचालक मुर्तजा, एक महिला और तीन पुरुष डॉक्टरों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज ली। पुलिस ने महिला के शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है।


अस्पताल में बैठे महिला के परिजन। ● अमृत विचार

### गुमराह करता रहा अस्पताल का स्टाफ

मृतका के परिजनों का कहना है कि निजी अस्पताल का स्टॉफ उन्हें गुमराह करता रहा। महिला की मौत एक अगस्त को हो गई थी, लेकिन स्टाफ ने खुद को बचाने के लिए उसे जबरन मुरादाबाद के अस्पताल में भर्ती करा दिया। मुरादाबाद स्थित अस्पताल के स्टाफ ने गुरुवार की रात 10 बजे उसे मृत घोषित कर दिया।

## कांवड़ियों को टक्कर मारने वाला ई-रिक्शा चालक गिरफ्तार

**शाहबाद, अमृत विचार :** कांवड़ियों को टक्कर मारकर घायल करने वाले ई-रिक्शा चालक को पुलिस ने गिरफ्तार करके चालान कर दिया है।

गुरुवार की शाम कोतवाली क्षेत्र के गांव टांडा के करीब 45 कांवड़ियों का जत्था जनपद बरेली के सिरौली थाना क्षेत्र के गुलड़िया गौरी शंकर शिव मंदिर जा रहा था। सिरौली की ओर आ रहे ई-रिक्शा चालक सिरौली निवासी फैजुद्दीन ने कांवड़ियों आकाश व रोहित को टक्कर मार दी थी। इसमें वह बुरी तरह जख्मी हो गए थे। हादसे से मौके पर अफरा-तफरी मच गई थी। इस दौरान चालक ई-रिक्शा लेकर फरार हो गया था। घटना से आक्रोशित कांवड़ियों ने जाम लगा दिया था। पुलिस ने घायल कांवड़िए रोहित के पिता रामपाल की तहरीर पर अज्ञात ई-रिक्शा चालक के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज की थी। पुलिस ने रात में ही आरोपी ई-रिक्शा चालक फैजुद्दीन को गिरफ्तार कर लिया। कोतवाल प्रिंस शर्मा ने बताया कि शुक्रवार को उसका चालान कर दिया गया है।

# सड़क के किनारे खड़े युवक पर एचटी लाइन का तार गिरा, मौत

संवाददाता, स्वार

● स्वार थाना क्षेत्र में हुई घटना, खाना लाने होटल पर गया था युवक

**अमृत विचार :** ग्यारह हजार केवीए की बिजली लाइन का तार टूटकर गिरने से 25 वर्षीय युवक बुरी तरह झुलस गया। पुलिस ने युवक को अपने वाहन से जिला अस्पताल पहुंचाया। जहां उपचार के दौरान उसकी मौत हो गई। परिजनों द्वारा कार्रवाई न करने के आश्वासन पर पुलिस ने युवक का शव को परिजनों को सौंप दिया। घटना से परिजनों में कोहराम मचा है।


मोहम्मद जीशान।

नगर के मोहल्ला चक स्वार स्थित बांसवाली मस्जिद निवासी अब्दुल वाहिद का 25 वर्षीय बेटा मोहम्मद जीशान गुरुवार की देर रात लगभग नौ बजे बिलासपुर तिराहे के निकट एक होटल पर खाना लेने गया था। गर्मी के चलते युवक सड़क किनारे खड़ा हो गया। तभी ऊपर से गुजर रही हाईटेंशन लाइन का तार अचानक टूटकर उसके ऊपर गिर गया। इसमें वह बुरी तरह झुलस गया। हादसे के बाद मौके पर लोगों का जमावड़ा लग गया। लोगों ने झुलसे युवक को उठाकर रेत के ढेर में दबा दिया। सूचना पर कोतवाल संदीप त्यागी मौके पर पहुंच गए। उन्होंने आनन-फानन में झुलसे युवक को अपनी गाड़ी से जिला अस्पताल भेज दिया। नायब तहसीलदार लोकेश कुमार भी घटना स्थल पर पहुंच गए। इस बीच हादसे के कारण नगर समेत नरपतनगर की बिजली ठप हो गई। गुरुवार देर रात उपचार के दौरान मोहम्मद जीशान ने दम तोड़ दिया। परिजनों ने किसी भी प्रकार की कार्रवाई करने से मना कर दिया। इस पर पुलिस ने शव परिजनों के हवाले कर दिया।

# मामा ने तीन वर्षीय भांजे से किया कुकर्म

संवाददाता, स्वार

**अमृत विचार :** मामा ने जंगल में ले जाकर तीन वर्षीय भांजे के साथ कुकर्म कर दिया। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर बालक को मेडिकल के जिला अस्पताल भेजा है। पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है।

मामा-भांजे के रिश्ते को कलंकित करने वाली यह घटना कोतवाली के एक गांव की है। बुधवार की शाम नगर पंचायत नरपतनगर निवासी कुर्बान अली कोतवाली के एक गांव निवासी अपनी सगी बहन के घर गया था। बहन के तीन वर्षीय बेटे को घर से बहला-फुसला कर बाइक बैठा जंगल में ले गया। वहां उसने भांजे के साथ कुकर्म किया। इसके बाद आरोपी भांजे को जंगल में रोता बिलखता छोड़ फरार हो गया। काफी देर तक बालक के घर वापस न आने पर परिजनों ने तलाश किया। तब वह जंगल मेंखून से लथपथ हालत में रोता-बिलखता मिला। परिजन बालक को घर ले आए। तब बालक ने परिजनों को मामा की करतूत बताई। बच्चे की बात सुनकर माता-पिता के पैरों तले से जमीन खिसक गई। इसके बाद परिजन उसे लेकर कोतवाली पहुंचे। पीड़ित के पिता ने अपने साले कुर्बान अली के खिलाफ पुलिस को नामजद तहरीर दी। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर बालक को मेडिकल के लिए भेज दिया। शुक्रवार को पुलिस ने बाइक बरामद कर आरोपी को गिरफ्तार करके कोर्ट में पेश किया। वहां से उसे जेल भेज दिया गया।


पुलिस की गिरफ्त में कुकर्म का आरोपी।

● पुलिस ने बालक को मेडिकल के लिए भेजा, आरोपी गिरफ्तार

### भांजे से कुकर्म करने से पहले किया था दो बालकों का अपहरण

**स्वार, अमृत विचार :** भांजे से कुकर्म करने से पूर्व आरोपी दो बालकों का अपहरण करके जंगल में ले गया था। मगर बालक आरोपी से हाथापाई कर उसके हाथ पर काटकर भाग गए थे। बुधवार को कोतवाली के एक गांव निवासी ममेरे-फुफेरे आठ वर्षीय भाई जिला सहकारी बैंक के निकट कांवड़ियों के जत्थे को देख रहे थे। इस दौरान आरोपी कुर्बान अली भी वहां पहुंच गया। वह दोनों बालकों का अपहरण करके जंगल में ले गया था। आरोपी के इरादों को भांपकर बच्चों ने उससे हाथापाई शुरू कर दी। वह आरोपी के हाथ पर दांत से काटकर भाग गए। इसके बाद आरोपी ने तीन वर्षीय सगे भांजे को अपनी हवस का शिकार बना डाला।

## मृत विद्युतकर्मी के परिवार को नहीं मिला मुआवजा

**रामपुर, अमृत विचार :** रजा बिजलीघर में तैनात बिजली कर्मचारी की मौत के बाद भी परिवार को अभी तक मुआवजा नहीं मिला है। रालोद के प्रदेश महासचिव ने मृतक आश्रितों को शीघ्र मुआवजा दिलाने की मांग की है।

रालोद के प्रदेश महासचिव मोहम्मद उस्मान बब्लू का कहना है कि हादसे का शिकार हुए विद्युत कर्मी का परिवार दर-दर की ठोकरें खाने को मजबूर हैं। मृतक के आश्रितों को मुआवजा दिलाने को लेकर कई संगठनों ने विद्युत निगम के अधिकारियों से मांग की थी। उनका कहना था कि कर्मचारी नवेद के परिवार को मुआवजा दिलाया जाए। जिससे उसके परिवार का पालन-पोषण ठीक से हो सके। उन्होंने कहा कि संविदा बिजली कर्मियों को सिर्फ नौ हजार रुपये मानदेय मिलता है। विभाग के अधिकारी कर्मचारियों की समस्या की अनदेखी कर रहे हैं।

# नगर पालिका की टीम ने 17 स्थानों से हटाया अतिक्रमण

कार्यालय संवाददाता,रामपुर

**अमृत विचार :** नगर पालिका परिषद की टीम ने सिविल लाइंस व फोटो चुंगी समेत 17 स्थानों से अतिक्रमण हटवाया। हाईवे किनारे फड़ विक्रेताओं, पक्के निर्माण को हथौड़े से ध्वस्त कराया गया। इस दौरान नगर पालिका के अधिकारियों ने दुकानदारों को चेतावनी दी कि भविष्य में अतिक्रमण मिलने पर जुर्माने के साथ कार्रवाई भी की जाएगी। चार घंटे तक चले अतिक्रमण हटाओ अभियान से लोगों में खलबली मची रही।

शुक्रवार को ईओ दुर्गेश्वर त्रिपाठी दोपहर 12 बजे अपनी टीम के साथ अतिक्रमण हटाने सड़क पर आ गए। राजस्व निरीक्षक संजीव कुमार ने सिविल लाइंस क्षेत्र में दुकानों के आगे बने टीनशेड को जेसीबी से हटवाया। इसके बाद टीम ने पुलिस लाइन और मोरी गेट क्षेत्र में अतिक्रमण सामग्री को जब्त कर ट्राली में भर लिया। ईओ ने बताया कि पालिका की टीम ने 17 स्थानों से अतिक्रमण हटवाया है। यह अभियान आगे भी जारी रहेगा। इस दौरान राजस्व निरीक्षक संजीव कुमार, द्वारिका नाथ और नितेंद्र कुमार आदि मौजूद रहे।


फोटो चुंगी पर खोखे को ध्वस्त करती जेसीबी। ● अमृत विचार


एडीएम को ज्ञापन सौंपते एसोसिएशन के पदाधिकारी।

● दोपहर 12 से शाम चार बजे तक चला अतिक्रमण हटाओ अभियान

● फोटो चुंगी व पुलिस लाइन क्षेत्र में गरजी पालिका की जेसीबी

### पनवड़िया चौराहे से न हटवाई जाएं दुकानें

**रामपुर, अमृत विचार :** पनवड़िया चौराहे पर बनी दुकानों को न हटाने के लिए अखिल भारतीय अल्पसंख्यक अधिवक्ता एसोसिएशन के पदाधिकारियों ने जिलाधिकारी के नाम ज्ञापन एडीएम को सौंपा। शुक्रवार को जिलाध्यक्ष मोहम्मद रेहान खां एडवोकेट के नेतृत्व में पदाधिकारी एडीएम कार्यालय पहुंचे। उन्होंने अपर जिलाधिकारी वित्त एवं राजस्व हेम सिंह को ज्ञापन सौंपा। इसमें उनका कहना है कि तहसील सदर के पनवड़िया चौराहे पर मस्जिद की दुकानें हैं। इन दुकानों के कागजात भी दुकानदारों के पास हैं। इसके बाद भी नगर पालिका परिषद व रामपुर विकास प्राधिकरण इन दुकानों को ध्वस्त कराना चाहता है। इससे यहां के दुकानदारों का व्यवसाय चौपट हो जाएगा। अगर इन दुकानों को हटा दिया गया तो उनके परिवार सड़कों पर आ जाएंगे। उनके सामने रोजी-रोटी का संकट हो जाएगा। मांग की कि चौराहे से दुकानों को न हटाया जाए। ज्ञापन देने वालों में नावेद अली खां एडवोकेट, दानिश अली, मुशिर अली, उबैर अली, अब्दुल कासिम, सैयद जफर अली, शाहवेज खां एडवोकेट आदि मौजूद रहे।

# पुलिस ने चोरी के सामान के साथ आरोपी को पकड़ा

संवाददाता, टांडा

● आरोपी ने चोरी की दो घटनाओं को अंजाम देने की बात स्वीकारी

**अमृत विचार :** कोतवाली पुलिस ने चोरी की कई घटनाओं में वांछित आरोपी को गिरफ्तार किया है। उसके पास से चुराया गया सामान भी मिला है। आरोपी के पास मुरादाबाद के कटघर थाने में दर्ज एक मुकदमे से संबंधित बाइक भी मिली है। पुलिस ने आरोपी को जेल भेज दिया है।

पुलिस के अनुसार क्षेत्र के ग्राम जटपुरा निवासी राजेन्द्र सिंह पुत्र शिव चरन सिंह के घर से 31 जुलाई की रात को चोर आभूषण चुरा कर ले गए थे। इसके अलावा नगर के मोहल्ला भव्वलपुरी निवासी हनीफुद्दीन पुत्र रईसुद्दीन ने रिपोर्ट दर्ज कराई थी कि उसका क्षेत्र के ग्राम सेंटाखेड़ा में फार्म हाउस है। यहां पशु आहार का प्लांट भी लगा है। एक अगस्त की सुबह वह फार्म हाऊस पर गया तो वहां से बिजली की मोटर व स्टार्टर आदि सामान गायब था। जानकारी करने पर ग्रामीणों ने उसे बताया कि उन्होंने फार्म हाउस से सामान चुराकर ले जाते हुए नितिन निवासी मोहल्ला भव्वलपुरी को देखा था।

गुरुवार की रात पुलिस कस्बे में गश्त कर रही थी। तभी सूचना मिली कि ग्राम मोहनपुरा से ग्राम रतुआ नगला को जाने वाले मार्ग पर नितिन संदिग्ध परिस्थितियों में खड़ा है। पुलिस ने मौके पर पहुंचकर उसे हिरासत में ले लिया और पूछताछ की। तब उसने ग्राम जटपुरा में राजेंद्र सिंह के घर और टांडा निवासी हनीफुद्दीन के फार्म हाउस पर चोरी की वारदात को अंजाम देना स्वीकार किया। इसके आलावा पुलिस ने उसके पास मुरादाबाद के कटघर थाने में दर्ज एक मुकदमे से संबंधित बाइक भी बरामद की है।

# नौ को ट्रैक्टर रैली निकालेंगे किसान

कार्यालय संवाददाता, रामपुर

**अमृत विचार :** भाकियू ट्रैक्टर रैली से लेकर कोयला टोल प्लाजा पर बेमियादी धरने को सफल बनाने में जुट गई है। प्रदेश महासचिव ने ट्रैक्टर रैली की सफलता को ब्लाक और तहसीलवार किसानों को जिम्मेदारी सौंप दी है।

भाकियू की हाईवे किनारे स्थित प्रदेश कैंप कार्यालय पर पंचायत हुई। इसमें निर्णय लिया गया कि नौ अगस्त को प्रदेश महासचिव हसीब अहमद के नेतृत्व में ब्लाक और तहसील मुख्यालयों पर ट्रैक्टर रैली निकाली जाएगी। प्रदेश महासचिव ने बताया कि स्वार में अजीत सिंह, लखविंदर सिंह गिल, जजवीर सिंह रंधावा, टांडा में राशिद चौधरी, शाहबाद में राहत वली खां, सैदनगर में चौधरी राजपाल सिंह और जब्बार, बिलासपुर में इरफान हसन के नेतृत्व में रैली निकाली जाएगी। प्रदेश महासचिव ने कहा कि 17 अगस्त को जिला गन्ना अधिकारी और 21 अगस्त को जल निगम (ग्रामीण) दफ्तर का घेराव किया जाएगा। 25 अगस्त से कोयला टोल प्लाजा पर बेमियादी धरना देंगे। उन्होंने धरना-प्रदर्शन को सफल बनाने की अपील की।


पंचायत को संबोधित करते किसान नेता हसीब अहमद। ● अमृत विचार

● रैली की सफलता को ब्लॉक और तहसीलवार सौंपी जिम्मेदारी

इस मौके पर चौधरी सुंदर सिंह, राकेश चौधरी, रघुबर सिंह, जुबैद आलम, अयूब अली, मोहम्मद तालिब, दानिश खां, राशिद खां, पप्पू खां, जुगनू, गुलाम मोहम्मद, छिद्दा नेता, ईश्वरी प्रसाद, तौकीर अहमद, खलील अहमद, जावेद, सरताज अली, सुब्हान अली, मोहम्मद मुस्तकीम, मिक्की अली, रामऔतार, रामबहादुर आदि मौजूद रहे।

## हादसे में बाइक सवार समेत दो लोग घायल

**मसवासी, अमृत विचार :** बेकाबू बाइक ने हैंडपंप से पानी भरकर ले जा रहे युवक को टक्कर मार दी। इसमें युवक और बाइक सवार गंभीर रूप से घायल हो गए। सूचना पर पहुंची पुलिस ने गंभीर रूप से घायल युवक को स्वार के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में भर्ती कराया। जहां से उसे मेरठ रेफर कर दिया गया है। बाइक सवार युवक की हालत भी गंभीर बताई जा रही है।

गुरुवार की रात रहमतगंज गांव निवासी डालचंद उर्फ कलुआ हैंडपंप से पानी भरकर घर ले जा रहा था। तभी मसवासी से अपने घर जा रहे करीमपुर गांव निवासी शिवा की बाइक अनियंत्रित हो गई। उसने पीछे से कलुआ को टक्कर मार दी। पुलिस ने घायल कलुआ को स्वार के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में भर्ती कराया। डॉक्टरों ने हालत गंभीर बताते हुए उसे मेरठ रेफर कर दिया। उधर, बाइक सवार शिवा को काशीपुर के सहोता हॉस्पिटल में भर्ती कराया है।



प्रशिक्षण में जानकारी देते सीनियर फैकल्टी। ● अमृत विचार

# ओडीएफ प्लस के द्वितीय चरण का प्रशिक्षण शुरू

कार्यालय संवाददाता, रामपुर

**अमृत विचार :** जनपद में ओडीएफ प्लस के द्वितीय चरण का प्रशिक्षण शुरू हो गया है। स्वच्छ भारत मिशन ग्रामीण के द्वितीय चरण में ग्राम पंचायतों को ओडीएफ प्लस और मॉडल ग्राम पंचायत बनाने के लिए जिला पंचायत रिसोर्स सेंटर में प्रशिक्षण दिया गया।

उपनिदेशक पंचायत व जिला पंचायत राज अधिकारी के निर्देश पर सीनियर फैकल्टी डॉ. नवनीत शेखर ने सफाई कर्मियों को ठोस एवं तरल कचरा प्रबंधन की जानकारी दी। उन्होंने ठोस कचरे के प्रबंधन के लिए आरसीसी के निर्माण, वर्मी कंपोस्ट, घरों से कूड़ा संग्रह करने एवं उसके निस्तारण के बारे में बताया। इस अवसर पर डीसी नरेंद्र सिंह, वीरेश, मधुर वार्ष्णेय, पंकज कुमार आदि मौजूद रहे।

**अभियान** जनपद में 22 अगस्त से शुरू होने वाला यह अभियान 20 सितंबर तक चलेगा

# एक से 15 वर्ष तक के सात लाख बच्चों का होगा जेई टीकाकरण

कार्यालय संवाददाता, रामपुर

**अमृत विचार :** एक से 15 वर्ष तक के बच्चों के लिए जापानी इंसेफेलाइटिस (जेई) टीकाकरण अभियान 22 अगस्त से 20 सितंबर तक चलेगा। एएनएम, आशा व आंगनबाड़ी कार्यकत्रियों द्वारा प्राथमिक विद्यालय, जूनियर हाईस्कूल, माध्यमिक विद्यालय, नर्सरी, प्री नर्सरी, मांटसेरी, मदरसा व बोर्डिंग आदि में टीकाकरण कराया जाएगा। इसके लिए जनपद में सात लाख से अधिक बच्चों को चिन्हित किया गया है। अभियान को लेकर शुक्रवार को पूरे दिन कार्यालय में पत्रावलियां बनती रहीं। इसके लिए संबंधित चिकित्सा प्रभारी से लक्ष्य के मुताबिक रिपोर्ट मांगी गई है।

सीएमओ डॉ. एसपी सिंह ने बताया कि जेई टीकाकरण अभियान का आरंभ 22 अगस्त से किया जाएगा। यह 20 सितंबर तक चलेगा। दो सप्ताह में प्राइवेट व सरकारी स्कूल, मदरसा और अगले दो सप्ताह में ग्रामीण तथा शहरी क्षेत्र में सत्र लगाकर से एक से 15 वर्ष तक बच्चों का टीकाकरण कराया जाएगा।

वैक्सीन यूएनडीपी के तकनीकी सहयोग से कोल्ड चेन पर उपलब्ध कराई जाएगी। उन्होंने चिकित्सा अधीक्षकों व प्रभारी चिकित्सा अधिकारियों से अपने क्षेत्र वाले प्राथमिक, जूनियर हाईस्कूल व माध्यमिक विद्यालयों के एक से 15 वर्ष तक बच्चों की सूची बनाकर कार्यालय में भेजने के निर्देश दिए हैं।

इस अभियान में शिक्षा, अल्पसंख्यक कल्याण, बाल विकास, पंचायती राज और ग्राम विकास विभाग का भी सहयोग रहेगा।


कार्यशाला में बोलते सीएमओ डॉ. एसपी सिंह। ● अमृत विचार

### दिमागी बुखार से बचने को लगवाएं टीका

नोडल अधिकारी डॉ. केके चहल ने बताया कि तराई क्षेत्र में एक से 15 वर्ष तक बच्चों में दिमागी बुखार हो जाता है। इससे बचाव के लिए टीकाकरण कराया जाएगा। टीका लगने के बाद यह बीमारी जड़ से खत्म हो जाती है। अभियान में 7.84 लाख से अधिक बच्चों को चिन्हित किया गया है।

## महिला से मारपीट व धमकाने में पांच के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज

**भोट, अमृत विचार :** रंजिश के चलते घर में घुसकर आरोपियों ने ग्रामीण के परिवार के साथ मारपीट कर दी। इस दौरान महिला से अश्लील हरकतें भी कीं।

तहरीर के आधार पर पुलिस ने पांच लोगों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर ली है। भोट थाना क्षेत्र के एकगांव निवासी ग्रामीण का कहना है 26 जुलाई की दोपहर वह नमाज पढ़ने गया था। इसी दौरान करीब एक बजे गांव के ही तौफीक, शाहवेज, वाहिद, आसिफ व तबस्सुम उसके घर में घुस गए। तौफीक व शाहवेज उसकी पत्नी से छेड़छाड़ करने लगे। विरोध करने पर सभी आरोपियों ने लाठी व सब्बल से पिटाई कर उसे घायल कर दिया। उसकी पत्नी के शोर मचाने पर पड़ोसियों को आता देख आरोपी धमकी देते हुए वहां से भाग गए।



व्यापारियों की बैठक में बोलते संदीप सोनी। ● अमृत विचार

# मॉल से घट रहा है फुटकर दुकानदारों व डिस्ट्रीब्यूटरों का व्यापार : संदीप

कार्यालय संवाददाता, रामपुर

**अमृत विचार :** उद्योग व्यापार प्रतिनिधिमंडल के राष्ट्रीय अध्यक्ष संदीप अग्रवाल सोनी ने कहा कि विदेशी ऑनलाइन ट्रेडिंग कंपनियों व मॉल से फुटकर दुकानदारों व डिस्ट्रीब्यूटरों का व्यापार दिन प्रतिदिन घट रहा है। इन दोनों रुकावटों से स्थानीय व्यापारी परेशान हैं।

उद्योग व्यापार प्रतिनिधिमंडल की बैठक शुक्रवार को तिलक नगर में हुई। राष्ट्रीय अध्यक्ष ने कहा कि दुकानदार अपना व्यापार बढ़ाने में अत्यधिक कमजोर पड़ रहा है। संगठन को मजबूत करने पर बल दिया गया।

इस अवसर पर राजीव शर्मा, अरविंद गुप्ता, महफूज हुसैन, अब्दुल बासिक, इमरान खान, शाहिद अली, पुलकित अग्रवाल, प्रवीण गुर्जर आदि पदाधिकारी मौजूद रहे।

## जिलाधिकारी ने निर्माण कार्यों का निरीक्षण किया

**रामपुर, अमृत विचार :** जनता दर्शन के दौरान नगर पंचायत नरपतनगर के चेयरमैन ने निर्माण कार्यों को लेकर शिकायत की थी। इस पर जिलाधिकारी जोगिन्दर सिंह ने नगर मजिस्ट्रेट, प्रभारी अधिकारी स्थानीय निकाय एवं कार्यदायी संस्थाओं के साथ नगर पंचायत नरपतनगर के निर्माण कार्यों का निरीक्षण किया।

जिलाधिकारी ने अवर अभियंता लोक निर्माण विभाग को निर्माण कार्यों की गहनता से जांच करके तीन दिन में रिपोर्ट देने के निर्देश दिए। उन्होंने नगर मजिस्ट्रेट को नरपतनगर दूंदावाला में राजस्व अभिलेखों के अनुसार सरकारी भूमि को चिन्हित कराकर 15 दिन में खाली कराने को कहा। पेयजल परियोजनाओं को तत्काल क्रियाशील करने के निर्देश दिए ताकि जनता को स्वच्छ पेयजल की आपूर्ति हो सके। जल कर और गृह कर वसूलने और सभी अभिलेखों को व्यवस्थित करने के भी निर्देश दिए।

## एक नजर

### मोचियों को दी जाएं बापू मॉल की दुकानें

रामपुर, अमृत विचार : कांग्रेस पार्टी सेवा दल ने जिला व पालिका प्रशासन से मांग की है कि मोचियों को बापू मॉल की दुकानों का आवंटन किया जाए। प्रदेश सचिव सैयद विक्की मियां शुक्रवार को नगर पालिका के अधिकारियों से मिले। उन्होंने कहा कि मोची समाज बहुत गरीब है। जो लोगों के जूतों की मरम्मत करके परिवार का पालन-पोषण करता है। यह समाज शिक्षा से भी वंचित है और इनके पास दुकान भी नहीं है। दोमहला रोड पर यह लोगों की खुले आसमान के नीचे बैठकर काम करते हैं। कहा कि जिला व नगर पालिका प्रशासन ने आज तक इनकी तरफ नहीं देखा। इसलिए इन्हें आरक्षित बापू मॉल में दुकानों का आवंटन किया जाए।

### मारपीट में पांच गिरफ्तार

बिलासपुर, अमृत विचार : पुलिस ने मारपीट के अलग-अलग मामलों में पांच लोगों को गिरफ्तार किया है। आरोपियों में मोहल्ला शीरी मियां निवासी फरमान व नईम, मोहल्ला सोमवार का बाजार निवासी अमन, नैनीताल के थाना भोटिया पड़ाव के तिकोनिया चौराहा निवासी सौरभ तथा रुद्रपुर कोतवाली क्षेत्र के शांति विहार निवासी मोनू सिंह शामिल हैं। प्रभारी निरीक्षक बलवान सिंह ने बताया कि आरोपियों पर मारपीट करने के आरोप हैं। आरोपियों के खिलाफ शांति भंग की कार्रवाई की गई है।

### चोरी की रिपोर्ट दर्ज

सैफनी, अमृत विचार : मंगलवार रात बदमाशों ने तीन घरों से लाखों रुपए का सामान चुरा लिया था। पुलिस ने पीड़ित जद्दन की तहरीर पर अज्ञात के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर ली है। थाना क्षेत्र के चकफेरी गांव में मंगलवार की रात चोरों ने जद्दन के घर से नकदी व संदूक चुरा लिया था। चोरों ने एक लाख रुपए के जेवर निकाल कर संदूक को जंगल में फेंक दिया था। इसी रात चोर असलम तथा मुस्लिम के परिवार की महिलाओं के कानों से कुंडल खींच कर ले गए थे। पुलिस ने जद्दन की तहरीर पर तीनों घटनाओं की रिपोर्ट दर्ज कर ली है।

### जीरो प्वाइंट पर होगा भंडारा

रामपुर, अमृत विचार : फार्मा ट्रेडर्स एसोसिएशन की ओर से कांवड़ियों की सेवा के लिए आज जीरो प्वाइंट कोसी पुल पर भंडारे का आयोजन किया जाएगा। जिला अध्यक्ष दीपक शर्मा ने बताया कि भंडारा शनिवार से रविवार की रात तक चलेगा। कोषाध्यक्ष सर्वेश सक्सेना ने बताया कि इसमें फार्मा ट्रेडर्स के अलावा जिले के कई व्यापारी संगठन भी शामिल होते हैं।

# जनपद के शिवालयों में शिवरात्रि पर बही आस्था की बयार

## भक्तों ने पूजा-अर्चना कर किया भगवान भोलेनाथ का जलाभिषेक, सुबह से ही मंदिरों में पहुंचने शुरू हो गए थे भक्त, सुरक्षा के लिए तैनात रही पुलिस

कार्यालय संवाददाता, रामपुर

अमृत विचार : श्रावण मास की शिवरात्रि के अवसर पर जनपद के सभी मंदिरों में आस्था उमड़ी। भक्तों ने सुबह से ही मंदिरों में भगवान शंकर का जलाभिषेक किया। सुरक्षा के लिहाज से पुलिस तैनात रही।

सावन के सोमवार के साथ अब शिवरात्रि का प्रचलन भी बढ़ता जा रहा है। शुक्रवार को शिवरात्रि होने के कारण कुछ दिन पहले ही भारी संख्या में भक्त जल लेने के लिए बृजघाट और हरिद्वार रवाना हो गए थे। गुरुवार की रात भक्त जल लेकर वापस आ गए। शुक्रवार की सुबह भक्तों ने भगवान भोले शंकर को चल चढ़ाया। इसके अलावा अग्रवाल धर्मशाला में पंडित विश्वनाथ मिश्रा ने श्रावण मास में शिवरात्रि पर्व पर भगवान शिव शंकर का जाप किया। सुख, शांति व समृद्धि की कामना की। इसके बाद हवन में वैदिक मंत्रों से भक्तों ने आहुतियां दीं।


शिवलिंग पर जल चढ़ातीं महिलाएं। ● अमृत विचार


शाहबाद के लक्खी बाग स्थित प्राचीन शिव मंदिर पर जलाभिषेक के लिए लगी भक्तों की कतार।


वाहन नहीं मिलने पर पैदल जाते यात्री।

### शिवालयों में उमड़ी कांवड़ियों की भीड़

शाहबाद, अमृत विचार : सावन की शिवरात्रि पर क्षेत्र के शिवालयों में कांवड़ियों का तांता लगा रहा। हरिद्वार से कांवड़ लेकर आए भक्तों ने भोलेनाथ को जल अर्पित किया। शुक्रवार को ब्रह्ममुहूर्त में शिवरात्रि पर व्रत रखने वाले श्रद्धालुओं ने शिवलिंग पर बेलपत्र, धतूरा आदि चढ़ाकर पूजा-अर्चना की। शिवालयों पर सुरक्षा की दृष्टि से पुलिस मुस्तैद रही। लक्खी बाग स्थित प्राचीन शिव मंदिर में उपजिलाधिकारी सुनील कुमार प्रथम और क्षेत्राधिकारी संगम कुमार मौजूद रहे। भक्तों ने उपवास रखकर शाम को घरों में संकीर्तन भी किए। प्राचीन लक्खी बाग व परौता के शिवालय में सुबह से ही भक्तों की लंबी कतारें लग गईं।

### पूरी रात डीजे पर बजते रहे बम-बम भोले के भजन

शाहबाद, अमृत विचार : हरिद्वार से जल लेकर कांवड़िए गुरुवार की रात को ही पहुंचना शुरू हो गए। डीजे पर बज रहे भोले के भजनों से सड़कें शिवमय हो गईं। चारों ओर बम-बम भोले के भजन गूंजते रहे। रातभर सड़कों पर कांवड़ियों की धूम रही। नाचते गाते कांवड़िए शिवालयों पर पहुंचे। शुकवार की सुबह कांवड़ियों ने भोलेनाथ का जलाभिषेक किया। क्षेत्र की सुख-समृद्धि की कामना की।

### शिवरात्रि के चलते शुक्रवार को भी रहा रूट डायवर्ट

रामपुर, अमृत विचार : सावन की शिवरात्रि को देखते हुए मंगलवार रात से रूट डायवर्ट कर दिया गया था। शुक्रवार से कांवड़ियों के जत्थों का जल लेकर आना शुरू हो गया। इसे देखते हुए अभी भी रूट डायवर्जन लागू है। सावन माह की शिवतेरस पर भारी संख्या में भक्त जल लेकर आते हैं। इसी के चलते मंगलवार रात से ही भारी वाहनों के लिए रूट डायवर्ट कर दिया गया था। पांच अगस्त को सावन का तीसरा सोमवार है। इसके चलते भारी संख्या में कांवड़ियों के जत्थे जल लेकर लौटना लगे हैं। कांवड़ियों की संख्या को देखते हुए रूट डावर्जन जारी है। जगह-जगह ढाबों के आस पास भारी वाहनों को रोक दिया गया है। सुरक्षा के लिहाज से पुलिस भी तैनात कर दी गई है। शुक्रवार को बसों को भी शहर के अंदर नहीं जाने दिया गया। शहर के अंदर का हाईवे पूरी तरह बंद रहा। बसों को दोपहर बाद शहर में प्रवेश दिया गया।

> मंगलवार से भारी वाहनों के लिए रूट डायवर्ट कर दिया गया था। तभी से भारी वाहनों को शाहबाइ-पटवाई रोड से निकाला जा रहा है।
> -विजेंद्र सिंह, टीआई

### ठेका सफाई कर्मियों का मानदेय बढ़ाया जाए

रामपुर, अमृत विचार : ठेका सफाई कर्मियों का मानदेय बढ़ाने के लिए राष्ट्रीय सफाई कर्मचारी मजदूर यूनियन के पदाधिकारियों ने जिलाधिकारी को ज्ञापन सौंपा। इसमें कहा कि सभी निकायों में सफाई कर्मियों को 9500 रुपये मानदेय दिया जा रहा है। लेकिन शहर नगर पालिका में 8170 रुपये मानदेय दिया जा रहा है। कर्मियों के साथ सौतेला बर्ताव किया जा रहा है।

शुक्रवार को यूनियन के प्रदेश उपाध्यक्ष धर्म कुमार वाल्मीकि व जिलाध्यक्ष अनिल राज के नेतृत्व में पदाधिकारी कलक्ट्रेट पहुंचे। उन्होंने कर्मियों की समस्याओं को लेकर छह सूत्रीय ज्ञापन जिलाधिकारी के नाम प्रशासनिक अधिकारी को सौंपा। उनका कहना है कि कर्मचारियों को किस शासनादेश के तहत मानदेय दिया जा रहा है। कितनी कटौती की जा रही है इसके बारे यूनियन को बताएं। कर्मचारियों को ईएसआई व पीएफ कार्ड जल्द दिलाए जाए। नगर पालिका में 500 ठेका कर्मचारी हैं लेकिन 200-250 ही काम कर रहे हैं। शेष कर्मचारी घर बैठे ही मानदेय ले रहे हैं, इसकी जांच होनी चाहिए।


स्वार में बड़ा शिव मंदिर पर शिवलिंग का जलाभिषेक करते श्रद्धालु। ● अमृत विचार

# शिवरात्रि पर कांवड़ियों ने मंदिरों में किया जलाभिषेक

संवाददाता, स्वार

अमृत विचार : सावन की शिवरात्रि को कावंड़ियों ने भगवान शिव का जलाभिषेक किया। श्रद्धालुओं ने भगवान शिव का उपवास रखकर पूजा-अर्चना की। इस दौरान हर-हर महादेव के उद्घोषों से वातावरण भक्तिमय हो गया।

सावन की शिवरात्रि पर गांव धनौरी व हरदासपुर के कांवड़ियों के जत्थों ने भक्ति भाव से भगवान शिव का जलाभिषेक किया। भगवान शिव का उपवास रखकर सुबह से ही मोहल्ला स्वार बड़ा शिव मंदिर, प्राचीन देवी मंदिर, पंजाबी कालोनी गीता मंदिर, मोहल्ला चक स्वार शिव मंदिर पर भक्त पहुंचने शुरू हो गए। श्रद्धालुओं ने भगवान शिव का बेलपत्र, भांग, धतूरा व गंगाजल आदि से अभिषेक किया। सुरक्षा की दृष्टि से पुलिस तैनात रही।

### 80 प्रतिशत दिव्यांगों को दी जाए ट्राईसाइकिल

रामपुर, अमृत विचार : जेल रोड स्थित बाग छोटे साहब में ऑल इंडिया दिव्यांग सेवा संगठन के कार्यालय पर दिव्यांगों की समस्याओं को लेकर बैठक हुई। इसमें राष्ट्रीय महासचिव सिफात अली खां ने कहा कि दिव्यांगों की समस्याओं को अनदेखा किया जा रहा है। यह सही नहीं हैं। इस मामले में जल्द ही प्रशासनिक अधिकारी को ज्ञापन दिया जाएगा।

संगठन के राष्ट्रीय महासचिव ने कहा कि जनपद के दिव्यांगों को बैट्री से चलने वाली ट्राईसाइकिल उपलब्ध कराई जाए। ताकि उन्हें कहीं आने-जाने में दिक्कत का सामना न करना पड़े। उन्होंने मांग की कि 80 प्रतिशत दिव्यांगों को ट्राईसाइकिल दिलाई जाए। इसके अलावा दिव्यांगों की पेंशन भी दो हजार रुपये प्रतिमाह की जाए। उन्हें रहने के लिए आवास भी उपलब्ध कराए जाएं। ताकि वह ठीक से जीवन-यापन कर सकें।

# श्रीकृष्ण छठी महोत्सव की 29 अगस्त से रहेगी धूम

कार्यालय संवाददाता, रामपुर

● बैठक में की गई चर्चा, कार्यक्रम में शामिल होंगे टीवी कलाकार

अमृत विचार : श्री कृष्ण छठी महोत्सव की तैयारी को लेकर शिव महादेव मंदिर कमेटी पुरानी कालोनी की बैठक कमेटी के कार्यवाहक अध्यक्ष राज सक्सेना के निवास पर हुई। इसमें 29 अगस्त से मनाए जाने वाले 17वें श्रीकृष्ण छठी महोत्सव को लेकर रणनीति बनाई गई।

बैठक में तय हुआ कि 29 अगस्त से तीन सितंबर तक बाकर स्कूल में श्रीकृष्ण छठी महोत्सव का आयोजन किया जाएगा। महोत्सव में कई साधु संत भी शामिल होंगे। इस महोत्सव को और भव्य बनाने के लिए कमेटी ने पदाधिकारियों को जिम्मेदारियां सौंपी। महोत्सव में भगवान श्री कृष्ण की लीलाओं का मंचन वैष्णवी कला मंच के कलाकारों द्वारा किया जाएगा। इसमें कई टीवी कलाकार भी शामिल होंगे। महोत्सव में आने वाले भक्तों की संख्या के मद्देनजर नगर पालिका परिषद से प्रकाश, सफाई व जल व्यवस्था के लिए आग्रह किया जाएगा। मोबाइल शौचालय के लिए भी पालिका को पत्र लिखा जाएगा।

महोत्सव को और भव्य बनाने के लिए कार्यवाहक अध्यक्ष राज सक्सेना ने कई प्रस्ताव रखे। सभी ने सहमति जताते हुए उन प्रस्ताव को पास कर दिया। बैठक में अभिषेक कुमार, शेखर आजाद, दीपू कश्यप, सनी गिल, विवेक गौतम, समीर सक्सेना, राज सक्सेना, साहिल ठाकुर, विशाल प्रजापति, सुरेंद्र सैनी, इमरान खान, अभय सिंह, राज यादव आदि मौजूद रहे।

## सार संक्षेप


अस्पताल के ड्यूटी रूम में सीएमएस से बातचीत करते सीडीओ व सीएमओ।

### सीडीओ ने किया जिला महिला अस्पताल का निरीक्षण

रामपुर, अमृत विचार : जिला महिला अस्पताल में मुख्य विकास अधिकारी डॉ .नंद किशोर कलाल ने निरीक्षण किया। उन्होंने अस्पताल में अच्छी साफ-सफाई मिलने पर तारीफ भी की। उन्होंने एसएनसीयू, पीएनसी, एनआरसी का भी निरीक्षण किया। वह सबसे पहले इमरजेंसी, ड्यूटी और लेबर रूम पहुंचे। अस्पताल की क्वालिटी सर्विसेज एवं एनक्यूएएस सर्टिफिकेशन के बारे में पूछा। क्वालिटी मैनेजर मोहम्मद याकूब अली ने बताया कि 2019 में चिकित्सालय का एनक्यूएएस नेशनल सर्टिफिकेशन हुआ था। इसके बाद रिसर्टिफिकेशन के लिए 27-28 जून को दोबारा नेशनल असेसमेंट हुआ है। इसका परिणाम अभी घोषित होना बाकी है। इसके बाद एसएनसीयू पहुंचे। सीएमएस डॉ .अनवर सादात को आशाओं द्वारा संस्थागत प्रसव बढ़ाने के निर्देश दिए। कहा कि जो आशाएं कार्य में रुचि नहीं ले रही हैं उन्हें चिन्हित कर कार्रवाई करें। सीएमओ डॉ .एसपी सिंह ने बताया कि जिले की 40 आशाओं को चिन्हित किया गया। इन पर जल्द कार्रवाई की जाएगी। इस दौरान नर्सिंग इंचार्ज, चीफ फार्मासिस्ट और सफाई सुपरवाइजर आदि मौजूद रहे।

### बार कौंसिल के पूर्व अध्यक्ष श्रीश मेहरोत्रा का किया स्वागत


बार कौंसिल के पूर्व अध्यक्ष श्रीश मेहरोत्रा का स्वागत करते अधिवक्ता।

बिलासपुर, अमृत विचार : तहसील सभागार में बार कौंसिल के पूर्व अध्यक्ष श्रीश मेहरोत्रा का अधिवक्ताओं ने स्वागत किया। बार व लायर्स एसोसिएशन ने उन्हें विशेष रूप से आमंत्रित किया था। जिले के कुछ अन्य वरिष्ठ अधिवक्ता भी उनके साथ आए थे। सभागार में भारतीय न्याय संहिता समेत नए कानूनों पर चर्चा हुई। इससे हो रहीं परेशानियों का भी जिक्र किया गया। पूर्व अध्यक्ष ने दोनों अधिवक्ता संगठनों को किताबें भेंट कीं। वकीलों ने पूर्व अध्यक्ष के समक्ष मृतक वकीलों के मुआवजे, बार की इंश्योरेन्स स्कीम, सीओपी नंबर आदि से संबंधित समस्याएं बताईं। बार के आगामी चुनाव को लेकर भी चर्चा हुई। पूर्व अध्यक्ष ने कहा कि वह वकीलों की हर समस्या का समाधान करने का प्रयास करेंगे। इस दौरान हरीश चंद्र गुप्ता, अमरीक सिंह चौहान, गुरपाल सिंह गिल, अमरजीत सिंह विर्क, ज्ञानेश कुमार, शहाब अली खां, नवीन चंद्र गुप्ता, नब्बू अली अंसारी, राकेश शर्मा आदि अधिवक्ता उपस्थित रहे।

### झौझा जाति का प्रमाण पत्र निरस्त, प्रधान की मुश्किलें बढ़ी

स्वार, अमृत विचार : झौझा जाति के प्रमाण पत्र के आधार पर ग्राम प्रधान बने ग्रामीण की मुश्किलें बढ़ गई हैं। ग्रामीणों की शिकायत पर हुई जांच में ग्राम प्रधान का जाति प्रमाण पत्र झूठा साबित होने के कारण खारिज हो गया। ग्राम पंचायत इमरता राय का मौजूदा प्रधान मोहम्मद अहमद पुत्र मोहम्मद नूर है। गांव के मोहम्मद अहमद ने फर्जी साक्ष्यों के आधार पर झौझा जाति का प्रमाण पत्र बनवाने और चुनाव में शामिल करने का आरोप लगाते हुए जिलाधिकारी तथा अन्य उच्चाधिकारियों से की थी। डीएम ने जिला पिछड़ा वर्ग कल्याण अधिकारी और उपजिलाधिकारी स्वार तथा अपर जिलाधिकारी प्रशासन के नेतृत्व समिति गठित कर जांच कराई थी। जांच में राजस्व अभिलेखों, प्रस्तुत शपथ पत्रों, ग्रामीणों के बयानों और शिक्षण संस्थानों के अभिलेखों के आधार पर ग्राम प्रधान की जाति झौझा के स्थान पर तुर्क पाई गई। इसके बाद जांच समिति ने मोहम्मद अहमद के जाति प्रमाण पत्र को निरस्त कर दिया।


नगर पंचायत कार्यालय में समीक्षा करतीं पूजा वाल्मीकि। ● अमृत विचार

# कर्मचारी वर्दी पहनकर ही करें साफ-सफाई : पूजा

संवाददाता, शाहबाद

अमृत विचार : नगर पंचायत पहुंची पूजा वाल्मीकि ने सफाई कर्मियों के बकाया वेतन के बारे में जानकारी ली और साफ-सफाई के कार्यों की समीक्षा की। कर्मचारियों को वर्दी पहनकर व उपकरणों के साथ सफाई करने के निर्देश दिए।

राज्य स्तरीय निगरानी समिति की सदस्य पूजा वाल्मीकि ने शुक्रवार को नगर पंचायत शाहबाद का दौरा किया। उन्होंने नगर पंचायत में कार्यरत सफाई कर्मियों के बकाया भुगतान एवं वर्दी तथा सफाई से सम्बंधित कार्यों की समीक्षा की। उन्होंने सफाई कर्मचारियों को वर्दी पहनकर एवं अन्य उपकरणों से ही सफाई करने के निर्देश दिये। इस मौके पर नगर पंचायत लिपिक नवेद मियां, स्वच्छ भारत मिशन के प्रभारी मुजीब मियां, सफाई नायक हरपाल, संजू, रघुवीर, प्रमोद आदि मौजूद रहे।

### सड़क की हालत जर्जर जगह-जगह हो गए गड्ढे

रामपुर, अमृत विचार : बारिश के बाद जर्जर सड़कों पर जलभराव से राहगीरों की परेशानी बढ़ गई है। पहाड़ी गेट से बरेली गेट की ओर जा रही सड़क जगह-जगह से उखड़ गई है। इसके अलावा चीनी मिल की सड़क में भी काफी गहरे गड्ढे हो गए है। इन गड्ढों में कई फिट पानी भरा हुआ है। ऐसे में कभी भी हादसा हो सकता है।

**डीएम और एसपी ने किया मंदिर का निरीक्षण :** जिलाधिकारी जोगिन्दर सिंह और पुलिस अधीक्षक विद्यासागर मिश्र ने शुक्रवार को रठौंडा और भमरौआ स्थित शिव मंदिर का निरीक्षण किया।

इस दौरान उन्होंने दोनों मंदिरों पर आने वाले शिव भक्तों की सुरक्षा व्यवस्था और सुविधा के तहत अधिकारियों को जरूरी दिशा-निर्देश भी दिए। कहा कि जलाभिषेक करने के लिए आने वाले भक्तों को किसी प्रकार की कोई दिक्कत नहीं होनी चाहिए।

# बकाया का जल्द भुगतान करे मिल प्रबंधन

कार्यालय संवाददाता, रामपुर


एडीएम वित्त एवं राजस्व को ज्ञापन देते किसान। ● अमृत विचार

● गन्ने का बकाया भुगतान न होने पर भाकियू ने दी मिल के गेट पर बैठने की चेतावनी

अमृत विचार : भारतीय किसान यूनियन अराजनैतिक के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष महेंद्र सिंह रंधावा ने कहा कि जिले में संगठन जिला अध्यक्ष अजय बाबू गंगवार की अगुआई में बेहतरीन काम कर रहा है। किसानों की समस्याओं को उठाया जा रहा है। निस्तारण भी कराया जा रहा है। जिले की राणा शुगर मिल किसानों का बकाया जल्द से जल्द देने का काम करे, अन्यथा भाकियू राणा शुगर मिल के गेट पर बैठने का काम करेगी।

भारतीय किसान यूनियन अराजनैतिक के जिला अध्यक्ष अजय बाबू गंगवार के नेतृत्व में जिले की समस्याओं को लेकर एक ज्ञापन अपर जिला अधिकारी हेमसिंह को सौंपा। इस बीच राष्ट्रीय उपाध्यक्ष महेंद्र सिंह रंधावा भी पहुंचे। उन्होंने कहा कि जो बिजली शेड्यूल के अनुसार नहीं मिल रही है। धान की फसल का समय है। इसलिए किसानों को भरपूर बिजली मिलनी चाहिए। घरेलू और ट्यूबवेल की बिजली शेड्यूल के अनुसार दी जाए।

जिला अध्यक्ष ने कहा कि कई सड़क बारिश से टूट गई हैं। इससे लोगों को परेशानी हो रही है। केमरी से मुंडिया कलां होते हुए खंडियां तक जाने वाला रास्ता बुरी तरह टूटा हुआ है। जिले के सभी गांवों के लिंक रोड की हालत खराब है। उन्हें जल्द से जल्द ठीक कराया जाए। उन्होंने कहा कि 17 अगस्त को आंबेडकर पार्क में पंचायत के बाद जिलाधिकारी को समस्याओं के बारे में बताया जायेगा। इस मौके पर सुरेंद्र खन्ना, प्रेमपाल सिंह, राजू यदुवंशी, नासिर घोसी, गंगवार, सोनू, आलम, नीरज आदि मौजूद रहे।

सख्ती — एसडीएम और सीओ की कार्रवाई से अवैध खनन के धंधेबाजों में मची खलबली

# अवैध खनन में 17 वाहन पकड़े

संवाददाता, मसवासी


एसडीएम और सीओ द्वारा पकड़े गए खनन लदे वाहन। ● अमृत विचार

अमृत विचार : एसडीएम स्वार अमन देओल और सीओ अतुल कुमार पांडे ने संयुक्त रूप से अभियान चलाकर अवैध खनन में लिप्त 17 वाहन पकड़े हैं। इनमें से 10 वाहनों को सीज कर दिया गया जबकि सात वाहनों के खिलाफ चालान की कार्रवाई की गई है। इस कार्रवाई से अवैध खनन करने वालों में खलबली मची रही।

गुरुवार की देर रात करीब सवा बारह बजे अवैध खनन और ओवरलोडिंग के विरुद्ध एसडीएम स्वार अमन देओल और सीओ अतुल कुमार पांडे ने संयुक्त रूप से अभियान चलाया। दोनों अधिकारियों ने मानपुर तिराहा, खुशहालपुर, मिलक-खौद और घोसीपुरा- पट्टीकलां में घेराबंदी कर खनन में लगे 17 वाहन पकड़ लिए। एसडीएम ने बताया कि खनन से संबंधित दस्तावेज नहीं मिलने पर 10 वाहनों के खिलाफ सीज की कार्रवाई की गई है। जबकि सात वाहनों का चालान कर कर दिया गया। पकड़े गए सभी वाहनों को पुलिस की सुपुर्दगी में देकर मानपुर तिराहे पर खड़ा कराया गया है। उन्होंने बताया कि इस तरह की कार्रवाई आगे भी जारी रहेगी। उधर इस कार्रवाई से खनन के धंधेबाजों में खलबली मची रही।

### दुष्कर्म के आरोपी को पुलिस ने किया गिरफ्तार

रामपुर, अमृत विचार : घर में घुसकर महिला के साथ दुष्कर्म करने के मामले में केमरी पुलिस ने आरोपी युवक को गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस ने आरोपी को कोर्ट में पेश किया। जहां से उसे जेल भेज दिया गया।

केमरी थाना क्षेत्र के एक गांव निवासी ग्रामीण का कहना था कि 18 जुलाई को गांव गंगापुर कला निवासी नासिर मौका पाकर उसके घर में घुस गया था। आरोपी ने ग्रामीण की पत्नी को अकेला पाकर उसके साथ दुष्कर्म किया था। महिला के शोर मचाने पर आस पास के लोगों को आता देख आरोपी मौके से फरार होने में सफल हो गया था।

पुलिस ने ग्रामीण की तहरीर के आधार पर रिपोर्ट दर्ज कर ली थी। इसके बाद पुलिस लगातार आरोपी को तलाश रही थी। शुक्रवार को पुलिस ने आरोपी को कमुआ पिपलिया अहला तिराहे से गिरफ्तार कर लिया।


बिलासपुर में निरीक्षण करते डीएम और एसपी। ● अमृत विचार

# डीएम ने सहकारी चीनी मिल की भूमि का किया निरीक्षण

कार्यालय संवाददाता, रामपुर

अमृत विचार : बिलासपुर क्षेत्र में सहकारी चीनी मिल की भूमि पर किए गए अतिक्रमण सम्बन्धी विवाद के निस्तारण करने के लिए डीएम जोगिन्दर सिंह और एसपी विद्यासागर मिश्र ने भूमि का निरीक्षण किया।

चीनी मिल की भूमि पर किए गए अतिक्रमण के सम्बन्ध में उन्होंने स्थानीय लोगों से जानकारी की। अतिक्रमण को हटाने के लिए कहा। लोगों ने सहमति जताते हुए एक सप्ताह में अतिक्रमण हटाने की बात कही। उन्होंने एसडीएम बिलासपुर को यहां अतिक्रमण करने वाले सभी लोगों को जीवन यापन करने के लिए नियामनुसार अन्य स्थान पर जमीन देने के निर्देश दिए। जिलाधिकारी ने सहकारी चीनी मिल के प्रबन्धक को आपसी सहमति के आधार पर अतिक्रमण हटवाने के निर्देश दिए।


वित्त एवं लेखाधिकारी का स्वागत करते शिक्षक। ● अमृत विचार

### वित्त एवं लेखा अधिकारी से शिक्षकों ने बताई समस्याएं

रामपुर, अमृत विचार : एससी-एसटी बेसिक टीचर्स एसोसिएशन के प्रतिनिधिमंडल ने जिलाध्यक्ष राम बहादुर गौतम के नेतृत्व में नवागत लेखा अधिकारी विकास खंडेलवाल से भेंट की। प्रतिनिधिमंडल ने बुके देकर उनका स्वागत किया। संगठन ने उच्च प्राथमिक विद्यालयों के आरक्षित वर्ग के प्रधानाध्यापकों को 10 वर्ष की संतोषजनक सेवा पूर्ण करने पर भी चयन वेतनमान स्वीकृत न करने की जानकारी दी। वित्त एवं लेखाधिकारी ने पत्रावलियों का शीघ्र अनुश्रवण कर समस्या को निस्तारित करने का आश्वासन दिया। कोषाध्यक्ष रमेश पाल सिंह एवं अन्य पदाधिकारियों ने शिक्षकों की विभिन्न समस्याओं जैसे एरियर, एनपीएस में 25 प्रतिशत निकासी, प्रत्येक माह की एक तारीख तक वेतन, फॉर्म-16 ससमय देने एवं वेतन विसंगतियों को दूर करने आदि मांग की। लेखा अधिकारी ने शिक्षकों को समस्त समस्याओं को पूरा करने का आश्वासन दिया। प्रतिनिधिमंडल में प्रेम चंद, जबर सिंह, गोविंद नारायण, चमन सिंह गौतम, जंग बहादुर, सरदीप गौतम, प्रवेश कुमार चंचल, अजय पाल सिंह, सुरेन्द्र सिंह, ओमपाल सिंह, प्रभाकर गौतम, मनोज, मुकेश कुमार, नरेश कुमार, राजेश कुमार आदि शामिल रहे।

## एक नजर

### मारपीट में गर्भवती के पेट में मारी लात

संभल/रजपुरा अमृत विचार : रजपुरा थाना क्षेत्र में साले बहनोई में कहासुनी के बाद मारपीट हुई, जिसमें साले की गर्भवती पत्नी अमलेश के पेट में लात मार दी। महिला ने पुलिस को तहरीर दी। थाना क्षेत्र के गांव सैमला करनपुर निवासी अमलेश पत्नी सुनील ने थाने में तहरीर देकर कहा कि गांव जहानपुर में ननद ममता के घर पति सुनील के साथ घूमने गई थी। शुक्रवार को किसी बात को लेकर कहासुनी के बाद नंदोई तेजवीर और लालमन ने पति और उसके साथ मारपीट की। पुलिस ने अमलेश को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में भर्ती कराया है।

### वाहनों की फिटनेस जांच को कल लगेगा शिविर

संभल,अमृत विचार : परिवहन आयुक्त कार्यालय के निर्देश पर स्कूली वाहनों एवं यात्री वाहनों की फिटनेस जांच के लिए एआरटीओ कार्यालय पर 4 अगस्त को शिविर लगेगा। इस कार्य के लिए कार्यालय सामान्य कार्य दिवसों की तरह खुलेगा। यह जानकारी एआरटीओ प्रशासन डॉ .प्रवेश कुमार सरोज ने दी। उन्होंने वाहन स्वामियों, विद्यालयों के प्रबंधकों और प्रधानाचार्य से कहा है कि शिविर का लाभ उठाते हुए फिटनेस फेल वाहनों की फिटनेस करा ली जाए। शिविर में वाहनों की फिटनेस जांच के लिए आवश्यक स्लॉट की विशेष व्यवस्था कराई गई है।

### गर्मी ने दिखाए तेवर बेहाल हुए लोग

संभल, अमृत विचार :भीषण गर्मी के कारण शुक्रवार को भी लोग बेहाल हो गए। दिनभर चिलचिलाती धूप में गर्मी से पंखे और कूलर भी खास राहत नहीं दे सके। शाम के वक्त भी लोगों को राहत नहीं मिली। गर्मी के कारण लोगों की दुश्वारियां बढ़ गई हैं। शुक्रवार को भी सुबह से ही तेज धूप निकली। लोगों ने कामकाज वाले स्थानों का रुख किया तो माथे से पसीना टपकने लगा। लोग कामकाज में जुटे लेकिन दिक्कतों से जूझते रहे। दोपहर के वक्त तो गर्मी ने और भी तेवर दिखाने शुरू किए तो लोग घरों में कैद होने लगे। शाम के वक्त भी तेज धूप की वजह से लोगों को दिक्कतों का सामना करना पड़ा।

# बीमारी से परेशान ग्रामीण ने फंदे से लटक कर दी जान

## परिवार में मचा कोहराम, पुलिस कार्रवाई से किया इन्कार

कार्यालय संवाददाता, संभल/सौंधन

अमृत विचार :कैला देवी थाना क्षेत्र में बीमारी से परेशान ग्रामीण ने फंदे से लटककर जान दे दी। मौके पर पहुंची पुलिस ने जांच पड़ताल की। परिजनों ने पुलिस कार्रवाई और शव का पोस्टमार्टम कराने से इन्कार कर दिया।

थाना क्षेत्र के गांव सौंधन मोहम्मदपुर निवासी पप्पू (55 वर्ष) कई वर्षों से लकवा की बीमारी से परेशान था। वह चलने फिरने में असमर्थ था। बीमारी को लेकर वह मानसिक तनाव में रहता था। शुक्रवार को पप्पू का शव घर से करीब 500 मीटर की दूरी पर स्थित पशु चिकित्सालय परिसर में शीशम के पेड़ पर रस्सी के फंदे से लटका मिला। सुबह जैसे ही डॉ. प्रमोद चिकित्सालय पहुंचे तो पप्पू के शव को परिसर में पेड़ पर फंदे से लटका देखकर होश उड़ गए। डॉक्टर की सूचना पर परिजन मौके पर पहुंच गए। पुलिस ने शव को नीचे उतारा। बाद में परिजन बिना किसी पुलिस कार्रवाई के ही शव को घर ले गए। थाना प्रभारी निरीक्षक राजीव कुमार मलिक ने बताया की ग्रामीण ने फंदे से लटककर आत्महत्या की है। पुलिस मौके पर पहुंची मगर परिजनों ने किसी भी कार्रवाई और शव का पोस्टमार्टम कराने से इन्कार कर दिया।



शव लटका मिलने के बाद मौके पर जांच करती पुलिस। ● अमृत विचार

- वर्षों से लकवा की बीमारी से पीड़ित था पप्पू
- बीमारी को लेकर मानसिक तनाव में रहता था

### बाइक की टक्कर से दो लोग घायल, एक रेफर

चन्दौसी, अमृत विचार: कुढ़फतेहगढ़ थाना क्षेत्र के गांव अलैहदादपुर चम्पू में गुरुवार की रात बाइक सवार ने राहगीर को टक्कर मार दी। हादसे में दोनों घायल हो गए। बाइक सवार का उपचार सीएचसी में कराया गया। जहां हालत गंभीर होने पर हायर सेंटर रेफर कर दिया। जबकि राहगीर का उपचार निजी हॉस्पिटल में कराया गया है।

थाना क्षेत्र के गांव भुलावई निवासी सुभाष पुत्र दिनेश कुमार गुरुवार की रात नौ बजे अपने रिश्तेदार को बाइक से गांव अलैहदादपुर चम्पू छोड़ने गया था। रिश्तेदार को छोड़कर जब बाइक सवार घर लौट रहा था। तभी गांव से निकलते ही राहगीर से बाइक टकरा गई। हादसे में बाइक सवार सुभाष व राहगीर घायल हो गए। घटना की सूचना मिलने पर दोनों घायलों के परिचित मौके पर पहुंच गए और बाइक सवार को उपचार के लिए सीएचसी लेकर आए। जहां हालत गंभीर होने पर चिकित्सक ने हायर सेंटर रेफर कर दिया। जबकि राहगीर का उपचार निजी हॉस्पिटल में कराया गया है।

# सड़क हादसों में दो वर्षीय बच्चा समेत 10 लोग घायल, दो की हालत गंभीर

कार्यालय संवाददाता, संभल/रजपुरा

- रजपुरा क्षेत्र में हुए हादसे, घायलों का सीएचसी में कराया गया उपचार

अमृत विचार :रजपुरा थाना क्षेत्र में अलग-अलग हुए सड़क हादसों में दो वर्षीय बच्चा समेत 10 लोग घायल हुए। घायलों का सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में उपचार कराया गया। डॉक्टर ने दो गंभीर घायलों को हायर सेंटर रेफर कर दिया।

रजपुरा थाना क्षेत्र में गवां-बबराला मार्ग पर गांव मलिकपुर के पास अनियंत्रित होकर बाइक सड़क पर गिर गई। हादसे में जुनावई थाना क्षेत्र के गांव घोसली वाहन निवासी ओमकार और धांधू घायल हो गए। राहगीरों ने दोनों घायलों को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र रजपुरा में भर्ती कराया। दूसरी घटना गवां बबराला मार्ग पर ही गांव मेहुआ हसनगंज के पास हुई। अज्ञात वाहन ने बाइक सवारों को टक्कर मार दी। जिससे रजपुरा निवासी राजू और हीरा लाल गंभीर रूप से घायल हुए। सूचना पर पहुंची पुलिस ने दोनों घायलों को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र रजपुरा में भर्ती कराया। तीसरी घटना गांव देवरा भूरा के पास सामने आई। जिसमें दो बाइकों की आमने-सामने की टक्कर हुई। जिससे गांव देवपुरा निवासी योगेश, विमलेश, नेत्रपाल व दो वर्षीय करन घायल हो गए। राहगीरों ने घायलों को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र रजपुरा में भर्ती कराया। चौथा हादसा गांव सिहावली के पास हुआ। जिसमें अनियंत्रित बाइक सड़क किनारे खंदक में गिर गई। जिससे गुन्नौर निवासी मुकेश घायल हो गया। राहगीरों ने सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र रजपुरा में भर्ती कराया।

### खंदक में घुसी बोलेरो पिकअप, चालक व परिचालक घायल

संभल/रजपुरा अमृत विचार : पांचवीं घटना में रजपुरा बहजोई लिंक मार्ग पर गांव हिरौनी के पास अनियंत्रित बोलेरो पिकअप सड़क किनारे खंदक में घुस गई। इस हादसे में जनपद अलीगढ़ के लोधा थाना क्षेत्र के गांव राइट निवासी चालक राजेश, परिचालक मोनू गंभीर रूप से घायल हो गए। सूचना पर पहुंची पुलिस ने घायलों को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र रजपुरा में भर्ती कराया। डॉक्टर ने उपचार देकर दोनों घायलों को हायर सेंटर रेफर कर दिया।

### नींद की झपकी लगने से बाइक सड़क पर गिरी, तीन घायल

धनारी, अमृत विचार : रजपुरा थाना क्षेत्र के गांव मैहुआ हसनगंज निवासी श्रीपाल का बेटा राजू शुक्रवार को अपनी मां रामभरी व बहन शीला के साथ बाइक से गांव धीमर वाली में स्थित शिव मंदिर में जल चढ़ाने जा रहा था। धनारी के पास बहजोई मार्ग पर राजू को नींद की आ गई। जिससे उसका बाइक से नियंत्रण हट गया और बाइक अनियंत्रित होकर सड़क किनारे गिर गई। जिससे राजू, रामभरी व शीला घायल हो गईं। घायलों को उपचार के लिए सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र भिजवाया।

# कैंटर की टक्कर से बाइक सवार दो भाई घायल

कार्यालय संवाददाता, चन्दौसी

अमृत विचार: कोतवाली क्षेत्र के बर्रई चौराहा पर कैंटर ने बाइक को टक्कर मार दी। हादसे में बाइक सवार दो भाई गंभीर रूप से घायल हो गए। जिन्हें उपचार के लिए सीएचसी में भर्ती कराया गया। हालत गंभीर होने पर चिकित्सक ने दोनों को हायर सेंटर रेफर कर दिया।

बहजोई थाना क्षेत्र के गांव मऊ कठैर निवासी मान सिंह पुत्र रामकिशोर अपने दो भाई शिशुपाल, ऋषिपाल, पत्नी व पुत्र के साथ शुक्रवार की सुबह थाना फैजगंज बेहटा क्षेत्र के गांव भोजपुर रिश्तेदारी में दसवां संस्कार में गए थे। शाम को सभी दो बाइकों पर सवार होकर अपने घर लौट रहे थे। जिसमें शिशुपाल व ऋषिपाल बाइक से आगे चल रहे थे। शाम छह बजे जब मान सिंह अपनी पत्नी व पुत्र के साथ बर्रई चौराहा पर पहुंचे, तो उनके दोनों भाई सड़क पर घायल अवस्था में पड़े थे। पूछने पर ग्रामीणों ने बताया कि कैंटर ने बाइक को टक्कर मार दी।

### बाइक की टक्कर से बुजुर्ग घायल

गुन्नौर, अमृत विचार : आगरा-मुरादाबाद नेशनल हाईवे पर सड़क किनारे खड़े बुजुर्ग को बाइक सवार ने टक्कर मार दी। हादसे में बुजुर्ग गंभीर रूप से घायल हो गया। शुक्रवार को सुबह गांव रसूलपुर निवासी चंद्रपाल (62 वर्ष) पुत्र बिहारी लाल घूमते हुए गांव के बाहर हाईवे पर चला आया। उसी समय गुन्नौर की तरफ से आ रहे एक बाइक सवार ने वृद्ध को टक्कर मार दी। बुजुर्ग को सीएचसी में भर्ती कराया। हालत गंभीर होने पर डॉक्टर ने उसे मेडिकल कॉलेज अलीगढ़ रेफर कर दिया। बाइक सवार प्रीतम डिबाई थाना क्षेत्र के गांव सतोहा का बताया गया है।



बहजोई में खुशी मनाते खिलाड़ी। ● अमृत विचार

# ओलंपिक में पदक मिलने पर जताई खुशी

संवाददाता,बहजोई

अमृत विचार:बहजोई के मिनी स्टेडियम में नगर के सभी खिलाड़ियों ने ओलंपिक गेम्स शूटिंग में भारतीय खिलाड़ियों को पदक मिलने पर जश्न मनाया।

मुख्य अतिथि उप जिला क्रीड़ा अधिकारी प्रमिला भारती ने बताया कि भारतीय शूटिंग संगठन को और भारत के सभी खिलाड़ियों को गौरवान्वित करने वाले शूटर्स मनु भाकर, सरबजोत सिंह और स्वप्निल कुशाले ने ओलंपिक गेम्स 2024 में कांस्य पदक व एक रजत पदक प्राप्त किया है। कोच मयंक कुमार ने बताया कि इस वर्ष शूटिंग खेल में अभी तक तीन कांस्य पद व एक रजत पदक प्राप्त कर पाए हैं।

कार्यक्रम में इनडोर शूटिंग रेंज बहजोई के मृत्युंजय, युवराज ,गौरव , आरव, आकाश , आराध्या आदि सभी शूटर एवं एसबीएम जूडो एकेडमी के गोविंद वशिष्ठ,आदित्य , दीपक , पायल , कृति गुप्ता ,चंचल ,डॉली आदि मौजूद रहे।

# गांव में झोलाछाप के उपचार से दो वर्षीय बच्चे की जान गई

कार्यालय संवाददाता, चन्दौसी

- परिजनों ने पुलिस कार्रवाई से किया इन्कार

अमृत विचार: कुढ़फतेहगढ़ थाना क्षेत्र के रीठ में झोलाछाप के उपचार से दो वर्षीय बच्चे की मौत हो गई। घटना की सूचना पर पुलिस भी मौके पर पहुंच गई। मगर परिजनों ने पुलिस कार्रवाई से इन्कार कर दिया।



शिवांश की फाइल फोटो।

गांव रीठ निवासी संजीव कुमार चाट का ठेला लगाकर परिवार का पालन-पोषण करता है। गुरुवार की सुबह उसके सबसे छोटे दो वर्षीय पुत्र शिवांश को तेज बुखार था। उसकी पत्नी प्रेमवती गांव के झोलाछाप से दवा दिलाकर लाई। महिला ने घर आकर बच्चे को दवा खिला दी। जिससे उसके शरीर पर दाने हो गए। शुक्रवार की सुबह झोलाछाप को सूचना भेजी तो वह घर नहीं आया। इसके बाद दंपति शिवांश को लेकर सीएचसी आए। जहां चिकित्सक ने बच्चे को मृत घोषित कर दिया। पुलिस भी सीएचसी पहुंच गई। मगर परिजनों ने कार्रवाई से लिखित रूप में इन्कार कर दिया।



बच्चे की मौत के बाद विलाप करती मां।



बबराला में कलश यात्रा में शामिल महिलाएं। ● अमृत विचार

# कथा से पहले निकाली कलश यात्रा

संवाददाता, गुन्नौर

अमृत विचार :नगर के अग्रवाल मार्केट में श्री शिव महापुराण मंगलाचरण का शुभारंभ हुआ। इससे पहले महिलाओं ने भव्य कलश शोभायात्रा निकाली। शिव महापुराण कथा के पहले दिन शुक्रवार को पहले दिन कथा सुनाते हुए काशी विद्यापीठ बनारस के आचार्य मुनींद्र मिश्र ने बताया कि श्रावण मास में श्री शिव महापुराण कथा को कोई व्यक्ति यदि अनजाने में भी कथा श्रवण कर लेता है तो उसे मोक्ष की प्राप्ति होती है।

कहा कि ब्राह्मण कुल में जन्मे देवराज का वैश्या को देख मन विचलित हो गया। देवराज वैश्या को अपने घर ले आया और सारा जीवन बिना भजन के बिता दिया। दो वक्त की रोटी के लिए नमक बेचने वह प्रतिष्ठापुर नगर में गया तो वहां शिव महापुराण कथा हो रही थी। भोजन के लिए उसने कथा सुनी। इसी दौरान रात को उसे बहुत तीव्र बुखार आया और उसकी मौत हो गई। देवराज ने व्यभिचार किया तो कष्टों में रहा, लेकिन जब अंत काल में शिव कथा का श्रवण किया तो वह शिव लोक का अधिकारी बना। शिव महापुराण कथा से पहले नगर में कलश यात्रा निकाली गई। रेनू अग्रवाल, प्रियांशी, शिखा अग्रवाल, आंचल अग्रवाल, प्राची, स्मिता अग्रवाल, मेघा अग्रवाल, दीक्षा वार्ष्णेय, सोनिया वार्ष्णेय, मनोज अग्रवाल, अवधेश, जय शिव पांडे, अरविंद आदि मौजूद रहे।

# ट्रक की टक्कर से पलटा ई रिक्शा, तीन लोग घायल

संवाददाता, संभल

अमृत विचार :कोतवाली क्षेत्र में ट्रक की टक्कर से ई रिक्शा पलट गया। हादसे में ई रिक्शा चालक, पत्नी और बेटा घायल हो गए। घायलों को जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया।

कोतवाली क्षेत्र के गांव शहजादी सराय निवासी चालक राजकुमार शुक्रवार को शाम 5 बजे ई रिक्शा में बैठाकर पत्नी कविता और बेटे नितिन के साथ संभल से घर जा रहा था। राजकुमार ई रिक्शा लेकर जैसे ही संभल मुरादाबाद मार्ग पर वाजिदपुरम के पास पहुंचा तो पीछे से आ रहे तेज रफ्तार ट्रक ने ई रिक्शा में टक्कर मार दी। जिससे ई रिक्शा सड़क पर पलट गया। ई रिक्शा के नीचे दबकर राजकुमार, कविता, नितिन घायल हो गए। हादसे के बाद मौके पर इकट्ठा हुए आसपास के लोगों ने टक्कर मारकर ट्रक लेकर भागने की कोशिश कर रहे चालक को पकड़ लिया। हादसे की सूचना मिलने पर मौके पर पहुंची पुलिस ने ट्रक कब्जे में लेकर चालक को हिरासत में ले लिया। घायल राजकुमार, कविता और नितिन को जिला अस्पताल भिजवाया।

### ऑटो की टक्कर से जुगाड़ वाहन में सवार दो महिलाओं सहित सात घायल

धनारी, अमृत विचार : धनारी थाना क्षेत्र के गांव भैयापुर निवासी अरुण शुक्रवार को बाइक से बने जुगाड़ वाहन में बैठाकर पत्नी रूपाली, भाभी लज्जावती और मुहल्ला के ही प्रदीप व बच्चों सहित गांव हिरोनी में स्थित मंदिर परिसर में लगा मेला देखने जा रहा था। गांव आर्थल चौराहे पर ऑटो ने जुगाड़ में टक्कर मार दी। हादसे में प्रदीप, रुपाली, लज्जावती व चार बच्चे अंकित, अंशिका, अर्जुन, प्रीति सहित 7 लोग घायल हो गए।

# कांवड़िये की बाइक विद्युत पोल से टकराई, गंभीर रूप से हुआ घायल

कार्यालय संवाददाता, चन्दौसी

अमृत विचार: कुढ़फतेहगढ़ थाना क्षेत्र के गांव कोकावास नवादा में बेरनी शिव मंदिर से जलाभिषेक करके वापस घर लौट रहे कांवड़िये की बाइक विद्युत पोल से टकरा गई। हादसे में कांवड़िया गंभीर रूप से घायल हो गया। पुलिस ने घायल को उपचार के लिए सीएचसी में भर्ती कराया। हालत गंभीर होने पर उसे हायर सेंटर रेफर कर दिया। घटना की सूचना मिलने पर परिजन भी सीएचसी पहुंच गए।

थाना बनियाठेर के गांव बनियाखेड़ा निवासी विकास पुत्र शिशुपाल अपने साथियों के साथ हरिद्वार से डाक कांवड़ लेकर आया था। शुक्रवार की सुबह कांवड़िया विकास अपने साथियों के साथ कुढ़फतेहगढ़ थाना क्षेत्र के गांव बेरनी स्थित प्राचीन शिव मंदिर में महादेव का जलाभिषेक करने अपने साथियों के साथ पहुंचा। मंदिर में जलाभिषेक के बाद कांवड़िया अकेला बाइक लेकर घर के लिए चल दिया। जब बाइक सवार थाना क्षेत्र के गांव कोकावास नवादा पहुंचा तो सामने से आ रहे वाहन से बचने के प्रयास में उसकी बाइक सड़क किनारे लग रहे विद्युत पोल से टकरा गई। हादसे में कांवड़िया का सिर विद्युत पोल में लगा और वह गंभीर रूप से घायल हो गया। उधर से गुजर रही पुलिस ने घायल कांवड़िये को उपचार के लिए सीएचसी में भर्ती कराया।



सीएचसी में घायल का उपचार करते स्वास्थ्य कर्मी। ● अमृत विचार

- जलाभिषेक कर घर लौट रहा था कांवड़िया

# गुन्नौर में फिर उफनाने लगी गंगा, प्रशासन अलर्ट

संवाददाता, बबराला

**खतरा**

- नरौरा के चौधरी चरण सिंह बैराज पर गंगा का जलस्तर खतरे के निशान की ओर बढ़ रहा
- हरिद्वार व बिजनौर बैराज से छोड़ा गया पानी 48 से 72 घंटों में नरौरा बैराज पर पहुंचता है

अमृत विचार :उत्तराखंड के पहाड़ों में हो रही भारी बरसात और हरिद्वार व बिजनौर गंगा बैराज से पानी रिलीज होने से राजघाट में गंगा एक बार फिर से उफान पर है। नरौरा के चौधरी चरण सिंह बैराज पर गंगा का जलस्तर खतरे के निशान की ओर बढ़ रहा है।

शुक्रवार देर शाम नरौरा बैराज में पानी की उपलब्धता 178.22 मीटर दर्ज की गई। गंगा का जलस्तर स्तर तेजी से बढ़ रहा है। लेकिन नरोरा बैराज पर गंगा खतरे के निशान से नीचे बह रही है।

पहाड़ी क्षेत्रों में हो रही लगातार बारिश से एक बार फिर गंगा में बाढ़ का खतरा बढ़ रहा है। उपजिलाधिकारी दीपक कुमार चौधरी ने बताया कि नरौरा गंगा बैराज से गंगा की डाउन स्ट्रीम में 1,34,584 क्यूसेक प्रति सेकेंड की दर से पानी की निकासी की जा रही है। गंगा में पानी बढ़ा है, लेकिन क्षेत्र के बाढ़ प्रभावित गांवों में स्थिति सामान्य है। हालांकि एहतियात के तौर पर बाढ़ चौकियां अलर्ट हैं और निगरानी की जा रही है। बताया गया है कि हरिद्वार व बिजनौर बैराज से छोड़ा गया पानी 48 से 72 घंटों में नरौरा बैराज पर पहुंचता है। इससे अनुमान लगाया जा रहा है कि आने वाले दिनों में गंगा के जलस्तर में बढ़ोत्तरी होगी। शुक्रवार शाम को नरौरा के गंगा बैराज की डाउनस्ट्रीम में पानी की उपलब्धता 178.22 मीटर दर्ज की गई।

**अनदेखी** 2005 में पीएचसी को मिला सीएचसी का दर्जा ,पर नहीं हो सकी डॉक्टरों की तैनाती

# विशेषज्ञों की नहीं तैनाती, रेफर सेंटर बना सीएचसी गुन्नौर

संवाददाता, गुन्नौर

अमृत विचार :प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र का दर्जा मिलने के दो दशक बाद भी यहां विशेषज्ञ चिकित्सकों की तैनाती नहीं की जा सकी है। ऐसे में मरीजों का इलाज भगवान भरोसे हो रहा है। हादसे के घायलों और बीमारियों के गंभीर मरीजों को रेफर किया जा रहा है।

गुन्नौर की जनता चाहती है कि 2005 में जब प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में उच्चीकृत किया गया तो लोगों में बेहतर स्वास्थ्य सेवाओं की आस जगी पर दो दशक के बाद भी विशेषज्ञ चिकित्सकों की तैनाती नहीं हो सकी है।

गुन्नौर का सीएचसी कहने को तो 30 शैय्याओं का अस्पताल है लेकिन यहां स्वास्थ्य सुविधाओं का टोटा है।



गुन्नौर का सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र। ● अमृत विचार

- भगवान भरोसे हो रहा है मरीजों का इलाज
- दो दशक के बाद भी हालत जस की तस बनी है

सीएचसी के मानक के अनुसार फिजीशियन के साथ ही हड्डी रोग विशेषज्ञ, रेडियोलॉजिस्ट, पैथोलॉजिस्ट, बाल रोग विशेषज्ञ आदि की तैनाती होनी चाहिए मगर अभी तक विशेषज्ञ चिकित्सकों की नियुक्ति नहीं हो सकी है। नतीजतन अस्पताल में आने वाले गंभीर मरीजों को रेफर स्लिप थमा दी जाती है। प्रभारी अधीक्षक डॉ. पवन कुमार सिंह का कहना है कि विशेषज्ञ चिकित्सकों की तैनाती के लिए मुख्य चिकित्साधिकारी को पत्र भेजा गया है।

### हर महीने 50 से अधिक मरीज हो रहे रेफर

गुन्नौर अमृत विचार : सीएचसी पर अस्थि रोग विशेषज्ञ की तैनाती न होने से आये दिन होने वाली दुर्घटनाओं में घायलों को उपचार के लिए भटकना पड़ता है। चिकित्सक की कमी से हर महीने औसतन पचास से अधिक मरीजों को रेफर करना पड़ता है। बताते चलें कि नगर क्षेत्र से होकर आगरा-मुरादाबाद नेशनल हाईवे के अलावा मेरठ-बदायूं स्टेट हाइवे भी गुजरा है। अति व्यस्त सड़क मार्गों पर आये दिन सड़क हादसे होते रहते हैं। हादसों में अधिकांश लोग हड्डियों के फ्रैक्चर के शिकार हो जाते हैं। सीएचसी पर अस्थि रोग विशेषज्ञ के अभाव में ऐसे घायलों को प्राथमिक उपचार के बाद ज्यादातर जिला चिकित्सालय संभल या फिर अलीगढ़ स्थित मेडिकल कॉलेज के लिए रेफर कर दिया जाता है। जिससे मरीजों के तीमारदारों को दिक्कतों का सामना करना पड़ता है।

# कांवड़िये पर दूसरे समुदाय के व्यक्ति ने किया हमला, घायल

कार्यालय संवाददाता, संभल

- डंडे के प्रहार से सड़क पर गिरकर खंडित हुई कांवड़

अमृत विचार: सदर कोतवाली क्षेत्र मुहल्ला फतेहउल्ला सराय चौराहे पर कांवड़ लेकर जल चढ़ाने प्रकटेश्वर महादेव मंदिर फतेहपुर भाऊ जा रहे पिता पुत्र पर दूसरे समुदाय के व्यक्ति ने डंडे से हमलाकर घायल कर दिया। जिससे कांवड़ भी कंधे से सड़क पर गिरकर खंड़ित हो गई। रिपोर्ट दर्जकर पुलिस ने आरोपी को हिरासत में ले लिया।

कोतवाली क्षेत्र के मोहल्ला कबीर की सराय निवासी हरकिशोर का बेटा बृजेश मोहल्ला के ही लोगों के साथ गुरुवार की शाम कांवड़ में जल लेकर हरिद्वार से घर आया था। शुक्रवार की सुबह बृजेश अपने परिजनों के साथ मोहल्ला अल्लनपुर से होते हुए नखासा थाना क्षेत्र के गांव फतेहपुर भाऊ में स्थित प्रकटेश्वर महादेव मंदिर में जल चढ़ाने जा रहा था। बृजेश कांवड़ लेकर जैसे मुहल्ला फतेहल्लाह सराय मे संभल हसनपुर मार्ग पर चौराहे के पास पहुंचा तो चौराहे के पास चार-पांच दूसरे समुदाय के लोग बैठे हुए थे। इससे पहले बुजेश कुछ समझ पाता एक व्यक्ति ने आकर बृजेश पर डंडे से हमला कर दिया।

बृजेश को बचाने पर व्यक्ति ने हरकिशोर के साथ भी मारपीट की। मारपीट की वजह से बृजेश के कंधे पर रखी कांवड़ सड़क पर गिरकर खंडित हो गई। हरकिशोर ने आरोप लगाते हुए कहा कि मारपीट कर रहा व्यक्ति कह रहा था कि जब हमारे मोहर्रम नहीं निकले तो तुम कांवड़ क्यों निकाल रहे हो। कोतवाली प्रभारी अनुज कुमार तोमर ने बताया कि तहरीर के आधार पर रिपोर्ट दर्ज कर मुहल्ला दिल्ली दरवाजा निवासी बदूद को हिरासत में ले लिया है।

## एक नजर

### सड़क किनारे बैठा युवक बाइक की टक्कर से घायल

**चन्दौसी, अमृत विचार :** बनियाठेर थाना क्षेत्र के गांव बनियाखेड़ा में सड़क किनारे बैठे युवक को बाइक सवार ने टक्कर मार दी। हादसे में युवक घायल हो गया। गांव बनियाखेड़ा निवासी मोहम्मद उमर पुत्र मोहम्मद इल्यास शुक्रवार की शाम चार बजे बकरी चराने गया था। युवक ने बकरियां जंगल में छोड़ दी और खुद सड़क किनारे आकर बैठ गया। तभी उधर से गुजर रहे बाइक सवार ने सड़क किनारे बैठे युवक को टक्कर मार दी। हादसे में युवक घायल हो गया। कुछ दूर जाने पर ग्रामीणों ने बाइक सवार दोनों युवकों को पकड़ लिया। घटना की सूचना मिलने पर पुलिस भी मौके पर पहुंच गई और घायल को उपचार के लिए सीएचसी में भर्ती कराया।

### जलाभिषेक के दौरान कुंडल निकाला

**चन्दौसी/कुढ़फतेहगढ़ :** थाना क्षेत्र के बेरनी स्थित प्राचीन शिव मंदिर पर जलाभिषेक करने पहुंची महिला श्रद्धालु के कान से किसी ने सोने का कुंडल निकाल लिया। शुक्रवार की सुबह थाना बहजोई के गांव चितौरा निवासी सीमा पत्नी राजेश अपने परिचितों के साथ बेरनी शिव मंदिर में जलाभिषेक करने आई थी। जब महिला मंदिर में जलाभिषेक कर रही थी, उस समय भीड़ अधिक थी। महिला ने मंदिर से बाहर आकर कुंडल निकलने की जानकारी दी। महिला ने मंदिर के पुजारी सतीश चंद्र शर्मा से घटना की शिकायत की।


कान दिखाती महिला।

### किसान 10 अगस्त कराएं फसल का बीमा

**संभल अमृत विचार :** खरीफ मौसम में प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना के अंतर्गत बीमा कराने की अंतिम तिथि 31 जुलाई से बढ़ाकर 10 अगस्त कर दी गई है। यह जानकारी उप कृषि निदेशक ने देते हुए बताया कि जनपद में सभी ऋणी एवं गैर ऋणी किसान खरीफ मौसम में 10 अगस्त तक फसल का बीमा करा सकते हैं। खरीफ मौसम में धान, मक्का, बाजरा और उड़द फसल को अधिसूचित किया गया है। जिले में इफको टोकियो जनरल इंश्योरेंस कंपनी लिमिटेड को वर्ष 2023-24 से 2025-26 तक कार्यान्वयन एजेंसी के रूप में अधिकृत किया गया है।


पातालेश्वर महादेव मंदिर फतेहपुर भाऊ में जलाभिषेक को उमड़े शिवभक्त।


कांवड़ लेकर जलाभिषेक करने जाते श्रद्धालु। ● अमृत विचार

# भोलेनाथ का जलाभिषेक कर पूजा अर्चना की

## शिवतेरस पर जिले के शिव मंदिरों पर उमड़े कांवड़िये व श्रद्धालु, मांगी मनौती, मंदिरों पर लगा मेला

कार्यालय संवाददाता, संभल

**अमृत विचार :** सावन में शिव तेरस को जिले भर के शिव मंदिरों पर भक्तों और कांवड़ियों ने विधि विधान से भोलेनाथ का जलाभिषेक करते हुए पूजा अर्चना की और मनौती मांगी। बम-बम भोले के जयकारों से माहौल भक्तिमय बना रहा। भक्तों की सुरक्षा में पुलिस बल मुस्तैद नजर आया।

शिवतेरस पर भगवान शिव का जलाभिषेक करने के लिए हरिद्वार और ब्रजघाट से बड़ी संख्या में कांवड़िये कांवड़ में गंगाजल लेकर गुरुवार को देर रात तक लौटते रहे। शुक्रवार को भोर से ही भक्तों ने शिव मंदिरों का रुख कर दिया। संभल के बहजोई मार्ग पर स्थित सिद्धपीठ श्री पातालेश्वर महादेव मंदिर पर सुबह चार बजे से ही भक्तों ने भगवान शिव का जलाभिषेक शुरू कर दिया।

इसी तरह नगर के सूर्यकुंड तीर्थ मंदिर पर भी भक्तों की भीड़ उमड़ी। देहात क्षेत्र में गांव फत्तेहपुर भाऊ स्थित प्रकटेश्वर महादेव मंदिर पर बड़ी संख्या में पहुंचे भक्तों ने जलाभिषेक कर पूजा अर्चना की और मनौती मांगी। शिव मंदिरों पर पूजा अर्चना करने का सिलसिला जारी रहने के बीच कई जत्थों में शामिल कांवड़िये भी कांवड़ें लेकर पहुंचे।

कांवड़ियों ने भगवान शिव का जलाभिषेक करते हुए बम-बम भोले, हर-हर महादेव के जयकारे लगाकर माहौल को भक्तिमय बना दिया। सिद्धपीठ श्री पातालेश्वर महादेव मंदिर समेत दूसरे मंदिरों पर मेला भी लगा। संभल के अलावा सिरसी, असमोली, सौंधन मोहम्मदपुर, पंवासा, बहजोई, धनारी, बबराला, गुन्नौर, जुनावई, रजपुरा और गंवा क्षेत्र के मंदिरों में भी शिव तेरस के मौके पर बड़ी संख्या में भगवान शिव का जलाभिषेक किया गया।


ग्राम छाबड़ा में झारखंड शिव मंदिर पर जलाभिषेक करते श्रद्धालु। ● अमृत विचार


सादात बाड़ी शिव मंदिर पर जलाभिषेक के लिए कतार में खड़े श्रद्धालु।

### जुनावई क्षेत्र के शिवालयों में किया जलाभिषेक

**संभल/जुनावई अमृत विचार :** जुनावई थाना क्षेत्र के शिवालयों में शिव तेरस के मौके पर भक्तों ने भगवान शिव का जलाभिषेक किया। गांव दबथरा, जुनावई, सिकरौरा खादर, हुल्काबाद, असदपुर के शिव मंदिरों में हरिद्वार से कांवड़ लेकर आए कांवड़ियों ने जलाभिषेक करते हुए मनौती मांगी। मंदिरों पर भक्तों की लंबी कतारें देखने को मिली। मेले में महिलाओं और पुरुषों ने खरीदारी की। बच्चों ने खेल खिलौने खरीदे तो मिठाई और चाट पकौड़ी का आनंद लिया। इसके अलावा धनारी क्षेत्र गांव जयरामनगर में स्थित शिव मंदिर पर शुक्रवार सुबह चार बजे से ही शिव भक्तों का तांता लग गया। भक्तों ने भोलेनाथ का जलाभिषेक और पूजा अर्चना की। राजघाट और हरिद्वार से गंगाजल लेकर आए कांवड़ियों ने भी जलाभिषेक किया।

### सुरक्षा को लेकर अलर्ट रही पुलिस, अफसरों ने किया भ्रमण

**संभल, अमृत विचार :** सावन महीने में शिव तेरस पर कांवड़ियों और भक्तों द्वारा भगवान शिव का जलाभिषेक करने के मद्देनजर सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम रहे। जहां शिव मंदिरों और कांवड़ियों के मार्गों पर पुलिस दिखाई दी तो वहीं अधिकारी भी भ्रमण करते रहे। भक्तों को भी सुरक्षा का अहसास हुआ। जिन कांवड़ियों के जत्थों ने मंदिरों का रुख किया उनके साथ भी पुलिस रही। मंदिरों पर भक्तों द्वारा भगवान शिव का जलाभिषेक करने के दौरान हर गतिविधि पर पुलिस की नजर रही। इतना ही नहीं, पुलिस प्रशासनिक अधिकारी भी अपने-अपने क्षेत्र के शिव मंदिरों का भ्रमण करते हुए हालात की जानकारी लेते रहे।

### बम-बम भोले के जयघोष के साथ किया जलाभिषेक

**चन्दौसी/कुढ़फतेहगढ़, अमृत विचार :** ग्रामीणों अंचल में शिव मंदिरों पर बम-बम भोले के जयकारों के बीच भगवान शंकर का जलाभिषेक किया गया। कुढ़फतेहगढ़ स्थित शिव मंदिर पर श्रद्धालुओं 0की भीड़ अधिक रही। पुलिस अधीक्षक कुलदीप सिंह गुनावत ने मंदिर पर पहुंच सुरक्षा का जायजा लिया। मंदिर परिसर में मेले का आयोजन भी किया गया। गांव बेरनी स्थित प्राचीन शिव मंदिर पर सुबह चार बजे से कांवड़ियों व श्रद्धालुओं का जलाभिषेक करने के लिए पहुंचना आरंभ हो गया था। सुबह छह बजे से दोपहर दो बजे तक मंदिर पर जलाभिषेक करने वाले श्रद्धालुओं की अधिक भीड़ रही। श्रद्धालुओं को कतारबद्ध तरीके से मंदिर में प्रवेश दिया गया। मंदिर परिसर में लगे मेले में जाकर चाट पकौड़ी के साथ-साथ दुकानों से जमकर खरीदारी की। गांव छाबड़ा स्थित झारखंड शिव मंदिर पर भी जलाभिषेक करने वाले श्रद्धालुओं की संख्या भी काफी रही।

### प्राचीन पातालेश्वर महादेव मंदिर पर किया जलाभिषेक

**बहजोई, अमृत विचार :** बम बम भोले के जयघोष के साथ कावड़ियों ने प्राचीन पातालेश्वर महादेव मंदिर पर जलाभिषेक किया और 521 शिवलिंग की परिक्रमा कर सुख समृद्धि की कामना की। गांव सादात वाड़ी स्थित प्राचीन पातालेश्वर महादेव मंदिर पर प्रात: से ही हरिद्वार, राजघाट, नरोरा गंगा तट से कांवड़ियों तक तथा शिव भक्तों का जल अभिषेक करने को लेकर पहुंचना प्रारंभ हो गया। बम भोले के जयघोष से पूरा मंदिर परिसर गूंज उठा। कावड़ियों ने मंदिर परिसर में पहुंचकर शिवलिंग पर जल अभिषेक कर अपनी मनोकामना पूर्ण करने की कामना की। वहीं प्रसाद, पुष्प, बेलपत्र अर्पित कर भगवान शिव को मनाया। उधर पशुपतिनाथ मंदिर में 521 शिवलिंग की परिक्रमा कर सुख समृद्धि की कामना की। एसपी कुलदीप सिंह गुनावत ने मंदिर पहुंचकर सुरक्षा व्यवस्था का जायजा लिया।


मूंछों वाले शिव मंदिर पर जलाभिषेक करते श्रद्धालु।

# कांवडियों ने किया जलाभिषेक हर-हर महादेव के जयकारे गूंजे

कार्यालय संवाददाता, चन्दौसी

● शिव मंदिरों के बाहर श्रद्धालुओं की लगी रही कतारें

**अमृत विचार:** शिवतेरस पर कांवड़ियों व भक्तों ने शिव मंदिरों में महादेव का जलाभिषेक किया। कांवड़ियों के हर-हर महादेव के जयकारों से मंदिर गुंजायमान रहे। सुबह से दोपहर तक जलाभिषेक करने वाले श्रद्धालुओं को लंबी कतारें लगी रहीं।

शुक्रवार की सुबह चार बजे से ही सीता रोड स्थित मूंछों वाले मंदिर, बड़ा महादेव स्थित शिव मंदिर, सुभाष रोड स्थित शिव मंदिर, मुंसिफ रोड स्थित शिव मंदिर व मौलागढ़ स्थित प्राचीन शिव मंदिर, मोती मोहल्ला स्थित अर्द्धनारीश्वर मंदिर आदि पर श्रद्धालुओं का पहुंचना आरंभ हो गया था। कतारबद्ध श्रद्धालुओं ने महादेव का जलाभिषेक किया। वहीं कांवड़ियों को जलाभिषेक करने के लिए प्राथमिकता के तौर पर मंदिर में पहले प्रवेश दिया जा रहा था। श्रद्धालुओं ने बेलपत्र, भाग, जल, दूध, शहद आदि से जलाभिषेक कर पूजा-अर्चना की। वहीं सुरक्षा की दृष्टि से प्रमुख मंदिरों पर पुलिस बल तैनात रहा। बदायूं रोड स्थित ओएलएफ मंदिर पर छप्पन भोग लगाया गया। इस दौरान ओमप्रकाश गुप्ता ओमी लाला, कपिल गुप्ता ओएलएफ, कौशन किशोर, आदि मौजूद रहे। वहीं खुर्जा गेट स्थित नर्मदेश्वर धाम शिव मंदिर पर सुबह से कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसमें सर्वप्रथम भगवान शंकर का रुद्राभिषेक किया गया। उसके बाद भंडारे का आयोजन किया गया। जिसमें काफी संख्या में श्रद्धालुओं ने प्रसाद ग्रहण किया। इस अवसर पर पवन गुप्ता, केके गुप्ता, कौश वार्ष्णेय आदि ने सहयोग किया। सीओ प्रदीप कुमार व प्रभारी निरीक्षक अतर सिंह भी समय-समय पर मंदिरों पर पहुंच सुरक्षा का जायजा लेते रहे।


सुभाष रोड स्थित शिव मंदिर पर जलाभिषेक करते श्रद्धालु। ● अमृत विचार

# शराब माफिया और गैंगस्टर के तीन आरोपियों की लाखों की संपत्ति कुर्क

संवाददाता, कुंवरगांव (बदायूं)

**अमृत विचार :** जिलाधिकारी से अनुमति के बाद थाना पुलिस ने शराब माफिया और गैंस्टर एक्ट के आरोपी दो भाइयों की 18 लाख 45 हजार रुपये और गोकशी करने के आरोपी की 4 लाख 94 हजार 268 रुपये की संपत्ति कुर्क की है। कच्ची शराब का काम करने के चलते दोनों पर 2020 में गैंगस्टर एक्ट के अंतर्गत कार्रवाई की गई थी।

थाना क्षेत्र के गांव बनगवां निवासी दो भाई त्रिवेणी और राममूर्ति पुत्र नेकराम ने कच्ची शराब बनाकर अवैध रूप से बेचकर संपत्ति अर्जित की थी। वह दोनों साल 2019 में कच्ची शराब बेचते पकड़े गए थे। पुलिस ने साल 2020 में दोनों के खिलाफ गैंगस्टर एक्ट के अंतर्गत कार्रवाई की थी। पुलिस ने दोनों आरोपियों का गैंगचार्ट तैयार किया और एसएसपी के अनुमोदन के बाद डीएम से अनुमति मांगी। डीएम की अनुमति मिलने के बाद शुक्रवार को नायब तहसीलदार सदर निरंकार सिंह, थानाध्यक्ष रामेंद्र सिंह पुलिस बल के साथ गांव पहुंचे। ग्राम प्रधान की मौजूदगी में गांव में मुनादी कराई। पुलिस ने त्रिवेणी की 11 लाख 92 हजार और राममूर्ति की 6 लाख 53 हजार रुपये की संपत्ति कुर्क की। दोनों के मकान सील कर लिए। वहीं गांव बनेई निवासी आमिल पुत्र नफीउद्दीन गोतस्कर है। वह गोमांस बचकर धन अर्जित करता है। पुलिस ने उसे साल 2022 में गिरफ्तार करके जेल भेजा था। पुलिस ने उसके खिलाफ गैंगस्टर एक्ट के अंतर्गत कार्रवाई की थी। पुलिस ने उसकी संपत्ति भी कुर्क की है।


आरोपियों की संपत्ति कुर्क करने के दौरान मौजूद नायब तहसीलदार निरंकार सिंह।

● नायब तहसीलदार और थानाध्यक्ष ने मुनादी कराकर संपत्ति कुर्क कराई

### दो बाइकों की भिड़ंत में युवक की मौत

**बिल्सी (बदायूं), अमृत विचार :** कोतवाली बिल्सी क्षेत्र में दो बाइकों की भिड़ंत हो गई। हादसे में बाइक सवार गंभीर रूप से घायल हो गया। पुलिस ने घायल को जिला अस्पताल में भर्ती कराया। जहां इलाज के दौरान युवक की मौत हो गई। पुलिस ने शव का पोस्टमार्टम कराकर परिजनों को सौंप दिया।

बिल्सी क्षेत्र के गांव सिमर्रा भोजपुर निवासी रमाकांत (28) पुत्र राधेश्याम गुरुवार दोपहर किसी काम से कस्बा इस्लामनगर गए थे। जहां काम निपटाने के बाद वह बाइक से वापस लौटकर घर जा रहे थे।

रात लगभग आठ बजे गांव पिंडोल के पास सामने से तेज रफ्तार से आई बाइक से भिड़ंत हो गई। राहगीरों की सूचना पर पुलिस घटनास्थल पर पहुंची। घायल रमाकांत को जिला अस्पताल भेजा गया। जहां उनकी मौत हो गई। मौत के बाद परिवार में कोहराम मचा है।

# ऋषिकेश पैसेंजर में मिला सीतापुर के साधु का शव

कार्यालय संवाददाता, चन्दौसी

● साधु कई वर्षों से ऋषिकेश में कर रहा था निवास

**अमृत विचार:** रेलवे स्टेशन पर चेकिंग कर रहे जीआरपी जवानों को चन्दौसी से ऋषिकेश जाने वाली पैसेंजर (ट्रेन) में साधू का शव मिला। साधु की पहचान सीतापुर निवासी के रूप में हुई। साधु ट्रेन से ऋषिकेश जाने के लिए चढ़ा था।


साधु की फाइल फोटो।

गुरुवार की रात चन्दौसी से ऋषिकेश जाने के लिए पैसेंजर ट्रेन रेलवे स्टेशन के प्लेटफार्म नंबर दो पर खड़ी थी। ट्रेन को शुक्रवार की सुबह चार बजे ऋषिकेश के लिए रवाना होना था। रात तीन बजे जीआरपी के जवान रेलवे स्टेशन पर चेकिंग कर रहे थे। तभी ट्रेन के पायदान के पास किसी को लेटा देखा। सिपाही जब मौके पर पहुंचे तो साधु लेटा था। जीआरपी साधु को लेकर सीएचसी पहुंची। जहां चिकित्सक ने उसे मृत घोषित कर दिया। साधु के पास से जीआरपी ने कमंडल व बैग बरामद किया। बैग में मिले आधार कार्ड से उसकी पहचान गुदन (45) निवासी खिलावन जिला हॉस्पिटल कॉलोनी, सीतापुर के रूप में हुई। जीआरपी इंचार्ज राजदेव पूनिया ने साधु के बैग से मिली डायरी से उसकी बहन रजनी से संपर्क कर घटना की सूचना दी। बहन ने बताया कि गुदन आठ वर्ष की आयु से घर से निकल गया और साधू बन गया। वह अधिकांश समय ऋषिकेश में रहता था। घटना की सूचना मिलने पर परिजन चन्दौसी के लिए रवाना हो गए। जीआरपी ने साधू के शव पोस्टमार्टम के लिए भेजा है।

## सार संक्षेप

### मंडलायुक्त से की जर्जर सड़क के निर्माण की मांग

**चन्दौसी, अमृत विचार :** नगर पालिका परिषद के वार्ड 13 के सभासद ने जर्जर सड़क के निर्माण की मांग को लेकर मंडलायुक्त को शिकायती पत्र भेजा है। सभासद शिव कुमार सैनी का कहना है कि यह सड़क मोहल्ला लोधियान, घटलेश्वर गेट, होकर सीएल गैस एजेंसी के गोदाम तक जाती है। जिसे गैस गोदाम मार्ग भी कहा जाता है। इस मार्ग का उपयोग करीब सभी लोग करते हैं। स्कूल वाहन भी काफी संख्या में रोजाना गुजरते हैं। मगर सड़क जर्जर होने के कारण अक्सर इस मार्ग हादसे होते रहते हैं। कई वर्ष से सड़क में गड्ढे हो गए है। इस सड़क से गुजरना कठिन हो गया है। कई बार शिकायत के बाद भी सड़क का निर्माण नहीं कराया गया है। सभासद की ओर से पालिकाध्यक्ष व अधिशासी अधिकारी को कई बार अवगत करा दिया गया है। सभासद ने मंडलायुक्त से सड़क निर्माण कराने की मांग की है।


शपथ लेते मानवाधिकार एवं सामाजिक सुरक्षा प्रहरी के पदाधिकारी व सदस्य।

### पर्यावरण संरक्षण के लिए पौधरोपण जरूरी

**चन्दौसी, अमृत विचार :** मानवाधिकार एवं सामाजिक सुरक्षा प्रहरी की ओर से गणेश कॉलोनी में मानवाधिकार की सुरक्षा व संरक्षण के लिए शपथ ग्रहण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। संगठन के राष्ट्रीय अध्यक्ष बृजेश सिंह चौहान ने कहा कि पर्यावरण को लेकर पौधरोपण करना आवश्यक है। क्योंकि वनों का कटान होने से पर्यावरण दूषित होता जा रहा है। जिससे पशु-पक्षी भी विलुप्त होते जा रहे है, साथ ही जल का संरक्षण करना भी बहुत जरुरी हो गया है। अंत में सभी पदाधिकारियों को मानव अधिकाओं को लेकर शपथ ग्रहण कराई गई। इस अवसर पर सुभाष चंद्र भोलेनाथ, डॉ. जयशंकर दुबे, नवनीत चौधरी, दिनेश पाल सिंह, योगेंद्र कुमार शर्मा, अलका सक्सेना, अरविंद्र कुमार शर्मा, केजी गुप्ता, रमेश चंद्र आर्य आदि मौजूद रहे।

### 20 लाख के जेवर चोरी मामले में पुलिस के हाथ खाली

**संभल, अमृत विचार :** सदर कोतवाली क्षेत्र में सर्राफ की दुकान से बीस लाख रुपये के आभूषण चोरी के मामले में पुलिस के हाथ खाली हैं। शुक्रवार को व्यापारियों ने एएसपी उत्तरी व सीओ संभल से मिलकर जल्द से जल्द आरोपी महिलाओं को गिरफ्तार कर आभूषण बरामद करने की मांग की। कोतवाली क्षेत्र में सेठों वाली गली निवासी पंकज अग्रवाल की दुकान से गुरुवार को तीन महिलाओं ने बीस लाख रुपये के जेवर का डब्बा चोरी कर लिया था। शुक्रवार को व्यापारी कोतवाली पहुंचे। वहां एएसपी उत्तरी श्रीशचंद व सीओ संभल अनुज कुमार चौधरी को से जल्द से जल्द महिलाओं को गिरफ्तार कर आभूषण बरामद करने की मांग की। एएसपी व सीओ ने व्यापारियों को आश्वासन दिया कि जल्द ही महिलाओं को गिरफ्तार कर आभूषणों को बरामद कर लिया जाएगा। व्यापारी ने मुकदमा दर्ज कराने के लिए पुलिस को तहरीर भी दी।

### छात्रा से तीन युवकों ने की छेड़खानी

**बरेली, अमृत विचार :** छात्रा ने छेड़खानी से परेशान होकर कॉलेज जाना छोड़ दिया। आरोपी ने खुद को पुलिसकर्मी बताते हुए छात्रा को जान से मारने की धमकी दी। युवती ने थाना बारादरी में शिकायत की लेकिन रिपोर्ट दर्ज नहीं की गई। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक के आदेश पर पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज की है। दुर्गानगर निवासी युवती ने शिकायत में बताया कि वह एक कॉलेज में पढ़ती है। कॉलेज के रास्ते में उसे राहुल, दुर्गेश और राज छेड़खानी करते हैं। उसने कई बार विरोध किया लेकिन आरोपी नहीं माने। खुद को पुलिस कर्मी बताने वाले राहुल ने धमकी दी कि अगर कहीं शिकायत की तो उसे जान से मार देगा।

# संभल के युवकों ने कोल्ड स्टोर पर मजदूर को पीटा

संवाददाता, ओरछी (बदायूं)

**हंगामा**

● कोल्ड स्टोर पर लोगों ने शांत कराया मामला तो गेट पर पहुंचकर पर पीटा

● थाने जाकर पुलिस से शिकायत करते हुए अपनी जान का खतरा बताया

**अमृत विचार :** कोल्ड स्टोरेज पर विवाद के एक मजदूर को जिला संभल के दूसरे समुदाय के तीन लोगों ने जमकर पीटा। एमएफ राजमार्ग पर कई घंटों तक हंगामा चलता रहा। सूचना पर पहुंची डायल 112 के पुलिसकर्मियों ने मामला शांत कराया। मजदूर घायल हो गया। उसने थाने जाकर पुलिस से शिकायत करते हुए अपनी जान का खतरा बताया है।

मामला मुरादाबाद-फर्रुखाबाद राजमार्ग स्थित थाना फैजगंज बेहटा क्षेत्र के ओरछी चौराहे के पास एक कोल्ड स्टोर का है। जहां दूसरे समुदाय के तीन युवकों से गांव परमानंदपुर निवासी मजदूर नेतराम पुत्र मनोहर लाल की कहासुनी हो गई थी। युवकों ने गाली-गलौज शुरू कर दी। नेतराम ने उनका विरोध किया तो तीनों युवकों ने उन्हें पीटना शुरू कर दिया। जहां मौजूद लोगों ने मामला शांत कराया।

कुछ देर के बाद नेतराम कोल्ड स्टोर से बाहर जा रहे थे। गेट पर तीनों ने युवकों ने फिर उन्हें घेर लिया और मारपीट की। नेतराम घायल हो गए। उन्होंने फोन करके गांव से अपने परिजनों को बुला लिया। कोल्ड स्टोर पर काफी देर तक हंगामा होता रहा। मौका देखकर तीनों आरोपी युवक फरार हो गए। सूचना पर पुलिस पहुंची और लोगों को शांत कराकर वापस भेज दिया।

**स्वास्थ्य** — सीएचसी में 700 से अधिक मरीज उपचार के लिए पहुंच रहे

# गर्मी में बीमार हो रहे लोग, मरीजों की लगी कतार

कार्यालय संवाददाता, चन्दौसी

**अमृत विचार:** उमस भरी गर्मी में फैल रह रोगों से बड़ी संख्या में लोग ग्रसित हैं। सीएचसी में रोजाना 700 से अधिक मरीज उपचार कराने पहुंच रहे हैं। जिसमें पीलिया व टायफाइड के मरीजों की संख्या अधिक है। वहीं चिकित्सक भी गर्मी में एहतियात बरतने की सलाह दे रहे हैं।

बीमार लोगों में बच्चे व महिलाएं भी शामिल हैं। बच्चों व महिलाओं में पीलिया की शिकायत सामने आ रही है।

वहीं टायफाइड के पीड़ित की संख्या भी कम नहीं हैं। सीएचसी में रोजाना सुबह आठ बजे से ही उपचार कराने वाले मरीजों व उनके तीमारदारों रहे। जिससे पर्चा बनवाने, चिकित्सक से उपचार कराने व दवा लेने के लिए कतारें लग जाती हैं।


सीएचसी में कतार में लगे मरीज। ● अमृत विचार

चिकित्सक भी मरीजों से उमस भरी गर्मी में बाहर से आकर तुरंत ठंडे पानी का सेवन न करने। घर का ताजा पका भोजन करने, बासी भोजन नहीं करने। बाजार की तली-भुनी खाद्य सामग्री का सेवन नहीं करने।

बीमार होने पर तुरंत चिकित्सक से परामर्श के बाद ही दवा लेने की बात कह रहे हैं। यही हाल निजी हॉस्पिटलों का बना हुआ है। यहां भी मरीज उपचार कराने पहुंच रहे है।

## एक नजर

### किसान नेता के खाते से निकाले 57 हजार रुपये

**हसनपुर, अमृत विचार :** साइबर ठगों ने भाकियू शंकर के ब्लॉक अध्यक्ष के खाते से 57 हजार रुपये निकाल लिए। पीड़ित ने साइबर क्राइम थाने में तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की। गुरुवार रात साइबर ठगों ने सैदनगली थाना क्षेत्र के गांव भीकनपुर निवासी भारतीय किसान यूनियन शंकर के ब्लॉक अध्यक्ष धीरज सिंह के पंजाब नेशनल बैंक के खाते से 57606 रुपये निकाल लिए। किसान नेता धीरज सिंह का कहना है कि पांच बार रुपये निकालने के लिए उनसे ओटीपी भी नहीं लिया गया। शुक्रवार को धीरज सिंह सैदनगली थाने पहुंचे तो थाना प्रभारी अशोक कुमार ने अमरोहा साइबर क्राइम थाने में अज्ञात के खिलाफ तहरीर देने की बात कही। पीड़ित ने साइबर क्राइम थाने में अज्ञात ठगों के खिलाफ तहरीर दी है।

### जहरीला चारा खाने से चार मवेशियों की मौत

**हसनपुर, अमृत विचार :** कोतवाली क्षेत्र के गांव में जहरीला चारा खाने से चार पशुओं की मौत हो गई, जबकि एक की हालत गंभीर है। पीड़ित किसान ने चारों पशुओं को दफना दिया। चार पशुओं की मौत से पीड़ित को लाखों का नुकसान हुआ है। कोतवाली क्षेत्र के गांव सतेड़ा में चारा खाने के बाद रामकुवर पुत्र मवासी के चार पशुओं की मौत हो गई। जबकि, एक पशु की हालत नाजुक है। रामकुवर ने पशुओं को गुरुवार शाम अपने खेत से लाकर हरा चारा खिलाया था। इसके बाद से पशुओं की तबीयत बिगड़ने लगी। कुछ देर में ही एक के बाद एक चार पशुओं की मौत हो गई। माना जा रहा है कि चारा जहरीला होने की वजह से मौत हुई। पशुपालन विभाग के अधिकारियों को मामले की जानकारी दी गई है। जबकि एक पशु की हालत नाजुक बनी हुई है। जिसका उपचार किया जा रहा है। किसान रामकुवर का कहना है कि करीब ढाई लाख रुपये का नुकसान हुआ है। उप मुख्य पशुचिकित्सा अधिकारी का कहना है कि चारे का नमूना लेकर जांच के लिए भेजा जा रहा है।

### 27 अगस्त को निकलेगी श्री कृष्णडोल शोभायात्रा

**हसनपुर, अमृत विचार :** शुक्रवार को श्रीराम सेवा समिति की बैठक संगठन के जिला अध्यक्ष पंकज भटनागर के आवास पर हुई। बैठक में पंकज भटनागर ने कहा कि 21 अगस्त से 25 अगस्त तक ठाकुर जी की प्रभातफेरी निकाली जाएगी और शाम को आठ बजे ठाकुर जी की आरती होगी। 27 अगस्त को शिवाला मंदिर से श्रीकृष्ण डोल शोभायात्रा निकाली जाएगी। बैठक में विजय पारछा, मुकुल अग्रवाल, बबलू पाल, आकाश अग्रवाल, आयुष रस्तोगी, जतिन गुर्जर, विनीत कुमार, मोहित सुशील अग्रवाल, गौरव वर्मा, राहुल गुप्ता, पवन चौहान, प्रखर अग्रवाल, सोनू सैनी, पंकज अग्रवाल, पंकज महेश्वरी, संजीव शर्मा, नितिन अग्रवाल आदि रहे।

### अज्ञात वाहन चालक पर रिपोर्ट दर्ज

**रहरा, अमृत विचार :** थाना क्षेत्र के गांव तरौली निवासी कंछिद पुत्र सुखा सिंह ने रहरा थाने में तहरीर दी है कि उनका बेटा मनोज नागर ट्रक पर क्लीनर का कार्य करता था। करीब 15 दिन पहले हसनपुर रहरा मार्ग पर गांव मटीपुरा के सामने मनोज ट्रक के टायर चेक कर रहा था। किसी बीच अज्ञात वाहन ने उसे टक्कर मार दी। जिसकी मौके पर मौत हो गई। थाना अध्यक्ष रमेश सहरावत ने बताया कि कंछिद की तहरीर पर रिपोर्ट दर्ज कर ली गई है।



श्रीवासुदेव तीर्थ मंदिर में जलाभिषेक करते श्रद्धालु। • अमृत विचार



हसनपुर में शिवाला मंदिर में जलाभिषेक करते शिवभक्त। • अमृत विचार



मंदिर में जलाभिषेक के लिए लगी श्रद्धालुओं की कतार। • अमृत विचार

# महादेव के जयकारों के साथ शिवभक्तों ने किया जलाभिषेक

## मंदिरों और नगर में गूंजता रहा जयघोष, दोपहर तक लगी रहीं कतार, महिलाओं ने किया भजन-कीर्तन

**कार्यालय संवाददाता, अमरोहा**

**अमृत विचार :** सावन की शिवरात्रि को लेकर श्रद्धालुओं में उत्साह दिखाई दिया। हरिद्वार व बृजघाट से गंगाजल भरकर लाए शिवभक्त सोमवार तड़के ही शिवालयों में जलाभिषेक के लिए पहुंच गए। बम बम भोले के जयकारों की मंदिरों और नगर में गूंज रही। शिवरात्रि पर गंगाजल लेकर आए शिवभक्तों ने जलाभिषेक कर पुण्य कमाया। मंदिरों में दोपहर तक जलाभिषेक का सिलसिला चलता रहा।

सावन की शिवरात्रि पर शुक्रवार तड़के से मंदिरों में शिवलिंग पर जल चढ़ना आरंभ हो गया था। बृजघाट एवं हरिद्वार से कांवड़ लेकर आए श्रद्धालुओं ने भगवान भोले बाबा को कांवड़ चढ़ाई। इनके अलावा अन्य शिवभक्तों ने भी भगवान को जल एवं दूध चढ़ाया। शहर के प्रमुख मंदिरों में कांवड़ियों के आराम, खाने-पीने और ठहरने की व्यवस्था की गई थी। श्रद्धालुओं ने मंत्रोच्चारण के साथ जलाभिषेक किया। जलाभिषेक के साथ-साथ मंदिरों में अन्य देवी देवताओं की भी पूजा अर्चना की। मंदिरों में दोपहर बाद तक कांवड़ियों की कतार लगी रही। सबसे ज्यादा भीड़ शहर के प्राचीन वासुदेव तीर्थ मंदिर, नौगांवा सादात गजस्थल रही। इस दौरान हजारों श्रद्धालुओं ने जलाभिषेक किया। जिलेभर के दो दर्जन से अधिक मंदिरों में कड़ी सुरक्षा व्यवस्था के बीच जलाभिषेक कराया गया। मंदिरों में सुरक्षा व्यवस्था के कड़े बंदोबस्त किए गए थे। जलाभिषेक करने का सिलसिला दिनभर चलता रहा। शिवालयों में जलाभिषेक के साथ हर-हर महादेव के जयकारे गूंज सुनाई दी। कई मंदिरों में महिलाओं ने भजन कीर्तन भी किया।



कांवड़ियों का स्वागत करते चेयरमैन राजपाल सैनी।



भगवान शिव का जलाभिषेक करते श्रद्धालु। • अमृत विचार



डाक कांवड़ में गंगाजल लेकर आते शिवभक्त। • अमृत विचार

### जत्थे का चेयरमैन ने किया स्वागत

**हसनपुर, अमृत विचार :** नगर से डाक कांवड़ के बैनर तले शिवभक्त गंगोत्री से डाक कांवड़ लेने 25 जुलाई को रवाना हुए थे। शिवभक्त गंगाजल लेकर भोलेनाथ का जलाभिषेक करने के लिए दो अगस्त को नगर पहुंचे। शुक्रवार को शिव भक्तों का नगर पालिका अध्यक्ष राजपाल सैनी ने पुष्पवर्षा से स्वागत किया। अनमोल अग्रवाल ने बताया कि गंगोत्री धाम से यह उनकी द्वितीय डाक कांवड़ है। इस मौके पर संजू यादव, धीरू यादव, शुभम यादव, सतीश यादव, हिमांशु, राहुल, अरुण, पप्पू, राजवीर, विजेंद्र आदि मौजूद रहे।

### शिविरों में श्रद्धालुओं को प्रसाद बांटा

**गजरौला, अमृत विचार :** चाकेश्वर शिव मंदिर सहित अन्य मंदिरों में शुक्रवार को भोर से ही गंगाजल चढ़ना प्रारंभ हो गया था। मंदिरों में कांवड़ियों की लंबी कतार के अलावा क्षेत्रवासियों की भी कतारें लगी रहीं। मंदिरों में समाज सेवियों ने भंडारे एवं प्रसाद के शिविर भी लगाए। चौबारा गांव में स्थित शिव मंदिर पर भी श्रद्धालुओं ने भक्ति भावना के साथ जल चढ़ाया। मोहल्ला अतरपुरा, इंदिरा चौक स्थित गंगा प्याऊ शिव मंदिर, लक्ष्मीनगर स्थित शिव मंदिर पर भी शिवभक्तों की कतारें लगी रहीं।

### भक्तों ने लगाए जयकारे

**हसनपुर, अमृत विचार :** सावन की शिवरात्रि पर शिवभक्तों ने भोलेनाथ का जलाभिषेक कर सुख समृद्धि का आशीर्वाद लिया। शुक्रवार को शिवरात्रि पर जलाभिषेक करने के लिए श्रद्धालुओं और कांवड़ियों की भीड़ उमड़ती रही। भक्तों ने महादेव का जलाभिषेक कर उन्हें बेल पत्र, फूल, कमलगट्टा एवं प्रसाद चढ़कर उनकी आरती की। हरिद्वार एवं बृजघाट से कांवड़ लेकर आए शिवभक्तों ने भी जलाभिषेक के लिए मंदिरों में कतार में लगकर प्रतीक्षा की। शिवाला मंदिर के पुजारी पंडित सतवीर गिरी ने बताया कि हजारों भक्तों ने शिवरात्रि पर भगवान भोलेनाथ का जलाभिषेक किया।

### भक्तों की लगी लंबी कतार

**मंडी धनौरा, अमृत विचार :** शुक्रवार को पत्थरकुटी शिव मंदिर, महादेव मंदिर, नुक्कड़ शिव मंदिर, शिवपुरी शिव मंदिर, भैरो बाबा मंदिर सहित शहर के सभी मंदिरों व शिवालयों में महादेव के जयकारों की गूंज रही। मंगला आरती के बाद भक्तों ने बेलपत्र, पुष्प और गंगाजल से महादेव का अभिषेक कर सुख समृद्धि व परिवार के कल्याण की प्रार्थना की। गंगाजल से और बेलपत्र लिए भक्तों की कतार और जयकारों की गूंज वातावरण को भक्तिमय बना रही थी।

# अनुपस्थित कर्मचारियों का वेतन रोकने के आदेश

**कार्यालय संवाददाता, अमरोहा**



निरीक्षण करते जिलाधिकारी राजेश कुमार त्यागी। • अमृत विचार

- जिलाधिकारी ने कई विद्युत कार्यालयों का किया निरीक्षण
- जिलाधिकारी के निरीक्षण में कई कर्मचारी मिले थे गैरहाजिर

**अमृत विचार :** जिलाधिकारी राजेश कुमार त्यागी ने विद्युत विभाग के कार्यालयों का निरीक्षण किया। इस दौरान सर्विस बुक अधूरी होने, कैश रजिस्टर मेंटेन न होने, अनुपस्थित कर्मचारियों सहित कई कमियां जिलाधिकारी को मिलीं। अनुपस्थित कर्मचारियों के वेतन काटने सहित अन्य कार्रवाई को लेकर अधीक्षण अभियंता विद्युत को निर्देश दिए।

शुक्रवार को जिलाधिकारी राजेश कुमार त्यागी अपनी कार, गनर, अर्दली, सुरक्षाकर्मी सहित सभी स्टाफ कार्यालय छोड़कर अन्य अधिकारी की कार से विद्युत कार्यालय पहुंच गए और निरीक्षण किया। उन्होंने दाऊद सराय उपकेंद्र और अधिशासी अभियंता कार्यालय दाऊद सराय का निरीक्षण किया। इस दौरान जिलाधिकारी अधिशासी अभियंता विद्युत प्रथम कार्यालय पहुंचे जहां पर कोई भी लाइनमैन उपस्थित नहीं मिला। जिस पर जिलाधिकारी ने अधीक्षण अभियंता विद्युत को वेतन काटने के निर्देश दिए हैं। कोई जेई और कार्मिक ड्रेस कोड में नहीं मिला न ही किसी के पास आईडी कार्ड मिला। जिस पर जिलाधिकारी ने नाराजगी व्यक्त कर कड़ी फटकार लगाई और सभी कार्मिकों का आईडी कार्ड जारी करने और ड्रेस में रहने के निर्देश दिए। इस अवसर पर जिलाधिकारी ने पहले मिली शिकायतों का निस्तारण की भी किया। जिलाधिकारी ने कैश काउंटर पर पहुंचकर कैश के बारे में जानकारी ली। इसके बाद सर्विस बुक की जांच की। लेकिन इनमें कोई अपडेट नहीं मिली, साथ ही कर्मचारियों की सेवा पुस्तिकाएं भी अपूर्ण मिलीं। जिस पर जिलाधिकारी ने सम्बन्धित लिपिक से नाराजगी व्यक्त की और फटकार लगाकर शीघ्र पूर्ण करने के निर्देश और अधिशासी अभियंता को कार्रवाई के निर्देश दिए। इसके बाद जिलाधिकारी दाऊद सराय में अधिशासी अभियंता विद्युत कार्यालय में पहुंचे। दाऊद सराय कार्यालय में उपस्थिति पंजिका, सेवा पुस्तिका, कैश रजिस्टर सहित अन्य महत्वपूर्ण अभिलेखों को देखा और सम्बन्धित लिपिक को बुलाकर जानकारी हासिल की। सर्विस बुक में कर्मचारियों का डाटा अपडेट न होने, इंक्रीमेंट व अवकाश सहित अन्य विवरण पूर्ण न किए जाने पर संबंधित लिपिक को फटकार लगाई। जिलाधिकारी ने लापरवाही में सुधार न होने पर कार्रवाई की चेतावनी दी। जिलाधिकारी ने कहा कि अधीक्षण अभियंता सभी विद्युत कार्यालय व्यवस्था में सुधार करें, स्वयं गंभीरता के साथ समय-समय पर कार्यालयों का निरीक्षण करें और कार्य को सुधारें।

### निकाह के 10 साल बाद भी संतान न होने पर दिया तीन तलाक

**अमरोहा, अमृत विचार :** अमरोहा देहात थाना क्षेत्र में निकाह के 10 साल बाद भी संतान न होने पर विवाहिता को तीन तलाक देने के बाद घर से निकाल दिया। महिला की तहरीर पर पुलिस ने मामले में पति और सास के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज की है।

मोहल्ला रफतपुर निवासी नगमा पुत्री शरीफ का निकाह 10 साल पहले नगर के मोहल्ला कटरा बख्तावर सिंह निवासी जुबैर के साथ हुआ था। निकाह के बाद कोई संतान न होने पर उसको दहेज के लिए आए दिन प्रताड़ित किया जाने लगा। विवाहिता का आरोप है कि पति ने उसको संतान न होने पर तीन तलाक देकर घर से बाहर निकाल दिया और दहेज लाने की मांग कर रहे थे। पीड़िता ससुराल से निकाल दिए जाने पर मायके में आकर रहने लगी। यह मामला 30 जुलाई का है। विवाहिता की तहरीर पुलिस ने मामले को दर्ज करके जांच शुरू कर दी है। पुलिस क्षेत्राधिकारी अरुण कुमार ने बताया के विवाहिता की तहरीर पर पति जुबेर और सास पर रिपोर्ट दर्ज की गई है।



सैदनगली में नोहा ख्वानी करते अजादार। • अमृत विचार

# इमाम हुसैन की शहादत का जिक्र सुनकर अजादार रोये

**संवाददाता, सैदनगली**

**अमृत विचार :** कस्बे में 25 मुहर्रम को चौथे इमाम हजरत जैनुल आबेदीन की यौमे शहादत पर शबबेदारी हुई और शबीहे ताबूत बरामद हुआ।

पहले इमामबार गाह फातेमा दक्षिण में मजलिस हुई। जिसमें मर्सिया ख्वानी डॉ. लईक हैदर और हमनवा ने पढ़ा। मजलिस को खिताब करते हुए डॉ. अहमद मुर्तजा ने कहा कि चौथे इमाम का नाम अली है और लकब जैनुल आब्दीन, सैय्यदे सज्जाद, बीमारे कर्बला है। इमाम की शहादत 25 मुहर्रम को हुई थी। शहादत का जिक्र सुनकर अजादार रोये और सारी रात मातम किया। मकामी अंजुमन पंजेतनी के अलावा मेहमान अंजुमन सिपाहे हुसैनी सुल्तानपुर, अंजुमन सादाते कर्बला बुकनाला, अंजुमन पंजेतनी सिरसी, अंजुमन हाशमी इक्रोटिया आदि ने नोहे पढ़े और मातम किया।

## कार्यक्रम

### राजर्षि पुरुषोत्तम दास टण्डन की 142वीं जयंती मनाई

# हिंदी के सच्चे सिपाही थे पुरुषोत्तमदास टण्डन

**कार्यालय संवाददाता, अमरोहा**



खत्री धर्मशाला में आयोजित कार्यक्रम में मौजूद लोग। • अमृत विचार

- मेधावी विद्यार्थियों को पुरस्कार देकर सम्मानित किया

**अमृत विचार :** राष्ट्रभाषा हिन्दी के उन्नायक, भारत रत्न राजर्षि पुरुषोत्तमदास टण्डन की 142वीं जयंती मनाई गई। इस अवसर पर खत्री सभा के तत्वावधान में खत्री धर्मशाला बड़ा बाजार में कार्यक्रम हुआ। जिसमें राजर्षि पुरुषोत्तमदास टण्डन की फोटो पर माल्यार्पण करके उनको याद किया गया।

कार्यक्रम में मुख्य अतिथि एडीएम न्यायिक माया शंकर यादव रहे। उन्होंने कार्यक्रम में कहा कि राजर्षि पूरे राष्ट्र के लिए पूज्यनीय है। नगर पालिका के ईओ डॉ. बृजेश कुमार ने कहा कि हम सभी को राजर्षि के जीवन से प्रेरणा लेनी चाहिए। कार्यक्रम में विशिष्ट अतिथि पूर्व जिला पंचायत अध्यक्ष शिव स्वरूप टंडन रहे। उन्होंने कहा कि राजर्षि हिंदी के सच्चे सिपाही थे। इस अवसर पर नगर के प्रसिद्ध कवियों द्वारा काव्य पाठ भी किया गया। खत्री समाज के मेधावी विद्यार्थियों को पुरस्कार देकर सम्मानित किया गया। खत्री सभा कोर कमेटी के अध्यक्ष विमल टंडन ने कहा की राजर्षि के सिद्धांतों पर चलना उनके लिए सच्ची श्रद्धांजलि है। कार्यक्रम में अन्य वक्ताओं ने भी राजश्री के जीवन के प्रसंग को साझा किया। मुख्य वक्ताओं में प्रोफेसर डॉ. वंदना रानी गुप्ता, प्रोफेसर डॉ. सुधांश शर्मा, प्रोफेसर डॉ. बीना रुस्तगी, प्रवीण आर्य आदि उपस्थित रहे। खत्री सभा के अध्यक्ष मनोज टंडन ने सभी अतिथियों का धन्यवाद किया। कार्यक्रम का संचालन करते हुए कार्यक्रम के संयोजक डॉ. मनीष टंडन ने कहा कि राजर्षि का स्मरण मात्र ही तन मन में एक ऊंचाई और गहराई का एहसास कर देता है। इस अवसर पर अनिल स्वरूप टंडन, विकास टंडन, दिलीप टंडन, संकेत टंडन, प्रदीप कुमार टंडन, संजय टंडन, गौरव कपूर आदि मौजूद रहे।

### संगठन की मजबूती को चलाया सदस्यता अभियान

**बुरावली, अमृत विचार :** भारतीय किसान यूनियन भूमि ने संगठन को मजबूत करने के लिए सदस्यता अभियान चलाया। भूमि के राष्ट्रीय अध्यक्ष खचेडू सिंह एवं प्रदेश अध्यक्ष शीशपाल सिंह के नेतृत्व में प्रदेश संगठन मंत्री गजेंद्र विधूड़ी ने सदस्य बनाओ अभियान के तहत लोगों को संगठन की सदस्यता दिलाई।

डॉ. राजेश पायला निवासी जेबड़ा मुस्तकाम को मंडल महासचिव मनोनीत किया गया। खालिद निवासी बुरावली को जिला उपाध्यक्ष, शादाब निवासी गंगवार को मंडल महासचिव, सोहित भाटी निवासी पतेई खादर को जिला महासचिव के पद पर मनोनीत किया। इस दौरान प्रदेश संगठन मंत्री गजेंद्र विधूड़ी ने कहा कि संगठन से लोगों को जोड़कर किसानों की लड़ाई को मजबूती के साथ लड़ा जाएगा। जल्द ही अन्य क्षेत्रों में सदस्यता अभियान चलाकर संगठन को मजबूत किया जाएगा।

# पांच दिन बाद भी चोरी की घटनाओं का खुलासा नहीं

**संवाददाता, हसनपुर**

**निराशा**

- दो गांवों के पांच घरों को चोरों ने बनाया था निशाना
- 24 और 25 जुलाई की रात चोरों ने की थी लाखों की चोरी

**अमृत विचार :** कोतवाली क्षेत्र के दो गांवों के पांच घरों को निशाना बनाकर चोरों द्वारा लाखों रुपये की चोरी की घटना को अंजाम दिया गया था। पुलिस द्वारा पीड़ितों की तहरीर पर रिपोर्ट दर्ज कर जल्द खुलासा करने की बात कही थी। लेकिन पांच दिन बीत जाने के बाद भी खुलासा न होने के कारण पीड़ितों में नाराजगी है।

24 जुलाई की रात चोरों ने कोतवाली क्षेत्र के गांव मछरई में तीन घरों में लाखों रुपये की चोरी की थी। 25 जुलाई की रात को चोरों ने गांव बावनखेड़ी में तीन घरों पर कहर बरसाते हुए यहां से भी लाखों की चोरी कर ली थी। 26 जुलाई की देर सांय गांव बसी कलां में बदमाशों ने युवक की पिटाई कर उसे घायल करने के बाद उसके घर से जेवर मंगवा लिए थे। साथ ही युवक को जान से मारने की धमकी भी दी थी। लगातार चोरी की वारदातें होने के कारण ग्रामीण दहशत में है। वहीं, पांच दिन बीत जाने के बाद भी कोतवाली पुलिस आरोपियों से कोसों दूर नजर आ रही है और खुलासा नहीं कर पाई, वह सिर्फ अंधेरे में तीर चला रही है। वहीं, पुलिस के अज्ञात चोरों के खिलाफ कोई भी सख्त कार्रवाई न करने के कारण पीड़ितों एवं ग्रामीणों में काफी रोष है। पुलिस क्षेत्राधिकारी दीप कुमार पंत ने बताया कि पीड़ितों की तहरीर पर अज्ञात पर मुकदमा दर्ज कर लिया गया है और जल्द ही पुलिस घटनाओं का खुलासा करेगी।

### नौगांवा सादात में फिर दिखाई दिया तेंदुआ

**अमरोहा, अमृत विचार :** नौगांवा सादात थाना क्षेत्र में सड़क किनारे तेंदुआ दिखाई देने से लोगों में दहशत है। जानकारी मिलने पर वन विभाग के अधिकारी व कर्मचारी मौके पर पहुंच गए और तेंदुए को पकड़ने के लिए जंगल में जाल लगाया है।

गुरुवार रात 11 बजे करीब गांव रजाकपुर निवासी दीपक अमरोहा से अपने रिश्तेदार के यहां से घर लौट रहा था। जब वह कार से रजाकपुर चौराहे पर पहुंचा तो उसने सड़क किनारे तेंदुए को बैठा हुआ। तब उसने कार को रोक दिया और उसका वीडियो बनाकर तुरंत वन विभाग के अधिकारियों के मोबाइल पर भेज दी। डीएफओ एसपी सिंह ने बताया कि तेंदुए को पकड़ने के लिए टीम बनाई है और जल्द उसको पकड़ लिया जाएगा। ज्ञात हो कि दो दिन पहले भी क्षेत्र में तेदुआ दिखाई दिया था। क्षेत्र में तेंदुए के होने की खबर से ग्रामीण घरों से निकल कर जंगल नहीं जा पा रहे हैं। नहर वाले मार्ग पर रात के समय यातायात को बंद किया जा रहा है।

भोज्यं भोजनशक्तिश्च रतिशक्तिर वरांगना।
विभवो दानशक्तिश्च नाऽल्पस्य तपसः फलम्॥

भोज्य पदार्थ, भोजन-शक्ति, रतिशक्ति, सुंदर स्त्री, वैभव तथा दान-शक्ति, ये सब सुख किसी अल्प तपस्या का फल नहीं होते।

## संपादकीय

# नदी जोड़ो मुहिम

दुनिया में उपलब्ध पानी का लगभग चार प्रतिशत ही भारत के पास है। इस पर भी करोड़ों क्यूबिक यह पानी हर साल बहकर समुद्र में बर्बाद हो जाता है। देश में बेहतर जल प्रबंधन के लिए नदियों को आपस में जोड़ना महत्वपूर्ण भूमिका निभा सकता है। समय-समय पर नदी-जोड़ो परियोजना को लेकर चर्चा होती रहती है। केंद्रीय कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने शुक्रवार को राज्यसभा में कहा कि सबसे पहले गुजरात के मुख्यमंत्री रहते हुए नरेंद्र मोदी ने नदी जोड़ो मुहिम की शुरुआत नर्मदा नदी के पानी से की। नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में केन और बेतवा नदी को जोड़ने के प्रोजेक्ट को भी स्वीकृति दे दी गई है। जल संसाधन मंत्रालय की ओर से कई बार संसद में कहा जा चुका है कि नदी जोड़ो परियोजना वरदान साबित हो सकती है। नदियों को आपस में जोड़ना उन क्षेत्रों से अतिरिक्त पानी को स्थानांतरित करने का एक तरीका है, जहां बहुत अधिक वर्षा होती है। इससे देश के कई हिस्सों में जल संकट को हल करने में भी मदद मिलेगी। परियोजना से जलविद्युत उत्पादन में भी मदद मिलेगी। एक अनुमान के अनुसार यदि पूरी परियोजना को अंजाम दिया जाए तो इससे लगभग 34000 मेगा वाट बिजली पैदा की जा सकती है। जब यह सवाल उठता है कि क्या नदियों को जोड़ने से सूखे और बाढ़ का प्रभाव कम होगा? तो केंद्र सरकार का सीधा जवाब होता है यह बाढ़ और सूखे दोनों को नियंत्रित कर सकता है।

वास्तव में यह अपने किस्म की एक अनूठी योजना है। परियोजना में लगभग 3000 भंडारण बांधों के नेटवर्क द्वारा भारत की 37 नदियों को आपस में जोड़कर जल-अतिरिक्त बेसिन से पानी की कमी वाले बेसिन में पानी के हस्तांतरण की परिकल्पना की गई है। गंगा-ब्रह्मपुत्र नदी प्रणाली में बाढ़ को नियंत्रित करने के अलावा, यह राजस्थान, हरियाणा और गुजरात के सूखा प्रभावित क्षेत्रों को भी लाभान्वित करेगा। गंगा-ब्रह्मपुत्र में हर साल आने वाली बाढ़ के कारण बिहार और असम सबसे अधिक प्रभावित होते हैं। इसके उप-घटक के तौर पर गंगा की पूर्वी सहायक नदियों को साबरमती और चंबल नदी प्रणालियों से जोड़ना भी लक्षित है। पर्यावरणविदों को डर है कि यह परियोजना पूरे पारिस्थितिकी तंत्र को बदल देगी। योजना के क्रियान्वयन में सबसे बड़ी चुनौती विस्थापन एवं पुनर्वास का मुद्दा है। परियोजना एक बड़ी चुनौती तो है ही, लेकिन साथ में यह जलवायु परिवर्तन से उत्पन्न होने वाले जल संबंधित मुद्दों को हल करने का एक अवसर भी है। अतः इस पर गंभीरता से विचार करने की जरूरत है और यह गंभीरता उस हद तक जायज कही जा सकती है, जहां नुकसान कम लेकिन फायदे ज्यादा होंगे।

# भूस्खलन के परिणाम और समाधान



गुंजन मिश्र
पर्यावरणविद

भूविज्ञान,आकृति विज्ञान और मानव गतिविधियों के आकड़ों के हिसाब से देखा जाए तो ये जानकारी राज्य और केंद्र सरकारों के पास पहले से उपलब्ध है कि पूरा पश्चिमी घाट, जो कि देश के छह राज्यों गुजरात,महाराष्ट्र, गोवा, तमिलनाडु, कर्नाटक और केरल में फैला हुआ है।

आजकल भूस्खलन की घटनाएं जलवायु स्थांतरण के कारण बारिश की तीव्रता व अनियमितता को देखते हुए कुछ ज्यादा बढ़ गई है। खासतौर पर हिमालयन क्षेत्र में। हाल ही में जो घटनाएं हिमाचल में हुईं उससे स्पष्ट है कि अब जो भी योजनाएं हैं,उनका लाभ-हानि का विश्लेषण पूरी तरह स्थानीय लोगों की भागीदारी व पारदर्शिता के साथ किया जाए। कुल्लू,मंडी और शिमला जिलों में बादल फटे इससे न सिर्फ आर्थिक,बल्कि जान-माल का भी काफी नुकसान हुआ। ऐसा ही कुछ हाल केरल के वायनाड जिले में भी हुआ। इन सब स्थानों पर बारिश से कई घर,पुल और सड़कें बह गईं,सैंकड़ों लोगों को अपनी जान से हाथ धोना पड़ा एवं हजारों लोग अभी भी गुम है।

भूविज्ञान,आकृति विज्ञान और मानव गतिविधियों के आकड़ों के हिसाब से देखा जाए तो ये जानकारी राज्य और केंद्र सरकारों के पास पहले से उपलब्ध है कि पूरा पश्चिमी घाट, जो कि देश के छह राज्यों गुजरात,महाराष्ट्र, गोवा, तमिलनाडु, कर्नाटक और केरल में फैला हुआ है। देश में भूस्खलन के मामले में हिमालय के बाद दूसरे नंबर पर आता है यानी हिमालय राज्यों के साथ पश्चिमी घाट वाले राज्य भी भूस्खलन को लेकर बहुत ही संवेदनशील है। इसको अगर केरल के परिपेक्ष्य में देखा जाए तो केरल में लगभग 19000 वर्ग किलोमीटर का पहाड़ी इलाका है, जिसका ढलान 10 डिग्री से अधिक है,राज्य को भूस्खलन को और बढ़ावा देता है। यही कारण है कि केरल का यह क्षेत्र पारिस्थितिक संवेदनशील जोन एक में आता है। केरल में इसके पहले भी 2018 में 104 और 2019 में 120 मौतें भूस्खलन से हुई हैं।

जियोलॉजिकल सर्वे ऑफ इंडिया की रिपोर्ट 2021 के अनुसार केरल के पूरे क्षेत्रफल का 43 फीसदी हिस्सा भूस्खलन संभावित क्षेत्र है। वैज्ञानिकों द्वारा 17 राज्यों दो केन्द्र शासित प्रदेशों के 147 जिलों में वर्ष 1998 से 2022 के बीच 80,000 भूस्खलन की घटनाओं के आधार पर जोखिम का आकलन किया है,जिसमें पता चला कि उत्तराखंड,केरल,जम्मू कश्मीर, मिजोरम,त्रिपुरा,नागालैंड और अरुणाचल प्रदेश में सबसे अधिक भूस्खलन की घटनाएं हुई हैं। सर्वाधिक भूस्खलन वाले राज्यों की सूची में पहले नंबर पर मिजोरम,दूसरे पर उत्तराखंड और तीसरे पर केरल है। भारत विश्व के शीर्ष पांच भूस्खलन संभावित देशों में से एक है। भूस्खलन के प्राकृतिक कारण जैसे अतिवृष्टि,भूकंप,बाढ़ आदि तो है। परंतु पहाड़ी और पर्वतीय क्षेत्रों में आबादी बढ़ने के साथ ही भूस्खलन को सतत विकास के दृष्टि से भी समझना आवश्यक है, जिसमें अनियंत्रित उत्खनन, पहाड़ियों और पेड़ों की कटाई, अत्यधिक बुनियादी ढांचे का विकास, जलवायु परिवर्तन के कारण बारिश का पेटर्न बदल जाना शामिल है। कई पहाड़ी इलाकों में भवन निर्माण से जुड़े नियम नहीं है अगर है तो प्रभावी ढंग से क्रियान्वयन नहीं होता है।

भूस्खलन को उनकी गति के प्रकार के आधार पर वर्गीकृत किया जाता है। गति के मुख्य प्रकार गिरना, लटपटाना, फिसलना और प्रवाह हैं। इन क्रियाओं को कुछ इस तरह समझा जा सकता है जैसे गिरनाः मिट्टी, मलबे और चट्टान के भार का अचानक हिलना है,जो ढलानों और चट्टानों से टूट जाता है। यह यांत्रिक अपक्षय, भूकंप और गुरुत्वाकर्षण बल के परिणामस्वरूप होता है। स्लाइडः यह एक प्रकार का सामूहिक आंदोलन है,जिसके तहत फिसलने वाली सामग्री अंतर्निहित स्थिर सामग्री से अलग हो जाती है। लटपटानाः टॉपल विफलता में ढलान से चट्टान,मलबे और पृथ्वी के विशाल द्रव्यमान का आगे की ओर घूमना और गति शामिल है। इस प्रकार की ढलान विफलता चट्टान के खंड के निकट या नीचे एक अक्ष के आसपास होती है। प्रवाहः इस प्रकार के भूस्खलन को पांच में वर्गीकृत किया गया है, पृथ्वी प्रवाह, मलबा हिमस्खलन, मलबा प्रवाह, कीचड़ प्रवाह और रेंगना, जिसमें मौसमी, निरंतर और प्रगतिशील शामिल हैं। भारत में पिछले 7 सालों में कुल 3782 भूस्खलन की घटनाएं हुई थी,जिसमें सिर्फ केरल में 2239 घटनाएं हुईं थी। इसका मतलब सिर्फ केरल में 60 प्रतिशत भूस्खलन की घटनाएं हुईं थीं,जबकि भूस्खलन के मामले में हिमालय सबसे ज्यादा संवेदनशील है।

यही सब कारण है कि विश्व बैंक ने चरम जलवायु परिस्थितियों को बेहतर तरीके से प्रबंधन करने के लिए ईपीआईसी (सक्षम करें, योजना बनाएं, निवेश करें और नियंत्रण करें) की रूपरेखा को लागू किया था। इतना ही नहीं केंद्रीय पर्यावरण मंत्रालय द्वारा दिशा-निर्देशों का प्रावधान भी किया गया है। इसके बावजूद केंद्र व राज्य सरकारों द्वारा नियमों और कानूनों को ताक पर रखकर परियोजनाओं को मंजूरी दे दी जाती है,जबकि 2011 में एक पैनल द्वारा जो रिपोर्ट जारी की गई उसके अनुसार केरल का पहाड़ी क्षेत्र बहुत ही ज्यादा पारिस्थितिक संवेदनशील है। इसीलिए खनन,बालू और पत्थर निकालने व जल और हवा बिजली प्रोजेक्ट्स पर रोक लगाने की अनुशंसा की गई थी,लेकिन 14 साल का समय गुजर जाने के बाद भी पैनल की अनुशंसा लागू नहीं की गई। यही कारण है कि आज भी पहाड़ियों का विनाश, सड़क निर्माण, पहाड़ी क्षेत्रों में भूमि का विस्तार एवं एक बड़े भू भाग में एकल फसल को बढ़ावा दिया जा रहा है। वैसे भी अरेबियन समुद्र गहरे बादल प्रणाली बनाता है,जिससे कारण अत्यधिक बारिश होती है,जो भूस्खलन का कारण बनती है। इसके अलावा अरब सागर का तापमान बढ़ने के कारण ऊष्मप्रवैगिकी (थर्मोडायनामिक्स) रूप से क्षेत्र को अस्थिर बनाता है,जिससे बाढ़ और सुखाड़ जैसी घटनाएं बढ़ जाती हैं। वायनाड जिले में भूस्खलन का एक मुख्य कारण जंगलों का क्षेत्रफल कम होना भी है,क्योंकि पिछले 70 वर्षों में वन आवरण 62 प्रतिशत कम हो गया है। कभी इस क्षेत्र में 85 प्रतिशत जंगल हुआ करते थे। सड़क निर्माण एवं जल बिजली योजनाओं के कारण जो टनल बनाई जाती है,ये टनल मिट्टी की पाइपिंग की घटनाओं को जन्म देती है,जिससे भूस्खलन की घटनाओं में वृद्धि होती है। इसके अलावा बड़ी मशीनों के चलने के कारण जो कंपन व स्पंदन होता है यह भी भूकंप की तरह प्रभाव डालता है। इसके अलावा हिमालय पर्वतों से भी पुराना पश्चिम घाट,जिसके संरक्षण के लिए भारत सरकार द्वारा 2011 में गाडगिल और 2013 में कस्तूरी रंगन समिति का गठन किया था।

बरगी बांध विस्थापित एवं प्रभावित संघ मांग करता है कि दोनों समितियों के सुझावों को तत्काल लागू किया जाए,जो इस प्रकार है 'सभी पश्चिम घाटों पारिस्थितिकी संवेदनशील क्षेत्रों के रूप में घोषित किया जाए। केवल सीमित क्षेत्रों में सीमित विकास की अनुमति हो। खनन,उत्खनन और रेत खनन पर पूर्ण प्रतिबंध लगाया जाए। स्पष्ट है कि सरकारों को तत्काल प्रभाव से भूमि और जल प्रबंधन पर बड़े पैमाने पर कार्य करने कि जरूरत है। इसके अलावा भूस्खलन से संवेदनशील राज्यों को भूमि उपयोग जोनिंग प्रतिबंध लागू करना चाहिए एवं भूस्खलन संवेदनशीलता मानचित्र को ध्यान में रखकर विकास के कार्य किए जाए। तभी भूस्खलन जैसी घटनाओं से होने वाली तबाही को रोका जा सकता है।

## प्रसंगवश

# अंगदान में दान की समस्या

आधुनिक चिकित्सा जगत में तकनीकी की प्रगति और अनुसंधानों से गंभीर बीमारियों का भी इलाज संभव हो सका है। इसमें अंग प्रत्यारोपण के क्षेत्र में भी आज चिकित्सा जगत काफी सक्षम हुआ है,परंतु विभिन्न बीमारियों तथा खराब जीवनशैली के कारण बहुत सारे मरीजों के अंग खराब होने की स्थिति में बड़ी संख्या में अंग प्रत्यारोपित न हो पाने के कारण लाखों लोग काल के गाल में समाते जा रहे हैं।



मोहन सिंह बिष्ट
पत्रकार

'अंग प्रत्यारोपण' हेतु प्रतीक्षित एक लिवर सिरोसिस से पीड़ित युवा के इलाज हेतु सहायता के लिए प्रयास करते समय मुझे इस भयावह स्थिति का पता चला कि आज आधुनिक चिकित्सा जगत में उच्च तकनीकी होने के बावजूद इसका लाभ समाज को उस मात्रा में नहीं मिल पा रहा, जितनी की पीड़ित व्यक्तियों को आवश्यकता है। इस प्रकरण में मैंने महसूस किया कि अंगदान पर सरकार बड़े-बड़े जागरूकता अभियान चलाती है। कई स्वयं सेवी संस्थाएं यहां तक अंतर्राष्ट्रीय संस्था रेडक्रास सोसायटी भी इस मिशन के लिए बढ़ चढ़कर कार्य करती है,लेकिन इसके बावजूद भारत वर्ष में प्रति वर्ष लाखों लोग अंग प्रत्यारोपण के अभाव में दम तोड़ते देखे जा सकते हैं,इसका सबसे बड़ा कारण डोनर की अनुपलब्धता है। परिवार में डोनर न मिल पाने कारण बड़ी संख्या में लोग तकनीकी होने के बावजूद मृत्यु को प्राप्त हो रहे हैं।

3 अगस्त को अंतर्राष्ट्रीय अंगदान दिवस के अवसर पर सरकारी-गैर सरकारी संस्थाओं द्वारा अंगदान के लिए आमजन को जागरूक करने के लिए विभिन्न प्रकार के जागरूकता कार्यक्रम किए जाते हैं। इस प्रकार के कार्यक्रम रस्म अदायगी भर लगते हैं। ऐसे गंभीर प्रकरणों में जिसमें लाखों लोगों के जीवन को बचाया जा सकता है, पूरे वर्ष भर कार्य और प्रयास किए जाने चाहिएं। वर्तमान में उन लोगों को भी अंगदान जागरूकता अभियान के लिए आगे आना चाहिए। जागरूकता से ही लाखों लोगों की जिंदगी को बचाया जा सकता है।

# हम बड़े कि तुम



महेश चंद्र द्विवेदी
सेवानिवृत्त आईपीएस, लखनऊ

अंग्रेजों की मजबूरी थी,क्योंकि उनको मुट्ठी भर अंग्रेज आईसीएस अधिकारियों के द्वारा संपूर्ण प्रशासन को नियंत्रण में रखना होता था।

प्रशासन के कुछ विभाग और उनके अधिकारी बड़प्पन लेकर पैदा होते हैं। कुछ अपने कार्यों से बड़प्पन प्राप्त करते हैं और कुछ बड़प्पन छीन कर अपने को बड़ा बना लेते हैं। वैसे आजकल के छीनाझपटी के जमाने में बड़प्पन छीने जाने पर ज्यादा जोर है। अधिकारियों में छोटे-बड़े की मानसिकता प्रशिक्षण के दिनों से ही घर करा दी जाती है। यह मानसिकता अंग्रेजी जमाने में अंग्रेजों द्वारा प्रशासन व्यवस्था में जानबूझकर डाली जाती थी। स्वतंत्रता के उपरांत प्रशासनिक ढांचे में कोई मूलभूत परिवर्तन न होने के कारण यह मानसिकता यथावत विद्यमान है।

अंग्रेजों की मजबूरी थी,क्योंकि उनको मुट्ठी भर अंग्रेज आईसीएस अधिकारियों के द्वारा संपूर्ण प्रशासन को नियंत्रण में रखना होता था। स्वतंत्रता के उपरांत सभी विभागों के अधिकारियों को यह ज्ञान हो गया कि आईएएस (आईसीएस के उत्तराधिकारी) में राजनेताओं से निकटता एवं उन्हें प्रसन्न रखने की पटुता के अतिरिक्त न तो ऐसी कोई विशेष योग्यता है और न ऐसे सुर्खाब के पर लगे हैं कि समस्त प्रशासन का नियंत्रण उनके हाथ में रहे और समस्त सर्वोच्च पदों का पट्टा उनके नाम लिख दिया जाए। चूंकि अब उनका चयन और प्रशिक्षण इंग्लैंड के बजाय इंडिया में ही होने लगा है और अधिकतर ने अंग्रेजों के दृढ़ता और देशप्रेम के सद्गुणों को उनके देश से जाते ही त्याग दिया है। अतः अंग्रेजियत का मुलम्मा भी उनके चेहरों पर से धुल गया है। इस कारण बड़प्पन प्राप्त करने अथवा ओढ़ लेने का क्षेत्र आईएएस की बपौती न रहकर प्रतिस्पर्धा का विषय बन गया है। इसमें सबसे पहले बाजी न्याय विभाग मार ले गया है, जो हर तरह से स्वतंत्र हो गया है। अन्य विभाग भी यहां वहां पंख फड़फड़ाने में सफल हुए हैं। कहते हैं कि किसी खतरे से बचाने के लिए सांप अपने अंडों के चारों ओर कुंडली मारकर बैठ जाता हैं,जिससे कोई अंडा कुंडली के बाहर न निकल सके। अब अधिकारों को फिसलते देखकर आईएएस अधिकारी भी सांप की तरह कुंडली मारकर बैठ गए हैं कि कोई विभाग अथवा उच्च पद उनके नियंत्रण से बाहर न चला जाए। वे अपने सामूहिक छल-बल, साम, दाम, दंड ,भेद का प्रयोग कर और शासकों को अपनी मुट्ठी में रखकर प्रशासनिक आयोग, पुलिस आयोग आदि की विभिन्न विभागों को स्वायत्तता देने संबंधि संस्तुतियों को कार्यान्वित नहीं होने देते हैं, वरन इंजीनियरिंग,मेडिकल, विज्ञान आदि विभागों में भी प्रशासनिक अधिकारी के पद पर आईएएस को बिठाकर उन्हें भी अपनी कुंडली में समेट लेने में सफल हुए हैं।

चूंकि भारत में शक्ति पूजा का अभिप्राय शक्ति प्राप्त करना न होकर शक्ति की देवी से भय खाना होता है। अतः जब तक अन्य विभागों को 'शक्तिवान' आईएएस अपने नियंत्रण में रखने में सफल हैं, अन्य विभाग उनके भय से उनकी पूजा करते रहते हैं और उनके अनुचित आदेशों का विरोध नहीं कर पाते हैं। अंग्रेजों द्वारा हमारे देश पर थोपी व्यवस्था के अनुसार जनपदों में शांति बनाए रखने हेतु एसपी और डीएम दोनों को उत्तरदायी बनाया गया है। अतः मन या बेमन से एसपी और डीएम को दिन-प्रतिदिन साथ-साथ काम करना ही पड़ता है। इसलिए उनके बीच 'हम बड़े कि तुम' की समस्या भी आ जाती है। यह समस्या दोनों के कार में बैठने की पोजीशन,मीटिंग में कुर्सी की स्थिति, पत्र में किए गए संबोधन, दूसरे के कार्य मे दखलंदाजी, लेडीज क्लब में मेम साहिबान के बनाव-श्रृंगार का अंतर आदि अनेक कारणों से उत्पन्न हो सकती है। समुचित वातावरण में खाद पानी पाकर आपसी मनमुटाव होने,एक दूसरे की शिकायत करने,मेम साहिबाओं की आपसी बोलचाल बंद होने,एक दूसरे को नीचा दिखाने और स्थानांतरित करा देने आदि अनेक रूपों मे प्रकट हो सकती है।

आजकल 'बड़प्पन' की एक पहचान कार में लगी लाल-नीली बत्ती भी हो गई है। हमारे देश में मान्यता हो गई है कि 'या तो आप के पास हो लाल-नीली बत्ती की कार नहीं तो आप अधिकारी हैं,बिल्कुल बेकार'। गैंगस्टर और आतंकवादी भी इसको जान गए हैं और अपनी कारों में बत्तियां लगाकर हत्या,अपहरण, तस्करी या लूट करने के बाद धड़ल्ले से भागने मे सफल हो जाते हैं। यदि कोई हिम्मत वाला पुलिस कांस्टेबल उन्हें रोककर पूछताछ करना चाहे, तो 'जानते नहीं जज साहब, मेयर साहब या विधायक जी की गाड़ी है' कहकर हड़का लेते हैं। देश के जनसेवक एवं जननायक सचमुच बड़े हैं,क्योंकि उन्हें अपने बड़प्पन का सदैव ख्याल रहता है। कोई दूसरों के कार्यक्षेत्र में दखल देकर अपने को बड़ा कर रहा है,कोई बड़ा घूसखोर बनकर बड़ा हो रहा है और कोई लाल-पीली बत्ती लगाकर दूसरों पर लाल-पीला हो रहा है। बड़े होने की यह प्रतिस्पर्धा इतनी तीव्र है कि लगता है कि शीघ्र ही बड़ों की ऐसी भरमार हो जाएगी कि छोटों का इस देश में जीना दूभर हो जाएगा।

## सोशल फोरम

# शिक्षा और मतभेद

जहां दो जीवंत व्यक्ति एक साथ रहेंगे, वहां मतभेद होगा। मतभेद जीवंतता की सूचक है। जहां समूह साथ काम करता हो और मतभेद न हो तो समझना चाहिए कि लोग या तो मुर्दा हैं या दबा दिए गए हैं। मतभेद अच्छा भी है और बुरा भी। उसकी अच्छाई या बुराई उसके उपयोग पर निर्भर है। अगर व्यक्ति मतांध है तो मतांतर बुरा परिणाम लाएगा। कोई एक-दूसरे को सुनने और ठीक से समझने की कोशिश नहीं करेगा। अपने मत पर अड़ा रहेगा।



मटुक नाथ चौधरी
सेवानिवृत्त प्रोफेसर

अड़ा भी रहे तो ज्यादा नुकसान नहीं होगा। दोनों सिर्फ अलग हो जाएंगे और मतभेद का जो फायदा होता है,वह नहीं ले पाएंगे,लेकिन मतभेद नुकसान तब पहुंचाता है,जब वे एक-दूसरे को अपने पक्ष में करने की कोशिश करने लगते हैं। कोई किसी को मानने के लिए तैयार नहीं होगा,लेकिन मनवाने की कोशिश जारी रहेगी। संघर्ष शुरू हो जाएगा। पहले कड़े शब्दों में आरोप-प्रत्यारोप होंगे। फिर गाली-गलौज। अगर यह सबकुछ फेसबुक या व्हाट्सएप पर हो रहा है, देख लेने की धमकी दी जाएगी और अंत में ब्लॉक करके कुछ देर तक बुदबुदाएंगे। अपने निकट के लोगों के बीच लिखित या मौखिक शिकायत तब तक जारी रखेंगे, जब तक मन का बोझ कुछ उतर न जाए। यदि यह सब कुछ आमने-सामने हो रहा है या विधानसभाओं और संसद भवन में हो रहा है तो हाथापाई, मार-पीट, गुत्थमगुत्थी, कपड़फोड़ी, कुर्सी फेंका -फेंकी और कभी-कभी हत्या भी हो जाएगी।

यह सब कुशिक्षा का परिणाम है। यह तब तक होता रहेगा,जब तक बच्चों को आरंभ से ही सही ढंग से वाद-विवाद करना सिखाया जाएगा। जब दूसरों को सुनो तो अपने मत को भूल जाओ। उसे किनारे कर दो। पूरी तरह खाली हो जाओ। जब तक तुम्हारा मत तुम्हारे मन में सीना तानकर खड़ा रहेगा,तब तक दूसरे का मत तुम्हारे भीतर प्रवेश नहीं कर पाएगा। इसलिए उसे प्रवेश करने दो। जब दूसरे का मत प्रवेश करेगा,तब अंदर दोनों को समझने की प्रक्रिया शुरू हो जाएगी। अगर दूसरे का सही लगे तो उनसे क्षमा मांग लो। अब वह मत तुम्हारा हो गया। अगर लगे कि मेरा मत ही सही है तो मुस्कुरा कर अलग हो जाओ। लड़ने की जरूरत क्या है?

-फेसबुक वॉल से

# यूएस के चुनावों में भी नस्लीय-शैक्षणिक आक्षेप

अमेरिका में भी राष्ट्रपति पद के लिए चुनावों में जातीय और नस्लीय मुद्दा केन्द्र बिन्दु बन रहा है। हालांकि यह पहली बार नहीं है जब अमेरिकी राजनीति में श्वेत और अश्वेत बड़ा मुद्दा बना हो। ताजा मामला उपराष्ट्रपति और डेमोक्रेटिक पार्टी की ओर से राष्ट्रपति पद की संभावित उम्मीदवार कमला हैरिस की नस्लीय पहचान से जुड़ा है। वजह अमेरिका में काफी संख्या में अश्वेत मतदाता हैं,जो डेमोक्रेट्स के लिए व्हाइट हाउस और कांग्रेस में पहुंच का मार्ग आसान करते रहे हैं।



प्रकाश श्रीवास्तव
वरिष्ठ पत्रकार

पीयू रिसर्च सेंटर के अनुसार वर्ष 2022 में अनुमानतः 47.9 मिलियन लोग अश्वेत थे यानी देश की आबादी का 14.4 प्रतिशत। दरअसल नस्लीय टिप्पणी का यह मामला रिपब्लिकन पार्टी के उम्मीदवार और पूर्व राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के शिकागो में नेशनल एसोसिएशन ऑफ ब्लैक जर्नलिस्ट के एक सम्मेलन में दिए एक बयान से जुड़ा है। ट्रंप ने टिप्पणी की 'कई साल पहले तक मुझे नहीं पता था कि वह (हैरिस) ब्लैक हैं और अचानक वह अश्वेत हो गईं और ब्लैक कहलाना चाहती हैं।' ट्रंप ने आगे यह भी कहा- 'मुझे नहीं पता कि क्या वह भारतीय हैं या ब्लैक हैं।' ट्रंप के इस बयान ने तूल पकड़ा तो पूर्व राष्ट्रपति ने सोशल मीडिया पर हैरिस की एक पुरानी पारिवारिक फोटो शेयर कर दी,जिसमें वह साड़ी पहने हुए हैं। उन्होंने लिखा है-कई साल पहले भेजी गई अच्छी तस्वीर के लिए धन्यवाद कमला! आपकी गर्मजोशी, दोस्ती और आपकी भारतीय विरासत के प्रति प्यार की बहुत प्रशंसा की जाती है। विवेक रामास्वामी, जिन्होंने अमेरिकी राष्ट्रपति पद की दौड़ में अपनी दावेदारी पेश की थी, ने भारतीय विरासत का चयन करने के लिए हैरिस की आलोचना करते हुए कहा है कि हैरिस ने जिस तरह अचानक अपनी पहचान के भारतीय-अमेरिकी पक्ष को किनारे किया है,उससे अमेरिका में कई भारतीय-अमेरिकी वास्तव में कुछ हद तक नाराज हैं। रामास्वामी यह भी कहते हैं कि कमला हैरिस ने जब पहली बार कैलिफोर्निया में सीनेटर के लिए चुनाव लड़ा था, तब उन्होंने अपनी भारतीय-अमेरिकी विरासत पर जोर दिया था,लेकिन अब राजनीतिक सुविधा के लिए राष्ट्रीय मंच पर एक अलग पहचान बना रही हैं।

रिपब्लिकन उम्मीदवार ट्रंप गुस्से से भरी इसी तरह की टिप्पणी पहले भी कर चुके हैं। उन्होंने देश के पहले अश्वेत राष्ट्रपति बराक ओबामा के लिए भी कहा था कि वो अमेरिका में नहीं जन्मे थे। अपनी ही पार्टी की नेता और रिपब्लिकन प्राइमरी में उनकी प्रतिद्वंद्वी रहीं निकी हेली के लिए भी उन्होंने कहा था कि वो राष्ट्रपति इसलिए नहीं बन सकतीं,क्योंकि जब उनका जन्म हुआ, उनके माता-पिता अमेरिकी नागरिक नहीं थे। ट्रंप ने कमला हैरिस की शैक्षणिक साख पर भी निशाना साधा है। हालांकि जो बाइडेन के हटने के बाद राष्ट्रपति पद के उम्मीदवार के तौर पर डेमोक्रेटिक पार्टी ने उनके नाम की घोषणा नहीं की है,पर वह कई ऑनलाइन सर्वेक्षणों में ट्रंप से आगे निकलती दिख रही हैं। उनकी अनुमोदन रेटिंग्स में इजाफा हुआ है। विश्लेषक यह मनकर चल रहे हैं कि भारतवंशी कमला का इस चुनाव में दुनिया के सबसे धनी देश की राष्ट्रपति बनना तय है। जिस तरह यूनाइटेड किंगडम में ऋषि सुनक के शीर्ष पद पर पहुंचने को पश्चिम में भारतीय प्रवासियों की उपलब्धि के रूप में देखा गया। ठीक इसी तरह की पुनरावृत्ति अमेरिका में भी भारत मूल के नेता के चुने जाने पर हो सकती है।

# आरक्षणः अस्थायी भी परिभाषित किया जाए

नौकरियों में जातीय आरक्षण एक बार फिर खबरों में है। अब सही मायने में इसका इस्तेमाल होता है या राजनीतिक दल अपने राजनीतिक हितों को साधने के लिए करते हैं,यह समय बताएगा। वैसे ज्यादा उम्मीद यही है कि सत्तारूढ़ दल अपना वोट बैंक बढ़ाने या साधने के लिए ही इसका उपयोग करेंगे। अब जब आला अदालत ने इस बिंदू पर इतना विचार कर लिया है तो उचित होगा कि आरक्षण की समय सीमा भी निर्धारित कर दी जाए।



रघोत्तम शुक्ला
सेवानिवृत्त पीसीएस

संविधान में यह 'अस्थायी' व्यवस्था दस साल के लिए की गई थी,न कि हमेशा के लिए, किंतु सात दशक से ऊपर हो गए और हर दस वर्ष में इसका अगला विस्तार कर दिया जाता है। अब तो इसका प्रतिशत बढ़ाने की भी होड़ लगी है। केंद्र में सत्तारूढ़ भाजपा मूलतः जातीय आरक्षण की विरोधी थी और आर्थिक आरक्षण की पक्षधरता करती रही थी। 'जनसंघ' तो नारा लगाता था कि 'सब हैं भारत मां के लाल। आरक्षण का कौन सवाल'। यही नहीं 1978 के आसपास आरक्षण विरोधी आंदोलन हुए,जिनसे निपटने की सरकारों ने कोशिश की, तब जनसंघ ने उत्तर प्रदेश और बिहार की सरकारें गिराने में महत्वपूर्ण भूमिका अदा की थी। बिहार में कर्पूरी ठाकुर की सरकार थी,जो नाई बिरादरी के थे और आरक्षण के बड़े झंडाबरदार रहे, सत्ताच्युत किए गए थे। अब उन्हें मरणोपरांत 'भारत रत्न' सम्मान दिया है। ग्रामीण कहावत है,'मरे पूत की बड़ी-बड़ी आंखी'। कुछ वर्ष पहले राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के मुखिया मोहन भागवत ने आरक्षण की समीक्षा की बात कह दी थी। तत्समय बिहार के विधानसभाई चुनाव होने को थे तो फौरन नरेंद्र मोदी और शिवराजसिंह ने कहा कि 'हमारे जीते जी आरक्षण कैसे खत्म हो सकता है!' अब सवाल है कि क्या नेताओं के ये उद्घोष संविधान की आत्मा के प्रतिकूल नहीं है? जब समीक्षा होनी ही नहीं है तो फिर दस दस साल बढ़ोतरी का नाटक क्यों? एक बारगी हमेशा के लिए कर दिया जाए आज देश के प्रधानमंत्री पिछड़े वर्ग से हैं। राष्ट्रपति अनुसूचित जन जाति की हैं, तब भी उनकी वही श्रेणी बरकरार है। वर्तमान व्यवस्था में अनुसूचित जाति के कलेक्टर का लड़का आरक्षण पाएगा और गरीबी की रेखा से नीचे वाले सवर्ण का बेटा इससे वंचित रहेगा। भाजपा ने सामान्य श्रेणी के अंदर ही दस प्रतिशत गरीब सामान्य कोटा आरक्षित कर इस वर्ग को धोखा दिया है। इससे प्रतिभावान 'सामान्य' का स्कोप और कम हो गया। स्वार्थ ग्रस्त राजनीतिक दल इस दुर्व्यवस्था पर कभी विचार नहीं करेंगे। तब फिर दो ही रास्ते हैंः प्रथम यह कि सर्वोच्च न्यायालय द्वारा स्वतः संज्ञान लेकर इसकी समय सीमा तय कर दी जाए और दूसरा होगा क्षुब्ध वर्ग द्वारा जनक्रांति।

# कर्मचारी विहीनीकरण की तैयारी

हाल में बैंकों से संबंधित दो खबरें छपी थीं। एक में बढ़ती तकनीकी के कारण लिपिक वर्ग की उपयोगिता को नकारा गया है तो दूसरे में यूको बैंक, इंडियन बैंक, बैंक ऑफ महाराष्ट्र, पंजाब एंड सिंध बैंक और सेंट्रल बैंक में पब्लिक हिस्सेदारी बढ़ाने की बात कही गई है। 1991 में जब नई आर्थिक नीतियां शुरू हुई थीं तभी बता दिया गया था कि देश की खेती, सार्वजनिक उपक्रमों शिक्षा, स्वास्थ्य सभी का निजीकरण होगा। कर्मचारियों की संख्या कम कर कर्मचारी विहीनीकरण और यूनियन विहीनीकरण होगा। जहां 2011 तक अधिकारी और लिपिक का अनुपात 50:50 था,वहीं 2023 में एक लिपिक पर 3 अधिकारी का अनुपात हो गया है।



संजीव मेहरोत्रा
बरेली

यह उल्लेखनीय है कि ज्यादातर लिपिक वर्ग के कर्मचारी स्थानीय होते हैं और ग्राहकों को पहचान और उनसे बैंक व्यवसाय बढ़ाने में अत्यंत उपयोगी रहते हैं। वहीं राष्ट्रीयकृत बैंकों में कम होती सरकार की अंशधारिता सार्वजनिक बैंकों को निजी क्षेत्र में धकेलना है। दूसरी ओर बढ़ती बेरोजगारी और महंगाई ने जनता को बेबस कर दिया है। बढ़ती बेरोजगारी की समस्या का हल सरकार के पास नहीं है,यह स्पष्ट हो गया है,लेकिन सबसे बड़ी हैरानी इस बात को लेकर है कि जनता को जगाया कैसे जाए? क्या चरमराती व्यवस्था पर कोई लगाम लग सकेगी।

# हाईवे पर बाइकों की आमने-सामने टक्कर में दो कांवड़ियों की मौत

## मुरादाबाद के निजी अस्पताल में तोड़ा दम, गुरुवार रात हुआ था हादसा

संवाददाता, गजरौला


हादसे के बाद कांवड़ियों की क्षतिग्रस्त बाइकें। ● अमृत विचार

**अमृत विचार :** नेशनल हाईवे पर कांवड़ियों की दो बाइकों की आमने-सामने की टक्कर हो गई। हादसे में दो कांवड़िये गंभीर रूप से घायल हो गए। सूचना मिलने पर मौके पर पहुंची पुलिस ने राहगीरों की मदद से दोनों घायलों को निजी अस्पताल में भर्ती कराया। जहां दोनों की उपचार के दौरान मौत हो गई।

मुरादाबाद के नागफनी थाना क्षेत्र के बंगला गांव निवासी 30 वर्षीय पंकज पुत्र देवकीनंदन गुरुवार देर रात बाइक से बृजघाट कांवड़ में गंगाजल लेने जा रहा था। जबकि बिलारी थाना क्षेत्र के जरगांव निवासी 27 वर्षीय सोनू पुत्र सुरेंद्र भी बाइक से कांवड़ में गंगाजल लेकर लौट रहा था। इसी दौरान नेशनल हाईवे पर गजरौला में दोनों कांवड़ियों की बाइकों की आमने-सामने टक्कर हो गई। हादसे में दोनों कांवड़िये गंभीर घायल हो गए।

- पीएचसी में प्राथमिक उपचार कर हायर सेंटर रेफर किया था
- बिलारी और मुरादाबाद नगर के रहने वाले थे दोनों कांवड़िये

मौके पर पहुंची पुलिस ने राहगीरों की मदद से घायल दोनों कांवड़ियों को स्थानीय निजी अस्पताल में भर्ती कराया। चिकित्सक ने दोनों की हालत गंभीर देखते हुए प्राथमिक उपचार के बाद हायर सेंटर रेफर कर दिया। जिसके बाद दोनों को मुरादाबाद के निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया। जहां उपचार के दौरान दोनों कांवड़ियों की मौत हो गई। जानकारी पर उनके परिवारों में कोहराम मच गया। सूचना पर पहुंची पुलिस ने दोनों के शवों को पोस्टमार्टम के लिए भेजा। इंस्पेक्टर क्राइम जितेंद्र बालियान ने बताया कि मामले में तहरीर मिलने पर आगे की कारवाई की जाएगी।

### शिवभक्तों की बस की टक्कर से दो लोग घायल

**गजरौला, अमृत विचार :** शिवभक्तों से भरी बस ने बाइक सवार दो लोगों को रौंद दिया। हादसे में दोनों बाइक सवार घायल हो गए। घायलों को सीएचसी में भर्ती कराया। जहां चिकित्सक ने हालात गंभीर देख प्राथमिक उपचार के बाद हायर सेंटर रेफर कर दिया। मोहल्ला बसंत विहार निवासी योगेश और अमित शर्मा शुक्रवार सुबह बाइक से रसोई गैस सिलेंडर लेने जा रहे थे। इसी दौरान मंडी धनौरा मार्ग पर उनकी बाइक के सामने एक कुत्ता आ गया। इससे अनियंत्रित होने के बाद बाइक सड़क पर गिर गई। तभी पीछे से आ रही शिवभक्तों से भरी बस ने दोनों बाइक सवारों को रौंद दिया। हादसे में दोनों युवक गंभीर घायल हो गए। पुलिस ने घायलों को सीएचसी में भर्ती कराया। क्राइम इंस्पेक्टर जितेंद्र बालियान ने बताया कि मामले में तहरीर मिलने पर आगे की कार्रवाई की जाएगी।

### वीडियो वायरल कर जमीन पर कब्जे का लगाया आरोप

**हसनपुर, अमृत विचार :** सोशल मीडिया पर शुक्रवार को वीडियो वायरल हुई। जिसमें तहसील क्षेत्र के गांव कनेटा की मढ़िया निवासी विक्रम ने क्षेत्र के जनप्रतिनिधि के पुत्र पर मकान की जमीन पर कब्जा करने का आरोप लगाया। पीड़ित का कहना है कि उसे फोन से धमकी दी जा रही है। जिससे उसे जान एवं माल का खतरा है। पीड़ित युवक वायरल वीडियो में प्रधानमंत्री, मुख्यमंत्री एवं सांसद से सुरक्षा की गुहार लगा रहा है। वहीं, पुलिस द्वारा वायरल वीडियो के विषय में जानकारी न होना बता रही है।

### शिया समुदाय पर हमले के विरोध में दिया ज्ञापन

**अमरोहा, अमृत विचार :** पाकिस्तान में शिया समुदाय पर जारी आतंकी हमले के विरोध में शुक्रवार को यूनाइटेड शिया काउंसलिंग के प्रतिनिधिमंडल ने प्रधानमंत्री को संबोधित ज्ञापन एसडीएम को सौंपा। संगठन के पदाधिकारियों ने हमलों को मानव अधिकारों का उल्लंघन बताया। इस दौरान शहजाद, मौलाना जफर मेहंदी, नजफ अली, इमरान अब्बास, दानिश अब्बास, बाबर अली, इंतखाब अली, एजाज अब्बास, जैकी अब्बास आदि शामिल है।

## एक नजर


रजत त्यागी को सम्मानित करते कुलपति सोमदेव शांतनु। ● अमृत विचार

### विवि टॉप कर रजत त्यागी ने किया नाम रोशन

**रहरा, अमृत विचार :** गंगेश्वरी के गांव देहरी गुर्जर निवासी किसान के बेटे ने योग विषय (शास्त्री) में विश्वविद्यालय टॉप कर क्षेत्र का नाम रोशन किया है। गांव देहरी गुर्जर निवासी किसान राजेश त्यागी के बेटे रजत त्यागी ने हरिद्वार के गुरुकुल कांगड़ी विश्वविद्यालय में योग विषय में 89 प्रतिशत अंक पाकर विश्वविद्यालय टॉप किया है। विश्वविद्यालय टॉप करने के बाद उन्हें विश्वविद्यालय के कुलपति प्रोफेसर सोमदेव शांतनु ने सम्मानित किया है। रजत के बड़े भाई कुलदीप त्यागी श्रृंगी ऋषि योग संस्थान गांधीधाम गुजरात में योगाचार्य के पद पर कार्यरत है।

### जवाहर नवोदय विद्यालय में प्रवेश के लिए करें आवेदन

**अमरोहा, अमृत विचार :** जवाहर नवोदय विद्यालय के कक्षा छह में प्रवेश के लिए 16 सितम्बर अंतिम तिथि घोषित की गई है। विद्यालय के प्रधानाचार्य हीरा सिंह ने बताया कि आवेदन एवं अन्य जानकारी नवोदय की वेबसाइट से ले सकते हैं और अन्य जानकारी के लिए मोबाइल नम्बर 9839397221 पर सम्पर्क कर सकते हैं।

### दिव्यांगों के लिए ब्लाक कार्यालय में लगा शिविर

**अमरोहा, अमृत विचार :** जिला विकलांग कल्याण अधिकारी शिखा शर्मा ने बताया कि ब्लाक सभागार में दूसरे दिन भी दिव्यांगों के लिए शिविर लगा। जिसमें 21 दिव्यांगों ने शासन से मिलने वाली सहायता के लिए आवेदन किया। बताया कि गुरुवार को 78 फॉर्म भरे गए थे। दिव्यांगों को ट्राई साइकिल, व्हील चेयर, बैसाखी, कान की मशीन, कृत्रिम हाथ पैर आदि उपकरण उपलब्ध कराए जाएंगे। इस अवसर पर अमित कुमार, नूर हसन, नरेंद्र पाल सिंह, कपिल देव आदि रहे। जिला विकलांग कल्याण अधिकारी ने बताया कि विभाग द्वारा दिव्यांगों को ऑनलाइन आवेदन के लिए जागरूक किया जा रहा है।

अमरोहा की खबर पेज 14 पर भी।

# श्रद्धालुओं ने मंदिरों में जलाभिषेक कर मंगलकामना की

संवाददाता, मंडी धनौरा

**अमृत विचार :** भाजपा विधायक राजीव तरारा ने पत्थर कुटी शिव मंदिर में जलाभिषेक कर देशवासियों के लिए मंगलकामना की। सुरक्षा व्यवस्था के मद्देनजर थाना प्रभारी निरीक्षक मनोज कुमार मौजूद रहे। इस दौरान निहार त्यागी, अमन अग्रवाल, तेजराम सैनी, अशोक सैनी, दिवेश तंवर, सुनील प्रजापति आदि रहे।

**भोलेनाथ का दूध से किया अभिषेक : हसनपुर :** शुक्रवार को सावन की शिवरात्रि पर नगर स्थित श्री झारखंड महादेव शिवाला मंदिर में शिवसेना के जिला प्रमुख वेद प्रकाश यादव ने 11 लीटर दूध से अभिषेक किया। शिवसेना के जिला प्रमुख वेद प्रकाश यादव ने बताया कि शिवरात्रि पर भोलेनाथ का दूध से अभिषेक कर क्षेत्र वासियों के लिए मंगल कामना की गई। पंडित देवेंद्र शर्मा ने मंत्रों उच्चारण कर भोलेनाथ का दूध अभिषेक कराया।


मंडी धनौरा में जलाभिषेक करते विधायक राजीव तरारा। ● अमृत विचार


हसनपुर में दुग्धाभिषेक करते श्रद्धालु। ● अमृत विचार


शिवरात्रि पर मंदिर में पूजा करता श्रद्धालु।

### महादेव के उद्घोष की शिवालयों में गूंज

**रहरा/मुबारिजपुर, अमृत विचार :** सावन की शिवरात्रि पर शिव मंदिर को आकर्षक ढंग से सजाया गया। मंदिरों में सुबह से ही पूजा अर्चना शुरू हो गई थी। भगवान शिव के जलाभिषेक के दौरान शिवालय हर हर महादेव और बोल बम बोल बम के उद्घोष गूंज उठे। कांवड़ियों ने हरिद्वार व बृजघाट से कांवड़ में गंगाजल भरकर गंतव्य पहुंच कर भगवान शिव का जलाभिषेक किया। ब्लाक गंगेश्वरी क्षेत्र के पातालेश्वर से मंदिर आदमपुर में शुक्रवार को हजारों शिवभक्तों ने जलाभिषेक किया। आदमपुर पुलिस द्वारा सुरक्षा के कड़े इंतजाम किए गए। हाईवे पर कांवड़िये डीजे की धुन पर भक्ति भाव से झूमते चल रहे थे।

### कांवड़ियों के डीजे में लगी आग

**गजरौला, अमृत विचार :** मुरादाबाद के कांवड़ियों का जत्था गुरुवार रात गंगाजल भरने बृजघाट गया था। जत्थे में 50 कांवड़िये शामिल थे। जत्थे के साथ चल रही एक डीसीएम में डीजे भी था। जिस समय कांवड़िये गंगास्नान कर रहे थे, तब डीसीएम में रखा डीजे बज रहा था। इसी दौरान डीजे वाहन में आग लग गई। कुछ ही देर में आग ने डीसीएम में रखे डीजे को अपनी चपेट में ले लिया। मौजूद लोगों ने आग बुझाने का प्रयास भी किया। लेकिन सफलता नहीं मिली। बाद में अग्निशमन कर्मियों की टीम ने आग पर काबू पाया। इस बीच किसी व्यक्ति ने डीजे वाहन में लगी आग का वीडियो बनाते हुए सोशल मीडिया पर वायरल कर दिया।

# गन्ने में पोक्का बोइंग रोग लगा

- कृषि रक्षा विभाग ने जारी की किसानों को एडवाइजरी

संवाददाता, रहरा


रहरा में गन्ने की फसल में लगा रोग।

**अमृत विचार :** गन्ने की फसल में पोक्का बोइंग के साथ अब टॉप बोरर रोग की शुरुआत हो गई है। कृषि रक्षा विभाग ने इसके बचाव के लिए एडवाइजरी जारी की है। कृषि रक्षा विभाग के अनुसार फफूंदी जनित इस बीमारी में गन्ने के पौधे के निचले हिस्से में पीलापन आने लगता है तथा ऊपरी हिस्सा भी सूखकर भूरे अथवा काले रंग का हो जाता है। मौसम में परिवर्तन इस बीमारी के लिए सबसे अनुकूल माना जाता है। वहीं टॉप बोरर की शुरुआत में कीड़ा पत्ती के निचले सिरे पर अंडे देता है। जिसके बाद गन्ने की गोभ सूख जाती है तथा गन्ने का रंग पीला होने के बाद पौधा सूखने लगता है। पौधे की बढ़वार रुक जाती है। इस रोग को चोटी बेधक रोग के नाम से भी जाना जाता है। इस रोग का प्रकोप जून जुलाई के महीने में ज्यादा दिखाई देता है।

**ऐसे करें रोकथाम :** अपर जिला कृषि रक्षा अधिकारी सतीश कुमार ने बताया कि इस बीमारी से बचाव के लिए गन्ने के कटे हुए टुकड़े को प्रॉपी कोनाजोल 25 प्रतिशत ईसी एक मिली प्रति 1 लीटर में इमिडाक्लोराप्रीड डब्लयू एस 70 प्रतिशत डब्ल्युएस एक मिली प्रति लीटर की दर से मिलाकर बीज को शोधित कर बुवाई करनी चाहिए। इसके अलावा खड़ी फसल में कॉपर ऑक्सिक्लोराइड 50 प्रतिशत डब्लयूपी दो मिली प्रति लीटर पानी की दर से घोल बनाकर 15 दिन के अंतराल पर दो-तीन स्प्रे करने चाहिए। वहीं, टॉप बॉरर के लिए क्लोरेटरानिलीप्रोल 18.50 प्रतिशत एससी मात्रा 375 मिली प्रति 1000 लीटर पानी की दर से छिड़काव करें या कारटाऑफ हाइड्रोक्लोराइड 50 एसपी 1 किलोग्राम प्रति 1000 लीटर की दर से छिड़काव करें।

### स्कूल से लौट रही छात्राओं से छेड़खानी

**डिडौली, अमृत विचार :** स्कूल से घर लौट रही नाबालिग छात्राओं से बाइक सवार तीन युवकों ने छेड़छाड़ की। पुलिस ने मामले में रिपोर्ट दर्ज की है।

मामला डिडौली कोतवाली क्षेत्र का है। क्षेत्र के गांव निवासी दो नाबालिग छात्राएं एक कॉलेज में नौवीं की छात्राएं हैं। शुक्रवार दोपहर दोनों छात्राएं कॉलेज बंद होने के बाद घर वापस जा रही थी। तभी पड़ोसी गांव निवासी बाइक सवार तीन युवकों ने छात्राओं के आगे अपनी बाइक लगाकर रोक लिया एवं छेड़छाड़ करने लगे। इसके बाद दोनों छात्राओं ने घर पहुंच कर रास्ते में अपने साथ हुई घटना के बारे में बताया। पुलिस ने एक छात्रा के पिता की तहरीर के आधार पर डिडौली कोतवाली में रिपोर्ट दर्ज की है। प्रभारी निरीक्षक पंकज तोमर ने बताया कि मामले में तहरीर के आधार पर नाजिर, सुभान, शमी पर रिपोर्ट दर्ज कर ली है।

# कांवड़ मार्ग पर लापरवाही में चार सफाईकर्मी निलंबित

कार्यालय संवाददाता, अमरोहा

**अमृत विचार :** जिला पंचायत राज अधिकारी पारुल सिसोदिया ने जोया, धनौरा और अमरोहा ब्लाक क्षेत्र का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान उन्हें कांवड़ यात्रा मार्ग पर सफाई नहीं मिली। जिसको लेकर उन्होंने छह कर्मचारियों को नोटिस जारी किया और चार कर्मचारियों को निलंबित कर दिया। इस कार्रवाई सफाईकर्मियों में खलबली मच गई।

शुक्रवार को जिला पंचायत राज अधिकारी ने जोया ब्लाक अमरोहा और धनौरा ब्लॉक क्षेत्र का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने कांवड़ यात्रा मार्ग पर सफाई कर्मचारियों को अनुपस्थित पाया एवं सफाई कार्य न होने पर नाराजगी व्यक्त की। इस दौरान अमरोहा ब्लाक के तीन, धनौरा ब्लॉक के दो और जोया ब्लाक के एक सफाई कर्मचारी को नोटिस जारी किया। उन्होंने बताया कि इसके अलावा सफाई कर्मचारी नरेश, बाबूराम, अरविंद और मोबीन अहमद को कार्य में लापरवाही करने और अधिकारियों के निर्देश का पालन न करने पर निलंबित कर दिया है। बताया जाता है कि जिला पंचायत राज अधिकारी ने कांवड़ यात्रा के दौरान ब्लाक क्षेत्र में सफाई अभियान को जारी रखने के आदेश जारी किए थे। इसके अलावा उन्होंने स्वच्छता अभियान में जिम्मेदारी से कार्य करने और अधिकारियों के आदेश का पालन करने को कहा था। इससे पहले भी जिला पंचायत राज अधिकारी ने अन्य सफाई कर्मचारियों के खिलाफ कार्रवाई की है।


गंगा के किनारे डूबीं झोपड़ियां। ● अमृत विचार

# गंगा का 30 सेमी. बढ़ा जलस्तर

संवाददाता, गजरौला

**अमृत विचार :** तिगरी में गंगा का फिर से जलस्तर बढ़ने लगा है। शुक्रवार को बिजनौर बैराज से सवा लाख क्यूसेक पानी डाउन स्ट्रीम में छोड़ा गया है। आशंका है कि शनिवार सुबह जलस्तर में वृद्धि होगी।

गुरुवार को 20 सेमी. जलस्तर बढ़ने के बाद 200 मीटर पहुंच गया था, जबकि शुक्रवार को जलस्तर 200.30 मीटर पर पहुंच गया। जलस्तर में वृद्धि से खादर क्षेत्र के खेतों में पानी भरा हुआ है। बिजनौर बैराज से शुक्रवार को 1,22,816 क्यूसेक पानी छोड़ा गया। खादर क्षेत्र के खेतों में अभी तक पानी भरा हुआ है। शुक्रवार को जलस्तर में वृद्धि होने से ग्रामीण एक बार फिर से घबराने लगे हैं। जेई बाढ़ खंड सुभाष कुमार व अनवर बहादुर खान ने बताया कि पहाड़ों पर बारिश की वजह से जलस्तर बढ़ रहा है। अभी और भी जलस्तर बढ़ने की आशंका है। बाढ़ खंड विभाग की सभी टीमें सक्रिय हैं। ग्रामीणों को चेतावनी दी जा रही है।

### 35 ग्रापं सचिवों की दो साल की वेतन वृद्धि पर रोक

**अमरोहा, अमृत विचार :** जिलाधिकारी राजेश कुमार त्यागी ने 6 जुलाई को ई ग्राम स्वराज पोर्टल पर 15वें वित्त आयोग एवं पांचवें राज्य वित्त आयोग के तहत अवशेष धनराशि की समीक्षा की थी। अधिकांश ग्राम पंचायत में उपलब्ध धनराशि खर्च करने की जानकारी नहीं दी गई थी।

जिलाधिकारी ने तब सीएम डैशबोर्ड की प्रगति रिपोर्ट में जिले की रैंक बेहतर नहीं आने पर कार्रवाई की चेतावनी दी थी। इसके बावजूद 30 जुलाई को ई ग्राम स्वराज पोर्टल पर ऑनलाइन समीक्षा में सुधार नहीं आ सका। जिला पंचायत राज अधिकारी पारुल सिसोदिया ने बताया कि 35 ग्राम पंचायतों के सचिवों ने वित्त वर्ष 2024-2025 में धनराशि व्यय के प्रतिशत सुधार को लेकर प्रयास नहीं किया। संबंधित सचिवों ने अधिकारियों के आदेशों की अवहेलना की। ऐसे में उनके दो वित्त वर्ष की वेतन वृद्धि रोकने की कार्रवाई की गई है।

# लंबित कार्य समय से पूरे कराएं अधिकारी

संवाददाता, हसनपुर


हसनपुर में सब रजिस्ट्रार से मिलते अधिवक्ता। ● अमृत विचार

**अमृत विचार :** तहसील बार एसोसिएशन हसनपुर के अधिवक्ताओं के प्रतिनिधिमंडल ने कार्यालय में सब रजिस्ट्रार रविंद्र सिंह से भेंट की। अधिवक्ताओं ने सब रजिस्ट्री कार्यालय में कम स्टाफ के कारण समस्याओं पर वार्ता की। उल्लेखनीय है कि राजस्व परिषद के आदेश पर सब रजिस्ट्री कार्यालय से निजी कर्मियों को हटा दिया गया है। इस कारण प्रतिदिन रजिस्ट्री होने वाले 60 दस्तावेजों की अपेक्षा मात्र 25-30 दस्तावेजों की रजिस्ट्री हो रही है।

अधिवक्ताओं ने जिलाधिकारी तथा मंडलायुक्त से कंप्यूटर पर काम करने के लिए सब रजिस्टार को वैकल्पिक व्यवस्था करने की अनुमति दिए जाने की मांग की है। सब रजिस्ट्रार से कार्यालय में नियुक्त कर्मचारियों से बैकलॉग खत्म कराने की मांग की। मुजाहिद चौधरी तथा महावीर सिंह चौहान ने कहा कि अधिवक्ता समाज के विरुद्ध में कार्य करने वाले किसी भी अधिकारी अथवा अधिवक्ता की अनुचित कार्रवाई को बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। ऐसे अधिकारी अथवा अधिवक्ता के विरुद्ध कार्रवाई के लिए सक्षम संस्था परिषद को लिखा जाएगा। उन्होंने कहा कि अधिवक्ताओं का हित सर्वोपरि है, जिसे किसी भी हालत में समाप्त नहीं होने दिया जाएगा।

प्रतिनिधिमंडल में पूर्व अध्यक्ष मुजाहिद चौधरी, महावीर सिंह चौहान, महिपाल सिंह, श्यौराज सिंह राणा, संजय चौहान, जयप्रकाश सैनी, अरूण कुमार, इमरान आलम, रमेश चंद्र आदि अधिवक्ता मौजूद रहे।

## सार-संक्षेप



हरियाली तीजोत्सव प्रतियोगिता में मौजूद महिलाएं। ● अमृत विचार

### अग्रवंशी महिला समिति ने मनाया हरियाली तीजोत्सव

**अमरोहा, अमृत विचार :** अग्रवंशी महिला समिति ने शहर के होटल में हरियाली तीजोत्सव कार्यक्रम मनाया। हरियाली तीजोत्सव का प्रारंभ अग्रसेन आरती एवं गणेश स्तुति से हुआ। कार्यक्रम में पद ग्रहण समारोह भी आयोजित किया गया। वर्तमान में संरक्षिका अंजुला अग्रवाल, अध्यक्षा डॉ. सीमा अग्रवाल, सचिव पद पर मंजू गोयल एवं कोषाध्यक्ष कुमकुम गोयल को पदभार सौंपा गया। तीजोत्सव में झुमका प्रतियोगिता में प्रथम स्थान पर गौरी गुप्ता और द्वितीय स्थान पर मुक्ता अग्रवाल व तीसरे स्थान पर मोना बंसल रही। दूसरी नेल आर्ट प्रतियोगिता में रितु अग्रवाल प्रथम और दूसरे स्थान पर रुचि अग्रवाल रही। भावना गुप्ता ने सरप्राइज और हाऊजी गेम का आयोजन किया। कार्यक्रम का संचालन अंजुला अग्रवाल ने किया। अंत में प्रेसिडेंट सीमा अग्रवाल ने आभार व्यक्त किया।

### गंगा विचार मंच ने एसडीएम को सौंपा ज्ञापन

**हसनपुर, अमृत विचार :** गंगा विचार मंच ने एसडीएम को ज्ञापन सौंपकर गंगेश्वरी क्षेत्र में लगाई जा रही गैस की फैक्ट्री न लगवाने की मांग की। शुक्रवार को गंगा विचार मंच के जिला सह संयोजक ठाकुर लाखन सिंह ने एसडीएम सुनीता कुमारी को ज्ञापन सौंपा। ज्ञापन में उन्होंने बताया कि गंगेश्वरी क्षेत्र में जो गैस की फैक्ट्री लग रही है, उससे निकालने वाला पानी प्रदूषित होता है और वह पानी जमीन में डाला जाएगा। इस प्रदूषण जमीन खराब होगा। इससे पूरा क्षेत्र प्रदूषण की चपेट में आ जाएगा। अत: इस फैक्ट्री को ग्राम वासियों के निवेदन पर लगाने की अनुमति न दी जाए। ठाकुर लाखन सिंह द्वारा ज्ञापन की कॉपी प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड एवं जल शक्ति मंत्री उत्तर प्रदेश को भी भेजी है। ज्ञापन पर धीरज ठाकुर, महेंद्र सिंह, राजेश कुमार, राजू सैनी, सतपाल सैनी, दयाराम, सुमित, कपिल, दीपक, श्री राम, रघुनाथ, राकेश, सत्येंद्र, राजपाल, सुरेश आदि ग्रामीणों के हस्ताक्षर थे।


सभासदों के साथ नगर पालिकाध्यक्ष व भाजपा के पदाधिकारी।

### बैठक में विकास कार्यों को लेकर चर्चा

**मंडी धनौरा, अमृत विचार :** शुक्रवार को नगर के बैंक्वेट हॉल में मंडल अध्यक्ष गौरव अग्रवाल की अध्यक्षता में एवं नगर पालिका के अध्यक्ष प्रवीण अग्रवाल व भाजपा के समस्त सभासदों की बैठक हुई। बैठक में मुख्य अतिथि भाजपा जिला उपाध्यक्ष शरद गर्ग ने सभी भाजपा सभासदों व कार्यकर्ताओं से नगर में विकास कार्यों को लेकर चर्चा की। जिसमें सभी ने साथ मिलकर काम करने का निर्णय लिया। भाजपा सरकार की कल्याणकारी योजनाओं को जन-जन तक पहुंचाने और सभी पात्र नागरिकों को सरकार की सुविधाओं का लाभ पहुंचाने का संकल्प लिया। वहीं, सभासदों ने विकास कार्यों में नगर पालिका अध्यक्ष प्रवीण अग्रवाल के साथ कंधे से कंधा मिलाकर चलने का आश्वासन दिया। बैठक में दुलीचंद गिहार, अशोक घरोटिया, किशन लाल, प्रशांक त्यागी, अरुण दीक्षित, मयंक गर्ग, प्रिंस चावला, राजू बादशाह, देशराज सैनी, जगत सिंह सैनी, सतीश, विवेक चौधरी, महामंत्री विपिन त्यागी सहित आदि मौजूद रहे।



अमरोहा में पौधे लिए संस्था के पदाधिकारी। ● अमृत विचार

### पेड़ लगाओ-पर्यावरण बचाओ का दिया संदेश

**अमरोहा, अमृत विचार :** जन आवाज फाउंडेशन संस्था के पदाधिकारियों ने लोगों को जागरूक करते हुए कहा कि पर्यावरण बचाने के लिए पेड़ लगाना अति आवश्यक है। शुक्रवार को संस्था के पदाधिकारियों ने पेड़ लगाओ-पर्यावरण बचाओ के तहत नगर में जगह-जगह लोगों को जागरूक किया। कहा की जिन पेड़ों के नीचे अब हम खड़े हैं, 20-30 साल पहले उन पेड़ों को लगाया होगा। जिनकी छाया अब हम ले रहे हैं। एसी से ज्यादा हमें पेड़ों को लगाना अति आवश्यक है। इस मौके पर शुभम चौधरी, असलम, जुनेद, उबेद, शाहिद, दानिश, अनस, हमजा आदि लोग मौजूद रहे।


चेयरपर्सन शशि जैन को ज्ञापन सौंपते रामडोल कमेटी के पदाधिकारी।

### चेयरपर्सन को ज्ञापन देकर व्यवस्थाएं कराने की मांग

**अमरोहा, अमृत विचार :** श्री धार्मिक रामडोल कमेटी के पदाधिकारियों ने चेयरपर्सन शशि जैन को ज्ञापन सौंपकर श्रीकृष्ण जन्माष्टमी पर 27 अगस्त को शहर में निकाली जाने वाली शोभायात्रा के संबंध में सफाई एवं प्रकाश व्यवस्था को दुरुस्त कराने की मांग की है। शुक्रवार को श्री धार्मिक रामडोल कमेटी के अध्यक्ष पं. कपिल शर्मा के नेतृत्व में प्रतिनिधिमंडल चेयरपर्सन शशि जैन से मिला और उन्हें ज्ञापन सौंपा। ज्ञापन में कहा गया कि श्रीकृष्ण जन्माष्टमी पर नगर में निकलने वाली रामडोल शोभायात्रा इस वर्ष 27 अगस्त को निकाली जाएगी। शोभायात्रा के लिए कोट चौराहा से जट बाजार तक लगी नगर पालिका की लाइटों को जनरेटर से चलवाने एवं शाही चबूतरा से पनवाड़ी स्थित यादव मंदिर तक प्रकाश व्यवस्था को दुरुस्त कराने के लिए कहा गया। चेयरपर्सन शशि जैन ने कमेटी को आश्वासन दिया है कि शोभायात्रा से पहले ही सभी तैयारियां पूरी कर ली जाएंगी एवं शोभायात्रा मार्ग का रूट सर्वे भी कर लिया जाएगा। इस अवसर पर कमेटी के अजय चतुर्वेदी, पीयूष शर्मा, कुंवर विनीत अग्रवाल, विवेक शर्मा, मनोज अग्रवाल, विमल यादव, मनु शर्मा, राज शर्मा, सुगंध शर्मा, दीपक बंसल, नमन जैन आदि लोग उपस्थित रहे।

### पुलिस ने पकड़ा एक वारंटी

**सैदनगली, अमृत विचार :** पुलिस अधीक्षक अमरोहा कुंवर अनुपम सिंह के निर्देशन में अपराधियों के खिलाफ अभियान चलाया जा रहा है। शुक्रवार को थाना सैदनगली पुलिस ने लाला पुत्र लेखराज कस्बा व थाना सैदनगली को गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश किया।

## एक नजर

### बीएससी जीव विज्ञान की अन्य पिछड़ा वर्ग की पांचवी मेरिट जारी

**बरेली, अमृत विचार :** रानी अवंतीबाई महिला महाविद्यालय ने बीएससी प्रथम वर्ष जीव विज्ञान की अन्य पिछड़ा वर्ग की पांचवी मेरिट जारी कर दी है। मेरिट में शामिल छात्राओं को महाविद्यालय में 3 अगस्त को दोपहर 2 बजे तक प्रवेश के लिए साक्षात्कार में उपस्थित होना होगा। इसके अलावा बीए, बीएससी गणित और बीकॉम प्रथम वर्ष में प्रवेश की इच्छुक छात्राएं 5 अगस्त तक महाविद्यालय में साक्षात्कार में उपस्थित होकर प्रवेश ले सकती हैं।

### निजी नलकूप की मुफ्त बिजली योजना बढ़ी

**बरेली, अमृत विचार :** निजी नलकूप के मुफ्त बिजली योजना में अब तक 50 फीसदी भी पंजीकरण नहीं हो सके हैं, जबकि कई बार तिथि बढ़ाई जा चुकी है। अब एक बार फिर तिथि बढ़ाकर 16 अगस्त कर दी गई है। प्रदेश सरकार ने निजी नलकूप वाले किसानों के लिए मुफ्त बिजली योजना की मार्च में शुरुआत की थी। योजना में किसानों के पंजीकरण कराने के बाद उनका मार्च के बाद का बकाया बिजली बिल माफ किया जा रहा है। जिले में 18 हजार से अधिक किसानों के निजी नलकूप हैं, जिनमें 80 प्रतिशत किसानों के ऊपर बिजली का बिल बकाया है। जुलाई तक 8 हजार किसानों ने ही योजना में पंजीकरण कराया है। मुख्य अभियंता रणविजय सिंह ने बताया कि एक बार फिर से सरकार ने 16 अगस्त तक तिथि बढ़ा दी है। सभी अधिशासी अभियंता और एसडीओ को योजना का प्रचार प्रसार कर किसानों के शत प्रतिशत पंजीकरण कराने के निर्देश दिए गए हैं।

### राज्यपाल को शोध के विस्तार की दी जानकारी

**बरेली, अमृत विचार :** रुहेलखंड विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. केपी सिंह ने शुक्रवार को लखनऊ में राजभवन में राज्यपाल आनंदीबेन पटेल से शिष्टाचार भेंट की। इस दौरान कुलपति ने राज्यपाल को उनके कार्यकाल के विस्तार पर शुभकामनाएं दीं। कुलपति ने विश्वविद्यालय में चल रहे विभिन्न शैक्षणिक शोध और विस्तार कार्यों के बारे में भी राज्यपाल को बताया।

# हाईटेंशन लाइन का तार गिरने से दो की मौत

## दातागंज मार्ग पर थाना मूसाझाग कस्बा के पास शुक्रवार शाम हुआ हादसा

संवाददाता, विजय नगला (बदायूं)



हादसे के बाद जलती हुई बाइक को खंती में गिराते राहगीर। ● अमृत विचार



दंपति की फाइल फोटो।

**अमृत विचार :** दातागंज रोड पर थाना मूसाझाग क्षेत्र में हाईटेंशन लाइन का तार टूटकर बाइक से जा रहे दंपती पर गिर गया।जिससे बाइक में आग लगने से लपटें उठने लगीं, दंपती की जिंदा जलकर मौके पर मौत हो गई। हादसे के बाद राहगीरों की भीड़ लग गई। तार में करंट दौड़ने के कारण लोग पास नहीं गए लेकिन फिर भी लोगों ने किसी तरह जलती हुई बाइक को खंती में गिराया। लोग बिजली विभाग के खिलाफ आक्रोशित हो गए। सीओ उझानी मौके पर पहुंचे और लोगों को समझाकर शांत कराया। पुलिस ने दोनों के शव पोस्टमार्टम के लिए भेजे हैं। मौत के बाद परिवार में कोहराम मचा है। हादसे का वीडियो सोशल साइट्स पर वायरल हो रहा है।

दातागंज कोतवाली क्षेत्र के गांव दुधारी निवासी देवपाल (52) अपनी पत्नी मीना सिंह (49) के साथ शुक्रवार को किसी काम से बदायूं शहर आए थे। शाम लगभग साढ़े पांच बजे वापस अपने गांव लौट रहे थे। आधा घंटे के बाद थाना मूसाझाग क्षेत्र में कस्बा की मस्जिद के पास हाईटेंशन लाइन का तार टूटकर उनकी बाइक पर गिर गया। तेज धमाका हुआ। दंपती को करंट लगा और वह सड़क पर जा गिरे। तार उनकी बाइक में फंस गया। तार से बाइक में आग लग गई। देवपाल आग से झुलस गए। मीना सिंह के पैर जल गए। दोनों की मौके पर मौत हो गई। राहगीरों की भीड़ जमा हो गई लेकिन तार की वजह से लोग पास जाने की हिम्मत नहीं कर सके। राहगीरों ने पुलिस और बिजली विभाग को सूचना दी। विभाग ने बिजली सप्लाई बंद कराई। पुलिस मौके पर पहुंची। तब तक दंपती की मौत हो चुकी थी। राहगीरों के शिनाख्त के बाद पुलिस ने मृतकों के परिजनों को सूचना दी। शवों को पोस्टमार्टम हाउस की मोर्चरी में रखवाया गया।

देवपाल के चचेरे भाई शिवम ने बताया कि दंपती वजीरगंज निवासी अपने बहनोई रामफल की बीमारी से मौत हो गई। वह दोनों उनके दसवां संस्कार से लौट रहे थे।

थाना प्रभारी मनोज कुमार ने बताया कि हाईटेंशन लाइन की चपेट में आने से बाइक सवार दंपती की मौत हो गई है। शवों का पोस्टमार्टम कराया जाएगा। अभी किसी ओर से तहरीर प्राप्त नहीं हुई है।

## पल्लेदार ने फंदा लगाकर दी जान

**बरेली, अमृत विचार :** थाना बारादरी क्षेत्र में एक पल्लेदार ने घर में फंदा लगाकर जान दे दी।पुलिस को मौके से कोई सुसाइड नोट बरामद नहीं हुआ है।

कालीबाड़ी निवासी बॉबी (32) पल्लेदारी का काम करता था। पांच दिन पहले पत्नी राधा दो बच्चों के साथ संजय नगर मायके चली गई थी। बॉबी गुरुवार रात खाना खाकर अपने कमरे में सोने चला गया। जब बॉबी शुक्रवार सुबह सोकर नहीं उठा तो परिवार वालों ने कमरे में झांका तो वह कमरे में कुंडे में दुपट्टे के सहारे लटका हुआ था। पुलिस ने शव को कुंडे से उतार कर पोस्टमार्टम के लिए भेजा। परिवार के लोगों ने आत्महत्या की वजह जानने से इन्कार कर दिया। थाना प्रभारी अमित पांडे ने बताया कि बॉबी शराब पीने का आदी था। जिसके कारण उसका पत्नी से आए दिन विवाद होता रहता है। मामले में कोई तहरीर नहीं मिली है। तहरीर मिलने पर आगे की कार्रवाई की जाएगी।

# अलीगढ़ विवि के छात्र से 1.38 लाख रुपये की ठगी

कार्यालय संवाददाता, बरेली

**फर्जीवाड़ा**

- **कॉलेज के व्हाट्सएप ग्रुप से आया था शेयर मार्केट एप्लीकेशन**

**अमृत विचार :** अलीगढ़ विश्वविद्यालय के एमकॉम के छात्र से शेयर मार्केट में रकम लगाने के बहाने 1.38 लाख रुपये की ठगी कर ली गई। छात्र को उसी के कॉलेज ग्रुप से मेसेज भेजकर एप डाउनलोड कराया गया था। थाना बहेड़ी पुलिस ने ठगी की रिपोर्ट दर्ज कर ली है।

थाना बहेड़ी क्षेत्र के मोहल्ला नूरी नगर निवासी इस्लामुद्दीन अलीगढ़ विश्वविद्यालय में एमकॉम द्वितीय वर्ष का छात्र है। वह अपने कालेज के छात्रों के ग्रुप एमकॉम-2 सेमेस्टर 2023-24 में जुड़ा है। छात्रों के इसी ग्रुप पर एक व्हाट्सएप नंबर से मेसेज आया। मेसेज में लिखा था कि 'आप हमसे जुड़ जाएं'। इस पर छात्र ने पूछा कि इसमें क्या काम करना है। जिस पर शेयर बाजार के बारे में यहां बताया जाएगा। शेयर मार्केट वाले एप्लीकेशन में पैसे लगाने पर उसे मुनाफा मिलेगा और भविष्य बना जाएगा। उसके बाद एप्लीकेशन 'जेईआरएस प्रो टार्डिंग एप' डाउनलोड करने के लिए वाटसअप ग्रुप में लिंक भेज दी गई। इस्लामुद्दीन ने लिंक खोलकर एप डाउनलोड किया। इसमें कीर्ति के नाम से बैंक खाता और कंपनी दिख रही है। उन्होंने अपनी मां के खाते से एचडीएफसी बैंक शाखा बहेड़ी से 23 जून को एक लाख 84 हजार और 24 जून को एक लाख 38 हजार रुपये खाते में ट्रांसफर कर दिए।

1 जुलाई को एक नंबर पर बात हुई, जिस पर बताया गया कि उसमें लाभ हो चुका है और रुपये वापस लेने के लिए चार लाख टैक्स पे करना पड़ेगा। इस पर छात्र को ठगी का एहसास हुआ। छात्र ने तुरंत कुछ रकम निकाल ली लेकिन एक लाख 38 हजार रुपये नहीं निकल सके।

# मस्जिद की एक इंच जमीन नहीं देंगे : शहाबुद्दीन रजवी

कार्यालय संवाददाता, बरेली

- **मथुरा की शाही ईदगाह मस्जिद के बारे में हाईकोर्ट के फैसले पर प्रतिक्रिया**

**अमृत विचार :** आल इंडिया मुस्लिम जमात के राष्ट्रीय अध्यक्ष मौलाना मुफ्ती शहाबुद्दीन रजवी बरेलवी ने कहा है कि शाही ईदगाह मस्जिद मथुरा के संबंध में आए हाईकोर्ट के फैसले से मुसलमानों को मायूसी हुई है। वह मुसलमानों से अपील करते हैं कि इलाहाबाद हाईकोर्ट के फैसले से परेशान होने की जरूरत नहीं। वो वक्त भी आएगा जब शाही ईदगाह मस्जिद का फैसला हमारे हक में होगा। उन्होंने यह भी कहा कि वह आरएसएस को मुसलमानों का दुश्मन नहीं मानते।

मौलाना ने कहा कि मुसलमान सुप्रीम कोर्ट पर भरोसा करें वहां से निष्पक्ष और इंसाफ पर आधारित निर्णय होगा।

मुसलमान हमेशा कानून के दायरे में रहकर काम करता है और कोर्ट का सम्मान भी करता है। मगर अभी जो फैसला आया है इससे भारत के मुसलमानों को ऐसा महसूस हो रहा है कि कहीं बाबरी मस्जिद अयोध्या की तरह वाराणसी की ज्ञानवापी मस्जिद और मथुरा की शाही ईदगाह का भी हश्र न हो जाए। लेकिन मुसलमान शाही ईदगाह मस्जिद या ज्ञानवापी मस्जिद की एक ईंट तो दूर की बात मस्जिद का एक इंच भी नहीं देंगे। हालांकि हिंदू पक्ष से बातचीत को तैयार हैं। आरएसएस को वह मुसलमानों का दुश्मन नहीं मानते। जिस तरह यह संगठन देश के लिए काम करता है, उसी तरह मुसलमान भी देश के साथ वफादारी निभाते हुए कुर्बानी देने के लिए तैयार रहता है। उन्होंने कहा कि भाईचारे की जिम्मेदारी सिर्फ मुसलमानों की नहीं है। हिंदुओं का भी फर्ज बनता है कि वह इसे निभाएं।

## ग्राहक बनकर आए चोर ने उड़ाए 50 हजार रुपये

**रुद्रपुर, अमृत विचार:** शहर के मटके वाली गली में ग्राहक बनकर आए एक चोर ने रेडीमेड की दुकान से हजारों की नगदी उड़ा दी। भनक लगते ही व्यापारी नेता मौके पर पहुंचे और पुलिस को घटना की जानकारी दी। पुलिस ने सीसीटीवी कैमरे में कैद संदिग्ध की तलाश शुरू कर दी है।

ओमेक्स कॉलोनी निवासी अंकित नरूला की मटके वाली गली में रेडीमेड गारमेंट्स की दुकान है। पिछले एक साल से कर्मचारी अरुण शर्मा ही दुकान को खोलता है। शुक्रवार की सुबह रोजमर्रा की भांति कर्मचारी ने दुकान खोली। अचानक टोपी व मास्क लगाए एक युवक सुबह 10 बजे दुकान पर आया और लोअर खरीदने की बात करने लगा। इसके बाद कर्मचारी लोअर निकालने गोदाम की ओर चला गया। तभी आरोपी ने गल्ले में रखी 50 हजार की नगदी व क्रेडिट और डेबिट कार्ड चुरा लिए।

# आगरा के लिए सप्ताह में तीन दिन ट्रेन नहीं

कार्यालय संवाददाता, बरेली

- **कारोबार के लिए आवाजाही के बावजूद रेलवे इस रूट पर ट्रेनें बढ़ाने पर नहीं कर रहा है विचार**
- **बरेली-आगरा के बीच सिर्फ चार ट्रेन, यात्री बोले- फास्ट पैसेंजर ही चला दें**

**अमृत विचार:** आगरा न सिर्फ पर्यटन बल्कि कारोबार के लिहाज से भी बरेली के लोगों के लिए बेहद महत्वपूर्ण शहर है मगर इस रूट पर सालों से ट्रेनों का अकाल पड़ा है। हालत यह है कि बरेली से आगरा जाने के लिए सप्ताह में तीन दिन कोई ट्रेन ही नहीं है। कोई ट्रेन साप्ताहिक है तो कोई सप्ताह में तीन दिन ही चलती है। यात्रियों ने रेल प्रशासन से मांग की है कि इस रूट पर फास्ट पैसेंजर ट्रेन प्रतिदिन चलाई जाए।

बरेली से आगरा के लिए रेल के सफर के लिए सप्ताह में चार दिन ही विकल्प मौजूद हैं। इसमें शनिवार को 14314 बरेली-मुंबई दादर एक्सप्रेस, बुधवार को बरेली-इंदौर महाकाल एक्सप्रेस, बृहस्पतिवार को 22200 सुशासन एक्सप्रेस और सोमवार, बृहस्पतिवार और शनिवार को 15056 रामनगर-आगरा फोर्ट एक्सप्रेस चलाई जाती है। मंगलवार, शुक्रवार और रविवार समेत सप्ताह में तीन दिन आगरा जाने के लिए कोई ट्रेन नहीं है। इन दिनों में यात्रियों के लिए बस ही विकल्प होती है।

हाल ही में झारखंड के राज्यपाल बने संतोष गंगवार ने बरेली के सांसद रहते रामनगर आगरा फोर्ट को कई बार रोज चलाने की मांग की लेकिन रेलवे ने इस पर विचार नहीं किया। आगरा होते हुए गुजरने वाली बरेली-बांदीकुई जैसी ट्रेनें कोरोना में बंद हुईं तो दोबारा शुरू नहीं की गईं। अजीज वर्मा नाम के व्यक्ति ने एक्स पर रेलवे से इस संबंध में शिकायत कर मांग की कि वंदे भारत को चंदौसी होते हुए चलाने से बेहतर है कि बरेली बांदीकुई एक्सप्रेस दोबारा शुरू की जाए। बंद की गई बरेली बांदीकुई पैसेंजर को भी दोबारा शुरू करने के साथ बरेली-आगरा के बीच फास्ट पैसेंजर चलाई जाए। बरेली-मुंबई एक्सप्रेस भी प्रतिदिन चलाने की मांग की।

### बरेली-अलीगढ़ रूट को दोहरीकरण का इंतजार

बरेली से आगरा तक का सफर अलीगढ़ तक लाइन सिंगल होने के कारण भी मुश्किल है। 167 किमी बरेली-अलीगढ़ रूट के दोहरीकरण को मंजूरी भी मिल चुकी है। लेकिन काम शुरू होने का इंतजार है। दोहरीकरण होने के बाद इस रूट की तस्वीर सुधरने की उम्मीद जताई जा रही है। मुरादाबाद रेल मंडल के सीनियर डीसीएम आदित्य गुप्ता ने बताया कि फिलहाल दोहरीकरण का कार्य सर्वे स्तर पर है।

## सांसद ने की बरेली बांदीकुई एक्सप्रेस चलाने की मांग

**बरेली, अमृत विचार :** आंवला से सपा सांसद नीरज मौर्य ने रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव को पत्र लिकर कोरोना काल के दौरान बंद हुई बरेली बांदीकुई पैसेंजर दोबारा चलाने की मांग की है।

उन्होंने कहा कि यात्रियों और व्यापारियों के लिए यह बेहद महत्वपूर्ण ट्रेन है। इसके अलावा उन्होंने बिशारतगंज रेलवे स्टेशन के पास रेलवे क्रॉसिंग 6-ए पर ओवर ब्रिज, रेलवे क्रॉसिंग 6-बी पर अंडरपास, बरेली बदायूं मार्ग स्थित महेशपुरा गांव में मौजूद एनआर व एनईआर की रेलवे क्रॉसिंगों पर ओवर ब्रिज, कैंट स्टेशन के पास मौजूद रेलवे क्रासिंग पर ओवर ब्रिज बनाने की मांग रेल मंत्री से की। उन्होंने बिशारतगंज स्टेशन पर एक प्लेटफार्म से दूसरे प्लेटफार्म पर जाने के लिए एफओबी बनाने की भी मांग उठाई है।

# पेड़ से लटका मिला लापता युवक का शव

कार्यालय संवाददाता, अमरोहा



शव रखकर विलाप करते परिजन। ● अमृत विचार

- **शव को खेड़ी के मोड़ पर रखकर जाम लग दिया**
- **सीओ ने कार्रवाई का आश्वासन देकर जाम खुलवाया**

**अमृत विचार :** नौगांवा सादात से संदिग्ध परिस्थितियों में लापता हुए युवक का शव शुक्रवार दोपहर घर से 500 मीटर दूर जंगल में पेड़ से रस्सी के सहारे लटका मिला। सूचना पर पहुंची पुलिस व फोरेंसिक टीम ने जांच पड़ताल की। परिजनों ने हत्या का आरोप लगाते हुए शव को खेड़ी के मोड़ पर रखकर जाम लग दिया। पुलिस ने कार्रवाई का आश्वासन देकर जाम खुलवाया और शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।

मामला थाना नौगांवा सादात क्षेत्र के कस्बे का है। दरअसल नौगांवा क्षेत्र में ही बांसखेड़ी मोड़ पर स्व. अली हैदर का परिवार रहता है। परिवार में पत्नी के अलावा छह बेटे और दो बेटियां हैं। उनके 22 वर्षीय बेटे जामिन अब्बास ने बीते साल बी फार्मा किया था। वह बस्ती में ही निजी अस्पताल में नौकरी कर रहा था। गुरुवार को इमाम की शहादत को लेकर बस्ती में होने वाले धार्मिक कार्यक्रम में शामिल होने के लिए जामिन अब्बास ने अस्पताल से छुट्टी ली थी। परिजनों के मुताबिक दोपहर में करीब तीन बजे जामिन धनौरा मार्ग स्थित खेड़ी मोड़ से अचानक लापता हो गया। उसकी स्कूटी घर से कुछ ही दूरी पर खड़ी मिली, जिसमें चाबी भी लगी हुई थी। तलाश के बाद युवक के न मिलने पर परिजनों ने थाने में पहुंचकर गुमशुदगी दर्ज कराई थी। पुलिस ने परिजनों के साथ आसपास खेतों में काफी तलाश किया, लेकिन कहीं कुछ पता नहीं चला। शुक्रवार दोपहर जामिन का शव बांसखेड़ी मोड़ स्थित घर से करीब 500 मीटर पीछे शीशम के पेड़ से रस्सी के सहारे लटका मिला। सूचना पर पहुंची पुलिस ने फोरेंसिक टीम को बुलाकर साक्ष्य जुटाए। परिजनों ने कार्रवाई की मांग को लेकर खेड़ी के मोड़ पर शव सड़क पर रखकर जाम लगा दिया। जाम की सूचना पर सीओ अभिषेक यादव मौके पर पहुंचे और कार्रवाई का आश्वासन देकर जाम खुलवाया। वहीं, परिजनों ने 12 जून को क्रिकेट मैच के दौरान गांव बांसखेड़ी के युवकों से हुए झगड़े की रंजिश में बेटे की हत्या कर शव पेड़ से लटकाने का आरोप लगाया है। प्रभारी निरीक्षक सुधीर कुमार सिंह ने बताया कि शव पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया है। पोस्टमार्टम रिपोर्ट एवं तहरीर मिलने पर अग्रिम कार्रवाई की जाएगी।

## हाथी ने बच्ची को कुचल कर मार डाला

**देहरादून, अमृत विचार :** देहरादून के बालावाला क्षेत्र में बांसवाड़ा के जंगल में सात साल की बच्ची को हाथी ने कुचलकर मार डाला। बच्ची खेलते हुए साथियों के साथ जंगल में चली गई थी।

एसएसपी अजय सिंह ने बताया कि शुक्रवार शाम करीब पांच बजे सूचना मिली कि बांसवाड़ा के जंगल में सात साल की बच्ची को हाथी ने कुचलकर मार डाला है। सूचना मिलते ही पुलिस और वन विभाग की टीम ने घटनास्थल का निरीक्षण किया। मृतक बच्ची की पहचान सोनम पुत्री लोचन ऋषि देव निवासी सहरसा (बिहार) के रूप में हुई है। पता चला कि सोनम पड़ोस के कुछ बच्चों के साथ बस्ती में खेल रही थी। खेल-खेल में बच्चे जंगल के अंदर चले गए। वहां सोनम को हाथी ने पकड़ लिया और अपनी सूंड में उठा लिया। यह देखकर बाकी बच्चे वहां से भाग निकले और जानकारी स्थानीय लोगों को दी।

# गोबर से तैयार लकड़ियों से मिल रहा रोजगार

संवाददाता, काशीपुर



काशीपुर में तैयार गोबर से बने लट्ठे। ● अमृत विचार

**अमृत विचार :** काशीपुर नगर निगम ने स्वयं सहायता समूह की महिलाओं को रोजगार देने की कवायद शुरू कर दी है। यूजर चार्ज वसूलने के बाद अब नगर निगम ने डेढ़ लाख रुपये की लागत से एक मशीन खरीदी है। इस मशीन की मदद से स्वयं सहायता समूह की महिलाएं गाय के गोबर से लकड़ियों से लट्ठे को बना रही हैं। वहीं गोबर से बने इन लट्ठों की बाजार में काफी डिमांड देखी जा रही है।

काशीपुर नगर निगम ने गाय के गोबर को स्वयं सहायता समूह की महिलाओं के लिए रोजगार का जरिया बनाने की पहल की है। इसके माध्यम से गाय के गोबर से लकड़ी की तरह दिखने वाले लट्ठों को बनाया जा रहा है। लोग पूजा पाठ जैसे कार्यों के लिए लकड़ियों की जगह इन लट्ठों का इस्तेमाल कर रहे हैं। वहीं इन लट्ठों की बाजार में काफी डिमांड हो रही है।

> गोबर से लट्ठे बनाने की कवायद शुरू की गई है। इन लट्ठों की डिमांड बाजार में खुब अधिक हो रही है। इसकी मदद से स्वयं सहायता समूह की महिलाओं को भी अच्छा रोजगार मिला है।
>
> **-विवेक राय,** नगर आयुक्त, काशीपुर

**ऐसे तैयार होती है गोबर की लकड़ी:** गोबर से लठ्ठे तैयार करने के लिए दो दिन तक गोबर को सुखाया जाता है। नमी कम होने पर मशीन में डालकर घुमाया जाता है। इसके बाद लकड़ी तैयार की जाती है। लकड़ी को तैयार होने के बाद इसे जलाने के लिए एक दिन पूरी तरह से सुखाया जाता है।

- **स्वयं सहायता समूह को रोजगार देने के लिए नगर निगम ने गाय के गोबर से लट्ठे तैयार करने की शुरू की कवायद**

**छह क्विंटल लट्ठे तैयार होने से बचेगा एक पेड़:** जानकारों की माने तो गोबर के लठ्ठों का उत्पादन करने से पेड़ों के कटान में कमी आएगी। गोबर से छह क्विंटल जलौनी लठ्ठा तैयार किया जाता है तो एक पेड़ कटने से बचाया जा सकता है।

## मोटर साइकिल चोरी करने का आरोपी दोषमुक्त

**काशीपुर, अमृत विचार:** मोटर साइकिल चोरी में पकड़े गए एक आरोपी को द्वितीय एसीजे ने साक्ष्यों के अभाव में दोषमुक्त कर दिया। 16 मई 2007 को दोपहर करीब डेढ़ बजे काशीपुर पुलिस ने ग्राम चौखंडी थाना टांडा रामपुर निवासी इफ्तेखार व रफीक चोरी की मोटरसाइकिल के साथ पकड़े गए थे। विवेचना के बाद पुलिस ने तीनों आरोपियों के धारा 411 एवं 414 के तहत आरोप पत्र प्रस्तुत किया था। केस का विचारण द्वितीय एसीजे की अदालत में हुआ। आरोपियों के न्यायालय में अनुपस्थित रहने के कारण उनकी पत्रावली पृथक कर दी गई। विचारण के दौरान अभियोजन की ओर से अभियुक्त इफ्तेखार पर लगाये गये आरोप साबित करने के लिए किसी भी मौखिक व दस्तावेजी साक्ष्य कोर्ट में पेश नही किया गया। बचाव पक्ष की ओर से पैरवी शैलेंद्र कुमार मिश्रा ने की। दोनों पक्षों को सुनने के बाद द्वितीय एसीजे चेतन सिंह गौतम ने आरोपी इफ्तेखार को संदेह का लाभ देते हुए दोषमुक्त कर दिया।

**अभियान** दूसरे दिन 582 को हेलीकॉप्टर से किया रेस्क्यू, 15सौ लोगों को पैदल मार्ग से लाया गया

# केदारनाथ आपदा : तेजी से हो रहा राहत एवं बचाव कार्य

ब्यूरो, देहरादून



केदारनाथ में हेलीकॉप्टर से जारी रेस्क्यू अभियान। ● अमृत विचार

**अमृत विचार :** केदारघाटी में अतिवृष्टि के चलते विभिन्न पड़ावों में फंसे तीर्थ यात्रियों व स्थानीय लोगों को सुरक्षित रेस्क्यू करने के लिए अभियान जारी ही। सेना, एसडीआरएफ, एनडीआरएफ, पुलिस के साथ ही एम आई-17 व चिनूक हेलीकॉप्टर रेस्क्यू में जुटे हैं। दूसरे दिन शुक्रवार को 582 लोगों का हेलीकॉप्टर से रेस्क्यू किया गया। जबकि 1500 लोगों को पैदल मार्ग से लाया गया। प्रशासन की तरफ से अलग-अलग जगह फंसे लोगों के लिए अब तक 18 हजार फूड पैकेट्स व 35 हजार पानी की बोतलें भिजवाई गईं हैं।

- **फंसे लोगों को प्रशासन ने वितरित किए फूड पैकेट्स व पानी की बोतलें**

भारी बारिश व बादल फटने से केदारघाटी काफी नुकसान हुआ है। गौरीकुंड-केदारनाथ पैदल मार्ग बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गया है। अतिवृष्टि के चलते केदारनाथ, लिनचोली, भीमबली, सोनप्रयाग, शेरसी, गुप्तकाशी एवं चैमासी आदि स्थानों पर हजारों की संख्या में तीर्थयात्री व स्थानीय लोग फंस गए। रुद्रप्रयाग जिलाधिकारी के निर्देशन में इन पड़ावों में फंसे लोगों का सुरक्षित रेस्क्यू किए जाने का अभियान जारी है। सेना, एसडीआरएफ, एनडीआरएफ,पुलिस के जवान रेस्क्यू में जुटे हैं। एमआई-17 व चिनूक हेलीकॉप्टर भी रेस्क्यू में लगे हैं।अभियान के दूसरे दिन शुक्रवार शाम साढ़े तीन बजे तक 582 लोगों को हेली सेवाओं से एयर लिफ्ट कर रेस्क्यू किया जा चुका था। वहीं सोनप्रयाग से गौरीकुंड के बीच 1500 से अधिक लोगों को पैदल मार्ग से लाया जा चुका था। अपर मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ विमल गुसाईं ने बताया कि अब तक सोनप्रयाग, गौरीकुंड व शेरसी में 286 लोगों को चिकित्सीय सुविधा उपलब्ध कराई गई है। केदारनाथ यात्रा के मुख्य पड़ाव लिनचोली से यात्रियों का रेस्क्यू पूरा हो गया है। दूसरे पड़ावों पर फंसे लोगों को निकालने को अभियान जारी रहेगा।

इधर, विभिन्न पड़ावों पर फंसे श्रद्धालुओं व अन्य लोगों के लिए संबंधित विभाग की टीमें भोजन उपलब्ध करा रही हैं।

# सायरनों की आवाज ने पुलिस और फायर टीम को दौड़ाया

संवाददाता, काशीपुर

- **अनहोनी की आशंका के चलते एसडीएम व एसपी भी मौके पर पहुंच**
- **छानबीन में तकनीकी दिक्कत से सायरन बजने की बात आयी सामने**

**अमृत विचार :** शहर के दो अलग-अलग बैंकों में फायर अलार्म बजने की सूचना पर फायर स्टेशन की टीम व पुलिस मौके पर पहुंच गई। मौके पर एसडीएम व एएसपी भी पहुंच गए। लेकिन बैंक में किसी प्रकार की आग की घटना नहीं हुई थी। तकनीकी दिक्कत की वजह से अलार्म स्वतः ही बज गए थे।

बुधवार रात को पहले रामनगर रोड स्थित पंजाब नेशनल बैंक का फायर अलार्म अचानक बज गया। जिसकी सूचना पर फायर कर्मी व पुलिस की टीम मौके पर पहुंच गई। लेकिन वहां कोई अप्रिय घटना दिखाई नहीं दी। इस घटना के दो घंटे बाद बाजपुर रोड स्थित केनरा बैंक का अलार्म बज गया। आनन-फानन में पुलिस व फायर की टीम मौके पर पहुंची, तो वहां भी कोई अप्रिय घटना दिखाई नहीं दी। दोनों जगह बैंक के मैनेजरों को बुलाकर बैंक खुलवाया गया और जांच की गई। लेकिन दोनों जगह अंदर भी किसी प्रकार की अनहोनी प्रतीत नहीं हुई। छानबीन में तकनीकी दिक्कत के कारण अलार्म बजने की बात सामने आयी।

इस बीच मौके पर एसडीएम अभय प्रताप सिंह और एएसपी अभय सिंह भी पहुंच गए। एएसपी अभय सिंह ने बताया कि दोनों बैंकों के अलार्म अचानक बज गए थे। कुछ तकनीकी दिक्कत के कारण अलार्म बजे है। जिसके लिए दोनों बैंक के मैनेजरों को एक्सपर्ट को बुलाकर अलार्म सही कराने के निर्देश दिये गये हैं।

## मांस बेचने का विरोध करने पर पति-पत्नी बेटे को पीटा

**बाजपुर, अमृत विचार :** तीन दिन पहले घर के सामने मांस बेचने का विरोध करने पर गुस्साए आरोपी ने लाठी-डंडों व धारदार हथियारों से पति-पत्नी व बेटे को घायल कर दिया। प्राथमिक उपचार के बाद तीनों को हायर सेंटर रेफर कर दिया गया है। ग्राम मुड़िया कलां निवासी भूरा ने पुलिस को बताया कि 31 जुलाई को गांव का ही एक व्यक्ति उसके घर के सामने मांस बेचने के लिए आया था। इसके चलते भूरा की पत्नी सब्बो खातून ने विरोध करते हुए अपने घर के सामने मांस बेचने से मना कर दिया था। आरोप है कि शुक्रवार को आरोपी घर पर आकर पत्नी के साथ गाली-गलौज करने लगा। आरोप है कि सूचना पर पहुंचे लाठी-डंडों व हथियारों से लैस उसके 8-10 अन्य साथियों ने जानलेवा हमला कर दिया।

**सम्बन्ध-विच्छेद**

मेरा पुत्र जबर अली बुरी संगत में पड़ गया है। जो मेरे व मेरे परिवार के सदस्यों के साथ आये दिन झगड़ा व मारपीट करता रहता है। मैं स्वेच्छा से अपने पुत्र जबर अली को चल-अचल सम्पत्ती से बेदखल करते हुए अपने व परिवार के सदस्यों से सम्बन्ध विच्छेद करता हूँ। उसके द्वारा किये गये कुकृत्यों का वह स्वयं उत्तरदायी होगा। शफीक पुत्र मजर अली निवासी-ग्राम रसूलपुर चौराह, तह० कांठ, थाना-छजलैट जि० मुरादाबाद, उ०प्र०।

# अनुपूरक बजट के बाद दस का दम दिखाने पर फोकस

## मुख्यमंत्री योगी ने दिए विस्तार से कार्ययोजना बनाने के निर्देश

- 10 सेक्टर के जरिए देश की सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था का लक्ष्य

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

**अमृत विचार:** राज्य सरकार के लिए साढ़े सात लाख करोड़ के बजट को समय से खर्च करना चुनौती है। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने इसके लिए 'दस का दम' लगाने पर जोर देते हुए विस्तार से कार्ययोजना तैयार करने के निर्देश दिए हैं।

प्रदेश को वन ट्रिलियन डॉलर अर्थव्यवस्था बनाने के बड़े लक्ष्य को साधने के लिए मुख्यमंत्री ने 10 सेक्टरों पर विशेष जोर देने के निर्देश सभी अधिकारियों को पहले ही दे रखे हैं। फरवरी माह में आयोजित हुए ग्राउंड ब्रेकिंग सेरेमनी के जरिए 10 लाख करोड़ रुपये से अधिक के निवेश धरातल पर उतरने से सरकार का आत्मविश्वास बढ़ा हुआ है। मुख्यमंत्री ने आर्थिक विकास से जुड़े सभी महत्वपूर्ण विभागों के बीच समन्वय कायम करते हुए कार्य करने के निर्देश दिए हैं।

**एक जिला एक खेल पर सरकार गंभीर :** अनुपूरक बजट में ग्रामीण क्षेत्रों में ओपन जिम खोलने के लिए मिले 100 करोड़ के बाद मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के निर्देश पर तेजी से काम शुरू करने का लक्ष्य दिया गया है। सरकार एक जिला एक खेल (वन डिस्ट्रिक्स, वन स्पोर्ट्स) पर भी गंभीरता से काम कर रही है। इसके नतीजे भी दूरगामी और बहुआयामी होंगे।

### इन दस सेक्टरों की खुद मुख्यमंत्री करेंगे मॉनीटरिंग



जिन 10 सेक्टर पर मुख्यमंत्री ने सबसे अधिक फोकस करने के निर्देश दिए हैं, उनमें कानून व्यवस्था, कृषि उत्पादन, सामाजिक सुरक्षा, अवस्थापना एवं औद्योगिक विकास, नगरीय विकास, ग्राम्य विकास, चिकित्सा एवं स्वास्थ्य, शिक्षा, पर्यटन एवं संस्कृति और राजस्व संग्रह को लेकर अगले तीन साल तक मिशन मोड में कार्यों को आगे बढ़ाया जाएगा। इन प्रत्येक सेक्टर की जिम्मेदारी एक-एक कैबिनेट मंत्री को दी गई है, जिन्हे अपर मुख्य सचिव स्तर के अनुभवी अधिकारी संभालेंगे।

# 1090 चौराहे पर नशे में धुत्त युवकों का हुड़दंग

**लखनऊ, अमृत विचार :** नशे में धुत्त युवकों ने 1090 चौराहे पर बुधवार देर रात को जमकर हुड़दंग किया। इस दौरान राहगीरों के साथ गाली-गलौज भी करने की बात सामने आई है। वीडियो शुक्रवार शाम को सोशल मीडिया पर वायरल हुआ। पुलिस के मुताबिक यह बुधवार रात करीब 12 से एक बजे के बीच का है। आरोपियों की तलाश की जा रही है।

सोशल मीडिया प्लेटफार्म एक्स पर शुक्रवार को वीडियो वायरल हुआ। वीडियो में कुछ युवक 1090 से चटोरी गली की तरफ जाने वाले रास्ते पर आपस में विवाद करते दिख रहे हैं। गाली गलौज के साथ हाथापाई भी हो रही है। बताया जा रहा है कि यहां पर देर रात तक लगने वाले ठेले के पास अक्सर इस तरह का माहौल देखने को मिलता है। विवाद करने वाले युवक चाय के ठेले के पास शराब भी पीते नजर आ रहे हैं। चाय के ठेले के पास युवक काफी देर हंगामा करते रहे। घटना स्थल के चंद कदम की दूरी पर चौकी भी है। इसके बाद भी कोई कार्रवाई अभी तक नहीं हो सकी है।

# 5 हजार बसों की खरीद पर मुहर, 52 व 32 सीटर होंगी

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

- साधारण, एसी, सीएनजी, इलेक्ट्रिक बसें खरीदी जाएंगी



**अमृत विचार :** प्रदेश सरकार की ओर से पेश अनुपूरक बजट में परिवहन निगम को 1000 करोड़ रुपये मिलने के बाद रोडवेज प्रशासन ने बस खरीद की तैयारियां शुरू कर दी हैं। निगम मुख्यालय में बस निर्माता कंपनियों व अधिकारियों के बीच हुई वार्ता के बाद शुक्रवार को 5 हजार नई बसें खरीदने पर मुहर लग गई।

रोडवेज प्रशासन इनमें 52, 42 और 32 सीट वाली बसें खरीदेगा। शुक्रवार को यूपीएसआरटीसी के एमडी मासूम अली सरवर और वाहन निर्माता कंपनियों के प्रतिनिधि फिजिकल और ऑनलाइन दोनों माध्यमों से जुड़े। इसके बाद निर्णय हुआ। मिले बजट में 500 करोड़ रुपये की धनराशि परिवहन निगम को बस खरीद के लिए ही दी गई है। इससे रोडवेज प्रशासन 120 इलेक्ट्रिक और 1000 डीजल बसें क्रय करेगा। प्रयागराज में महाकुंभ मेला की शुरुआत 14 जनवरी 2025 से होनी है। इससे पहले ही परिवहन निगम को 5 हजार साधारण, एसी, सीएनजी, इलेक्ट्रिक बसें खरीदना है। सबसे पहले महाकुंभ में जाने आने वाले श्रद्धालुओं को ध्यान में रखकर बसों की आपूर्ति कराई जाएगी।

रोडवेज को साधारण बस सेवा की बस चेचिस बुकिंग होने के चार माह बाद मिलती है। इसके बाद इसकी बाडी तैयार करने में एक माह का समय लग जाता है। प्रयागराज में होने वाले महाकुंभ में अब सिर्फ पांच माह का समय बचा है।

## सार-संक्षेप

### मुख्य सचिव से 31 प्रशिक्षु पीसीएस अधिकारियों ने की भेंट

**लखनऊ, अमृत विचार :** मुख्य सचिव मनोज कुमार सिंह से प्रांतीय सिविल सेवा (कार्यकारी शाखा) के 31 प्रशिक्षु अधिकारियों ने शुक्रवार को मुलाकात की। इस दौरान मुख्य सचिव ने प्रशिक्षु अधिकारियों का उप्र. शासन के परिवार में स्वागत करते हुए कहा कि यूपी कैडर देश के सर्वश्रेष्ठ कैडरों में से एक है। आप सभी भाग्यशाली हैं कि आप लोगों को उत्तर प्रदेश में काम करने का मौका मिला। मुख्यमंत्री के नेतृत्व में प्रदेश के सभी सेक्टरों में तेजी से विकास हो रहा है। यह सेवा दूसरों की जिंदगी को बेहतर बनाने का अवसर प्रदान करती है। नए जोश व उत्साह के साथ जनहित में कार्य करें। उन्होंने कहा कि कानून-व्यवस्था और विकास कार्यक्रमों के क्रियान्वयन में उनकी महत्वपूर्ण भूमिका है। राजस्व संबंधी मामलों को लम्बित न रखें। जनता से संवाद कर उनकी समस्याओं का समाधान करें।

### पूर्व विधायक ने निजी बैंक पर लगाया ठगी का आरोप

**लखनऊ, अमृत विचार :** प्रतापगढ़ के गड़वारा विधानसभा से भाजपा के विधायक रहे बृजेश मिश्रा सौरभ ने एक निजी बैंक पर ठगी का आरोप लगाया है। आरोप है कि उन्होंने शेयर के बदले में 20 लाख रुपये का लोन लिया था। बैंक ने उनके 46 लाख रुपये के शेयर रोक लिए। लोन खत्म करने के लिए एजेंट से कहा तो मना कर दिया। जानकारी करने के लिए बैंक अधिकारियों से संपर्क किया तो असफल रहे। पीड़ित ने पुलिस कमिश्नर से मिलकर ठगी तहरीर दी है। वहीं मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ से भी इसकी शिकायत की है। गड़वारा विधानसभा से 2007 में भाजपा के विधायक रहे बृजेश मिश्रा सौरभ प्रतापगढ़ के रहने वाले हैं।

### सिपाही को छुट्टी नहीं दी, इलाज के अभाव में पत्नी की मौत

**बलिया, एजेंसी।** पुलिस अधीक्षक ने सिकंदरपुर थाने के एक सिपाही को थाना प्रभारी द्वारा अवकाश नहीं दिए जाने और कथित तौर पर उपचार के अभाव में उसकी पत्नी की मौत के मामले में शुक्रवार को जांच के आदेश दिए। पुलिस अधीक्षक (एसपी) विक्रांत वीर ने बताया कि सिपाही प्रदीप सोनकर की ओर से उन्हें प्रेषित एक शिकायत पत्र सोशल मीडिया पर सार्वजनिक हुआ है, जिसमें थाना प्रभारी पर गंभीर आरोप लगाए हैं। सोनकर ने आरोप लगाया, 'मैं अपनी बीमार पत्नी के इलाज के खातिर सिकंदरपुर थाना के प्रभारी दिनेश पाठक के पास अवकाश के लिए 27 जुलाई को गया तो उन्होंने मुझे डांट कर भगा दिया, जिसके बाद मैं थाना के मुख्य आरक्षी से डाक लेकर गत 29 जुलाई की रात घर के लिए निकला। मेरे घर पहुंचने से पहले मेरी पत्नी की मौत हो गई।

### पूर्व मंत्री ओपी सिंह कोर्ट में हाजिर, गिरफ्तारी वारंट रद

**सुलतानपुर, अमृत विचार :** आदर्श चुनाव आचार संहिता उल्लंघन के मामले में पूर्व विधायक और खेल मंत्री रहे ओम प्रकाश सिंह समेत सात आरोपियों ने शुक्रवार को गिरफ्तारी वारंट की जानकारी होने पर एमपी एमएलए की विशेष कोर्ट मजिस्ट्रेट शुभम वर्मा की अदालत में हाजिर हुए। उनके वकील संतोष पांडेय ने आरोपियों ओम प्रकाश सिंह, गुरबचन सिंह, संतोष कुमार, वीरेंद्र, केशवानंद, ओमप्रकाश उपाध्याय और अब्दुल रऊफ के खिलाफ जारी गिरफ्तारी वारंट रिकॉल करने का प्रार्थना पत्र व जमानतनामा दाखिल किए। अधिवक्ता ने बताया कोर्ट ने पूर्व मंत्री समेत सात के खिलाफ जारी गिरफ्तारी वारंट रिकाल कर लिया। मामले में कोर्ट ने बहस के लिए कोर्ट ने 12 अगस्त की तारीख नियत की है।

### रेलवे ट्रैक के साथ छेड़छाड़ करने वाला यूट्यूबर गिरफ्तार

**नई दिल्ली।** रेलवे सुरक्षा बल ने रेलवे ट्रैक के साथ छेड़छाड़ करके यात्रियों की सुरक्षा को खतरे में डालने के आरोप में एक यूट्यूबर को गिरफ्तार किया है। ट्विटर पर वायरल वीडियो में एक व्यक्ति को रेलवे ट्रैक पर विभिन्न प्रकार की वस्तुयें रखते हुए दिखाया गया था, जिसके बाद तत्काल जांच की गई। आरोपी गुलजार शेख ने अपने यूट्यूब चैनल पर 250 से अधिक वीडियो अपलोड किये हैं और उसके दो लाख से अधिक सब्सक्राइबर हैं। उसकी ऑन-कैमरा गतिविधियों ने रेलवे सुरक्षा और संचालन दोनों के लिए एक बड़ा खतरा पैदा किया। आरपीएफ और स्थानीय पुलिस की एक टीम ने कल उसे इलाहाबाद के सोरावं क्षेत्र से गिरफ्तार किया है।

# आयकर विभाग ने भी जब्त की थी कुशवाहा की करोड़ों की संपत्ति

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

**अमृत विचार :** एनआरएचएम घोटाले के आरोपी और सपा सांसद बाबू सिंह कुशवाहा के खिलाफ लंबे समय से कार्रवाई की जा रही है। मार्च 2023 में आयकर विभाग ने कुशवाहा पर कार्रवाई करते हुए 35 करोड़ रुपये की संपत्ति कुर्क की थी। जिस जमीन पर आयकर विभाग ने कार्रवाई की थी, वह कुशवाहा ने देशराज सिंह के नाम खरीदी थी, जबकि जमीन पर कब्जा कुशवाहा का था। वहीं, 23 सितंबर 2015 को ईडी ने कुशवाहा की 196 करोड़ की संपत्ति कुर्क की थी। ईडी ने उस समय कुशवाहा के साथ-साथ कई अन्य आरोपियों से भी पूछताछ की थी।

### कुशवाहा पर कभी सपा-कांग्रेस हमलावर थी

मायावती सरकार में मंत्री रहे बाबू सिंह कुशवाहा के खिलाफ कभी समाजवादी पार्टी और कांग्रेस दोनों हमलावर थी। दबाव के कारण ही उस समय बाबू सिंह के खिलाफ एफआईआर दर्ज हुई थी। इसके अलावा कुशवाहा के करीबी रहे सौरभ जैन को भी आरोपी बनाया गया था। इस घोटाले में कुशवाहा और उनके सहयोगियों के खिलाफ ईडी ने 14 फरवरी 2012 को केस दर्ज किया। इसके बाद ईडी ने छापे मारकर कई दस्तावेज बरामद किए थे। कुशवाहा के खिलाफ पिछले 12 सालों में कई बार कार्रवाई हुई।

# क्रेडाई ने किसानों के खिलाफ दाखिल जनहित याचिका वापस ली

**विधि संवाददाता, अमृत विचार:** इलाहाबाद हाईकोर्ट में कन्फेडरेशन ऑफ रियल एस्टेट डेवलपर्स ऑफ इंडिया (क्रेडाई) ने दाखिल जनहित याचिका वापस ले ली, जिसमें न्यू ओखला औद्योगिक विकास प्राधिकरण और ग्रेटर नोएडा औद्योगिक विकास प्राधिकरण (जीएनीआई डीए) को अपने कार्यालयों में आम जनता के सुरक्षित प्रवेश और निकास के लिए निर्देश देने और सक्षम प्राधिकारी से अनुमति प्राप्त करने के बाद प्रदर्शनकारी किसानों के लिए एक स्थान निर्धारित करने की मांग की गई थी। किसान अतिरिक्त मुआवजे के भुगतान, नौकरी आदि मांगों को लेकर विरोध प्रदर्शन और धरना दे रहे हैं।

# कमिश्नर व आईजी ने की कांवड़ियों पर पुष्पवर्षा



**लखनऊ, अमृत विचार :** योगी सरकार के निर्देश पर लगातार तीसरे दिन शुक्रवार को मेरठ और बागपत में कांवड़ियों पर पुष्प वर्षा की गई। शुक्रवार को श्रावण शिवरात्रि के पावन अवसर पर मेरठ मंडल की मंडलायुक्त सेल्वा कुमारी जे और आईजी नचिकेता झा ने मेरठ में बाबा औघड़नाथ मंदिर और बागपत में पुरा महादेव मंदिर में कांवड़ियों पर हेलिकॉप्टर से पुष्प वर्षा की। दोनों अधिकारियों ने पुष्प वर्षा के साथ ही मंदिर परिसर का सर्वेक्षण भी किया और सुरक्षा व्यवस्था का जायजा भी लिया। हेलीकॉप्टर से पुष्प वर्षा होते देख कावंडिये खुशी से झूम उठे और बोल बम बोल बम के नारे लगाने लगे। इससे पूर्व गुरुवार को मेरठ के डीएम दीपक मीणा और एसएसपी विपिन ताड़ा ने भी हेलीकॉप्टर से पुष्प वर्षा की थी।

# बाढ़ प्रभावित किसानों को मिले 71 करोड़ रुपये

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

- लगातार हो रहा प्रभावित इलाकों का सर्वे



**अमृत विचार:** बाढ़ से नुकसान की भरपाई के लिए राज्य सरकार से मिली 150 करोड़ की धनराशि से सवा लाख से अधिक किसानों को 71 करोड़ दिए गए हैं। इसमें सबसे अधिक लखीमपुर खीरी के 70 हजार से अधिक किसानों को 47 करोड़ का भुगतान हुआ है।

राहत आयुक्त जीएस नवीन ने बताया कि मुख्यमंत्री के निर्देश पर प्रदेश के बाढ़ग्रस्त इलाकों में लगातार क्षतिग्रस्त फसलों का सर्वे किया जा रहा है। बताया कि प्रदेश के 18 जिलों की 82126.50 हेक्टेयर फसल प्रभावित हुई। वहीं, सर्वे के दौरान किसानों की 33 फीसदी से अधिक वास्तविक क्षतिग्रस्त फसल 29,243.74 हेक्टेयर पाई गई। राहत आयुक्त ने बताया कि बाढ़ से 1,57,444 किसानों की फसल प्रभावित हुई, जबकि लेखपाल द्वारा अब तक 1,56,952 किसानों को सहायता राशि देने के लिए पोर्टल पर फीड किया जा चुका है। अब तक 1,25,521 किसानों को 71.01 करोड़ रुपये का भुगतान किया जा चुका है।

### तहसील पर चस्पा होगी लाभार्थी किसानों की सूची

मुख्यमंत्री के निर्देश पर बाढ़ प्रभावित इलाकों में क्षतिग्रस्त फसलों के किसानों की सूची तहसीलों पर चस्पा होगी। साथ ही तहसील में एक निश्चित दिन जिन-जिन किसानों को मुआवजा दिया गया है उनके नाम की घोषणा भी होगी।

# कल खुले रहेंगे सभी आरटीओ कार्यालय, लगेंगे विशेष शिविर

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

**अमृत विचार :** प्रदेश के सभी संभागीय परिवहन (आरटीओ) कार्यालय रविवार को खुल रहेंगे। अवकाश के दिन सभी संभागीय परिवहन कार्यालयों में स्कूली वाहनों की फिटनेस जांच के लिए शिविर लगाया जाएगा। सभी वाहन स्वामी संबंधित संभागीय परिवहन कार्यालयों में अपने वाहन की फिटनेस करा सकते हैं। इस आशय के आदेश परिवहन आयुक्त चन्द्रभूषण सिंह ने शुक्रवार को सभी सहायक संभागीय परिवहन अधिकारियों और निरीक्षकों को भेज दिए हैं। आगामी रविवार को कार्यालय खोला जाएगा। इस दौरान उन्होंने स्कूली वाहनों की फिटनेस जांच के लिए विशेष शिविर लगाने के निर्देश दिए हैं। इस कैंप में न केवल स्कूली वाहनों की फिटनेस जांच होगी, बल्कि वाहन स्वामियों को सुरक्षित संचालन को लेकर जागरूक कर उन्हें सुझाव भी दिए जाएंगे।

# कांवड़ यात्रा मार्गों में होगी 24 घंटे बिजली आपूर्ति

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

- ऊर्जा मंत्री ने कहा- निर्धारित समय में बदले जाएं ट्रांसफार्मर



**अमृत विचार:** प्रदेश में कांवड़ यात्रा मार्गों व प्रमुख धार्मिक स्थलों में 24 घंटे बिजली आपूर्ति होगी। ऊर्जा मंत्री एके शर्मा ने इस सिलसिले में अधिकारियों को निर्देश दिये। उन्होंने कहा कि ट्रांसफार्मर के फुंकने व खराब होने पर निर्धारित समय में बदले जाएं। ऊर्जा मंत्री शुक्रवार को शक्ति भवन में बिजली व्यवस्था की वर्चुअल समीक्षा कर रहे थे।

उन्होंने कहा कि सावन के महीने में भोलेनाथ का गंगाजल से अभिषेक करने के लिए शिवभक्त दूर-दूर से कांवड़ लेकर चलते हैं, श्रद्धालुओं को परेशानी न हो, इसलिए कांवड़ यात्रा मार्गों में बिजली आपूर्ति दुरुस्त रखी जाए। उन्होंने कहा कि बरसात की उमस भरी गर्मी से लोगों को राहत देने व कृषि कार्यों के लिए किसानों को पर्याप्त बिजली उपलब्ध कराई जाए। सभी क्षेत्रों को निर्धारित समय सारिणी के अनुरूप बिजली आपूर्ति की जाए, कहीं पर भी अनावश्यक कटौती न हो। सभी कार्मिक पूरी ईमानदारी व निष्ठा के साथ कार्य करें। अपने क्षेत्र के जनप्रतिनिधियों से संवाद बनाए रखें, सभी के फोन उठाएं, उपभोक्ताओं की समस्याओं का तत्काल समाधान किया जाए। ट्रांसफार्मर के जलने और उसके बदलने की जानकारी को सोशल मीडिया के माध्यम से लोगों को उपलब्ध कराई जाए। किसी फीडर में रिकॉर्ड से ज्यादा लोड होने पर तत्काल इसकी विजिलेंस जांच कराई जाए।

**'ट्रिपिंग' मुक्त की जाए राजधानी की बिजली:** ऊर्जा मंत्री ने मध्यांचल विद्युत वितरण निगम के प्रबंध निदेशक भवानी सिंह खंगारौत को निर्देश दिए कि राजधानी की बिजली व्यवस्था को 'ट्रिपिंग' मुक्त बनाने के लिए समुचित प्रबंध किए जाएं। उन्होंने कहा कि गोमती नगर व इंदिरानगर से 'ट्रिपिंग' की ज्यादा शिकायतें आ रही हैं, इसका समाधान किया जाए।

# गेम खेलने से मना करने पर आठवीं के छात्र ने की आत्महत्या

**गाजियाबाद।** आठवीं कक्षा के एक छात्र ने शुक्रवार को फंदा लगाकर आत्महत्या कर ली, क्योंकि उसकी मां ने ऑनलाइन गेम खेलने से रोका था। एसीपी पूनम मिश्रा ने बताया कि वेव सिटी थाना क्षेत्र के लाल कुआं के पास लक्ष्मी विहार रेलवे कॉलोनी में राम प्रसाद के बेटे यश (15) का शव घर की छत पर लगे हुक में फंदे से लटका मिला। मृतक की मां ने पुलिस को बताया कि यश ने ऑनलाइन गेम में दो लाख रुपये गंवा दिए थे।

## वर्ग पहेली-150

**बाएं से दाएं**

3. जिन ध्वनियों के उच्चारण में श्वासनलिका से आती हुई श्वासवायु से स्वरतंत्रियों में कंपन न हो
5. संकलनकर्ता, संचयी।
6. कबूतर के आकार का एक रंगीन
7. 1. लसीली वस्तु 2. पक्षी पकड़ने में प्रयुक्त होने वाला लासा।

**ऊपर से नीचे**

1. 1. दवा द्वारा चिकित्सा 2. ऐसा उपचार जिसमें औषधि का इस्तेमाल हो।
2. 1. जो पहले परंपरा से होता आ रहा था 2. यज्ञ हेतु पशुओं का वध।
4. 1. वापस आना, फिरना 2. पीछे मुंह करना 3. किसी बात से मुकर जाना, पलटना।
5. 1. किसी स्थान पर पहरा देने वाला सिपाही, पहरेदार 2. द्वार पर खड़ा होकर पहरा देने वाला व्यक्ति, द्वारपाल, दौवारिक।



### वर्ग पहेली -149 का हल

| | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 का | | | 2 सृ | | 3 दे |
| मी | | | ज | | नि |
| | 4 रो | श | न | चौ | की |
| 5 सा | | | शी | | |
| थी | | 6 स | ल | ह | ज |
| | 7 श | र | ता | | |
| | | णी | | 8 पा | की |

## सुडोकू -63

सुडोकू एक तरह का तर्क वाला खेल है, जो एक वर्ग पहेली की तरह होता है। जब आप इस खेल को खेलना सीख जाते हैं तो यह बहुत ही सरलता से खेला जा सकता है। सुडोकू खेल में बॉक्स में 1 नंबर से 9 नंबर तक आने वाले अंक दिए हैं। इसमें कुछ बॉक्स खाली हैं, जिन्हें आपको भरना है। कोई भी अंक दोबारा नहीं आना चाहिए। एक सीधी लाइन और एक खड़ी लाइन तथा बॉक्स में नंबर रिपीट नहीं होना चाहिए।

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 7 | | 3 | | | 5 | | 9 | |
| 4 | 8 | | | | | 2 | | |
| 5 | | | 2 | 8 | | | 6 | 4 |
| | | | 7 | | 6 | | 5 | |
| | 1 | | | | | | 3 | |
| | 6 | | 9 | | 4 | | | |
| 6 | 3 | | | 7 | 2 | | | 8 |
| | | 2 | | | | | 4 | 9 |
| | 5 | | 1 | | | 7 | | 3 |

### सुडोकू -62 का हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 2 | 5 | 1 | 9 | 4 | 3 | 7 | 6 | 8 |
| 8 | 9 | 7 | 6 | 5 | 1 | 3 | 2 | 4 |
| 3 | 6 | 4 | 7 | 2 | 8 | 5 | 1 | 9 |
| 4 | 7 | 5 | 1 | 3 | 2 | 9 | 8 | 6 |
| 6 | 1 | 8 | 5 | 7 | 9 | 2 | 4 | 3 |
| 9 | 2 | 3 | 4 | 8 | 6 | 1 | 5 | 7 |
| 1 | 3 | 6 | 2 | 9 | 4 | 8 | 7 | 5 |
| 5 | 4 | 9 | 8 | 1 | 7 | 6 | 3 | 2 |
| 7 | 8 | 2 | 3 | 6 | 5 | 4 | 9 | 1 |

## आज का भविष्यफल

-पं.डॉ. ज्ञानेन्द्र शर्मा

आज की ग्रह स्थिति : 3 अगस्त शनिवार 2024 संवत-2081, शक संवत 1946 मास-श्रावण, पक्ष-कृष्ण पक्ष, तिथि-चतुर्दशी 15.50 तक तत्पश्चात अमावस्या।

**मेष:** आज आप अपने घर की समस्याओं को सुलझाने में व्यस्त रहेंगे। जीवनसाथी आपका मनोबल बढ़ाएगा। सकारात्मक प्रवृत्ति के लोगों के साथ समय बिताएं। कारोबार में आपको अच्छे परिणाम मिलेंगे। कला क्षेत्र से जुड़े लोग कुछ नया सीखने का प्रयास करेंगे।

**वृष:** आज भाई-बहनों का सहयोग मिलेगा। मनोवांछित परिणाम मिलने से उत्साहित रहेंगे। विवाह योग्य जातकों को उत्तम रिश्ते मिल सकते हैं। कार्यक्षमता के अनुसार काम करने से लाभ प्राप्त होगा। लंबी यात्रा पर जाने का विचार बनाएंगे।

**मिथुन:** आज संतान के व्यवहार से आप खुश होंगे। लोग आपसे मार्गदर्शन की अपेक्षा रख सकते हैं। वैवाहिक जीवन खुशहाल रहेगा। विद्वानों और बुजुर्गों का आशीर्वाद प्राप्त होगा। राजनीतिक संपर्क का लाभ उठाएंगे।

**कर्क:** आज व्यापार में जबरदस्त लाभ मिल सकता है। पद और अधिकार की आकांक्षा बढ़ेगी। बिना कहे लोगों की सहायता करेंगे, जिससे आपका यश बढ़ेगा। दांपत्य जीवन में मधुरता रहेगी। प्रत्येक कार्य को सलीके से करने का प्रयास करें।

**सिंह:** आज अचानक अतिथियों के आगमन से परेशान हो सकते हैं। कारोबार को लेकर किसी विशेषज्ञ की सलाह ले सकते हैं। सरकारी कार्यों में थोड़ी बाधा आ सकती है। विरोधी आपका उपहास उड़ा सकते हैं। दांपत्य संबंधों में अनबन हो सकती है।

**कन्या:** आज रोजमर्रा के कार्यों में आपका मन लगेगा। नई परिस्थितियों के साथ तालमेल बिठाने में आसानी होगी। व्यवसाय में अपेक्षा से अधिक लाभ होगा। आपकी आर्थिक स्थिति काफी मजबूत होगी। मन में कुछ नया और प्रयोगात्मक करने की इच्छा होगी।

**तुला:** आज दोस्तों के साथ कहीं घूमने जा सकते हैं। अधिकारी वर्ग से आपके संबंध मधुर होंगे। कारोबार में आ रही अड़चनें पूरी तरह से दूर होंगी। घर का माहौल काफी शांत रहेगा। प्रतियोगी परीक्षा में शानदार परिणाम मिलेंगे।

**वृश्चिक:** आज घर से बाहर खाने का विचार बना सकते हैं। अपने सिद्धांतों के साथ समझौता न करें। पिता के साथ मनमुटाव होने की संभावना है। नौकरीपेशा लोगों को नई जॉब के प्रस्ताव मिल सकते हैं। शाम का समय परिवार के साथ बीतेगा।

**धनु:** आज मैनेजमेंट क्षेत्र से जुड़े लोगों को काफी मेहनत करनी पड़ेगी। अजनबियों पर ज्यादा भरोसा न करें। किसी नए कार्य की शुरुआत करना उचित नहीं है। विद्यार्थी वर्ग के लिए समय कमजोर रहने वाला है। अचानक यात्रा के योग बन रहे हैं।

**मकर:** आज कार्यक्षेत्र में उत्तम प्रबंधन के कारण दबाव महसूस कर सकते हैं। प्रेमी जन से अपने दिल की बात कह सकते हैं। व्यवसाय में आपको काफी बेहतरीन परिणाम प्राप्त होंगे। पुराने अटके हुए मुद्दे हल होने की संभावना है।

**कुंभ:** आज कार्यशैली में समय के अनुसार परिवर्तन लाना उचित होगा। निर्माण कार्य से से जुड़े लोगों के लिए दिन काफी अच्छा है। आपको ज्यादा मेहनत के बजाय आराम पर भी ध्यान देना चाहिए। आपकी परिस्थितियां अनुकूल है।

**मीन:** आज कार्यक्षेत्र में सुखद अनुभव प्राप्त होंगे। घर में सुख-शांति बनी रहेगी। अपनी दिनचर्या को व्यवस्थित रखें। किसी प्रियजन से शानदार मुलाकात होगी। पारिवारिक वातावरण सुखद रहेगा। बच्चों की गतिविधियों पर नजर बनाए रखें।

## आज का पंचांग




**दिशाशूल**-पूर्व। **ऋतु**-वर्षा।
चन्द्रबल- मेष, मिथुन, सिंह, कन्या, धनु, मकर।
ताराबल-भरणी, रोहिणी, आर्द्रा, पुनर्वसु, पुष्य, आश्लेषा, पूर्वा फाल्गुनी, हस्त, स्वाति, विशाखा, अनुराधा, ज्येष्ठा, पूर्वाषाढ़ा, श्रवण, शतभिषा, पूर्वाभाद्रपद, उत्तराभाद्रपद, रेवती।
नक्षत्र-पुनर्वसु 11.59 तक तत्पश्चात पुष्य।

## आज की फिल्में

**B4U Movies**
धड़कन — सुबह : 10.36
मि. नटवरलाल — दोपहर : 02.49

**&pictures**
ब्रूस ली - द फाइटर — सुबह : 11.00
पुलिस पावर — शाम : 04.35

**Sony Pix**
गॉडजिला — सुबह : 11.14
स्पाइडर-मैन : होमकमिंग — रात : 09.00

**Zee Cinema**
एंग्री गणेशा — दोपहर : 12.00
जवान — रात : 08.00

**Colors Cineplex**
डेंजरस खिलाड़ी 4 — सुबह : 09.17
ना सामी रंगा — रात : 08.00

### आज की सुपरहिट फिल्म




जी सिनेमा रात : 08.00 बजे

## जोक्स ऑफ द डे

गोलू- कल मैंने रॉकेट छोड़ा तो सीधे सूरज से जा टकराया।
भोलू- क्या बात कर रहा है? फिर क्या हुआ?
गोलू- फिर क्या? मेरी पिटाई हुई।
भोलू- किसने मारा?
गोलू- सूरज की मम्मी ने

पति- तुम मेरी फिल्म में काम करोगी?
पत्नी- हां पर मुझे करना क्या होगा?
पति- तुम्हें धीरे-धीरे पानी में जाना होगा।
पत्नी- ठीक है पर फिल्म का नाम क्या है?
पति- गई भैंस पानी में
पति और पत्नी में जमकर हुई मारपीट...

## एक नजर

### सोना 350 रुपये मजबूत चांदी 200 रुपये फिसली

**नई दिल्ली।** घरेलू मांग बढ़ने और मजबूत वैश्विक रुख से शुक्रवार को सोने का भाव चौथे दिन बढ़त के साथ 350 रुपये चढ़कर 72,850 रुपये प्रति 10 ग्राम पर पहुंच गया। अखिल भारतीय सर्राफा संघ ने कहा कि इसके उलट चांदी 200 रुपये की गिरावट के साथ 86,000 रुपये प्रति किलो पर बंद हुई। इसका पिछला बंद भाव 86,200 रुपये प्रति किलोग्राम था। इस बीच, 99 .5 प्रतिशत शुद्धता वाले सोने का भाव 350 रुपये बढ़कर 72,500 रुपये प्रति दस ग्राम हो गया। इसका पिछला बंद भाव 72,150 रुपये प्रति 10 ग्राम था। कारोबारियों ने सोने की कीमतों में वृद्धि का खुदरा खरीदारों के साथ शुल्क में कटौती से आभूषण विक्रेताओं की बढ़ती मांग को दिया।

## मुरादाबाद मंडी

**दालें:** दाल चना : 75 से 78 रुपये मसूर : 60 से 68 रुपये मलका : 62 से 68 रुपये अरहर : 140 से 150 रुपये उड़द : 100 से 110 रुपये धोआ उड़द : 110 से 130 रुपये मूंग धोआ : 104 – 106 रुपये मूंग छिलका : 95 से105 रुपये मूंग साबुत : 90से105 रुपये चना देसी : 60से 70 रुपये चना कावली : 90 से 130 रुपये राजमा लाल : 130 से140 रुपये राजमा चित्ता : 125 से 130 रुपये लोबिया लाल : 90से 110 रुपये लोबिया सफेद : 80 से 100 रुपये।

## मेंथा बाजार भाव

**चन्दौसी :** शिवालिक- 1000 फ्लैग- 1125 बोल्ड- 1190 डीएमओ- 900
**रामपुर :** शिवालिक-955 फ्लैग-1075 डीएमओ-815 बोल्ड-1130

## सर्राफा

मुरादाबाद

| | |
|---|---|
| सोना 24 कैरेट | 72,900 |
| चांदी आभूषण | 86,000 |

# सेबी आईपीओ मंजूरी में तेजी के लिए एक तंत्र पर कर रहा काम

## चेयरपर्सन बुच ने कहा- कंपनियों के दस्तावेजों की जांच को उपकरण भी कर रहे विकसित

**मुंबई, एजेंसी**



- जटिलता को स्पष्ट करने तथा हर पहलू पर भिन्नताओं को समझाने के लिए एक अलग से होगा कॉलम

सेबी की चेयरपर्सन माधबी पुरी बुच ने शुक्रवार को कहा कि पूंजी बाजार नियामक आईपीओ मंजूरी में तेजी लाने के लिए एक तंत्र पर काम कर रहा है। बुच ने फिक्की के कैपम कार्यक्रम में कहा कि इसके अलावा सेबी तेजी से मंजूरी के लिए कंपनियों द्वारा दाखिल किए जा रहे आईपीओ दस्तावेजों की जांच के लिए कृत्रिम बुद्धिमत्ता उपकरण भी विकसित कर रहा है। यह उपकरण दिसंबर तक उपलब्ध हो जाना चाहिए।

उन्होंने कहा कि आईपीओ प्रक्रिया के इर्द-गिर्द एक जटिलता कायम है जैसे कि एक जटिल 'ड्राफ्ट रेड हेरिंग प्रॉस्पेक्टस' दाखिल करना। अब इस प्रक्रिया को इससे मुक्त करने का प्रयास किया जा रहा है। विस्तार से बताते हुए बुच ने कहा कि सेबी एक ऐसी प्रक्रिया पर काम कर रहा है, जिसमें एक 'टेम्पलेट' होगा, जहां कंपनियां आईपीओ दस्तावेज तैयार करने के लिए रिक्त स्थान भर सकेंगी। किसी भी जटिलता को स्पष्ट करने तथा किसी विशेष पहलू पर भिन्नताओं को समझाने के लिए एक अलग 'कॉलम' होगा।

उन्होंने कहा कि दस्तावेज सटीक और अर्थपूर्ण होगा तथा इसमें किसी भी प्रकार के बदलाव को अलग से समझाया जाएगा। हालांकि, उन्होंने योजना के कार्यान्वयन के लिए कोई समय-सीमा या इसके लिए अपनाई जाने वाली प्रक्रिया के बारे में कोई जानकारी नहीं दी। इसी कार्यक्रम में एनएसई के मुख्य कार्यकारी एवं प्रबंध निदेशक आशीष कुमार चौहान ने छोटे निवेशकों से डेरिवेटिव में कारोबार करने से दूर रहने का आग्रह किया। चौहान ने कहा कि सुबह खरीदना और शाम को बेचने को निवेश समझने की भूल न करें। साथ ही सही नियमन और अनुपालन की वकालत भी की। वहीं फिक्की के अध्यक्ष एवं ऑटो प्रमुख महिंद्रा एंड महिंद्रा के मुख्य कार्यकारी अनीश शाह ने कहा कि आर्थिक वृद्धि को गति देने के लिए निजी कंपनियों के लिए निवेश को बढ़ावा देना जरूरी है।

## आयकर रिटर्न ने 7.28 करोड़ के साथ बनाया नया रिकॉर्ड : कर विभाग

**नई दिल्ली।** आयकर विभाग ने शुक्रवार को कहा कि 31 जुलाई की निर्धारित समयसीमा तक रिकॉर्ड 7.28 करोड़ से अधिक आयकर रिटर्न दाखिल किए गए। कर विभाग ने एक बयान में कहा कि आकलन वर्ष 2024-25 के लिए रिकॉर्ड संख्या में आयकर रिटर्न (आईटीआर) दाखिल किए गए हैं। यह दाखिल रिटर्न का नया रिकॉर्ड है। पिछले साल 6.77 करोड़ आईटीआर दाखिल किए गए थे।

- पुरानी कर व्यवस्था में दाखिल रिटर्न की संख्या 2.01 करोड़

विभाग के बयान के मुताबिक कि आकलन वर्ष 2024-25 के लिए दाखिल किए गए कुल 7.28 करोड़ आईटीआर में से नयी कर व्यवस्था के तहत 5.27 करोड़ रिटर्न दाखिल किए गए हैं। वहीं पुरानी कर व्यवस्था में दाखिल रिटर्न की संख्या 2.01 करोड़ है।'' वेतनभोगी करदाताओं और अन्य गैर-कर लेखा परीक्षा मामलों के लिए आईटीआर दाखिल करने की अंतिम तारीख 31 जुलाई, 2024 थी। इस समयसीमा के अंतिम दिन यानी 31 जुलाई को 69.92 लाख से अधिक रिटर्न दाखिल किए गए। पहली बार रिटर्न दाखिल करने वालों की संख्या 58.57 लाख थी, जो कर आधार के विस्तार का एक अच्छा संकेत है।

# वैश्विक स्तर पर बिकवाली के दबाव में आया बाजार

**मुंबई, एजेंसी**



- पांच सत्रों से जारी तेजी का दौर थम, बाजार में आई गिरावट

घरेलू शेयर बाजार में पिछले पांच सत्रों से जारी तेजी का दौर शुक्रवार को थम गया और वैश्विक स्तर पर बिकवाली के दबाव में बाजार के प्रमुख सूचकांक बड़ी गिरावट के साथ बंद हुए। मेहता इक्विटीज लिमिटेड में वरिष्ठ उपाध्यक्ष (शोध) प्रशांत तापसे ने कहा कि वैश्विक शेयर सूचकांकों में गिरावट से घरेलू बाजारों में भी निवेशकों को इसका असर महसूस हुआ और उन्होंने मुनाफावसूली का सहारा लिया। हाल की तेजी ने भारतीय शेयरों को काफी महंगा बना दिया है लिहाजा इसमें थोड़ी गिरावट जरूरी थी।

सेंसेक्स की कंपनियों में से मारुति सुजुकी इंडिया, टाटा मोटर्स, जेएसडब्ल्यू स्टील, लार्सन एंड टुब्रो, टाटा स्टील, महिंद्रा एंड महिंद्रा, टाटा कंसल्टेंसी सर्विसेज, टेक महिंद्रा, एचसीएल टेक्नोलॉजीज और इन्फोसिस के शेयर गिरावट रही। वहीं एचडीएफसी बैंक, सन फार्मास्यूटिकल्स, कोटक महिंद्रा बैंक, नेस्ले इंडिया और एशियन पेंट्स के शेयरों में बढ़त दर्ज की गई। जियोजित फाइनेंशियल सर्विसेज के शोध प्रमुख विनोद नायर ने कहा कि अमेरिकी आईटी क्षेत्र की कमजोर आय, बेरोजगारी में वृद्धि, बीओजे द्वारा आगे ब्याज दरों में वृद्धि की संभावना तथा चीन की मंदी, ये बाजार को कमजोर कर रही हैं।

# इन्फोसिस को भेजा 32,400 करोड़ का नोटिस प्राधिकरण ने लिया वापस

**नई दिल्ली, एजेंसी**

- प्राधिकरण ने कंपनी को निर्देश दिया, मामले पर जीएसटी आसूचना महानिदेशालय के केंद्रीय प्राधिकरण को एक नया जवाब दे

माल एवं सेवा कर (जीएसटी) के कर्नाटक प्राधिकरण ने दिग्गज सूचना प्रौद्योगिकी (आईटी) कंपनी इन्फोसिस को भेजा गया लगभग 32,400 करोड़ रुपये की मांग का कारण बताओ नोटिस वापस ले लिया है। साथ ही कर्नाटक प्राधिकरण ने आईटी कंपनी को निर्देश दिया है कि वह इस मसले पर जीएसटी आसूचना महानिदेशालय (डीजीजीआई) के केंद्रीय प्राधिकरण को एक नया जवाब दे।

डीजीजीआई जीएसटी, केंद्रीय उत्पाद शुल्क और सेवा कर के उल्लंघन से संबंधित मामलों के लिए शीर्ष आसूचना एवं जांच एजेंसी है। इसे अप्रत्यक्ष कर कानूनों के अनुपालन में सुधार करने का कार्य सौंपा गया है। इन्फोसिस ने बीएसई को गुरुवार शाम को दी सूचना में कहा था कि कर्नाटक राज्य अधिकारियों ने उसे भेजे कारण बताओ नोटिस को वापस लेने और कंपनी डीजीजीआई केंद्रीय प्राधिकरण को एक और जवाब देने का निर्देश दिया है। आईटी कंपनी बुधवार को उस समय सुर्खियों में आई थी जब अधिकारियों ने 2017 से शुरू होने वाले पांच वर्षों के लिए विदेशी शाखाओं से मिली सेवाओं पर 32,403 करोड़ रुपये का नोटिस दिया।

## सीतारमण 10 अगस्त को आरबीआई के निदेशक मंडल को करेंगी संबोधित

**नई दिल्ली।** वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण 10 अगस्त को भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) के केंद्रीय निदेशक मंडल को संबोधित करेंगी जिसमें वह चालू वित्त वर्ष के बजट से जुड़े अहम बिंदुओं पर रोशनी डालेंगी। बजट के बाद होने वाली यह बैठक 10 अगस्त को निर्धारित की गई है। इसमें वित्त मंत्री आरबीआई के निदेशक मंडल में शामिल सदस्यों को संबोधित करेंगी। वह इस दौरान राजकोषीय सशक्तीकरण के अलावा बजट 2024-25 में की गई अन्य घोषणाओं का भी जिक्र करेंगी। यह परम्परा रही है कि वित्त मंत्री बजट के बाद आरबीआई के निदेशक मंडल को संबोधित करते हैं। लोकसभा में 23 जुलाई को चालू वित्त वर्ष का बजट पेश करते हुए सीतारमण ने कहा था कि 2024-25 के लिए उधारी के अलावा कुल प्राप्तियां 32.07 लाख करोड़ रुपये और कुल व्यय 48.21 लाख करोड़ रुपये रहने का अनुमान है।

# एनएसई ने गारंटीड रिटर्न वाली संस्था के प्रति किया आगाह

**नई दिल्ली, एजेंसी**

- सेबी ने इससे पहले निवेशकों को ऐसी संस्थाओं के प्रति किया था सचेत

नेशनल स्टॉक एक्सचेंज (एनएसई) ने निवेशकों को शेयर बाजार में निवेश पर 'गारंटीड रिटर्न' का दावा करने वाली संस्था के प्रति शुक्रवार को आगाह किया। एक्सचेंज को उसके पंजीकृत शेयर ब्रोकर के एक अधिकृत व्यक्ति द्वारा 'गारंटीड रिटर्न' की पेशकश करने और निवेशकों से ऐसे सुनिश्चित रिटर्न पर 'कमीशन' वसूलने की जानकारी मिलने के बाद उसने यह ब्याज जारी किया।

एनएसई ने कहा कि एक्सचेंज के संज्ञान में यह बात लाई गई कि हमारे एक पंजीकृत शेयर ब्रोकर के अधिकृत व्यक्ति अमित लिल्हारे विभिन्न पतों के जरिये परिचालन करते हुए शेयर बाजार में निवेश पर सुनिश्चित/गारंटीकृत रिटर्न देने का दावा कर रहा है और व्यक्तिगत बैंक खातों में निवेशकों से ऐसे सुनिश्चित/गारंटीकृत रिटर्न पर कमीशन ले रहा है। इससे पहले सेबी ने निवेशकों को उन अपंजीकृत संस्थाओं में पैसा लगाने को लेकर आगाह किया था, जो निवेश पर अधिक रिटर्न का वादा करती हैं।

## विदेशी मुद्रा भंडार 3.5 अरब डॉलर घटकर 667.4 अरब डॉलर पर

**मुंबई।** विदेशी मुद्रा परिसंपत्ति, स्वर्ण भंडार और विशेष आहरण अधिकार (एसडीआर) में भारी कमी होने से 26 जुलाई को समाप्त सप्ताह में देश का विदेशी मुद्रा भंडार 3.5 अरब डॉलर घटकर 667.4 अरब डॉलर रह गया। वहीं, इसके पिछले सप्ताह देश का विदेशी मुद्रा भंडार चार अरब डॉलर बढ़कर 670.9 अरब डॉलर पर रहा था। रिजर्व बैंक के अनुसार, 26 जुलाई को समाप्त सप्ताह में विदेशी मुद्रा भंडार के सबसे बड़े घटक विदेशी मुद्रा परिसंपत्ति 1.2 अरब डॉलर की गिरावट लेकर 586.9 अरब डॉलर पर आ गया।

## राष्ट्रीय

## एक नजर

### बंगाल: जलभराव से हवाई अड्डे पर उड़ान सेवाएं निलंबित

**कोलकाता।** काजी नजरूल इस्लाम (केएनआई) हवाई अड्डे से उड़ानों का संचालन शुक्रवार को अस्थायी रूप से निलंबित कर दिया गया क्योंकि यहां रात भर लगातार बारिश होने से हवाई अड्डा परिसर और उसके आसपास जलभराव हो गया है। एक अधिकारी ने कहा कि हवाई अड्डे से आने-जाने वाली लगभग तीन उड़ानें दिन भर के लिए रद्द करनी पड़ीं जिनमें से एक नयी दिल्ली से और दूसरी बेंगलुरु से थी। उन्होंने कहा कि इस क्षेत्र में 192 मिलीमीटर बारिश होने के कारण यह समस्या पैदा हुई है। केएनआई हवाई अड्डे के अधिकारियों ने कहा कि यात्रियों को असुविधा से बचाने के लिए उन्हें समय रहते समस्या के बारे में सूचित कर दिया गया। उन्होंने बताया कि शुक्रवार को दोपहर 12 :50 बजे केएनआई हवाईअड्डे पर पहला विमान उतरना था इसलिए यात्रियों को सूचित किया जा सका।

### ओडिशा में और अधिक बारिश की आशंका

**भुवनेश्वर।** ओडिशा में निकटवर्ती पश्चिम बंगाल के गंगा के मैदानी इलाकों और झारखंड में निम्न दबाव के क्षेत्र के कारण और अधिक बारिश होने की संभावना है। आईएमडी ने शुक्रवार को यह जानकारी दी। चक्रवाती परिसंचरण के कारण पश्चिम बंगाल में गंगा के मैदानी इलाकों और उससे सटे झारखंड में कम दबाव का क्षेत्र बन गया है। संबंधित चक्रवाती परिसंचरण समुद्र तल से 7 .6 किमी ऊपर तक है। मौसम विभाग ने बताया कि चक्रवाती परिसंचरण के पश्चिम-उत्तरपश्चिम की ओर बढ़ने की संभावना है। 24 घंटों में स्थिति और अधिक स्पष्ट होगी। सरकार ने 24 घंटों में झारसुगुड़ा, सुंदरगढ़, क्योंझर, संबलपुर, देवगढ़ और बारगढ़ जिलों में भारी वर्षा की चेतावनी जारी की है।

# पीड़ितों के लिए 100 से अधिक घर बनाएंगे : राहुल

## लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष ने वायनाड जिले में भूस्खलन को बताया भयानक त्रासदी

**वायनाड, एजेंसी**

लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी ने केरल के वायनाड जिले में भूस्खलन की घटना को शुक्रवार को ऐसी भयानक त्रासदी बताया, जो राज्य के किसी भी क्षेत्र में अब तक नहीं देखी गई है। उन्होंने कहा कि इस त्रासदी से अलग तरीके से निपटा जाना चाहिए। उन्होंने यह वादा भी किया कि कांग्रेस पार्टी वायनाड में 100 से अधिक मकान बनाएगी।

गांधी ने कहा कि वह इस मामले को दिल्ली और केरल के मुख्यमंत्री पिनराई विजयन के समक्ष भी उठाएंगे, क्योंकि यह अलग तरह की त्रासदी है और इससे अलग तरीके से निपटा जाना चाहिए। शव एवं जीवित लोगों को ढूंढने और उनका पुनर्वास हो।



वायनाड त्रासदी पर भाषण देते राहुल गांधी।

### लोगों की तलाश में जुटे जैकी, डिक्सी और सारा

भारतीय सेना के लैब्राडोर रिट्रीवर नस्ल के तीन श्वान जैकी, डिक्सी और सारा मलबे में फंसे जीवित लोगों को खोजने के लिए अथक प्रयास कर रहे हैं। ये श्वान कीचड़, मलबे और बारिश जैसी चुनौतीपूर्ण परिस्थितियों का सामना करते हुए मलबे के नीचे दबे लोगों की तलाश कर रहे हैं।

### वायनाड में रडार प्रणाली से किसी के सांस लेने का मिला संकेत

वायनाड के भूस्खलन प्रभावित गांव में उन्नत रडार प्रणाली के साथ खोज अभियान चला रहे बचावकर्मियों को संभवत: किसी मानव या पशु द्वारा सांस लेने का संकेत मिला है। अभियान में शामिल एक अधिकारी ने बताया कि बुरी तरह प्रभावित मुंडक्कई गांव में एक घर की तलाशी के दौरान रडार पर नीला सिग्नल प्राप्त हुआ। अधिकारी ने संवाददाताओं को बताया, ''किसी के लगातार सांस लेने का संकेत मिल रहा है। उन्होंने कहा कि इमारत के अवशेष कीचड़ भरी मिट्टी से लगभग दो से तीन मीटर नीचे दबे हुए हैं और यह स्पष्ट नहीं है कि सांस लेने का संकेत किसी मानव का है या जानवर का। स्थानीय निवासियों के अनुसार, सिग्नल उस क्षेत्र में पाया गया जहां घर का रसोईघर और भण्डार कक्ष स्थित था। संकेत के आधार पर बचावकर्मियों ने घटनास्थल पर खुदाई शुरू कर दी है।

### मृतकों की संख्या हुई 210, बचाव के लिए जीपीएस का इस्तेमाल

वायनाड। सेना द्वारा 190 फुट लंबे बेली ब्रिज का निर्माण पूरा किये जाने के बाद खोज अभियान में तेजी आने के बीच बचाव दलों ने शुक्रवार को केरल के वायनाड में भूस्खलन प्रभावित क्षेत्रों में रहने वाले लोगों के मोबाइल फोन से प्राप्त अंतिम लोकेशन समेत जीपीएस निर्देशांकों और ड्रोन चित्रों का इस्तेमाल करके मलबे में फंसे लोगों की तलाश की। वायनाड जिले के मुंडक्कई क्षेत्र में भूस्खलन के तीन दिन बाद बचावकर्मियों ने शुक्रवार को एक ही परिवार के चार लोगों को पदवेट्टी कुन्नू के पास एक इलाके में सुरक्षित पाया। लगभग 300 लोग अभी भी लापता हैं तथा मरने वालों की संख्या बढ़ने की आशंका है।

# हिमाचल : मरने वालों की संख्या 8 हुई, 45 लोगों की खोज जारी

**शिमला, एजेंसी**

हिमाचल प्रदेश के तीन जिलों में बादल फटने से आई बाढ़ के बाद लापता हुए 45 से अधिक लोगों का पता लगाने के लिए बचाव अभियान शुक्रवार को भी जारी रहा। तीन और शव बरामद होने से कुल्लू के निरमंड, सैंज और मलाना, मंडी के पधर और शिमला के रामपुर में आई बाढ़ की घटना में मरने वालों की संख्या आठ हो गई है।

हिमाचल के मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू ने शिक्षा मंत्री रोहित ठाकुर के साथ शिमला और कुल्लू जिले की सीमा पर स्थित समेज का दौरा करके स्थिति का जायजा लिया और पीड़ितों से बात की। बुधवार रात श्रीखंड महादेव मार्ग के पास बादल फटने से सरपारा, गानवी और कुर्बन नालों में बाढ़ आ गई, जिसके बाद 30 से अधिक लोग लापता हैं। सुक्खू ने कहा कि लापता लोगों में 17-18 महिलाएं और 8-9 बच्चे हैं। मुख्यमंत्री ने पीड़ितों के लिए 50,000 रुपये की राहत की घोषणा की और कहा कि तीन महीनों के किराये के लिए 5,000 रुपये प्रति माह दिए जाएंगे, साथ ही रसोई गैस, भोजन और अन्य आवश्यक वस्तुएं भी दी जाएंगी।

**बादल फटने की घटना**



शिमला के समेज गांव में बादल फटने के बाद बचाव कार्य में जुटे सेना और एनडीआरएफ के जवान।

- हिमाचल के मुख्यमंत्री ने शिक्षा मंत्री के साथ घटनास्थल का दौरा कर लिया स्थिति का जायजा, पीड़ितों से की बात

# उच्चतम न्यायालय ने पंजाब और हरियाणा से स्थिति को और खराब न करने के लिए कहा

**नई दिल्ली, एजेंसी**

**शंभू बॉर्डर पर आंदोलन**

- किसानों से संपर्क करने के लिए स्वतंत्र समिति गठित करने लिए कुछ व्यक्तियों के सुझाएं नाम

उच्चतम न्यायालय ने शुक्रवार को पंजाब और हरियाणा सरकारों से कहा कि वे न्यूनतम समर्थन मूल्य (एमएसपी) सहित अन्य मांगों को लेकर शंभू बॉर्डर पर प्रदर्शन कर रहे किसानों से संपर्क करने के लिए एक स्वतंत्र समिति गठित करने के वास्ते कुछ तटस्थ व्यक्तियों के नाम सुझाएं।

कोर्ट ने कहा कि किसी को भी स्थिति बिगाड़ना नहीं चाहिए। लोकतांत्रिक व्यवस्था में लोगों को अपनी शिकायतें व्यक्त करने का अधिकार है और वह सभी पक्षों को शामिल करते हुए बातचीत की एक सहज शुरुआत चाहता है। शीर्ष अदालत पंजाब एवं हरियाणा हाईकोर्ट के उस आदेश को चुनौती देने वाली हरियाणा सरकार की याचिका पर सुनवाई कर रही है, जिसमें राज्य सरकार को एक सप्ताह के भीतर अंबाला के पास शंभू बॉर्डर पर बैरिकेड हटाने के लिए कहा गया था, जहां प्रदर्शनकारी किसान 13 फरवरी से डेरा डाले हुए हैं। न्यायमूर्ति सूर्यकांत और न्यायमूर्ति आर. महादेवन की पीठ ने कहा कि किसी को भी स्थिति को और बिगाड़ना नहीं चाहिए। उनकी (किसानों) भावनाओं को ठेस न पहुंचाएं, लेकिन एक राज्य के रूप में... आप उन्हें समझाने की कोशिश करें कि जहां तक ट्रैक्टरों, जेसीबी मशीनों और अन्य कृषि उपकरणों का सवाल है, उन्हें उन जगहों पर ले जाएं जहां उनकी जरूरत है जैसे खेत या कृषि भूमि में। पीठ ने कहा, हां, लोकतांत्रिक व्यवस्था में उन्हें अपनी शिकायतें व्यक्त करने का अधिकार है।

# स्वास्थ्य सेवा को लेकर पक्ष-विपक्ष में तकरार

- सत्ता पक्ष ने कहा- राज्य सरकारें भी स्वास्थ्य बजट बढ़ाएं

**नई दिल्ली, एजेंसी**

विपक्षी सदस्यों ने शुक्रवार को लोकसभा में स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय की अनुदान मांगों पर चर्चा के दौरान गरीबों और ग्रामीण क्षेत्रों के लिए स्वास्थ्य सेवाओं के विस्तार की मांग की गई जबकि सत्ता पक्ष का सुझाव था कि राज्य सरकारें भी बजट बढ़ायें जिससे स्वास्थ्य क्षेत्र में आवंटन में पर्याप्त वृद्धि की जा सके। इसको लेकर दोनों पक्षों में टकरार की स्थिति बनी रही।

कांग्रेस के तारिक अनवर ने स्वास्थ्य क्षेत्र में खर्च कम होने का जिक्र करते हुये देश के हर नागरिक के लिए समुचित स्वास्थ्य सेवा मुहैया कराने पर ध्यान देने को कहा। उन्होंने कहा कि गांवों में स्वास्थ्य ढांचा कमजोर है और इलाज के लिये लोगों को लंबा सफर करना पड़ता है। बिहार में स्वास्थ्य सेवा की हालत आज भी दयनीय है, उनको इलाज के लिये दिल्ली के अखिल भारतीय आयुर्विज्ञान संस्थान में आना पड़ता है। अनवर ने कहा कि आयुष्मान कार्ड धारकों को कम लाभ मिल रहा है जबकि निजी अस्पताल इसका अधिक लाभ उठा रहे हैं। भाजपा के संजय जायसवाल ने कहा कि बजट में स्वास्थ्य क्षेत्र के लिये आवंटन में वृद्धि हुई है। पंजाब, कर्नाटक और तेलंगाना राज्यों में स्वास्थ्य सेवाओं पर सार्वजनिक खर्च काफी कम है, इस पर ध्यान दिये जाने की आवश्यकता है। जायसवाल ने मध्यप्रदेश और बिहार में चिकित्सा शिक्षा के पाठ्यक्रम हिन्दी में किये जाने पर खुशी जाहिर करते हुये कहा कि सभी राज्यों को क्षेत्रीय भाषाओं में चिकित्सा शिक्षा के पाठ्यक्रम तैयार करने चाहिये।

### आयुष्मान भारत के तहत 29,000 अस्पताल सूचीबद्ध हुए : सरकार

नई दिल्ली। केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्री जेपी नड्डा ने शुक्रवार को लोकसभा को बताया कि गत 30 जून तक 12,625 निजी सहित 29,000 से अधिक अस्पतालों को 'आयुष्मान भारत प्रधानमंत्री जन आरोग्य योजना' के तहत सूचीबद्ध किया गया है। उन्होंने कहा कि सभी सूचीबद्ध अस्पतालों ने अपनी-अपनी राज्य स्वास्थ्य एजेंसियों (एसएचए) के साथ समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किए हैं। नड्डा ने कहा कि पैनल में शामिल अस्पतालों द्वारा इलाज से इनकार करने या योजना से संबंधित किसी अन्य मुद्दे के संबंध में लोग वेब आधारित पोर्टल 'केंद्रीकृत शिकायत निवारण प्रबंधन प्रणाली' (सीजीआरएमएस), केंद्रीय और राज्य कॉल सेंटर सहित विभिन्न मीडिया का उपयोग करके अपनी शिकायतें दर्ज करा सकते हैं और इन शिकायतों का निवारण भी करा सकते हैं। उन्होंने कहा कि लाभार्थी अस्पतालों को पैनल से हटाने सहित दोषी अस्पतालों के खिलाफ कार्रवाई के लिए राज्य स्वास्थ्य एजेंसी से संपर्क कर सकते हैं। लोकसभा में एक प्रश्न के लिखित उत्तर में नड्डा ने कहा कि सभी सूचीबद्ध अस्पताल पात्र लाभार्थियों को उपचार प्रदान करने के लिए उपलब्ध हैं। उन्होंने कहा कि अस्पताल को सूचीबद्ध करना एक सतत प्रक्रिया है।

### दिल्ली के आश्रय गृह में बच्चों की मौत समेत कई मुद्दे लोकसभा में उठाए गए

शून्यकाल में उठे मुद्दे में दिल्ली के आश्रय गृह में कई लोगों की मौत का विषय प्रमुख रहा। भाजपा सांसद योगेंद्र चंदौलिया ने आरोप लगाया कि दिल्ली सरकार इसके लिए जिम्मेदार है। जेल से दिल्ली को नहीं चलाया जा सकता। उनका इशारा अरविंद केजरीवाल की तरफ था। रोहिणी स्थित इस आश्रय गृह में जुलाई महीने में 14 लोगों की मौत हुई है। दिल्ली सरकार का कहना है कि मरने वाले लोग गंभीर बीमारियों से पीड़ित थे। भाजपा सांसद अजय भट्ट, समाजवादी पार्टी के आदित्य यादव, कांग्रेस के राहुल कस्वां और कई अन्य सदस्यों ने अपने क्षेत्र से संबंधित मुद्दे शून्यकाल में उठाए।

### झारखंड के स्कूलों में शुक्रवार की छुट्टी का मामला लोकसभा में गूंजा

झारखंड में मुस्लिम बहुल क्षेत्र के सरकारी स्कूलों में बिना अधिसूचना के शुक्रवार को अवकाश घोषित करने का मामला लोकसभा में गूंजा और इसे असंवैधानिक करार देते हुए बंद करने की मांग की गई। भाजपा के निशिकांत दुबे ने कहा, झारखंड की स्थिति बहुत बुरी है और वहां सचमुच में संविधान खतरे में है। सर्व शिक्षा अभियान के लिए केंद्र सरकार मिड डे मील आदि के लिए पैसा देती है। झारखंड में मुस्लिम बहुल क्षेत्र के स्कूलों में यूनिक चीज यह चल रही है और यह मामला उच्च न्यायालय में भी लंबित है। मुस्लिम बाहुल क्षेत्र में बिना सरकारी अधिसूचना के उर्दू भाषा का प्रयोग किया जा रहा है।

### न्यायाधीशों की छुट्टियों की संसदीय समिति की रिपोर्ट न्यायालयों को भेजी

**सरकार** ने न्यायाधीशों की छुट्टियों की समय-सारिणी पर संसदीय समिति की सिफारिशों को उच्चतम न्यायालय के महासचिव और 25 उच्च न्यायालयों के रजिस्ट्रार जनरल को उचित विमर्श के लिए भेज दिया है। कानून मंत्री अर्जुन राम मेघवाल ने लोकसभा में कहा कि कानून एवं कार्मिक संबंधी स्थायी समिति ने भारत के पूर्व प्रधान न्यायाधीश आरएम लोढ़ा के सुझाव का उल्लेख किया था कि सभी न्यायाधीशों को एक ही समय में छुट्टी पर जाने के बजाय, अलग-अलग समय पर छुट्टी लेनी चाहिए, ताकि अदालतें खुली रहें और वे हमेशा मामलों की सुनवाई के लिए मौजूद रहें। समिति की राय थी कि अदालतों में छुट्टियों को लेकर न्यायमूर्ति लोढ़ा के सुझाव पर न्यायपालिका द्वारा विचार किया जाना चाहिए।

## पूर्व प्रशिक्षु आईएएस की मां को धमकी मामले में मिली जमानत

**पुणे।** पुणे की अदालत ने भूमि विवाद से जुड़े आपराधिक धमकी मामले में आईएएस की पूर्व प्रशिक्षु अधिकारी पूजा खेडकर की मां मनोरमा खेडकर को शुक्रवार को जमानत दे दी। मनोरमा के वकील सुधीर शाह ने बताया कि अतिरिक्त सत्र न्यायाधीश ए एन मारे ने जमानत दी।

पुणे ग्रामीण पुलिस ने मनोरमा और उनके पति दिलीप खेडकर की तब तलाश शुरू की थी, जब एक वीडियो सामने आया था जिसमें मनोरमा एक भूमि विवाद को लेकर कुछ लोगों को पिस्तौल से धमकाते हुए दिखी थीं। पौड पुलिस ने खेडकर दंपत्ति और पांच अन्य के खिलाफ मामला दर्ज किया था। मनोरमा को रायगढ जिले के महाड के पास हिरकानीवाड़ी गांव में एक लॉज से पकड़ा गया था। इस मामले में दिलीप खेडकर को अग्रिम जमानत मिल गई है।

# विस चुनाव की समीक्षा के लिए जम्मू कश्मीर जाएगा निर्वाचन आयोग

**श्रीनगर, एजेंसी**

- मुख्य निर्वाचन आयुक्त के नेतृत्व में निर्वाचन 8-10 अगस्त तक दौरा करेगा आयोग, लेगा तैयारियों का जायजा

मुख्य निर्वाचन आयुक्त राजीव कुमार के नेतृत्व में निर्वाचन आयोग 8-10 अगस्त तक जम्मू कश्मीर का दौरा करेगा और विधानसभा चुनाव की तैयारियों की समीक्षा करेगा। यह दौरा केंद्र शासित प्रदेश में चुनाव कराने के लिए उच्चतम न्यायालय की 30 सितंबर की समयसीमा से कुछ हफ्ते पहले होगा। कुमार के साथ निर्वाचन आयुक्त ज्ञानेश कुमार और एसएस संधू भी होंगे। गत मार्च में कुमार उस समय केंद्र शासित प्रदेश का दौरा करने वाले तीन सदस्यीय आयोग के एकमात्र सदस्य थे। उन्होंने राजनीतिक दलों व लोगों को आश्वासन दिया था कि आयोग विधानसभा चुनाव जल्द कराएगा। उस समय आयुक्तों के दो पद खाली थे। लोकसभा चुनाव की घोषणा से पहले ही उन्हें भरा गया था। जम्मू कश्मीर में लोकसभा चुनाव में हुए मतदान के बाद कुमार ने कहा था कि यह भागीदारी जल्द होने वाले विधानसभा चुनावों के लिए सकारात्मक बात है।




## आज भारत के मुकाबले

- **निशानेबाजी :** महिला स्कीट क्वालीफिकेशन (पहला दिन) : रेइजा ढिल्लों और माहेश्वरी चौहान : दोपहर 12.30 महिला 25 मीटर पिस्टल (फाइनल) : मनु भाकर (दोपहर एक बजे)
- **तीरंदाजी :** महिला व्यक्तिगत (1/8 एलिमिनेशन) : दीपिका कुमारी बनाम मिशेले क्रोपेन (जर्मनी), दोपहर 1.52 बजे महिला व्यक्तिगत (1/8 एलिमिनेशन) : भजन कौर बनाम डियांडा चोइरूनिसा (इंडोनेशिया) दोपहर 2.05 बजे।
- **पाल नौकायन :** महिला डिंगी (रेस पांच) : नेत्रा कुमानन – दोपहर 5.55 बजे महिला डिंगी (रेस छह) : नेत्रा कुमानन – शाम 7.03 बजे पुरुष डिंगी (रेस पांच) : विष्णु सरवनन – दोपहर 3.45 बजे पुरुष डिंगी (रेस छह) : विष्णु सरवनन – दोपहर 4.53 बजे
- **मुक्केबाजी :** पुरूष वेल्टरवेट (क्वार्टर फाइनल) : निशांत देव बनाम मार्को वेरडे (मैक्सिको) : रात 12.18 बजे।

## खेल डायरी

### नौकायन की एकल स्कल्स में बलराज 23वें स्थान पर

**पेरिस।** भारतीय नौकायन खिलाड़ी बलराज पंवार ने शुक्रवार को यहां फाइनल डी में पांचवें स्थान पर रहते हुए पेरिस ओलंपिक खेलों की पुरुष एकल स्कल्स स्पर्धा में अपने अभियान का अंत 23वें स्थान के साथ किया। हरियाणा के 25 साल के बलराज ने फाइनल डी में सात मिनट 2.37 सेकेंड का समय लिया जो मौजूदा खेलों में उनका सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन है। यह हालांकि पदक दौर नहीं था। पेरिस ओलंपिक की नौकायन स्पर्धा में भारत के एकमात्र प्रतिभागी बलराज क्वार्टर हीट रेस में पांचवें स्थान पर रहे थे। रविवार को रेपेचेज दौर की रेस में दूसरे स्थान पर रहते हुए बलराज ने क्वार्टर फाइनल में जगह बनाई थी। शनिवार को पहले दौर ही हीट में चौथे स्थान पर रहते हुए वह रेपेचेज में पहुंचे थे। फाइनल ए में शीर्ष तीन पर रहने वाले खिलाड़ियों को पदक मिलता है।

### ओलंपिक के समापन समारोह का हिस्सा होंगे टॉम क्रूज

**लॉस एंजिलिस।** हॉलीवुड सुपरस्टार टॉम क्रूज के 11 अगस्त को पेरिस ओलंपिक के समारोपन समारोह में हिस्सा लेने की उम्मीद है। मिशन इम्पॉसिबल सीरीज, टॉप गन और ऐज ऑफ टुमॉरो जैसी बेहद सफल फिल्मों में काम करने वाले एक्शन हीरो टॉम क्रूज के समापन समारोह में एक स्टंट करने की उम्मीद है जब ओलंपिक ध्वज 2028 ओलंपिक के मेजबान शहर लॉस एंजिलिस को सौंपा जाएगा। डेडलाइन प्रकाशन ने विश्वसनीय सूत्रों के हवाले से यह जानकारी दी। डेडलाइन ने कहा आप हॉलीवुड प्रोडक्शन की बड़ी भूमिका होने की उम्मीद कर सकते हैं। कार्यक्रम की जानकारी को गोपनीय रखा गया है।

### 200 मीटर व्यक्तिगत मेडले रेस के बाद गिरीं तैराक तमारा पोटोस्का

**नैनटेरे (फ्रांस)।** तैराक तमारा पोटोस्का पेरिस ओलंपिक में महिलाओं की 200 मीटर व्यक्तिगत मेडले की क्वालीफाइंग हीट के बाद शुक्रवार सुबह पूल के किनारे गिर गईं। उन्हें प्राथमिक उपचार देने के बाद स्ट्रेचर पर वहां से ले जाया गया। स्लोवाकिया की पोटोस्का को चिकित्सा देखभाल के लिए ले जाते समय ऑक्सीजन मास्क पहने देखा गया। पूल के चिकित्सा कर्मियों ने कहा कि वह होश में थी। तरणताल से बाहर निकलते ही वह गिर पड़ी और छह चिकित्सा सहायकों ने उसे घेर लिया, जिन्होंने लगभग एक मिनट के बाद उसे स्ट्रेचर पर लिटाया और पूल डेक से बाहर ले गए।



### जूडो के पहले दौर में हारकर बाहर हुईं तूलिका

**पेरिस।** भारतीय जूडो खिलाड़ी तूलिका मान पेरिस ओलंपिक की महिलाओं की 78 किग्रा से अधिक स्पर्धा के पहले दौर में शुक्रवार को यहां लंदन ओलंपिक की चैंपियन क्यूबा की इडेलिस ओर्टिज के खिलाफ शिकस्त के साथ बाहर हो गईं। राष्ट्रमंडल खेल 2022 की रजत पदक विजेता दिल्ली की 22 साल की तूलिका को क्यूबा की खिलाड़ी के खिलाफ इप्पोन से 0-10 से शिकस्त का सामना करना पड़ा। क्यूबा की खिलाड़ी के नाम चार ओलंपिक पदक हैं जिसमें एक स्वर्ण, दो रजत और एक कांस्य पदक शामिल हैं। ओर्टिज के खिलाफ तूलिका सिर्फ 28 सेकेंड की मुकाबले में टिक सकीं। तूलिका की हार के साथ जूडो में भारत का अभियान खत्म हो गया क्योंकि वह पेरिस खेलों में इस प्रतियोगिता में भारत का प्रतिनिधित्व करने वाली एकमात्र खिलाड़ी थीं।

### राष्ट्रीय पिस्टल कोच जंग को घर से निकाले जाने का खतरा

**नई दिल्ली।** पेरिस ओलंपिक से भारत लौटने के कुछ ही घंटों के भीतर राष्ट्रीय पिस्टल कोच समरेश जंग हैरान रह गए जब उन्हें पता चला कि जिस घर में उनका परिवार करीब 75 साल से रह रहा था, वह एक 'अवैध निर्माण' है और उनके पास इसे खाली करने के लिए सिर्फ 48 घंटे का समय है। राष्ट्रमंडल खेल 2006 और 2010 में सात स्वर्ण, पांच रजत और दो कांस्य पदक जीतने के बाद 'गोल्डफिंगर' उपनाम पाने वाले जंग ने कहा कि उन्हें अपना सामान बांधकर जाने के लिए कम से कम दो महीने चाहिए। परेशान जंग ने बताया, यह एक ऐसी संपत्ति थी जिस पर हम पिछले 75 वर्षों से रह रहे थे। 1978 में जमीन और ढांचे को श्री सिंह को पट्टे पर दिया गया था और तब से हम उन्हें किराया दे रहे हैं। एल एंड डीओ (भूमि एवं विकास कार्यालय) ने हमें कल ही नोटिस भेजा है। असल में मुझे पेरिस से घर पहुंचने के एक घंटे बाद ही इस बारे में पता चला।

# ऑस्ट्रेलिया को हराकर भारत क्वार्टर फाइनल में

## 52 साल बाद ओलंपिक हॉकी में भारत की ऑस्ट्रेलिया पर जीत, हरमनप्रीत के दो गोल

**पेरिस, एजेंसी**

कप्तान हरमनप्रीत सिंह के दो गोल और पी आर श्रीजेश की अद्भुत गोलकीपिंग के दम पर भारत ने 52 साल बाद ओलंपिक में ऑस्ट्रेलिया को हराते हुए आखिरी ग्रुप मैच में इस दिग्गज प्रतिद्वंद्वी पर 3-2 से जीत दर्ज की। भारत ने आखिरी बार पुरूष हॉकी में ओलंपिक में ऑस्ट्रेलिया को 1972 म्युनिख खेलों में हराया था। वहीं सिडनी ओलंपिक 2000 में ऑस्ट्रेलिया से 2-2 से ग्रुप मैच ड्रॉ रहा था। ऑस्ट्रेलिया ने तोक्यो ओलंपिक 2021 में ग्रुप मैच में भारत पर 7-1 से जीत दर्ज की थी।

तोक्यो ओलंपिक के कांस्य पदक विजेता भारत के लिये जहां श्रीजेश ने सही मायने में दीवार की तरह काम करते हुए असंख्य गोल बचाए तो हर मैच में गोल करते आये हरमनप्रीत ने उस सिलसिले को बरकरार रखा। वहीं पहली बार ओलंपिक खेल रहे डिफेंडर जरमनप्रीत सिंह और फॉरवर्ड अभिषेक ने विरोधी के रसूख से विचलित हुए बिना बेखौफ हॉकी खेली। भारत के लिए अभिषेक ने 12वें, हरमनप्रीत ने 13वें और 32वें मिनट में गोल किए। ऑस्ट्रेलिया के लिए क्रेग थॉमस ने 25वें और ब्लैक गोवर्स ने 55वें मिनट में गोल दागा। इस जीत से भारतीय हॉकी प्रेमियों के उन जख्मों पर मरहम जरूर लगा होगा जो दिल्ली राष्ट्रमंडल खेल 2010 के फाइनल में 8-0 और बर्मिंघम राष्ट्रमंडल खेल फाइनल में 7-0 से मिली हार के बाद मिले थे।

इस मैच से पहले ओलंपिक में भारत ने ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ 11 मैचों में से सिर्फ तीन (1960 रोम क्वार्टर फाइनल, 1964 तोक्यो सेमीफाइनल और 1972 म्युनिख ग्रुप मैच) मैच जीते थे जबकि ऑस्ट्रेलिया ने छह जीते और दो ड्रॉ खेले थे। भारतीय टीम पूल चरण में तीन जीत, एक ड्रॉ और एक हार के साथ बेल्जियम के बाद दूसरे स्थान पर रही और क्वार्टर फाइनल में उसका सामना पूल ए की तीसरे नंबर की टीम से होगा।

भारतीय टीम ने पहले क्वार्टर से ही काफी आक्रामक खेल दिखाते हुए शुरूआती 15 मिनट में 2-0 की बढ़त बना ली। हरमनप्रीत का पेरिस ओलंपिक में यह पांचवां गोल था।

ऑस्ट्रेलिया के लिये पहला गोल 25वें मिनट में क्रेग थॉमस ने पेनल्टी कॉर्नर पर किया। भारत को अगले मिनट पेनल्टी कॉर्नर मिला लेकिन हरमनप्रीत गोल नहीं कर सके। तीसरे क्वार्टर में भारत को दूसरे ही मिनट में पेनल्टी कॉर्नर मिला लेकिन हरमनप्रीत का शॉट बचा लिया गया। भारतीय टीम ने वीडियो रेफरल लिया जिसके बाद भारत को पेनल्टी स्ट्रोक दिया गया और भारतीय कप्तान ने टूर्नामेंट का अपना छठा गोल करके भारत को 3-1 से बढ़त दिला दी। ऑस्ट्रेलिया को 45वें मिनट में मिला पेनल्टी कॉर्नर भी बेकार गया। ऑस्ट्रेलिया को 55वें मिनट में पेनल्टी स्ट्रोक मिला जिस पर गोवर्स ने गोल करके आखिरी पांच मिनट के खेल को रोमांचक बना दिया। भारतीय डिफेंस ने आखिरी पांच मिनट जबर्दस्त संयम का प्रदर्शन करते हुए ऑस्ट्रेलिया के नामचीन स्ट्राइकरों को कोई मौका नहीं दिया।



ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ जीत हासिल करने के बाद खुशी मनाती भारतीय टीम। ● एजेंसी

### ओलंपिक पर कोई आतंकी खतरा नहीं : गेराल्ड

**पेरिस।** फ्रांस के आंतरिक मंत्री गेराल्ड दरमानिन ने कहा कि अधिकारियों ने ओलंपिक खेलों के पहले हफ्ते में किसी भी आंतकी खतरे का पता नहीं लगाया है, हालांकि इस दौरान विभिन्न अपराधों के लिए सुरक्षा बलों ने लगभग 200 लोगों को गिरफ्तार किया है। दरमानिन ने पेरिस ओलंपिक की सुरक्षा के बारे में पहला आधिकारिक आंकड़ा जारी किया। सेंट डेनिस में एक पुलिस स्टेशन के दौरे के दौरान उन्होंने कहा कि 26 जुलाई से अब तक लगभग 200 लोगों को गिरफ्तार किया गया है जिनमें से 180 को पुलिस हिरासत में लिया गया है। दरमानिन ने कहा कि इनमें कुछ व्यक्ति उद्घाटन समारोह के दिन हमला कर सकते थे।

### पदक तालिका

| देश | स्वर्ण | रजत | कांस्य | कुल |
|---|---|---|---|---|
| चीन | 13 | 7 | 3 | 27 |
| अमेरिका | 9 | 17 | 15 | 41 |
| फ्रांस | 9 | 11 | 11 | 31 |
| ग्रेट ब्रिटेन | 9 | 8 | 8 | 25 |
| ऑस्ट्रेलिया | 8 | 6 | 5 | 19 |
| जापान | 8 | 3 | 6 | 17 |
| द. कोरिया | 7 | 5 | 4 | 16 |
| इटली | 5 | 8 | 4 | 17 |
| नीदरलैंड | 4 | 2 | 2 | 8 |
| कनाडा | 3 | 2 | 4 | 9 |
| भारत | 0 | 0 | 3 | 3 |

# अंकिता और धीरज की मिश्रित तीरंदाजी जोड़ी कांस्य से चूकी


मिश्रित युगल स्पर्धा में निशाना लगाते तीरंदाज धीरज बोम्मादेवरा साथ में अंकिता भकत।

**पेरिस, एजेंसी**

- **कॉफहोल्ड-एलिसन की जोड़ी ने पहले और दूसरे सेट में भारतीय जोड़ी को क्रमश : 38-37 और 37-35 से हराया**

भारत की अंकिता भकत और धीरज बोम्मदेवरा की तीरंदाजी मिश्रित टीम को शुक्रवार को ओलंपिक की कांस्य पदक स्पर्धा में अमेरिका के केसी कॉफोल्ड और ब्रैडी एलिसन की जोड़ी से 2-6 से हार का सामना करना पड़ा। कॉफहोल्ड-एलिसन की जोड़ी पहले और दूसरे सेट में भारतीय जोड़ी को क्रमशः 38-37 और 37-35 से हराया। तीसरे सेट में दो 10 के निशाने ने भारत को प्रतियोगिता में वापसी कराई लेकिन निर्णायक सेट में अमेरिका जोड़ी फिर से आगे रही और मुकाबला जीत लिया।

इससे पहले अंकिता और धीरज की मिश्रित टीम सेमीफाइनल मैच में दक्षिण कोरिया के लिम सिहयोन और किम वूजिन की जोड़ी से 6-2 से हार गई थी। आज यहां खेले सेमीफाइनल मुकाबल में पहला सेट हारने के बावजूद, दक्षिण कोरियाई टीम ने वापसी करते हुए तीन अंक हासिल करते हुए स्वर्ण पदक मैच में अपनी जगह पक्की कर ली। चार सेटों में, लिम सिहयोन और किम वूजिन ने आठ 10 के निशाने लगाए। जोकि भारतीय तीरंदाजों से दो अधिक थे। यह ओलंपिक में तीरंदाजी में भारत की पहली बार सेमीफाइनल पहुंची थी। भकत-बोम्मदेवरा की जोड़ी कांस्य पदक के लिए अमेरिका से मुकाबला करेंगी। क्वार्टर फाइनल मुकाबले में भारत की अंकिता भकत एवं धीरज बोम्मदेवरा की मिश्रित टीम ने स्पेन की एलिया कैनालेस और पाब्लो आचा गोंजालेज को 5-3 से हराकर सेमीफाइनल में प्रवेश किया था। भारत ने पहला सेट 38-37 से जीता जबकि दूसरे सेट में दोनों टीमें बराबरी पर रहीं। हालांकि स्पेन ने अंतिम सेट जीतकर मैच बराबर कर लिया। निर्णायक सेट में बोम्मदेवरा ने दो महत्वपूर्ण 10 के निशाने लगाए जिससे स्पेन की जोड़ी को मात देने में मदद मिली। उन्होंने पिछले तीन सेटों में चार बार 10 के शॉट लगाए थे। इससे पहले पांचवीं वरीयता प्राप्त भारतीय जोड़ी ने इंडोनेशिया के डायनांदा चोइरुनिसा और आरिफ पंगेस्टु को 5-1 के स्कोर से हराकर क्वार्टर फाइनल में पहुंचे थे।

# मनु 25 मीटर पिस्टल स्पर्धा के फाइनल में

**पेरिस, एजेंसी**

मनु भाकर ने पेरिस ओलंपिक खेलों में भारत के लिए अभूतपूर्व तीसरे पदक की ओर कदम बढ़ाते हुए शुक्रवार को यहां निशानेबाजी की 25 मीटर महिला पिस्टल स्पर्धा के फाइनल के लिए क्वालीफाई किया लेकिन ईशा सिंह प्रतियोगिता से बाहर हो गईं। मनु ने प्रिसिजन में 294 और रेपिड में 296 अंक के साथ कुल 590 अंक जुटाकर क्वालीफिकेशन में दूसरा स्थान हासिल करते हुए फाइनल में प्रवेश किया।

मनु ने प्रिसिजन दौर में 10-10 निशानों की तीन सीरीज में क्रमशः 97, 98 और 99 अंक जुटाए। रेपिड दौर में उन्होंने तीन सीरीज में 100, 98 और 98 अंक हासिल किए। हंगरी की मेजर वेरोनिका ने 592 अंक के साथ ओलंपिक के क्वालीफिकेशन रिकॉर्ड की बराबरी करते हुए क्वालीफिकेशन में शीर्ष स्थान हासिल किया। ईशा प्रिसिजन में 291 और रेपिड में 290 अंक के साथ कुल 581 अंक जुटाकर 18वें स्थान पर रहीं और आठ निशानेबाजों के फाइनल में जगह नहीं बना सकीं। उन्होंने प्रिसिजन की पहली दो सीरीज में 95 और 96 अंक जुटाने के बाद 100 अंक के साथ जोरदार वापसी की लेकिन रेपिड दौर में 97, 96 और 97 अंक ही जुटा सकीं। इस स्पर्धा का फाइनल शनिवार तीन अगस्त को खेला जाएगा। क्वालीफिकेशन के प्रिसिजन दौर के बाद मनु और ईशा क्रमशः तीसरे और 10वें स्थान पर थे।



- **प्रिसिजन में 294 और रेपिड में 296 अंक से पाया दूसरा स्थान**

### स्कीट क्वालीफिकेशन में अनंतजीत की निराशाजनक शुरुआत

**शेटराउ (फ्रांस)।** भारत के अनंतजीत सिंह नरूका पेरिस ओलंपिक की पुरुष स्कीट क्वालीफिकेशन के पहले दिन शुक्रवार को यहां खराब शुरुआत के बाद 30 निशानेबाजों के बीच 26वें स्थान पर हैं। क्वालीफिकेशन के पहले दिन 25-25 निशानों की तीन सीरीज में अनंतजीत 23, 22 और 23 अंक के साथ कुल 68 अंक ही जुटा सके। अनंतजीत ने पहली सीरीज में दो निशाने चूके। वह दूसरी सीरीज में तीन निशाने चूक गए जबकि तीसरी सीरीज में एक बार फिर वह दो निशाने चूके जिससे काफी पिछड़ गए। क्वालीफिकेशन दौर की दो सीरीज अब शनिवार को होंगी जिसके बाद शीर्ष छह निशानेबाज फाइनल में जगह बनाएंगे। अनंतजीत की शीर्ष छह में जगह बनाकर फाइनल के लिए क्वालीफाई करने की संभावना बेहद कम है।

### खुशखबरी, हैदराबाद में बनेगा एक और अंतर्राष्ट्रीय स्टेडियम

**हैदराबाद।** तेलंगाना के मुख्यमंत्री ए रेवंत रेड्डी ने शुक्रवार को विधानसभा में घोषणा की कि राज्य सरकार शहर में एक और अंतरराष्ट्रीय स्टेडियम का निर्माण करेगी।

खेलों पर बहस के दौरान मुख्यमंत्री ने कहा कि नया स्टेडियम बेगरीकांचा में कौशल विश्वविद्यालय के पास बनाया जाएगा। उन्होंने बताया कि इस परियोजना के बारे में बीसीसीआई के साथ प्राथमिक चर्चा पहले ही पूरी हो चुकी है। राज्य सरकार मार्गदर्शन के लिए हरियाणा की खेल नीति का भी अध्ययन कर रही है। रेड्डी ने जोर देकर कहा कि कांग्रेस सरकार राज्य में खेलों को समर्थन देने के लिए प्रतिबद्ध है और उसने मौजूदा बजट में 321 करोड़ रुपये आवंटित किए हैं। उन्होंने कहा कि यूसुफगुडा, गाचीबोवली, सरूरनगर और एल बी स्टेडियम जैसे मौजूदा स्टेडियमों में खेल गतिविधियों में कमी आई है, लेकिन राजनीतिक गतिविधियां बढ़ गई हैं।

# अनुपलब्ध रहने वाले विदेशियों पर लगे प्रतिबंध : टीम मालिक

**मुंबई, एजेंसी**

इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) के टीम मालिकों ने कहा है कि नीलामी में खरीदे जाने के बाद बिना किसी ठोस वजह अनुपलब्ध रहने वाले विदेशी खिलाड़ियों को पर दो साल का प्रतिबंध लगना चाहिए। टीम मालिकों और भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड (बीसीसीआई) के बीच बुधवार को हुई बैठक में फ्रैंचाइजियों ने यह मांग की। उन्होंने आईपीएल के सामने विदेशी खिलाड़ियों को बड़ी नीलामी के लिए पंजीकरण कराने को अनिवार्य करने की मांग की है।

उन्होंने कहा कि खिलाड़ियों के अनुपलब्ध रहने का असर उनके प्रदर्शन पर भी पड़ता है क्योंकि टीम की रणनीति उन विदेशी खिलाड़ियों को ध्यान में रखकर बनाई जाती है। अगर खिलाड़ियों को बोर्ड ने अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट खेलने के लिए कहा जाता है, या उन्हें चोट लग जाती है या फिर परिवार में किसी काम से वह टीम से अगर नहीं जुड़ पाते हैं, तो वो ऐसी स्थिति में खिलाड़ियों को अनुमति दे सकती हैं लेकिन खिलाड़ियों की अनुपलब्धता का पता उन्हें नीलामी समय पता चल जाए तो बेहतर होगा। कई बार बेस प्राइस पर खरीदे जाने वाले खिलाड़ी नीलामी के बाद नाम वापस ले लेते हैं। उन्होंने एक खिलाड़ी का उदाहरण भी दिया जिसमें खिलाड़ी के मैनेजर ने यह शर्त रखी थी अधिक पैसे देने की स्थिति में वह खिलाड़ी खेलने के लिए तैयार हो सकता है।

- **बिना ठोस वजह के अनुपलब्ध रहने वाले विदेशी खिलाड़ियों पर लगे दो साल का प्रतिबंध**

# हार के बाद एंडी मरे ने लिया संन्यास

**पेरिस, एजेंसी**

ओलंपिक के पुरुष युगल मुकाबले के क्वार्टर फाइनल में हार के साथ ही ब्रिटेन के दिग्गज टेनिस खिलाड़ी एंडी मरे का शानदार पेशेवर करियर खत्म हो गया। वह इस खेल को अलविदा कहने के लिए जब कोर्ट पर उतरे तो उनकी आंखें नम थी।

37 साल के खिलाड़ी ने पहले ही कहा था कि 2024 ग्रीष्मकालीन खेल उनके लिए आखिरी पेशेवर मुकाबला होगा। उन्हें और उनके साथी डैन इवांस को गुरुवार रात कोर्ट सुजैन लेंगले में टेलर फ्रिट्ज और टॉमी पॉल की अमेरिका की जोड़ी ने 6-2, 6-4 से हराया। ओलंपिक टेनिस एकल स्पर्धा दो बार के इकलौते स्वर्ण पदक ने कहा मुझे पता था कि यह पल आने वाला है। यह अगर आज नहीं हुआ होता तो कुछ दिनों के बाद होने वाला था। मैं इसके लिए तैयार था। जाहिर है, मैं भावुक हूं क्योंकि यह आखिरी बार था जब मैंने किसी प्रतिस्पर्धी मैच को खेला। मैं वास्तव में अभी खुश हूं। तीन ग्रैंड स्लैम खिताब के इस विजेता ने कहा मुझे खुशी है कि मुझे यहां ओलंपिक में जाने और अपनी शर्तों पर समापन करने का मौका मिला क्योंकि पिछले कुछ वर्षों में इस बारे में कुछ कहना मुश्किल था।



### अल्काराज एकल फाइनल में पहुंचे

**पेरिस।** स्पेन के कार्लोस अल्काराज ने शुक्रवार को यहां फेलिक्स ऑगर अलियासिमे को 6-1, 6-1 से हराकर पेरिस ओलंपिक की पुरुष टेनिस एकल स्पर्धा के फाइनल में प्रवेश किया। अब उनका सामना सर्बिया के स्टार नोवाक जोकोविच और इटली के लोरेंजो मुसेटी के बीच होने वाले दूसरे सेमीफाइनल के विजेता से होगा। महिलाओं का एकल फाइनल शनिवार को होगा जिसमें चीन की झेंग किनवेन का सामना डोना वेकिच से होगा।

### आंद्रीवा और श्नेडर सेमीफाइनल में

**पेरिस।** रूस की टेनिस खिलाड़ी माइरा आंद्रीवा और डायना श्नेडर पेरिस ओलंपिक के महिला युगल सेमीफाइनल में पहुंच गए हैं जिससे एआईएन नाम से तटस्थ व्यक्तिगत खिलाड़ियों के रूप में खेल रहे देश के खिलाड़ियों को पहला पदक जीतने का मौका मिला है। आंद्रीवा और श्नेडर की जोड़ी ने कैटरीना सिनिकोवा और बारबरा क्रेसिकोवा की चेक गणराज्य की दूसरी वरीय जोड़ी को क्वार्टर फाइनल में 6-1, 7-5 से हराया।

# भारत-श्रीलंका का पहला मुकाबला टाई

- **शृंखला शुरू होते ही भारतीय कप्तान रोहित शर्मा के बल्ले से निकाला अर्धशतक**
- **अक्षर और अर्शदीप ने चटकाए दो-दो विकेट, अंतिम विकेट को चाहिए था एक रन**



**कोलंबो, एजेंसी**

चरित असलंका और वानिंदु हसरंगा के बेहतरीन गेंदबाजी और दुनित वेल्लालगे नाबाद (67) और दो विकेट के हरफनमौला प्रदर्शन के दम पर श्रीलंका ने भारत के शुक्रवार को खेले गये पहले एकदिवसीय मैच को टाई करा दिया है। एक समय जीत की ओर बढ़ रही भारतीय टीम के लिए 48वां ओवर डालने आए चिरत असलंका ने शिवम दुबे और अर्शदीप सिंह को पगबाधा आउट कर मैच टाई करा दिया।

मैच के आगे बढ़ने के साथ पिच धीमी होती जा रही थी। ऐसे में केएल राहुल (31) और अक्षर पटेल (33) ने टीम को मुश्किल से उबारा। उसके बाद शिवम दुबे टीम को जीत की दहलीज तक ले आए थे और मैच में जब स्कोर बराबर हुए तो असलंका ने पगबाधा करके मैच की कहानी पूरी तरह से पलट दी। यह दोनों टीमों के बीच चौथा एकदिवसीय मैच टाई हुआ है। 231रनों के लक्ष्य का पीछा करने उतरी कप्तान रोहित शर्मा और शुभमन गिल की सलामी जोड़ी ने अच्छी शुरुआत करते हुए पहले विकेट लिए 75रन जोड़े। 13वें ओवर में दुनित वेल्लालगे ने शुभमन गिल (16) को आउटकर भारत को पहला झटका दिया। कप्तान रोहित शर्मा (58) विराट कोहली (24), श्रेयस अय्यर (23) और शिवम दुबे ने (25)रनों की पारी खेली। भारत की पूरी टीम 47.5 ओवर में 230 रन पर सिमट गई। श्रीलंका की ओर से चरित असलंका और वानिंदु हसरंगा ने तीन-तीन विकेट लिये।

इससे पहले दुनित वेल्लालगे नाबाद (67) और सलामी बल्लेबाज पतुम निसंका (56) की अर्धशतकीय पारियों के दम पर श्रीलंका ने भारत को जीत के लिए 231 रनों का लक्ष्य दिया। आज यहां आर. प्रेमदासा स्टेडियम में श्रीलंका के कप्तान चरिथ असलंका ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाज करने का फैसला किया। बल्लेबाजी करने उतरी श्रीलंका की शुरुआत खबरा रही और उसने तीसरे ही ओवर में अविष्का फर्नांडो (1) का विकेट गवां दिया। श्रीलंका ने निर्धारित 50 ओवरों में आठ विकेट पर 230 रनों स्कोर खड़ा किया।

### स्कोर बोर्ड

**श्रीलंका 230/8 (50 ओवर)**

| | रन | गेंद | 4/6 |
|---|---|---|---|
| पाथुम निसांका पगबाधा बो सुंदर | 56 | 75 | 9/0 |
| अविष्का फर्नांडो का अर्शदीप बो सिराज | 1 | 7 | 0/0 |
| कुसल मेंडिस पगबाधा बो दुबे | 14 | 31 | 1/0 |
| सदीरा समरविक्रमा का गिल बो पटेल | 8 | 18 | 0/0 |
| चरिथ असालंका का रोहित बो कुलदीप | 14 | 21 | 2/0 |
| जनिथ लियानागे का रोहित बो पटेल | 20 | 26 | 1/1 |
| दुनिथ वेलालागे नाबाद | 67 | 65 | 7/2 |
| वानिंदु हसारंगा का पटेल बो अर्शदीप | 24 | 35 | 1/2 |
| अकिला धनंजय का सुंदर बो अर्शदीप | 17 | 21 | 2/0 |

अतिरिक्त : 08, गेंदबाजी : सिराज 8-2-36-1, अर्शदीप 8-0-47-2, अक्षर 10-0-33-2, शिवम 4-0-19-1, कुलदीप 10-0-33-1, सुंदर 7-1-38-1, शुभमन 1-0-14-0

**भारत 230/10 (47.5 ओवर)**

| | रन | गेंद | 4/6 |
|---|---|---|---|
| रोहित शर्मा पगबाधा दुनिथ वेलालागे | 58 | 47 | 7/3 |
| शुभमन कैच मेंडिस बो दुनिथ वेलालागे | 16 | 35 | 2/0 |
| विराट कोहली पगबाधा वानिंदु हसारंगा | 24 | 32 | 2/0 |
| वॉशिंग्टन सुंदर पगबाधा धनंजय | 5 | 4 | 1/0 |
| श्रेयस अय्यर बोल्ड फर्नेडो | 23 | 23 | 4/0 |
| केएल राहुल कैच दुनिथ बो हसारंगा | 31 | 43 | 2/0 |
| अक्षर कैच मेंडिस बोल असलंका | 33 | 57 | 2/1 |
| शिवम दुबे पगबाधा असलंका | 25 | 24 | 1/2 |
| कुलदीप यादव पगबाधा हसारंगा | 2 | 10 | 0/0 |
| मोहम्मद शिराज नाबाद | 5 | 11 | 0/0 |
| अर्शदीप पगबाधा असलंका | 0 | 1 | 0/0 |

अतिरिक्त : 08, गेंदबाजी : फर्नेडो 6-1-34-1, शिराज 4-0-25-0, दुनिथ 9-1-39-2, धनंजय 10-0-40-1, हसरंगा 10-0-58-3, असलंका 8.5-0-30-3

स्वामी-रुहेलखंड इंटरप्राइजेज के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक राज सागर द्वारा अमृत विचार प्रकाशन, नवादा जोगियान, चक रोड, रोहिलखंड मेडिकल कॉलेज के सामने, बरेली (उत्तर प्रदेश) से मुद्रित एवं एलआईजी 23, प्रथम तल, आशियाना फेस-1, कांठ रोड मुरादाबाद (उत्तर प्रदेश) से प्रकाशित।
संपादक-शंभू दयाल वाजपेयी, 0591-3551286(कार्यालय), ईमेल-amritvichar.moradabad@gmail.com आर.एन.आई नं0-UPHIN/2020/79034 (नोट-सभी विवादों का न्याय क्षेत्र मुरादाबाद होगा)।

## एक नजर

### पाकिस्तान में कोयला खदान धंसने से दो की मौत

**इस्लामाबाद।** पाकिस्तान के उत्तर-पश्चिमी खैबर पख्तूनख्वा प्रांत में गुरुवार को एक कोयला खदान धंसने से दो मजदूरों की मौत हो गयी। पुलिस ने शुक्रवार को एक बयान में बताया कि यह घटना कोहाट जिले में हुई। बचावकर्मियों को मलबे से शव निकालने में कई घंटे लग गए। प्रांत में तीन दिन के दौरान बारिश से जुड़ी विभिन्न घटनाओं में 24 लोगों की मौत हो गई और 17 अन्य घायल हो गये।

### रूस में इमारत ढहने से चार लोगों की गई जान

**मॉस्को।** रूस के निजनी टैगिल शहर में एक आवासीय इमारत के आंशिक रूप से ढह जाने से चार लोगों की मौत हो गयी। आपातकालीन स्थिति मंत्रालय ने शुक्रवार को कहा कि यह त्रासदी गुरुवार को हुई जब रूस के सेवरडलोव्स्क ओब्लास्ट में स्थित निजनी टैगिल में पांच मंजिला इमारत के दो प्रवेश द्वार गैस-वायु मिश्रण के विस्फोट के कारण ढह गये। इस इमारत में गैसीय ऊर्जा से बिजली की आपूर्ति की जाती है। इसमें बताया गया कि मलबे से कुल 15 लोगों को बचाया गया, जिनमें सात बच्चे भी शामिल हैं।

### फिलीपींस में इमारत में आग लगने से 11 की मौत

**मनीला।** फिलीपींस की राजधानी मनीला के भीड़भाड़ वाले चाइनाटाउन जिले में शुक्रवार को एक छोटी सी इमारत के एक हिस्से में आग लगने से कम से कम 11 लोगों की मौत हो गई। पुलिस ने कहा कि आग लगने के कारण का पता लगाने के लिए जांच चल रही है। आग पर काबू पाने के लिए लगभग 14 फायर ट्रक दो घंटे से अधिक समय तक संघर्ष करते रहे। आग दुनिया के सबसे पुराने चाइनाटाउन में से एक में पुरानी पांच मंजिला इमारत में लगी।

### ब्राजील में नाव में आग से मरने वाले लोग पांच हुए

**साओ पाउलो।** उत्तरी ब्राजील की अमेज़ॅन नदी में सोमवार को एक यात्री नाव में आग लगने और डूबने से पांच लोगों की मौत हो गई। सरकारी अधिकारियों ने गुरुवार को यह जानकारी दी। दौ सौ से अधिक लोगों को ले जा रही यात्री नाव एम. मोंटेइरो में अमेज़ॅनस राज्य में उरीनी नगर पालिका के पास आग लग गई। राज्य सरकार ने बताया कि पिछले कुछ घंटों में घायल यात्रियों में से दो की मौत हो गई, जिससे मरने वालों की संख्या पांच हो गई।

### नाइजीरिया में प्रदर्शन के दौरान 13 लोग मारे गए

**अबुजा।** नाइजीरिया में आर्थिक संकट के खिलाफ व्यापक पैमाने पर जारी विरोध-प्रदर्शनों के दौरान कम से कम 13 प्रदर्शनकारियों की मौत हो गई। एक मानवाधिकार समूह ने शुक्रवार को यह जानकारी दी। विरोध-प्रदर्शन ने कई राज्यों में हिंसक रूप ले लिया है, जिसके चलते कई जगह कर्फ्यू घोषित किया गया है। अधिकारियों ने बम धमाके में चार लोगों की मौत की पुष्टि की और सैकड़ों प्रदर्शनकारियों को गिरफ्तार किया गया है।

# अमेरिका को पन्नू की हत्या के प्रयास के मामले में भारत से जवाबदेही की उम्मीद

वाशिंगटन, एजेंसी

अमेरिका के एक अधिकारी ने कहा कि पिछले वर्ष अमेरिका की धरती पर उसके एक नागरिक की हत्या की कोशिश के मामले में भारत के एक सरकारी कर्मचारी की कथित भूमिका के संबंध में उनका देश भारत से जवाबदेही की उम्मीद करता है। विदेश मंत्रालय के उप प्रवक्ता वेदांत पटेल ने अपने दैनिक संवाददाता सम्मेलन में यह बात कही।

पिछले वर्ष नवंबर में अमेरिकी संघीय अभियोजकों ने भारतीय नागरिक निखिल गुप्ता पर एक भारतीय सरकारी कर्मचारी के साथ मिलकर सिख अलगाववादी गुरपतवंत सिंह पन्नू की हत्या की कोशिश करने का आरोप लगाया था। गुप्ता को पिछले वर्ष जून में चेक गणराज्य में गिरफ्तार किया गया था और 14 जून को अमेरिका प्रत्यर्पित कर दिया गया था। पटेल ने कहा, हम पिछले वर्ष गर्मियों में अमेरिकी धरती पर एक अमेरिकी नागरिक की हत्या के असफल प्रयास में भारत सरकार के एक कर्मचारी की कथित भूमिका के संबंध में जवाबदेही की उम्मीद करते हैं। उन्होंने कहा, हम उच्च स्तर पर सीधे भारत सरकार के समक्ष चिंताओं को उठा रहे हैं। हालांकि पटेल ने उस खबर पर टिप्पणी करने से इनकार कर दिया जिसमें कहा गया है कि कनाडाई अधिकारियों ने एक विवाह समारोह में सिख अलगाववादी को निशाना बनाने की योजना बना रहे पांच भारतीय नागरिकों को गिरफ्तार किया है।

### मादक पदार्थ की तस्करी के आरोप में दो भारतीय गिरफ्तार

**वाशिंगटन।** अमेरिका में मादक पदार्थ की तस्करी करने के आरोप में दो भारतीय नागरिकों को गिरफ्तार किया गया है और उनके पास से एक करोड़ अमेरिकी डॉलर का नशीला पदार्थ भी बरामद हुआ है। न्याय विभाग ने यह जानकारी दी। न्याय विभाग ने बताया कि आरोपियों की पहचान 28 वर्षीय सिमरनजीत सिंह और 19 वर्षीय गुसिमरत सिंह के रूप में हुई है और वे कैलिफोर्निया के फ्रेस्नो के निवासी थे। भारतीय नागरिकों पर मादक पदार्थ की तस्करी का आरोप है। आरोपियों को 29 जुलाई को बोस्टन की एक अदालत में पेश कर उन्हें हिरासत में भेज दिया था। स्थानीय पुलिस ने एक ट्रैक्टर से 400 किलोग्राम से अधिक की कोकीन बरामद करने के बाद दोनों भारतीय नागरिकों को गिरफ्तार किया था।

## एयर इंडिया ने स्थगित कीं इजराइल की उड़ानें

**नई दिल्ली।** पश्चिम एशिया में बढ़ते तनाव के बीच एयर इंडिया ने शुक्रवार को तेल अवीव के लिए उड़ानें 8 अगस्त तक स्थगित करने की घोषणा की। टाटा समूह के स्वामित्व वाली एयरलाइन दिल्ली से तेल अवीव के लिए चार साप्ताहिक उड़ानें संचालित करती है। एयरलाइन ने एक बयान में कहा कि पश्चिम एशिया के कुछ हिस्सों में मौजूदा तनाव को देखते हुए हमने अपनी उड़ानों के निर्धारित संचालन को तत्काल प्रभाव से 8 अगस्त 2024 तक स्थगित कर दिया है। एयरलाइन ने यह भी कहा कि वह इस अवधि के दौरान तेल अवीव से आने-जाने के लिए टिकट बुक कराने वाले यात्रियों को सहायता प्रदान कर रही है तथा यात्रा पुनर्निर्धारण और रद्दीकरण शुल्क पर एक बार की छूट दे रही है। एयर इंडिया ने गुरुवार को तेल अवीव की उड़ान रद कर दी थी।

# बांग्लादेश में फिर से प्रदर्शन शुरू

- ढाका के विभिन्न हिस्सों में दो हजार से अधिक प्रदर्शनकारियों ने इंसाफ की मांग की
- जुलाई में नौकरियों में आरक्षण के खिलाफ हिंसक प्रदर्शन के दौरान 200 से ज्यादा लोगों की गई जान

ढाका, एजेंसी



ढाका में शुक्रवार को न्याय की मांग को लेकर कार्यकर्ताओं ने प्रधानमंत्री शेख हसीना और उनकी सरकार के खिलाफ विरोध मार्च में हिस्सा लिया।

बांग्लादेश में प्रधानमंत्री शेख हसीना और उनकी सरकार के खिलाफ शुक्रवार को फिर से प्रदर्शन शुरू हो गए। जुलाई में नौकरियों में आरक्षण के खिलाफ हिंसक प्रदर्शन के दौरान 200 से ज्यादा लोगों की मौत के लिए इंसाफ की मांग को लेकर यह प्रदर्शन किए जा रहे हैं।

राजधानी ढाका के विभिन्न हिस्सों में दो हजार से अधिक प्रदर्शनकारी एकत्र हुए, जिनमें से कुछ लोग तानाशाह मुर्दाबाद और पीड़ितों के लिए इंसाफ के नारे लगा रहे थे, जबकि पुलिस अधिकारी उनके चारों ओर घेरा बनाकर खड़े थे। ढाका के उत्तरा इलाके में पुलिस और दर्जनों छात्रों के बीच झड़प हुई, जबकि सुरक्षा अधिकारियों ने पत्थरबाजी कर रहे प्रदर्शनकारियों को तितर-बितर करने के लिए आंसू गैस और स्टन ग्रेनेड दागे। प्रधानमंत्री शेख हसीना की सरकार पिछले महीने से छात्रों के प्रदर्शनों का सामना कर रही है और फिलहाल इन प्रदर्शनों के मंद पड़ने का कोई संकेत नहीं है। पंद्रह जुलाई को हिंसा भड़कने के बाद से, शेख हसीना के लिए विरोध-प्रदर्शन बड़ा संकट बन गए हैं। हिंसक प्रदर्शनों से निपटने के लिए अधिकारियों ने इंटरनेट बंद कर दिया है और देखते ही गोली मारने का आदेश देते हुए कर्फ्यू लगा दिया है। स्कूल और विश्वविद्यालय बंद हैं।

# हिजबुल्ला ने हमले के जवाब में इजराइल पर दागे रॉकेट

## पश्चिमी गैलिली में दुश्मन सेना के स्थलों और मातज़ुवा की बस्ती पर बमबारी

बेरूत, एजेंसी



लेबनानी आतंकवादी समूह हिजबुल्ला ने घोषणा की कि उसने दक्षिणी लेबनान पर हवाई हमले के जवाब में इजराइली स्थलों पर रॉकेट से हमला किया, जिसमें चार सीरियाई मारे गए। समूह ने गुरुवार को एक बयान में कहा चामा को निशाना बनाकर किए गए हमले और कई नागरिकों की शहादत के जवाब में, इस्लामिक प्रतिरोध सेनानियों ने आज पश्चिमी गैलिली में दुश्मन सेना के स्थलों और मात्जुवा की बस्ती पर दर्जनों कत्युशा रॉकेट से बमबारी की।

हिजबुल्ला ने कहा कि उसने जल अल-आलम स्थल पर भी रॉकेट से हमला किया। लेबनान के सैन्य सूत्रों ने शिन्हुआ को बताया कि लेबनानी सेना ने लेबनान की ओर से इजराइल में दो अलग-अलग बैचों में लगभग 70 सतह से सतह पर मार करने वाले रॉकेटों के प्रक्षेपण की निगरानी की और उनमें से कुछ को इजराइली आयरन डोम मिसाइल रक्षा प्रणाली द्वारा रोक दिया गया। सूत्रों ने बताया कि इजराइली सेना ने दक्षिणी लेबनान के कई शहरों और गांवों पर बमबारी की और कई हवाई हमले किए, जिसमें चार सीरियाई मारे गए और चार लेबनानी नागरिक घायल हो गए। मंगलवार को बेरूत के दक्षिणी उपनगरों में दहिएह पर इजराइली हमले के बाद हिजबुल्ला और इजरायल के बीच बढ़ते तनाव के बीच ये ताजा हमले हुए, जिसमें हिजबुल्ला के शीर्ष सैन्य कमांडर फौद शोकोर की मौत हो गई। हिजबुल्ला के महासचिव हसन नसरल्लाह ने उचित समय और स्थान पर इजराइली हमले का निश्चित और करारा जवाब देने की धमकी दी।

### इजराइल में भारतीयों को सतर्क रहने की सलाह

**तेल अवीव।** भारतीय दूतावास ने शुक्रवार को इजराइल में रह रहे सभी भारतीय नागरिकों को सलाह दी कि वे सतर्क रहने के साथ स्थानीय प्रशासन की ओर से सुझाए गए सुरक्षा प्रोटोकॉल का पालन करें। दूतावास के सभी सोशल मीडिया मंच पर पोस्ट करके अंग्रेजी, हिंदी, तेलुगु और कन्नड़ में जारी किये गए परामर्श में ईमेल पते के साथ टेलीफोन नंबर 972-547520711 और 972-543278392 जैसे संपर्क विवरण भी दिए गए हैं जिस पर 24 घंटे मदद उपलब्ध रहेगी। इजराइली अधिकारियों के इस दावे के बावजूद कि उसका हवाई क्षेत्र बिल्कुल सुरक्षित है, लगभग 10 कंपनियों ने अपनी उड़ानें रद्द कर दी हैं।

## कतर में सुपुर्द-ए-खाक हुआ हमास चीफ हानियेह

**दोहा।** तेहरान में अपने आवास पर संदिग्ध इजराइली हमले में मारे गए हमास चीफ इस्माइल हानियेह को शुक्रवार को दोहा में सुपुर्द-ए-खाक किया गया। हानियेह के शव को गुरुवार को कतर की राजधानी में स्थानांतरित कर दिया गया, जहां नागरिकों, फिलिस्तीनी गुटों और अरब और इस्लामी राज्यों के प्रतिनिधियों की भागीदारी के साथ प्रार्थना और समारोह आयोजित किया गया। इसके बाद उन्हें लुसैल शहर के एक कब्रिस्तान में दफनाया गया। एक अगस्त को तेहरान में हानियेह का प्रतीकात्मक रूप से सुपुर्द-ए-खाक किया गया। अंतिम संस्कार जुलूस के दौरान तेहरान की सड़कों पर हज़ारों लोग एकत्र हुए। ब्रिटिश मीडिया मिडिल ईस्ट आई के मुताबिक शुक्रवार को कतर की राजधानी दोहा की सबसे बड़ी मस्जिद में नमाज पढ़ी गई। इस दौरान हजारों लोग हानियेह को अंतिम विदाई देने पहुंचे। वहीं तुर्किये ने हानियेह के सम्मान में अपने देश के झंडे को आधा झुका दिया। तुर्किये और पाकिस्तान में आज शोक भी मनाया जा रहा है।

# प. एशिया और दुनिया खतरे में पड़ जाएगी

तेहरान, एजेंसी



- कार्यवाहक ईरानी विदेश मंत्री अली बाघेरी कानी ने चेताया

ईरान ने कहा है कि इजराइल 10 महीनों से गाजा पट्टी में खून-खराबा और तबाही मचा रहा है तथा अब उसने अपने अपराधों की सीमा को लेबनान, ईरान और यमन तक फैला दिया है, लिहाजा उसे जल्द रोकना जरूरी है। ईरान के कार्यवाहक ईरानी विदेश मंत्री अली बाघेरी कानी ने शुक्रवार को कहा कि इजराइल को अगर जल्द ही नहीं रोका गया तो पश्चिम एशिया और दुनिया भर की शांति खतरे में पड़ जायेगी।

कानी ने कहा, इजराइल ने पिछले 10 महीनों में गाजा पट्टी में खून-खराबा और विनाश किया है तथा अब उसने अपने अपराधों की सीमा को बेरूत, तेहरान और यमन तक फैला दिया है। ऐसे में अगर इन आतंकवादी अपराधियों को नहीं रोका गया, तो वे क्षेत्र और दुनिया में शांति एवं सुरक्षा को गंभीर रूप से खतरे में डाल देंगे। फिलीस्तीनी आंदोलन हमास ने बुधवार को पुष्टि की कि उसके पोलित ब्यूरो के प्रमुख इस्माइल हनीयेह की तेहरान में उनके आवास पर इजराइली हमले में मौत हो गयी है।

### ईरान के पूर्व विदेश मंत्री जरीफ उपराष्ट्रपति नियुक्त

**तेहरान।** ईरान के नवनिर्वाचित राष्ट्रपति मसूद पेजेशकियान के आदेश से पूर्व विदेश मंत्री मोहम्मद जवाद जरीफ को रणनीतिक मामलों के लिए उपराष्ट्रपति नियुक्त किया गया है। ईरानी समाचार एजेंसी तसनीम ने यह जानकारी दी। जरीफ (64) ने 2013 से 2021 तक विदेश मंत्री के रूप में कार्य किया। ईरान में जुलाई की शुरुआत में हुए राष्ट्रपति चुनाव के दूसरे दौर में पेजेशकियान ने एक करोड़ 63 लाख 84,403 वोट हासिल किये। उनके प्रतिद्वंद्वी पूर्व परमाणु वार्ताकार सईद जलीली को एक करोड़ 35 लाख 38 हजार 179 वोट मिले।



## पहली विदेश यात्रा पर थाईलैंड जा सकते हैं प्रधानमंत्री ओली

**काठमांडू।** नेपाल के नव-निर्वाचित प्रधानमंत्री के.पी. शर्मा ओली अपनी पहली विदेश यात्रा के लिए संभवतः थाईलैंड जा सकते हैं। पूर्व में, नेपाल के प्रधानमंत्रियों ने अधिकतर पहले भारत का दौरा किया था, हालांकि कुछ ने चीन की भी यात्रा की थी। आधिकारिक सूत्रों के मुताबिक, प्रधानमंत्री ओली सितंबर के पहले सप्ताह में बिम्सटेक (बहु-क्षेत्रीय तकनीकी और आर्थिक सहयोग के लिए बंगाल की खाड़ी पहल) शिखर सम्मेलन में शामिल होने के लिए थाईलैंड की यात्रा पर जाएंगे। प्रधानमंत्री ओली संयुक्त राष्ट्र महासभा में भाग लेने के लिए सितंबर के तीसरे सप्ताह में अमेरिका की यात्रा करेंगे।

# पाकिस्तान की वीजा मुक्त प्रवेश सूची से भारत बाहर

इस्लामाबाद, एजेंसी

पाकिस्तान ने भारत और अफगानिस्तान को वीजा-मुक्त प्रवेश वाले मित्र देशों की सूची से बाहर रखा है। ट्रिब्यून एक्सप्रेस की रिपोर्ट के अनुसार पाकिस्तान के गृह मंत्रालय ने सुरक्षा कारणों का हवाला देते हुए रोक की घोषणा की और बौद्धों और सिखों के लिए धार्मिक पर्यटन की सुगम सुविधा पर बल दिया।

रिपोर्ट के अनुसार, मंत्रालय ने कहा कि संघीय जांच एजेंसी और फेडरल बोर्ड ऑफ रेवेन्यू (एफबीआर) को अंतर्राष्ट्रीय हवाई अड्डे पर पाकिस्तान की अच्छी छवि बनाने के लिए विशेष निर्देश दिए गए हैं ताकि स्वागतयोग्य छवि बनाई जा सके और सकारात्मक माहौल बनाया जा सके।

### इमरान की पार्टी के वरिष्ठ नेता की गोली मारकर हत्या

**लाहौर।** पाकिस्तान तहरीक-ए-इंसाफ के एक वरिष्ठ नेता की लाहौर में गोली मारकर हत्या कर दी गई। पुलिस ने यह जानकारी दी। लाहौर पुलिस के प्रवक्ता ने कहा, डॉ. शाहिद सादिक खान शुक्रवार की नमाज अदा करने के बाद लाहौर के वालेंसिया टाउन स्थित एक मस्जिद से बाहर आ रहे थे कि तभी चार अज्ञात लोगों ने उन पर गोलियां बरसाईं और दो मोटरसाइकिलों पर सवार होकर भाग गए। उन्हें एक अस्पताल में भर्ती कराया गया, जहां उन्होंने दम तोड़ दिया।

## तुर्किए ने इंस्टाग्राम पर लगाई रोक

**अंकारा।** तुर्किए में सरकार ने शुक्रवार को सोशल मीडिया प्लेटफार्म इंस्टाग्राम पर रोक लगा दी। स्पूतनिक संवाददाता ने यह जानकारी दी। देश में आज सुबह से ही मोबाइल डिवाइस और कंप्यूटर दोनों से पर सोशल नेटवर्क उपलब्ध नहीं है। नियामक ने कोई विवरण दिए बिना कहा, 02 अगस्त को, सूचना और संचार प्रौद्योगिकी प्राधिकरण के निर्णय द्वारा इंस्टाग्राम डॉट कॉम वेबसाइट तक पहुंच को अवरुद्ध कर दिया गया था। तुर्किए राष्ट्रपति प्रशासन के संचार निदेशालय के प्रमुख, फहरेटिन अल्टुन ने 31 जुलाई को हमास के राजनीतिक नेता इस्माइल हनीयेह की हत्या के बाद शोक संदेश प्रसारित करने वाले यूजर्स को सक्रिय रूप से बाधित करने के लिए सोशल नेटवर्क की निंदा की।

# अंतरिक्ष मिशन में जाएंगे ग्रुप कैप्टन शुभांशु शुक्ला

बेंगलुरु, एजेंसी



- भारत-अमेरिका मिशन के लिए एजेंसी ने की सिफारिश

भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन (इसरो) ने शुक्रवार को घोषणा की कि ग्रुप कैप्टन शुभांशु शुक्ला और ग्रुप कैप्टन प्रशांत बालकृष्णन नायर को अंतर्राष्ट्रीय अंतरिक्ष स्टेशन (आईएसएस) के लिए आगामी भारत-अमेरिका मिशन के वास्ते चुना गया है।

इसरो के सूत्रों ने एजेंसी को बताया कि ऐसा नासा द्वारा मान्यता प्राप्त सेवा प्रदाता एक्सिओम स्पेस इंक की सिफारिश पर किया गया है। एक आधिकारिक विज्ञप्ति में इसरो ने कहा कि उसके मानव अंतरिक्ष उड़ान केंद्र ने आईएसएस के लिए अपने चौथे मिशन के लिए अमेरिका के एक्सिओम स्पेस इंक के साथ अंतरिक्ष उड़ान समझौता किया है और नेशनल मिशन असाइनमेंट बोर्ड ने दो गगनयात्रियों (अंतरिक्ष यात्रियों) - ग्रुप कैप्टन शुक्ला (प्रधान) और ग्रुप कैप्टन नायर के नाम की सिफारिश की है। इसरो ने कहा, नियुक्त चालक दल के सदस्यों को बहुपक्षीय चालक दल संचालन पैनल (एमसीओपी) द्वारा अंतरराष्ट्रीय अंतरिक्ष स्टेशन पर उड़ान भरने की मंजूरी दी जाएगी। ये गगनयात्री अगस्त, 2024 के पहले सप्ताह से मिशन के लिए अपना प्रशिक्षण शुरू करेंगे।

## रक्षा सहयोग बढ़ाएंगे भारत और वियतनाम

**नई दिल्ली।** भारत और वियतनाम साइबर सुरक्षा, सूचना सुरक्षा, सैन्य चिकित्सा और पनडुब्बी खोज एवं बचाव जैसे क्षेत्रों में सहयोग बढ़ायेंगे। रक्षा मंत्रालय ने शुक्रवार को यहां बताया कि दोनों देशों के बीच 14वीं भारत-वियतनाम रक्षा नीति वार्ता गुरुवार को हुई। वार्ता की सह-अध्यक्षता रक्षा सचिव गिरिधर अरमाने और वियतनाम के राष्ट्रीय रक्षा उप मंत्री वरिष्ठ लेफ्टिनेंट जनरल होआंग जुआन चिएन ने की। बैठक के दौरान, दोनों पक्षों ने द्विपक्षीय रक्षा सहयोग के मुद्दों की समीक्षा की और जून 2022 में रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह की वियतनाम यात्रा के दौरान 2030 की ओर, भारत-वियतनाम रक्षा साझेदारी पर संयुक्त विजन वक्तव्य पर हस्ताक्षर करने के बाद संबंधों में हुई प्रगति का उल्लेख किया।

## बॉलीवुड हलचल

### 100 रुपये में मिलेगा कल्कि 2898 एडी का टिकट

**मुंबई।** ब्लॉकबस्टर फिल्म कल्कि 2898 एडी का टिकट सिनेप्रेमियों को 100 रूपये में मिलेगा। नाग अश्विन द्वारा निर्देशित, कल्कि 2898 एडी में अमिताभ बच्चन, कमल हसन, प्रभास, दीपिका पादुकोण और दिशा पाटनी सहित कई शानदार कलाकार हैं। वैजयंती मूवीज द्वारा निर्मित यह फिल्म 27 जून दुनिया भर के सिनेमाघरों में रिलीज हुयी थी।इस फिल्म ने वर्ल्डवाइड 1100 करोड़ से अधिक की कमाई कर ली है। कल्कि 2898 एडी के मेकर्स एक स्पेशल ऑफर लेकर आ गए हैं। कल्कि 2898 एडी के मेकर्स एक नया ऑफर लेकर आए हैं जो एक हफ्ते तक चलने वाला है। कल्कि 2898 एडी के मेकर्स ने सोशल मीडिया पर अनाउंसमेंट की है कि 02 अगस्त से एक हफ्ते तक कल्कि को सिर्फ 100 रुपये में देखा जा सकता है। मेकर्स ने सोशल मीडिया पर कल्कि 2898 एडी का पोस्टर शेयर करते हुए लिखा, शुक्रिया बहुत ही छोटा शब्द है। ये हफ्ता हम आपकी सराहना कर रहे हैं।

### लोग मुझे शोक संदेश भेज रहे : अक्षय कुमार



**मुंबई।** अभिनेता अक्षय कुमार ने शुक्रवार को अपनी पिछली कुछ फिल्मों की बॉक्स ऑफिस पर असफलता पर टिप्पणी करते हुए कहा कि यह बेतुका है कि लोग उन्हें सिर्फ इसलिए खारिज कर रहे हैं क्योंकि उनकी कुछ फिल्में अच्छा प्रदर्शन नहीं कर पाईं। अभिनेता अक्षय कुमार ने कहा कि वह इस तरह की टिप्पणियों से ज्यादा परेशान नहीं हैं और अपने तीन दशक के करियर में जिस तरह से उन्होंने कड़ी मेहनत की है, उसी तरह आगे भी करते रहेंगे। कुमार की पिछली कुछ फिल्में सरफिरा, बड़े मियां छोटे मियां, मिशन रानीगंज, सेल्फी, रक्षा बंधन, सम्राट पृथ्वीराज और बच्चन पांडे ने बॉक्स ऑफिस पर खराब प्रदर्शन किया। उन्होंने कहा, जो भी होता है, अच्छे के लिए होता है, मैं (अपनी फिल्मों की बॉक्स ऑफिस विफलता के बारे में) बहुत ज्यादा नहीं सोचता। मेरी चार-पांच फिल्में नहीं चलीं और मुझे बहुत सारे संदेश मिलते हैं, जिसमें कहा जाता है, सॉरी यार, फिक्र मत कर।

### अक्षय कुमार की फिल्म खेल खेल में का ट्रेलर रिलीज

**मुंबई।** अभिनेता अक्षय कुमार की आने वाली फिल्म खेल खेल में का ट्रेलर रिलीज़ हो गया है। कॉमेडी-ड्रामा खेल खेल में अक्षय कुमार, तापसी पन्नू, वाणी कपूर, अम्मी विर्क, आदित्य सील, प्रज्ञा जैसवाल और फरदीन खान की अहम भूमिका हैं। फिल्म खेल खेल में का ट्रेलर रिलीज हो गया है। खेल खेल में दोस्तों की कहानी दिखाई गई है, जो खेल-खेल में एक दूसरे के राज खोलते हुए दिखेंगे। ट्रेलर में देखने को मिला है कि सभी दोस्त एक पार्टी का प्लान बनाते हैं, जहां सारी लड़कियां मिलकर एक गेम खेलने का आइडिया देती हैं।

खगोल विज्ञान | येल विश्वविद्यालय के वैज्ञानिकों ने शोध कर तूफान का दायरा सिकुड़ने का दावा किया

# कमजोर पड़ने लगा है बृहस्पति ग्रह पर उठने वाला तूफान

संवाददाता, नैनीताल

- ग्रेट रेड स्पॉट के नाम से जाना जाता है ग्रह पर उठने वाला तूफान
- खगोलविद दूरबीनों के जरिए कर रहे हैं इसकी निगरानी



बृहस्पति ग्रह पर ग्रेट रेड स्पॉट तूफान की तस्वीर।

**अमृत विचारः** बृहस्पति ग्रह का तूफान कमजोर पड़ने लगा है। यह तूफान ग्रेट रेड स्पॉट के नाम से जाना जाता है। छोटे तूफानों के प्रभाव में कमी आना इसकी वजह बताई जा रही है। येल विश्वविद्यालय के वैज्ञानिकों ने शोधकर तूफान का दायरा सिकुड़ने का दावा किया है।

हमारे सौरमंडल का सबसे बड़े ग्रह बृहस्पति की खास पहचान इसके तूफान से होती है। जिस कारण यह सदा वैज्ञानिकों के आकर्षण का केंद्र रहा है। ग्रेट रेड स्पॉट खगोलप्रेमियों को हमेशा अपनी ओर आकर्षित करते रहा है। यह तूफान कई सदियों से चला आ रहा है। यह पृथ्वी से तीन गुना बड़ा है। दूरबीन से आसानी से इस तूफान को देखा जा सकता है। खुद में लालिमा समेटे देखने में बेहद मनमोहक है, लेकिन वास्तविकता उतनी ही खतरनाक है। बहरहाल खगोलविद सैकड़ों वर्षो से दूरबीनों के जरिए इसकी निगरानी कर रहे हैं और अन्तरिक्षयानों से भी इस पर नजर रखी जाती है। मगर नए अध्ययन से पता चला है कि इसका दायरा सिकुड़ने लगा है, जो संभवतः पिछले 50 वर्षो से इसके आकार में कमी आ रही है। शोधकर्ता खगोलविदों ने पिछले सप्ताह सिकुड़ने का कारण छोटे तूफानों में कमी आना बताया है।

येल विश्वविद्यालय के वैज्ञानिक कालेब कीवेनी ने शोध का नेतृत्व किया। उनका कहना है कि ग्रेट रेड स्पॉट और छोटे तूफानों के बीच संपर्क का अध्ययन 3डी सिमुलेशन विधि के जरिए किया गया। तब पता चला कि इसके आसपास के छोटे तूफानों का बड़ा प्रभाव रहता है, जो ग्रेट रेड स्पॉट तूफान के आकार को बढ़ाता है।

### भंवरों और बैंडों से भरा है तूफान का वातावरण

**नैनीताल :** विज्ञान पत्रिका इकारस में सितंबर 2024 अंक में यह शोध प्रकाशित होगा। बृहस्पति गैस का विशाल ग्रह है। जिसका वातावरण भंवरों और बैंडों से भरा हुआ है। तूफान सैकड़ों वर्षों से बृहस्पति पर व्याप्त है। तूफान की रफ्तार 480 किमी प्रति घंटा है। पृथ्वी की तरह बृहस्पति के तूफान किसी पर्वत से नही टकराता है। यानी तूफान की राह में कोई अवरोध उत्पन्न नही होता। जिस कारण यह तूफान निरंतर बना हुआ है।